नगर परिषद नाहन, जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

अवधि 01–04–2019 से 31–03–2023

भाग–एक

1 प्रारम्भिक

(क) ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप नगर पालिका अधिनियम, 1994 की धारा 255(1) में संशोधन होने व प्रधान सचिव (वित्त) हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या 1–376/81 फिन(एल0ए0) खण्ड–पार्ट दिनांक 16.10.2008 द्वारा नगर परिषदों एवं नगर पंचायतों के लेखाओं का अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हि0 प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत नगर परिषद नाहन, जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश के लेखों का अंकेक्षण कार्य निष्पादित किया गया ।

वर्तमान अंकेक्षण अवधि के दौरान नियन्त्रक अधिकारी, आहरण एवं संवितरण अधिकारी के रूप में निम्न कार्यकारी अधिकारी कार्यरत रहे :–

(i) अध्यक्ष

क्र0सं0	नाम	अवधि
1	श्रीमती रेखा तौमर	01.04.2019 से 02.02.2021
2	श्रीमती श्यामा पुण्डीर	03.02.2021 से 31.03.2023

(ii) कार्यकारी अधिकारी

क्र0सं0	कार्यकारी का नाम	अवधि
1	श्री अजमेर ठाकुर	01.04.2019 से 21.06.2021
2	श्री माया राम, तहसीलदार	06.07.2021 से 24.07.2021
3	श्री नारायण सिंह, जिला राजस्व अधिकारी	25.07.2021 से 07.08.2021
4	श्री संजय कुमार	08.08.2021 से 31.03.2023

(ख) अतिगम्भीर/गम्भीर अनियमितताओं का सार :–

नगर परिषद नाहन, जिला सिरमौर के अंकेक्षण अवधि 01.04.2019 से 31.03.2023 तक के अंकेक्षण के दौरान पाई गई अतिगम्भीर/गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है:–

क्र0सं0	अनियमितताओं का संक्षिप्त विवरण	पैरा संख्या	राशि (₹ लाखों में)
अति गम्भीर अनियमितताएं			
1	निजी वाहनों हेतु खरीदे गये डीजल का नगर परिषद् निधि से अनियमित भुगतान	16.9	0.68
2	अंकेक्षण अवधि के दौरान डीजल व मुरम्मत हेतु किये गये अनियमित भुगतान जबकि वाहन प्रयोग में नहीं थे	16.5 व 16.6	2.30 व 0.87
3	अंकेक्षण अवधि के दौरान डीजल हेतु किये गये अनियमित भुगतान जबकि वाहन मुरम्मत में थे	16.7	0.96
4	अंकेक्षण अवधि के दौरान हेतू वाहनों की पार्सिंग मुरम्मत हेतु किये गये अनियमित भुगतान जबकि वाहन सक्षम प्राधिकारी से पास ही नहीं करवाए गये थे	16.8	6.63
5	अंकेक्षण अवधि के दौरान समर्थित इन्डेन्ट के बिना क्रय किये गये डीजल एवं अन्य सामग्री हेतु अनियमित भुगतान	16.1	2.86
6	अंकेक्षण अवधि के दौरान नगर परिषद् कार्यालय के प्राधिकृत अधिकारी /कर्मचारी की ओर से बिना हस्ताक्षरित इन्डेन्ट के विरुद्ध क्रय किये गये डीजल का अनियमित भुगतान व अंकेक्षण अवधि के दौरान डीजल के क्रय हेतु प्रयुक्त अधिकांश इन्डेन्ट श्रृंखला के काउंटरफॉइल का अभिलेख से गायब पाया जाना	16.2 व 16.3	22.21
7	परिषद के विभिन्न कर्मचारियों द्वारा भविष्य निधि खाते से आहरित राशि को उनके भविष्य निधि खातें में Debit किये बिना	14.1	20.85

	किया गया अनियमित भुगतान		
8	रोकड़ बही में अनुदान एवं अन्य प्राप्तियों तथा भुगतान से सम्बन्धित प्रविष्टियाँ न करना एवं अन्य गम्भीर अनियमितताएं जिसमें रोकड़ बही का अपना कोई शेष न होना भी शामिल है	6(i) सहपठित 4.1(क)	कुल राशि (₹) **3417.01** लाख शुद्ध राशि : **₹2964.60** लाख
9	नगर परिषद मुख्य निधि से पैन्शन (Pension) एवं उपदान (Gratuity) निधि को निर्धारित सीमा से अधिक अनियमित हस्तान्तरण	10	634.25
10	संविदाकारों को अग्रिम पंजिका में प्रविष्टि दर्ज़ किये बिना ही अदा किये गये अग्रिम व संविदाकारों को प्रदत्त अग्रिम जिन्हें न तो रोकड़ बही में बतौर अग्रिम दर्शाया गया तथा न ही अग्रिम पंजिका में कोई प्रविष्टि दर्ज़ की गई	15(क)(i) व 15(क)(ii)	48.80 व 55.21
11	पारिवारिक पैंशन धारकों को बढ़ी हुई दर से पारिवारिक पैंशन (Enhanced Pension) का देय तिथि के उपरान्त भी भुगतान जारी रखने के कारण का अधिक भुगतान	14.3	5.03 लाख +डी. ए.+आई.आर.
12	पैंशन एरियर में गणना की त्रुटि के कारण अधिक भुगतान	14.4	2.52
13	अवकाश नकदीकरण (Leave Encashment) प्रसंगों में किया गया अधिक भुगतान	14.5	1.12
14	गृहकर की बकाया वसूली हेतु शेष व (गत 22 वर्षों से वसूली हेतु शेष)	13.1 (क) व ख)	166.33 (91.28)
15	घर‌घर द्वार से कूड़ा एकत्रीकरण योजना के अन्तर्गत वसूली हेतु शेष {परन्तु देनदारों के बारे कोई अभिलेख सृजित न	13.9	300.56

	करना जिसके अभाव में यह केवल आंकड़ा ही प्रतीत होता है)		
16	दुकानों के किराए/सफाई कर, पार्किंग शुल्क पथ विक्रेता शुल्क व लाईसैन्स नवीनीकरण शुल्क	13.2, 13.3, 13.4, 13.5, 13.7	157.54
17	Lease Rent वसूली हेतु शेष	13.8	154.84
18	रोकड़ बही में प्राप्तियों से सम्बन्धित ऑनलाइन / NEFT नाम से दर्ज अस्पष्ट प्रविष्टियाँ	6(ii)	230.34
19	अंशदायी पेंशन निधि से किए गए भुगतान को अंशदायी पेंशन निधि की रोकड़ बही के साथ-साथ मुख्य निधि की रोकड़ बही में भी अनियमित रूप से दर्ज़ करना	8	12.03
20	शिव मंदिर रानीताल, नाहन की आय को रोकड़ बही में दर्ज न करना	17(ग)	6.63
21	चार्टर्ड अकाउंटेंट के माध्यम से बैंक समाधान विवरणी तैयार करने हेतु किया गया निष्फल व्यय	6(iii)	1.30
22	संविदाकारों को संदिग्ध भुगतान	33	2.80
23	सीमेंट के 431 बैग बिना इंडेंट के जारी करना व दो वर्षों से अधिक अवधि के उपरांत भी 502 सीमेंट के बैग स्टॉक में शेष	46.2 व 46.3	3.69
24	कोविड के दौरान क्रय की गयी व निदेशक, शहरी विकास विभाग से प्राप्त सामग्री के उपभोग के सम्बन्ध में कोई अभिलेख प्रस्तुत न करना	48	6.88+
25	निर्माण कार्य से सम्बन्धित भुगतान का अभिलेख अंकेक्षण को प्रस्तुत न करना	20(ख)	78.53

(ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन

गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के अनिर्णीत पैरों पर की गई कार्रवाई का अवलोकन करने के उपरान्त नवीनतम स्थिति इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के **परिशिष्ट–1** पर दर्शाई गई है। प्रायः यह देखने में आया है कि गत अंकेक्षणों के अनिर्णीत पैरों पर नगर परिषद द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है, जो कि अत्यन्त चिन्ता का विषय है । अतः नगर परिषद लम्बित अंकेक्षण पैरों के निस्तारण हेतु विशेष कार्रवाई की जानी सुनिश्चित करें तदानुसार अनुपालना से यथासमय अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए ताकि अधिक से अधिक पैरों का निस्तारण सम्भव हो सके।

भाग– दो

2 वर्तमान अंकेक्षण

नगर परिषद नाहन, जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश के लेखाओं अवधि 01.04.2019 से 31.03.2023 तक का वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण दिनांक 06.03.2023 से 02.09.2023 तक के दौरान श्री बी. एम. पुरी, सहायक नियंत्रक, श्रीमती ममता रावल, सहायक नियंत्रक तथा श्री तरूण सैनी, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा नगर परिषद के नाहन स्थिति कार्यालय में निष्पादन किया गया। विस्तृत अंकेक्षण हेतु आय के लिए माह 10/19, 03/21, 12/21 व 03/23 तथा व्यय के लिए 04/19,11/20, 08/21 व 10/22 का चयन किया गया परन्तु व्यय हेतु चयनित मासों में नगर परिषद, नाहन के वाहनों हेतु क्रय किये गये डीजल के प्रसंगो में पाई गयी गम्भीर अनियमितताओं के दृष्टिगत सम्पूर्ण अंकेक्षण अवधि के दौरान वाहनों हेतु क्रय किये गये डीजल तथा उनकी मुरम्मत पर किये गये व्यय के अभिलेख की लेखा परीक्षा की गयी जिसके परिणामों को आगामी पैराग्राफों में समाविष्ट किया गया है ।

प्रमाणित किया जाता है कि वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण नगर परिषद नाहन द्वारा उपलब्ध करवाए गए अभिलेख व सूचनाओं के आधार पर किया गया है । अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के गलत होने, अपूर्ण होने अथवा उपलब्ध ही न करवाने की अवस्था में इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हि0 प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा ।

3 अंकेक्षण शुल्क :–

अंकेक्षण अवधि 01.04.2019 से 31.03.2023 तक के लेखों का अंकेक्षण शुल्क ₹2,79,700 आंका गया, जिसे रेखांकित बैंक ड्राफ्ट द्वारा निदेशक हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग शिमला–09 को भेजने हेतु अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 74 दिनांक 02.09.2023 द्वारा कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद नाहन से अनुरोध किया गया, जिसकी अनुपालना में कार्यकारी अधिकारी द्वारा उक्त अंकेक्षण शुल्क प्रेषित किया गया व इस कार्यालय में प्राप्त हो चुका है।

4 वित्तीय स्थिति

4.1 (सामान्य निधि)

(क) नगर परिषद द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट–2** के माध्यम से उपलब्ध करवाई गई सूचनानुसार सामान्य निधि (प्रतिभूति निधि को मिलाकर क्योंकि दिनांक 01.04.2019 से प्रतिभूति निधि की अलग से रोकड़ बही संधारित नहीं की गई है) की अवधि 1.4.19 से 31.3.23 तक की वित्तीय स्थिति निम्नानुसार है:–

वित्तीय वर्ष	आरम्भिक शेष (₹)	आय/प्राप्तियाँ (₹)	कुल योग(₹)	भुगतान(₹)	अन्तिम शेष (₹)
2019–20	11083322.36	57032958.30	68116280.66	110974047.00	–42857766.34
2020–21	–42857766.34	55047480.00	12189713.66	142368314.00	–130178600.34
2021–22	–130178600.34	60672676.00	–69505924.34	140338827.00	–209844751.34
2022–23	–209844751.34	24099437.00	–185745314.34	162485671.00	–348230985.34
					शेष राशि निकाली ही नहीं गयी है
रोकड़ बही अनुसार दिनांक 31.03.23 को शेष राशि					
वित्तीय स्थिति अनुसार दिनांक 31.03.23 को शेष राशि .....(1)					–348230985.34
अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सूचना अनुसार मुख्य निधि से सम्बन्धित बैंक खातों में दिनांक 31.03.23 को शेष राशि .....(2)					72456992.59
अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सूचना अनुसार मुख्य निधि से सम्बन्धित सावधि जमा खातों में दिनांक 31.03.23 को शेष राशि .....(3)					12140791.00
बैंक में कुल जमा राशि (2) +(3) .....(4)					84597783.59
अन्तर की राशि (1) –(4)					–43,28,28,768.93

(ख) नगर परिषद द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट–3** के माध्यम से उपलब्ध करवाई गई सूचनानुसार दिनांक 31.03.23 को सामान्य निधि की रोकड़ बही में सम्मिलित किए विभिन्न बैंको में शेष राशि का विवरण निम्नानुसार है:–

Sr. No.	Name of Bank	Name of Scheme	Bank A/C	Balance 31.03.23	Remarks
1	PNB	MC Fund	0356000100133792	19581.10	
2	SBI	MC Fund	11128708053	14743.20	
3	SBI	Ranital Tample	11128708462	0.00	Actt. closed on

					11.04.22
4	SBI	MC Fund	55120019563	94068.99	
5	SBI	TDS	65047070129	119437.71	
6	HDFC	BRGF	17381450000084	91704.21	
7	HPSCB	Shav Vahan	55910113721	75820.00	
8	HPSCB	D2D	57210101638	624438.00	
9	HDFC	Online House Tax	50100100484403	271192.42	
10	HDFC	Online mapping	50100100484416	760586.42	
11	HPSCB	MC Fund	55710107583	1997896.50	
12	HPSCB	Security	55910117293	4481066.00	
13	IDBI	SBM	1933104000012069	226.00	
14	HPSCB	MC Fund	55910117488	384590.64	
15	IDBI	Garbage	1933104000033770	406762.00	
16	AXIS	Parking	919010071405768	1716588.00	A/c opened on 24.04.20
17	AXIS	SFC	919010071405742	31751861.00	A/c opened on 07.04.20
18	AXIS	Deposit Work	919010071405726	286522.40	A/c opened on 11.10.19
19	ICICI	DC Grant	062801000708	4015565.00	A/c opened on 27.05.20
20	IDBI	Park	1933104000038933	11744396.00	A/c opened on 22.04.20
21	IDBI	ULB Roads	1933104000038173	0.00	A/c opened on 05.03.20
22	AXIS	MC Fund	921010003612128	10872557.00	A/c opened on 25.01.21
23	HPSCB	Shreshth Yojna	55710110832	2576368.00	A/c opened on 12.08.22
24	HDFC Bank	Ranital Temple	50100586769339	151022.00	A/c opened on 17.12.22
			Total	**72456992.59**	

4.2 NULM (National Livelihoods Urban Mission)

नगर परिषद द्वारा **परिशिष्ट–4–(i) व (ii)** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार अवधि 1.4.19 से 31.03.23 तक NULM की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से थी :–

वित्तीय वर्ष	आरम्भिक शेष (₹)	आय / प्राप्तियाँ (₹)	कुल योग (₹)	भुगतान (₹)	अंतिम शेष (₹)
2019–20	84,04,949.75	10,24,675.00	94,29,624.75	22,08,121.00	72,21,503.75
2020–21	72,21,503.75	3,87,626.00	76,09,129.75	6,50,000.00	69,59,129.75
2021–22	69,59,129.75	7,27,757.00	76,86,886.75	51,44,943.00	25,41,943.75
2022–23	25,41,943.75	10,24,219.00	35,66,162.75	35,07,227.75	58,935.00
वित्तीय स्थिति अनुसार दिनांक 31.3.23 को अन्त शेष= 58,935.00 .....(1)					
बैंक / सावधि जमा के अनुसार दिनांक 31.3.23 को शेष =58935.00 .....(2) (आई.डी.बी.आई. नाहन बचत खाता संख्या 1933104000030825= 50128 / – + एच.डी.एफ.सी. बैंक बचत खाता संख्या 50100460100672= 8807 / –)					
दिनांक 31.03.2023 को अन्त शेष में अन्तर =शून्य .....(2–1)					

4.3 अंशदाई पैंशन योजना (Contributory Pension Scheme) निधि

नगर परिषद द्वारा **परिशिष्ट–5** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार अवधि 1.4.19 से 31.03.23 तक Contributory Pension Scheme की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से थी :–

वित्तीय वर्ष	आरम्भिक शेष (₹)	आय / प्राप्तियाँ (₹)	कुल योग(₹)	भुगतान(₹)	अंतिम शेष(₹)
2019–20	3003522.00	1959132.00	4962654.00	282487.00	4680167.00
2020–21	4680167.00	2228224.00	6908391.00	4687401.00	2220990.00
2021–22	2220990.00	2641801.00	4862791.00	1203945.00	3658846.00
2022–23	3658846.00	4350230.00	8009076.00	0	8009076.00
दिनांक 31.03.23 को वित्तीय स्थिति अनुसार अन्त शेष =₹8009076.00					
बैंक खाता (हि0प्र0 राज्य सहकारी बैंक नाहन 55910110924) के अनुसार दिनांक 31.03.23 को शेष =₹8009076.00					
दिनांक 31.03.23 को अन्तशेष में अन्तर = शून्य					

4.4 पैन्शन व उपदान (Pension & Grauity) निधि

नगर परिषद द्वारा **परिशिष्ट–5** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार अवधि 1.4.19 से 31.03.23 तक पैन्शन व उपदान की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से थी :–

वित्तीय वर्ष	आरंभिक शेष (₹)	आय / प्राप्तियाँ (₹)	कुल योग(₹)	भुगतान(₹)	अंतिम शेष (₹)
2019–20	1023125.71	18921020.00	19944145.71	19564653.00	379492.71
2020–21	379492.71	24324269.00	24703761.71	19604174.00	5099587.71
2021–22	5099587.71	36055014.00	41154601.71	40964582.00	190019.71
2022–23	190019.71	25341378.00	25531397.71	25076348.00	455049.71
दिनांक 31.03.23 को वित्तीय स्थिति अनुसार अन्त शेष =₹455049.71					
बैंक खाता (हि0प्र0 राज्य सहकारी बैंक नाहन 5590108622) के अनुसार दिनांक 31.03.23 को शेष =₹459049.71					
दिनांक 31.03.23 को अन्तशेष में अन्तर = ₹4000.00, वाउचर संख्या 26 दिनांक 03.03.23 ₹1881799.00 के अन्तर्गत ₹4000.00 का चैक संख्या 461658 देरी से अर्थात् दिनांक 13.04.23 को निर्गमित किए जाने के कारण जबकि रोकड़ बही में इस वाउचर की पूर्ण राशि ₹1881799.00 की प्रविष्टी दिनांक 03.03.23 को ही कर दी गई थी ।					

4.5 सामान्य भविष्य निधि (General Provident Fund)

नगर परिषद द्वारा **परिशिष्ट–5** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार अवधि 01.04.19 से 31.03.23 तक सामान्य भविष्य निधि की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से थी :–

वित्तीय वर्ष	आरम्भिक शेष (₹)	आय / प्राप्तियाँ (₹)	कुल योग (₹)	भुगतान(₹)	अंतिम शेष (₹)
2019–20	4342283.00	6217990.00	10560273.00	7800149.00	2760124.00
2020–21	2760124.00	7250782.00	10010906.00	8704588.00	1306318.00
2021–22	1306318.00	10391126.00	11697444.00	9785322.00	1912122.00
2022–23	1912122.00	6471396.00	8383518.00	6851129.00	1532389.00
दिनांक 31.03.23 को वित्तीय स्थिति अनुसार अन्त शेष =₹1532389.00					
बैंक खाता (हि0प्र0 राज्य सहकारी बैंक नाहन 5590113482) के अनुसार दिनांक 31.03.23 को शेष =₹1532389.00					
दिनांक 31.03.23 को अन्तशेष में अन्तर = शून्य					

4.6 (HFA) Housing For All

नगर परिषद द्वारा **परिशिष्ट–6** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार अवधि 01.04.19 से 31.03.23 तक Housing For All की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से थी :–

वित्तीय वर्ष	आरम्भिक शेष (₹)	आय/ प्राप्तियाँ(₹)	कुल योग(₹)	भुगतान(₹)	अंतिम शेष (₹)
2019–20	10447024.10	3415802.00	13862826.10	11526235.00	2336591.10
2020–21	2336591.10	4421111.00	6757702.10	6725500.00	32202.10
2021–22	32202.10	8542756.00	8574958.10	8574958.00	0.10
2022–23	0.10	5970760.00	5970760.10	5966900.00	3860.10
दिनांक 31.03.23 को वित्तीय स्थिति अनुसार अन्त शेष =₹3860.10					
बैंक खाता (आई.डी.बी.आई. बैंक नाहन 1933104000009799) के अनुसार दिनांक 31.03.23 को शेष =₹3860.10					
दिनांक 31.03.23 को अन्तशेष में अन्तर = शून्य					

4.7 शहरी आजीविका केन्द्र निधि (CLC)

नगर परिषद द्वारा **परिशिष्ट–7** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार अवधि 01.04.19 से 31.03.23 तक शहरी आजीविका केन्द्र निधि (CLC) की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से थी:–

वित्तीय वर्ष	आरंभिक शेष (₹)	आय/ प्राप्तियाँ (₹)	कुल योग(₹)	भुगतान(₹)	अंतिम शेष (₹)
2019–20	2677661.77	15179163.40	17856825.17	13108758.60	4748066.57
2020–21	4748066.57	33553924.00	38301990.57	30757569.32	7544421.25
2021–22	7544421.25	25205287.40	32749708.65	22941673.70	9808034.95
2022–23	9808034.95	36633532.52	46441567.47	33028860.14	13412707.33
दिनांक 31.03.23 को वित्तीय स्थिति अनुसार अन्त शेष =₹13412707.33					
बैंक खाता (आई.डी.बी.आई बैंक नाहन 1933104000025364) के अनुसार दिनांक 31.03.23 को शेष =₹13413065.33					
दिनांक 31.03.23 को अन्तशेष में अन्तर = ₹358.00 चैक संख्या 091921 दिनांक 02.03.23 ₹358.00 जो कि बी.एस.एन.एल. को निर्गमित किया गया था, के 31.03.23 तक बैंक में प्रस्तुत न किए जाने के कारण ।					

4.8 शेल्टर फॉर अर्बन होमलेस की रोकड़ बही अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 24 दिनांक 09-05-2023 द्वारा मांगे जाने पर भी अंकेक्षण को उपलब्ध नहीं करवाई गयी। अत: इस सम्बन्ध में अंकेक्षण सम्भव न हो सका।

5 सावधि जमा

(i) नगर परिषद नाहन द्वारा **परिशिष्ट–8(i)(ii) व (iii)** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार दिनांक 31.03.23 को निम्नानुसार ₹46549187.00 सावधि जमा में निवेशित थे :–

शीर्ष	सावधि जमा में निवेशित राशि (₹)
नगर परिषद निधि	12140791.00
GPF	17247538.00
CPS	17160858.00
कुल योग	**46549187.00**

(ii) परिषद की मुख्य निधि से तैयार की गयी सावधि जमा पर स्त्रोत पर अनियमित रूप से काटे गये आयकर / कम ब्याज के कारण ₹2.57 लाख की वित्तीय हानि :-

(क) अंकेक्षण के दौरान संस्था की मुख्य निधि से किये गये सावधि जमा में निवेश से सम्बन्धित अभिलेख के परीक्षण के दौरान पाया गया कि संस्था द्वारा Axis Bank, Nahan में FDR No. 920040033438839 दिनांक 20-05-2020 द्वारा निवेशित **₹1,00,00,000** की राशि पर निम्न तालिका में दर्शाए गये विवरण अनुसार अंकेक्षण अवधि में 20% की दर से **₹1,30,715** की स्त्रोत पर आयकर की कटौती की गयी थी जो कि आयकर अधिनियम के अंतर्गत नगर परिषद की आय कर मुक्त होने के दृष्टिगत अनियमित है।

Date	Amount (₹)
30.06.2020	13212
30.09.2020	29152
31.12.2020	29693
31.03.2021	29834
20.05.2021	16657
30.06.2021	12167
Total	**130715**

(ख) अंकेक्षण के दौरान संस्था की मुख्य निधि से किये गये सावधि जमा में निवेश से सम्बन्धित अभिलेख के परीक्षण के दौरान पाया गया कि संस्था द्वारा SBI **Bank, Nahan** में किए गए सावधि जमा निवेश पर निम्न तालिका में दर्शाए गये विवरण अनुसार परिपक्वता पर देय राशि की अपेक्षा

कम राशि से सावधि जमा निवेश का नवीनीकरण किया गया था जिसके परिणामस्वरुप परिषद को ₹126034 (125817+217) की वित्तीय हानि हुई:-

FDR Account No.	Date of investment	Date of Maturity	Amount invested (₹)	Maturity Value Due (₹)	Amount on which FDR renewed (₹)	Loss (₹)
65229941480	16.04.2017	17.04.2019	87,21,441	99,72,616	98,46,799	1,25,817
65275153143	18.11.2018	17.11.2019	88,499	94,296	94,079	217
					Total	**₹126034**

उक्त अनियमिततायें क्रमशः ज्ञापन संख्या 14 दिनांक 03.04.2023 व 46 दिनांक 21.06.2023 द्वारा नगर परिषद कार्यालय के ध्यानार्थ लायी गयी थी परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक इस सन्दर्भ में कोई भी उत्तर प्राप्त नहीं हुआ जबकि बैंक से इस सम्बन्ध में प्रक्रियाधीन पत्राचार बारे लेखा परीक्षा को सूचित किया गया था। अतः बैंक से उपरोक्त राशि वापिस प्राप्त कर मुख्य निधि में जमा करवाने के उपरांत अनुपालना से आगामी अंकेक्षण के दौरान अवगत करवाया जाये तथा भविष्य में संस्था स्तर पर इस सम्बन्ध में विशेष ध्यान रखा जाये ताकि संस्था को वित्तीय हानि न हो। इस सम्बन्ध में स्थानीय बैंक शाखाओं के स्तर पर कोई समाधान प्राप्त न होने की स्थिति में परिषद् द्वारा मामला **बैंकिंग लोकपाल, भारतीय रिज़र्व बैंक शिमला** से उठाने का परामर्श भी दिया जाता है।

(iii) अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि अंकेक्षण अवधि के दौरान निम्न तालिका में दर्शाए गये विवरण अनुसार सावधि जमा तो बनवाई गयी थी परन्तु इस सम्बन्ध में निकासी प्रविष्टि रोकड़ बही में दर्ज़ नहीं पाई गयी :-

Name of Bank	Date	FDR No.	Amount (₹)	Remarks
Axis Bank, Nahan	20.05.2020	920040033438839	1,00,00,000	Dr. from Axis Bank A/c No. 5726 on 20.05.2020
Axis Bank, Nahan	27.09.2021	921040073792190	1,00,00,000	Dr. from Axis Bank A/c No. 5768 on 27.09.2021

6 **रोकड़ बही (सामान्य निधि) के रख रखाव सम्बन्धी गम्भीर अनियमितताएं:-**

रोकड़ बही किसी भी कार्यालय का प्रमुख तथा असंशोधनीय (**important & unalterable**) अभिलेख होता है जिसमें किसी भी तरह की छेड़ छाड़ वर्जित है जबकि नगर परिषद, नाहन में रोकड़ बही को एक रफ़ कापी (**Rough Note Book**) की तरह तैयार किया गया पाया गया जिसमें कभी भी कोई भी किसी भी तरह की प्रविष्टि दर्ज़ कर / काट सकता था जैसा कि निम्न पैरों में वर्णित प्रकरणों से स्वत: ही स्पष्ट है | वहीं यह भी कहना अनुचित नहीं होगा कि रोकड़ बही संधारण हेतु अधिकृत कर्मचारी द्वारा अपने कार्य को गम्भीर ता से नहीं लिया जा रहा था तथा न ही कार्यकारी अधिकारी द्वारा इस सम्बन्ध में नियन्त्रण करने के उद्देश्य से कोई कार्यवाही की गयी थी परन्तु मात्र औपचारिकता हेतु रोकड़ बही को हस्ताक्षरित किया गया था :-

(i) रोकड़ बही में अनुदान एवं अन्य प्राप्तियों तथा भुगतान से सम्बन्धित प्रविष्टियाँ न करना:-

कुल राशि ₹3417.01 लाख शुद्ध राशि : ₹2964.60 लाख एवं अन्य गम्भीर अनियमितताएं:

नगर परिषद की रोकड़ बही का अंकेक्षण करने के दौरान पाया गया कि रोकड़ बही यद्यपि कार्यकारी अधिकारी द्वारा पूर्णत: हस्ताक्षरित की गयी थी परन्तु न तो रोकड़बही में प्रतिदिन आधार पर लेनदेन दर्ज़ कर शेष राशि की गणना नहीं की गयी थी तथा न ही अंकेक्षण अवधि के अंत में अर्थात दिनांक 31.03.2023 को शेष राशि नहीं निकाली गयी थी| कार्यकारी अधिकारी जो कि संस्था के आहरण एवं वितरण अधिकारी भी हैं, के स्तर पर नियंत्रण के संपूर्ण अभाव तथा उनकी एवं सम्बन्धित कर्मचारियों की अपने कर्तव्य एवं दायित्व के प्रति उदासीनता को परिलक्षित करता है | अंकेक्षण के स्तर पर रोकड़ बही में दर्ज़ प्रविष्टियों के आधार पर तैयार वित्तीय स्थिति जो कि उपरोक्त पैरा संख्या **4.1 (क)** में दर्शायी गयी है, के अनुसार संस्था के स्तर पर बहुत सी आय / प्राप्ति से सम्बन्धित मदों की प्रविष्टि रोकड़ बही में दर्ज न किये जाने के कारण, अंकेक्षण अवधि के अंत में अर्थात 31.03.2023 को वित्तीय स्थिति का शेष ही ऋणात्मक हो चुका था तथा रोकड़ बही के

वित्तीय स्थिति अनुसार शेष तथा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गयी बैंक में जमा शेष राशि से सम्बन्धित सूचना अनुसार **₹43,28,28,768.93** का विशाल अंतर पाया गया | इस अंतर के मूल कारण निम्न तालिका में दर्शायी गयी **₹29,64,59,951** की शुद्ध राशि की मदों की प्रविष्टियाँ रोकड़ बही में न करना था जो कि लेखा परीक्षा के दौरान अंकेक्षण को ज्ञात हुई जबकि शेष राशि **₹13,63,68,817.93** के अन्तर को संस्था के स्तर पर ढूंढने का प्रयास कर रोकड़ बही में आवश्यक समायोजन प्रविष्टि कर अथवा सम्बन्धित मदों को बैंक समाधान विवरणी में शामिल करने के उपरांत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए | यहाँ विशेष रूप से यह कहना भी उचित होगा कि ऐसी स्थिति में किसी भी वित्तीय अनियमितता/दुर्विनियोजन की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है |

क्रम. स.	विवरण	राशि (₹)
1.	अनुदान की प्राप्त राशि जो रोकड़ बही में दर्ज़ ही नहीं किये गए थे (जैसा कि पैरा संख्या 12 (क) में दर्शाया गया है)	(+) 31,59,09,519
2.	अनुदान जोकि बिना वास्तविक प्राप्ति के ही रोकड़ बही में दर्ज़ कर दिए गये (जैसा कि पैरा संख्या 12 (ग) में दर्शाया गया है)	(-) 8,25,000
3.	अंशदायी पेंशन योजना से किये गये भुगतान की प्रविष्टि जोकि मुख्य निधि की रोकड़ बही में भी कर दी गयी (जैसा कि पैरा संख्या 8 में दर्शाया गया है)	(+) 12,03,945
4.	हि. प्र. वन विकास निगम, नाहन से प्राप्त आय की प्रविष्टि दर्ज़ नहीं की गयी थी (जैसा कि पैरा संख्या 13.12 में दर्शाया गया है	(+) 8,79,013

	₹551871+327142)	
5.	रानीताल मंदिर से प्राप्त आय की प्रविष्टि दर्ज़ नहीं की गयी थी (जैसा कि पैरा संख्या 17(ग) में दर्शाया गया है तथा इस राशि में बैंक में कम जमा ₹2180 भी शामिल है)	(+) 6,62,700
6.	दिनांक 16.11.2019 को ₹20 लाख की बैंक हस्तांतरण को रोकड़ बही में केवल ₹2 लाख की प्रविष्टि ही दर्ज़ करना (जैसा कि पैरा संख्या 13.13 (ii) में दर्शाया गया है)	(-)18,00,000
7.	मुख्य निधि से बनायी गयी सावधि जमा की रोकड़ बही में निकासी की प्रविष्टि न करना (जैसा की पैरा संख्या 5(iii) में दर्शाया गया है)	(-) 2,00,00,000
8.	**सी.एल. सी. निधि को हस्तांतरित राशि की रोकड़ बही में दो बार दर्शाना** (जैसा की पैरा संख्या 53 (v) में दर्शाया गया है)	(+) 4,29,774
	कुल राशि (उपरोक्त सभी को जोड़ कर)	34,17,01,986
	शुद्ध राशि (अर्थात धनात्मक राशि में से ऋणात्मक राशि घटाने के उपरांत)	29,64,59,951

(ii) रोकड़ बही में प्राप्तियों से सम्बन्धित ऑनलाइन / NEFT नाम से दर्ज राशि ₹230.33 लाख की अस्पष्ट प्रविष्टियाँ:-

रोकड़ बही में ऑनलाइन / NEFT नाम से निम्न तालिका में दर्शाए गये माहवार विवरण अनुसार कई प्राप्ति से सम्बन्धित प्रविष्टियाँ दर्ज़ की गयीं थी जबकि आय के शीर्ष का

स्पष्ट उल्लेख किया जाना वांछित था, परिणामस्वरूप अंकेक्षण के स्तर पर इन्हें अज्ञात प्राप्तियों में शामिल किया गया जिनका विवरण निम्न तालिका अनुसार है :

2019-20	April	May	June	July	October	January	March	Total
Rs.	2015774	3444	2316668	291000	4152666	641664	400000	9821216
2020-21	April	May	June	July	December	January	March	
Rs.	197124	9097485	142749	68000	430000	477601	72817	10485776
2021-22	June			February				
Rs.	14835			400000				414835
2022-23	April			May		June		
Rs.	1557372			453730		300468		2311570
Total								23033397

अतः इस सम्बन्ध में वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए इन प्राप्तियों को सम्बन्धित शीर्ष के अंतर्गत दर्शाते हुए अनुपालना से अंकेक्षण को सहायक अभिलेख सहित अवगत करवाया जाये तथा इस प्रथा को तुरंत प्रभाव से बंद किया जाये।

(iii) सम्बन्धित रोकड़ बही में दर्ज भुगतान व सम्बन्धित RTGS Authority में अन्तर –

अंकेक्षण के दौरान व्यय हेतु चयनित मासों के भुगतानों से सम्बन्धित अभिलेखों की जाँच के दौरान पाया गया कि निम्न विवरणानुसार दर्ज भुगतानों से सम्बन्धित अंकेक्षण को प्रस्तुत **RTGS Authority** व रोकड़ बही में दर्ज भुगतान की राशि में अन्तर पाया गया था। इस कारण एक ओर तो रोकड़ बही व बैंक अनुसार नितांत अन्तर में वृद्धि दर्ज हो रही है वहीं दूसरी ओर किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता से भी इन्कार नहीं किया जा सकता । अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 64 दिनांक 21.07.23 जारी करके इस अन्तर बारे परिषद को स्थिति स्पष्ट करने का अनुरोध किया गया था परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक किसी प्रकार का न तो उत्तर तथा न ही आश्वासन प्राप्त हुआ । अतः अब इस सम्बन्ध में वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए अंकेक्षण को सूचित किया जाना सुनिश्चित किया जाए ।

क्र० सं०	वाउचर सं० / दिनांक / रोकड़ बही पृ० सं०	विवरण	RTGS Authority No/ Date	रोकड बही में दर्ज राशि (₹)	RTGS Authority अनुसार राशि (₹)	राशि (₹)
1	11,12,13/ 06-11-20/ 95	Comined Payment for Various Works to Sh. Jai Singh Contractor	MCN/2020-3352 Dated 06-11-20	688340	688000	340

		(83421+604919= 688340)				
2	18/06-11-20/95	Paid to Sh. Titu Kumar, Contactor (File not Presented to Audit)	MCN/2020-3352 Dated 06-11-20	98749	98700	49
3	19/06-11-20/95	Paid to Sh. Mahesh Thakur, Contractor	MCN/2020-3352 Dated 06-11-20	116165	116000	165
4	22 to 22^{8}/07-11-20/ 97	Paid to Sh. Hardeep Singh, Contractor	As per Copy NEFT Form attached with Voucher dated 07/11/20	1255563	868694	386869
5	25/07-11-20/97	Payable to Guru Nanak Entreprises	As per Copy NEFT Form attached with Voucher dated 07/11/20	482535	482000	535
			कुल	**2641352**	**2253394**	**387958**

(iv) चार्टर्ड अकाउंटेंट के माध्यम से बैंक समाधान विवरणी तैयार करने हेतु राशि ₹1.30 लाख का निष्फल व्यय :-

रोकड़ बही में शेष के अभाव में संस्था द्वारा बैंक समाधान विवरणी तैयार करने हेतु भी कोई प्रयास नहीं किया गया था जबकि इस उद्देश्य से चार्टर्ड अकाउंटेंट की सेवाएं भी विशेष रूप से ली गयी थी तथा उन्हें निम्न तालिका अनुसार **₹1,30,730** का भुगतान भी किया गया था | परन्तु यह भुगतान वांछित उद्देश्य की पूर्ति न होने के कारण एक निष्फल व्यय प्रतीत होता है जिस बारे आवश्यक स्पष्टीकरण/औचित्य प्रस्तुत करते हुए इस व्यय को न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा परिषद के कर्मचारियों के सहयोग से चार्टर्ड अकाउंटेंट से लंबित कार्य पूर्ण करवाया जाये तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये |

Date	Cash Book Page/ Vr. No.	Amount (₹)	Name of CA firm
09.11.22	48/15	51330	M/s Dogar & Co
05.01.23	99/12	20000	M/s Promod Kumar & Co

24.03.23	73/45	59400	M/s Prateek Garg & Co
	Total	**130730**	

अन्य गम्भीर अनियमितताएं

(v) रोकड़ बही में दिनांक 15.05.2019 को पृष्ठ संख्या 92 पर ₹17000 की प्रविष्टि ऑनलाइन डेबिट के रूप में दर्शाई गयी थी जो कि अनियमित है क्योंकि इस सम्बन्ध में कोई तर्कसंगत विवरण रोकड़ में दर्ज़ नहीं पाया गया तथा न ही ज्ञापन संख्या 45 दिनांक 20.06.2023 द्वारा इस सम्बन्ध में अंकेक्षण आपत्ति उठाये जाने पर इस बारे कोई सूचना अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गयी | इस बारे आवश्यक स्पष्टीकरण अंकेक्षण के दौरान प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाये |

(vi) रोकड़ बही में पाई गई कटिंग जिसके कुछ उदाहरण निम्न तालिका अनुसार है कार्यकारी अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित नहीं थी जो कि अनियमित है तथा इसके अभाव में रोकड़ बही की विश्वसनीयता ही संदेहास्पद प्रतीत होती है | अत: इस सम्बन्ध में आवश्यक कार्रवाई करते हुए अनुपालना से आगामी अंकेक्षण के दौरान अवगत करवाया जाये तथा इस अनियमित प्रथा को तुरंत प्रभाव से बंद किया जाये |

दिनांक	रोकड़ बही पृष्ठ संख्या
24.05.2019	1
31.05.2019	7
26.06.2019	27
01.07.2019	34
08.07.2019	40
27.08.2019	73

(vii) अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि रोकड़ बही एक ही पृष्ठ पर पृथक-पृथक हाथ में लिखी गयी थी जैसा कि निम्न तालिका में उदाहरण स्वरूप दर्शाए रोकड़ बही के पृष्ठ संख्या में पाया गया जबकि रोकड़ बही में फलूड का प्रयोग भी किया गया था तथा बहुत सी प्रविष्टियाँ लेड पेंसिल में भी लिखी हुई पाई गयी जोकि अनियमित ही नहीं अपितु लेखा नियमों/सिद्धांतों के विरुद्ध भी है।

दिनांक	रोकड़ बही पृष्ठ संख्या जहाँ प्रविष्टि पृथक-पृथक हाथ में लिखी गयी के कुछ उदाहरण	दिनांक	रोकड़ बही पृष्ठ संख्या जहाँ फलूड का प्रयोग किया गया के कुछ उदाहरण
20.06.2019	22	10.11.2020	7
06.08.2019	66	24.12.2020	43
08.08.2019	68		
25.08.2019	81		
01.10.2021	63		

(viii) रोकड़ बही में वाउचर संख्या भी इंगित नहीं की जा रही थी जबकि वाउचर फाइल भी सिली हुई नहीं पाई गयी तथा अधिकांश वाउचर पर वाउचर संख्या भी दर्ज़ नहीं पाई गयी जबकि अंकेक्षण के दौरान कई वाउचर लेखा परीक्षा हेतु loose प्रस्तुत किये हुए जो कि संस्था के अभिलेख के रख-रखाव के सम्बन्ध में लापरवाही को दर्शाता तथा कार्यालय प्रणाली के मूल सिद्धान्तों की अवहेलना को दर्शाता है तथा वाउचर का अभिलेख से गायब होने की सम्भावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता।

(ix) आय से सम्बन्धित चेक के बाउंस होने की स्थिति में रोकड़ बही के भुगतान पक्ष में विपरीत प्रविष्टि करने के स्थान पर रोकड़ बही में मूल प्रविष्टि को ही काट दिया गया था

जोकि सम्बन्धित सहायक के रोकड़ बही संधारण के मूल सिद्धांतों के ज्ञान के अभाव के साथ-साथ संस्था की कार्य प्रणाली पर एक बहुत बड़ा प्रश्नचिन्ह है तथा अभिलेख को अविश्वसनीय बनाता है।

(x) हिमाचल प्रदेश म्युनिसिपल लेखा संहिता के अध्याय –III के पैरा 19 (3) के अनुसार प्रत्येक मास के अंत में रोकड़ बही को अध्यक्ष, नगर परिषद से सत्यापित नहीं करवाया गया था । इसके अतिरिक्त रोकड़ बही में अधिकतर पृष्ठों पर प्राप्ति एवं भुगतानों पक्ष के योग भी नहीं किए गए थे। अत: इस सन्दर्भ में वस्तु स्थिति स्पष्ट करते हुए अब अपेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित कर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

ऐसा प्रतीत होता है कि अभिलेख के जानबूझ कर आधा अधूरा एवं त्रुटिपूर्ण संधारण किया गया है ताकि किसी भी जाँच अभिकरण/प्राधिकारिणी को स्थिति अस्पष्ट रहे तथा ऐसे में गुमराह करने की सम्भावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता तथा रोकड़ बही का अपना कोई शेष होने के कारण भुगतान से सम्बन्धित कई वाउचरों को बैंक से आहरण उपरान्त रोकड़ बही में दर्ज़ न किये की सम्भावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता। अंकेक्षण द्वारा ज्ञापन संख्या 65 दिनांक 31.07.2023 द्वारा इस सम्बन्ध में सूचना मांगी गयी थी परन्तु अंकेक्षण समाप्त होने की तिथि तक इस संदर्भ में कोई भी उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अत: मामले की गम्भीर ता को देखते हुए यह प्रसंग परिषद के खातों के संधारण/ बैंक समायोजन के असफल प्रयास के दौरान सम्बन्धित चार्टर्ड एकाउंटेंट्स फर्म के अनुभव को शामिल करते हुए, समुचित कार्रवाई सुनिश्चित करने के आशय से विभाग के उच्च अधिकारियों के विशेष ध्यानार्थ भी लाया जाता है।

उपरोक्त के अतिरिक्त भविष्य में रोकड़ बही के समुचित नियमानुसार संधारण कर तथा बैंक खातों से नियमित मासिक समाधान सुनिश्चित कर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये क्योंकि पिछले कई अंकेक्षण प्रतिवेदन के माध्यम से इस सम्बन्ध में आपत्ति उठाये जाने के उपरांत भी संस्था स्तर पर कोई कार्यवाही अमल में न लाये जाने के परिणाम ही उक्त अनियमितताओं में अपने आप परिलक्षित करता है। अत: मामले को अब गम्भीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई वांछित है। यद्यपि उक्त अनियमितताएं अंकेक्षण के

दौरान ज्ञापन संख्या 45 दिनांक 20.06.2023 द्वारा संस्था के ध्यानार्थ लाई गयी थी परन्तु अंकेक्षण समाप्त होने की तिथि तक संस्था की ओर से इस सम्बन्ध में न तो कोई उत्तर तथा न ही कोई आश्वासन प्राप्त हुआ था।

7. **मुख्य निधि से सी. एल. सी. (CLC) निधि को हस्तांतरित राशि के सम्बन्ध में दोनों निधियों की रोकड़ बही में पाई गयी पृथक-पृथक प्रविष्टियों बारे : -**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि मुख्य निधि से सी. एल. सी. निधि को हस्तांतरित राशि का मिलान अंकेक्षण के स्तर पर सम्भव न हो सका क्योंकि मुख्य निधि से सम्बन्धित रोकड़ बही में दर्शायी गयी भुगतान स्वरूप राशि तथा सी. एल. सी. निधि की रोकड़ बही में प्राप्ति स्वरूप दर्शायी गयी राशि, भिन्न भिन्न पाई गई जैसा कि निम्न तालिका में दर्शाए गये प्रकरणों से स्वत: ही स्पष्ट है, वहीं कुछ मासों में तो मुख्य निधि की रोकड़ बही में सी. एल. सी. निधि को हस्तांतरित राशि का स्पष्ट उल्लेख भी दर्ज़ नहीं पाया गया जबकि सी.एल. सी. निधि में प्राप्त राशि बारे प्रविष्टि की गयी थी। यह एक गम्भीर अनियमितता है जोकि परिषद कार्यालय स्तर पर लेखो के संधारण के सम्बन्ध में लापरवाही की सूचक है। इस अनियमितता बारे ज्ञापन संख्या 20 दिनांक 28.04.2023 द्वारा नगर परिषद कार्यालय से स्पष्टीकरण माँगा गया था परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक इस संदर्भ में कोई भी उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अत: इस सम्बन्ध में वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

Month	Transfer from Main Account as per Main Cash Book (Rs.)	Transfer from Main Account as per CLC Cash Book (Rs.)
2019-20		
April	464774	17500
June	Not Clear	472232
July	507174	547917
August	20776	565636
September	518776	586416

October	520112	561870
November	557030	562620
December	572558	578148
January	608874	619066
February	633452	676042
March	1137157	1354041
2020-21		
April	1599378	1708178
May	6134	23046
June	46956	52546
July	1497080	1520542
September	4501567	4231345
October	1110048	633261
November	1778202	4305253
December	1323536	1588086
January	Not Clear	978080
February	Not Clear	1000163
March	Not Clear	1754982
2021-22		
April	Not Clear	1020167
May	Not Clear	1176559
June	207806	977754
September	1003446	896886
October	1968716	2083716
November	212189	221700
April	1209408	1212071
July	1319849	1370396
December	1202461	1487878

8 **राशि ₹12.03 लाख अंशदायी पेंशन निधि से किया गए भुगतान को अंशदायी पेंशन निधि की रोकड़ बही के साथ-साथ मुख्य निधि की रोकड़ बही में भी अनियमित रूप से दर्ज़ करने बारे :-**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि नगर परिषद्, नाहन द्वारा श्री अजय गर्ग, जो कि परिषद् में सफाई निरीक्षक के पद पर कार्यरत थे तथा पदोन्नति पर बतौर सचिव तैनात नगर पंचायत, राजगढ़ में तैनात हुए थे, के अंशदायी पेंशन निधि खाते में जमा राशि ₹12,03,945 नगर पंचायात, राजगढ़ को निधि के HP State Co-operative Bank Account No. 55910110924 से रोकड़ बही में दिनांक 16.08.2021 को पृष्ठ संख्या 33 पर दर्ज़ प्रविष्टि अनुसार अदा की गयी थी, परन्तु इस सम्बन्ध में भुगतान की प्रविष्टि मुख्य निधि की रोकड़ बही में भी दिनांक 16.08.2021 को पृष्ठ संख्या 15 पर भी दर्ज़ कर दी गयी थी जिसका कोई औचित्य नहीं था तथा संस्था के स्तर पर लापरवाही को दर्शाता है | यह अनियमितता ज्ञापन संख्या 40 दिनांक 13.06.2023 द्वारा नगर परिषद कार्यालय के ध्यानार्थ लायी गयी थी परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक इस संदर्भ में कोई भी स्पष्ट उत्तर प्राप्त नहीं हुआ | अत: इस सम्बन्ध में वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए सुधारात्मक प्रविष्टि कर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये |

9 **दोहरी लेखा प्रणाली के आधार पर लेखों/वर्गीकृत खाता बहियों का रख-रखाव न करना :-**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि परिषद द्वारा दोहरी लेखा पद्धति के आधार पर लेखों/वर्गीकृत खाता बहियों का रख-रखाव नहीं किया गया था जोकि निदेशक, शहरी विकास विभाग, हिमाचल प्रदेश द्वारा इस सन्दर्भ में जारी निर्देशों के प्रतिकूल होने के कारण अनियमित है | इसके अतिरिक्त वर्गीकृत खाता बहियों का रख-रखाव न करने के कारण किस मद से कितनी आय प्राप्त हुई, किस मद पर कितना व्यय हुआ, व्यय की गई राशि अनुमोदित बजट प्रावधान के भीतर है या नहीं, अनुदान का व्यय निर्धारित सीमा के भीतर एवं विहित उद्देश्यों हेतु किया गया या नहीं, इन तथ्यों की अंकेक्षण में पुष्टि कर पाना सम्भव नहीं होता है | इस सम्बन्ध में नगर परिषद से अंकेक्षण के दौरान ज्ञापन संख्या 01 दिनांक 06.03.2023 द्वारा दोहरी लेखा पद्धति के आधार पर अंकेक्षण अवधि से सम्बन्धित आय एवं व्यय खाता, प्राप्ति एवं भुगतान खाता तथा तुलन पत्र लेखा परीक्षा

उपलब्ध करवाने हेतु अनुरोध किया गया था परन्तु अंकेक्षण समाप्त होने की तिथि तक वांछित अभिलेख उपलब्ध नहीं करवाया गया यद्यपि इस सम्बन्ध में चार्टर्ड अकाउंटेंट के माध्यम से तैयार अंकेक्षण को प्रस्तुत लेखे अधूरे पाए जाने के कारण अंकेक्षण द्वारा स्वीकार नहीं किये गये। अतः इस अनियमितता बारे वस्तु स्थिति स्पष्ट की जाए तथा इस संदर्भ में संस्था की विभिन्न शाखाओं के सहयोग से प्रति वर्ष दोहरी लेखा प्रणाली के अंतर्गत लेखों का संधारण सुनिश्चित किया जाये तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

10 **नगर परिषद मुख्य निधि से पैन्शन (Pension) एवं उपदान (Gratuity) निधि को निर्धारित सीमा से ₹634.25 लाख का अधिक अनियमित हस्तांतरण :-**

Himachal Pradesh Municipality Employees (Pension, Gratuity and General Provident Fund) Rules, 2000 के नियम 3(3) में वर्णित प्रावधानानुसार नगर निगम/परिषद/पंचायत द्वारा कर्मचारियों के समय वेतनमान (Time Scale) के अधिकतम का 12% तथा 5% अंश प्रत्येक माह क्रमशः पैन्शन तथा ग्रेच्युटी निधि में जमा करवाया जाना अपेक्षित है परन्तु अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि नगर परिषद द्वारा अंकेक्षण अवधि में उक्त निर्धारित सीमा के अतिरिक्त निम्न तालिका में दर्शाये विवरण अनुसार ₹6,34,25,034 की राशि परिषद निधि से पैन्शन निधि को अधिक हस्तान्तरित की गयी थी जोकि अनियमित है तथा नगर परिषद निधि तथा अनुदानों की राशि के दुरूपयोग की भी सूचक भी है।

दिनांक	राशि (₹)
2019-20	13122001
2020-21	16970596
2021-22	15095950
2022-23	18236487
कुल	**63425034**

उक्त अनियमितता बारे नगर परिषद, नाहन से औचित्य स्पष्ट करने का अनुरोध किया गया था परन्तु अंकेक्षण समाप्त होने तक इस सम्बन्ध में कोई भी उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः इस बारे औचित्य स्पष्ट करते हुए उक्त हस्तांतरण को सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से नियमित करवाया जाए अन्यथा ₹6,34,25,034/- की राशि को पैन्शन निधि से वापिस, नगर परिषद निधि में जमा

कर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए। <u>साथ ही यह प्रकरण अनुदानों के दुरुपयोग की ओर भी इंगित करता है तथा मामला विभाग के उच्च अधिकारियों के विशेष ध्यानार्थ यथोचित कार्रवाई के उद्देश्य से लाया जाता है।</u>

11 रसीद बुक सम्बन्धी अनियमितताऐं

11.1 मुख्य निधि एवं सी॰एल॰सी॰निधि के अंतर्गत छपवाई गई रसीद बुक/बहियों से सम्बन्धित अभिलेख अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत न करने बारे :-

(i) अंकेक्षण अवधि के दौरान मुख्य निधि से सम्बन्धित रसीद बहियों के प्राप्ति व जारी रजिस्टर की जाँच करने पर पाया गया कि दिनांक 30/03/2017 को बिल सं0 5516 द्वारा सैनी प्रिंटिंग प्रैस, नाहन से 500 रसीद बहियाँ छपवाई /क्रय की गई थी। अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 43 दिनांक 16.6.23 जारी करने के उपरान्त भी अंकेक्षण समाप्त होने की तिथि तक क्रय/छपवाई गई रसीद बहियों/बुक से सम्बन्धित अभिलेख जैसे कि बिल, वाउचर, आदि अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया जिस कारण प्रयोग में लाई जा रही रसीद बहियों की क्रम संख्या का सत्यापन अंकेक्षण के स्तर पर सम्भव नहीं हो सका। अतः इस सम्बन्ध में सम्बन्धित अभिलेख सत्यापना हेतु अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

(ii) अंकेक्षण अवधि के दौरान सी.एल. सी. निधि के अंतर्गत प्रयोग में लायी गयी रसीद क्रमांक संख्या 1601 से 1700 तथा 1801 से 1900 व 1301 से 1400 (प्रयोग की अवधि क्रमशः 11.10.2019 से 21.10.2020, 22.10.2020 से 02.08.2021 तथा 23.11.2021 से 14.03.2022) से सम्बन्धित अभिलेख व सम्बन्धित भंडार पंजी अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 66 दिनांक 03.08.23 जारी करने के उपरान्त भी अंकेक्षण समाप्त होने की तिथि तक प्रस्तुत नहीं किया गया जिस कारण प्रयोग में लाई जा रही रसीद बहियों/बुक की क्रम संख्या का सत्यापन अंकेक्षण के स्तर पर सम्भव नहीं हो सका। अतः इस सम्बन्ध में सम्बन्धित अभिलेख सत्यापना हेतु अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाये। प्रयोग में लाई जा रही रसीद बुक का अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत न करना, यह संशय उत्पन्न करता है कि कहीं कोई गम्भीर वित्तीय अनियमितता तो नहीं है। अतः रसीद बुक का समस्त अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत किया जाए।

11.2 रसीदें जारी करने उपरान्त प्राप्तकर्ता की पावती दर्ज न करना :-

अंकेक्षण अवधि के दौरान रसीद बहियों के प्राप्ति व जारी रजिस्टर की जाँच करने पर पाया गया कि निम्न विवरणानुसार रसीदें नगर परिषद के विभिन्न कर्मचारियों को जारी तो दर्शाई गई थी परन्तु सम्बन्धित कर्मचारियों की पावती रसीद बहियों के स्टॉक रजिस्टर में दर्ज नहीं है। इस कारण यह स्पष्ट नहीं हो सका कि यह रसीदें किसके द्वारा निर्गमित की जा रही थी तथा किसी अनियमितता की स्थिति में कर्मचारी विशेष का दायित्व किस प्रकार निर्धारित किया जाएगा।

इस सम्बन्ध में अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 43 दिनांक 16.6.23 जारी करने के उपरान्त भी संस्था के स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। अतः स्टॉक रजिस्टर में प्रविष्टि दर्ज न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए, आवश्यक कार्यवाई करने के उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

क्र0 सं0	रजिस्टर पृ0सं0	रसीद जारी करने की दिनांक	रसीद बुक क्र0 सं0	प्राप्तकर्ता का विवरण
1.	34	03/03/22	276	लेखा शाखा
2.	34	22/03/22	278	अंकित नहीं
3.	34	22/03/22	279	नाम स्पष्ट नहीं
4.	34	22/03/22	280	एल0आर0सी
5.	34	22/03/22	281	गृहकर
6.	34	22/03/22	282	कमल, गृहकर
7.	34	22/03/22	283	नाम स्पष्ट नहीं
8.	34	22/04/22	284	गृहकर
9.	71	03/06/22	289	लेखा शाखा
10.	71	03/06/22	291	एल0आर0सी
11.	71	24/06/22	295	नाम स्पष्ट नहीं
12.	71	13/07/22	297	गृहकर
13.	71	18/08/22	302	श्रीमति सुषमा, गृहकर
14.	71	22/08/22	304	श्री विनोद, डोर टू डोर
15.	71	05/09/22	308	अंकित नहीं
16.	71	05/09/22	309	अंकित नहीं
17.	71	05/09/22	310	अंकित नहीं
18.	71	05/09/22	311	अंकित नहीं
19.	71	13/10/22	313	लेखा शाखा
20.	71	13/10/22	316	लेखा शाखा
21.	71	13/10/22	317	लेखा शाखा
22.	71	13/10/22	318	लेखा शाखा
23.	72	23/12/22	331	गृहकर
24.	72	24/02/23	331	श्री रिषभ

11.3 ₹0.03 लाख का विवाह पंजीकरण शुल्क कम प्राप्त करना :–

सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या–SJE-A-A(3)-1/2015 दिनाँक 04/10/16 के अन्तर्गत विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में 30 दिनों के भीतर पंजीकरण पर ₹200 प्रति पंजीकरण तथा 30 दिनों के बाद व 90 दिनों के भीतर ₹400 की दर से तथा 90 दिनों के पश्चात पंजीकरण की स्थिति में दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी से समुचित आदेश प्राप्त कर ₹400 का पंजीकरण शुल्क प्राप्त किए जाने का प्रावधान है।

नगर परिषद के अंकेक्षण के दौरान विवाह पंजीकरण पंजिका की जाँच करने पर पाया गया कि कार्यालय द्वारा विवाह पंजीकरण पंजिका का रख–रखाव उचित प्रकार से नहीं किया जा रहा था। विवाह पंजीकरण पंजिका के आरम्भ में न तो पृष्ठ संख्या का प्रमाण पत्र दिया गया था और न ही पंजिका में पृष्ठ सं0 अंकित की गई थी। इसके अतिरिक्त विवाह पंजीकरण पंजिका का अवलोकन करने पर पाया गया कि निम्न तालिका में दर्शाए गये प्रकरणों में विवाह पंजीकरण शुल्क **₹3000/–** कम प्राप्त किया गया था । इस सम्बन्ध में अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 43 दिनांक 16.6.23 जारी करने के उपरान्त भी संस्था की ओर से कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः इस बारे या तो आवश्यक स्पष्टीकरण प्रस्तुत करते हुए विवाह पंजीकरण शुल्क की कम प्राप्ति को न्यायोचित ठहराया जाए अन्यथा इस सन्दर्भ में उचित स्त्रोत से आवश्यक वसूली उपरान्त आगामी अंकेक्षण के दौरान अवगत करवाया जाए।

क्र0सं0	विवाहित जोड़े का नाम	रसीद सं0/दिनांक/ विवाह क्र0सं0	विवाह की दिनांक/ विवाह पंजीकरण की दिनांक	प्राप्ति योग्य राशि (₹)	प्राप्त राशि (₹)	कम प्राप्ति (₹)
1.	श्री ओवेस खान व श्रीमति उर्मिल शर्मा	64/135, 01–10–19, 115	11–07–19/ 01–10–19	400	200	200
2.	श्री राहुल शर्मा व श्रीमति अकांशा शर्मा	89/135, 10–10–19, 116	28–04–18/ 10–10–19	400	200	200
3.	श्री आरिफ अंसारी व श्रीमति रूबीना	90/135, 10–10–19, 117	06–08–19, 10–10–19	400	200	200

4.	श्री कार्तिक धीमान व श्रीमति करिश्मा	95/135, 15–10–19, 118	06–08–19, 10–10–19	400	200	200
5.	श्री नवदीप सिंह व श्रीमति राजेन्द्र कौर	96/135, 15–10–19 120	15–07–19, 15–10–19	400	200	200
6.	श्री राजेन्द्र प्रसाद शर्मा व श्रीमति रेणुका शर्मा	17/145, 23–10–19, 122	23–01–98/ 23–10–19	400	200	200
7.	श्री मनीष तनवीर व श्रीमति फातीमा बेगम	10/214, 22–03–21, 48	11–11–18/ 22–03–21	400	200	200
8.	श्री गगन शर्मा व श्रीमति नेहा वर्मा	44/214, 25–03–21, 49	11–12–20/ 25–03–21	400	200	200
9.	श्री सौरभ धवन व श्रीमति आशिमा थापा	27/215, 30–03–21, 38	10–12–20/ 01–03–21	400	200	200
10.	श्री समीर व श्रीमति रूखिया	37/215, 01–03–21, 39	05–12–20/ 01–03–21	400	200	200
11.	श्री मदन लाल व श्रीमति ममता	41/215, 01–03–21, 40	15–11–98/ 01–03–21	400	200	200
12.	श्री मो0 शादाब व	46/215, 02–03–21,	14–10–20, 02–03–21	400	200	200

	सजीया खान	41				
13.	श्री प्रदीप कुमार व श्रीमति विष्णु माया	58/215, 03–03–21, 42	10–12–20/ 03–03–21	400	200	200
14.	श्री यतिश्वर वर्मा व श्रीमति सपना देवी	76/215, 04–03–21, 43	28–01–16, 04–03–21	400	200	200
15.	श्री अर्जुन सिंह परमार व श्री जया ठाकुर	92/215, 08–03721, 44	13–07–20/ 08–03–21	400	200	200
					कुल	**3000**

12 **अनुदान**

(क) ₹3159.10 लाख की अनुदान राशि रोकड़ बही के प्राप्ति पक्ष में दर्ज न करने बारे :–

अंकेक्षण को **परिशिष्ट**–9 (I) से (IV) पर उपलब्ध करवाई गई सूचना तथा रोकड़ बही की लेखा परीक्षा के दौरान पाया गया कि नगर परिषद नाहन मे निम्न तालिका में दर्शाए गए विवरण अनुसार अंकेक्षण अवधि में ₹39,11,39,751.00 विभिन्न अनुदानों के रूप मे प्राप्त हुए थे परन्तु रोकड़ बही में केवल ₹7,52,30,232.00 की अनुदान राशि को ही प्राप्ति पक्ष में दर्ज किया गया था । इस प्रकार ₹31,59,09,519.00 की अनुदान राशि को रोकड़ बही में दर्ज नहीं किया गया था जो की एक गम्भीर अनियमितता है तथा सम्बन्धित कर्मचारी एवं कार्यकारी अधिकारी के स्तर पर लापरवाही को परिलक्षित करती है क्योंकि रोकड़ बही कार्यकारी अधिकारी के स्तर पर हस्ताक्षरित की गयी थी परन्तु रोकड़ बही में न तो कोई शेष निकाला गया था तथा न ही बैंक समाधान विवरणी तैयार की गयी थी तथा न ही इन अनियमितताओं के सम्बन्ध में कार्यकारी अधिकारी की ओर से रोकड़ बही में कोई टिपण्णी दर्ज थी तथा न ही इस सम्बन्ध में अंकेक्षण के दौरान की गयी किसी कार्रवाई बारे ही अंकेक्षण को सूचित किया गया । अत: यह प्रसंग विशेष रूप से उच्च अधिकारियों के ध्यानार्थ लाया जाता है ताकि शीघ्र अतिशीघ्र सुधारात्मक करवाई अमल में लायी जाये तथा भविष्य में इस तरह की कोताही की पुनरावृति न हो क्योंकि ऐसी स्थिति में अभिलेख की विश्वसनीयता पर ही एक बड़ा प्रश्नचिन्ह लग जाता है । ज्ञापन संख्या 33 दिनांक 23.05.2023 के माध्यम से आपत्ति उठाये जाने पर इन अनुदानों की प्रविष्टि रोकड़ बही का कोई शेष

न होने का लाभ उठाते हुए संस्था द्वारा रोकड़ बही में विभिन्न प्राप्तियों की तिथि को ही कर दी गयी जोकि आपत्तिजनक है तथा संस्था के स्तर पर लेखांकन के मूल नियमों की अवहेलना तथा रोकड़ बही एवं बैंक खातों के बीच समाधान करने के प्रयासों के प्रति पूर्ण उदासीनता को भी दर्शाती है क्योंकि इन प्रविष्टियों को दिनांक 31.03.2023 को बैंक शेष के साथ समाधान करने के उद्देश्य से एक मुश्त लेखांकित किया जाना अपेक्षित था।

वित्तीय वर्ष	परिशिष्ट अनुसार वर्ष के दौरान प्राप्त अनुदान राशि (₹)	रोकड़ बही में दर्ज अनुदान राशि (₹)	अंकेक्षण आपत्ति उपरान्त रोकड़ बही में दर्ज/सही प्रकार से दर्ज की गई अनुदान राशि (₹)	अन्तर राशि (₹) जो कि अंकेक्षण आपत्ति उपरान्त भी दर्ज नहीं की गई थी
2019–20	76259758.00	9422500.00	66837258,00	शून्य
2020–21	79510920.00	28567283.00	50943637,00	शून्य
2021–22	104427516,00	37240449.00	67187067,00	शून्य
2022–23	130941557,00	0.00	130941557,00	शून्य
कुल योग	**391139751.00**	**75230232.00**	**315909519.00**	**शून्य**

(ख) अनुदानों से किए गए व्यय का ब्यौरा अंकेक्षण को प्रस्तुत न करने बारे :–

अंकेक्षण द्वारा मौखिक तौर पर कई बार अनुरोध करने पर भी नगर परिषद नाहन द्वारा अंकेक्षण अवधि 01.04.19 से 31.03.23 तक प्राप्त अनुदानों के व्यय से सम्बन्धित अभिलेख लेखा परीक्षा हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया । परिणामस्वरूप यह सत्यापन नहीं किया जा सका कि अनुदानों को निर्धारित लक्ष्यों हेतु ही व्यय किया गया है अथवा नहीं जबकि अंकेक्षण अवधि के समाप्ति पर अनुदानों की उपयोग हेतु अंतिम शेष राशि भी ज्ञात न हो सकी, ऐसी परिस्थितियों में अनुदानों के दुरूपयोग तथा अनुदानों का अधिकतम उपयोग परिषद् के कर्मचारियों से सम्बन्धित भुगतानों हेतु ही किये जाने की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता, अतः मामला उच्च अधिकारियों के ध्यानार्थ आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई प्रारंभ करने के उद्देश्य से विशेष रूप से लाया जाता है

(ग) ₹8.25 लाख की अनुदान राशि प्राप्त हुए बिना ही उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रेषित करके की गई अनियमितता :–

अंकेक्षण के दौरान अनुदान रजिस्टर पृष्ठ संख्या 75 का अवलोकन करने पर पाया गया कि उक्त पृष्ठ के क्रम संख्या 01 से 04 पर उपायुक्त सिरमौर के पत्र संख्या Sir/Yojana/VKV/2019-20 दिनांक 11.05.20 द्वारा ₹825000.00 MLA Grant के प्राप्त किए गए दर्शाए गए थे तथा इस अनुदान राशि को पूर्णतया उपयोग किया गया भी दर्शाया गया था। परन्तु इस राशि की प्रविष्टी

रोकड़ बही तथा बैंक में प्राप्ति पक्ष में न पाए जाने पर अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 33 दिनांक 23.05.23 जारी करके जब वस्तुस्थिति से अंकेक्षण को अवगत करवाने हेतु अनुरोध किया गया तो ज्ञात हुआ कि यह राशि उक्त ज्ञापन जारी करने की तिथि तक संस्था में प्राप्त ही नहीं हुई थी । राशि के प्राप्त हुए बिना ही उपयोग दर्शाया जाना नगर परिषद नाहन की गम्भीर लापरवाही को प्रदर्षित करता है। हालांकि अंकेक्षण द्वारा इस सम्बन्ध में आपत्ति उठाए जाने के उपरान्त नगर परिषद द्वारा उपायुक्त कार्यालय से पत्राचार करने पर चैक संख्या 000057 के माध्यम से रसीद संख्या 360/00096 दिनांक 28-6-2023 द्वारा यह राशि प्राप्त हुई जोकि परिषद् के HP STATE CO-OPERATIVE Bank Account No. 55710107583 में दिनांक 05.07.2023 को क्रेडिट की जा चुकी है तथापि इस गम्भीर लापरवाही की ओर उच्चअधिकारियों का ध्यान विशेष रूप से आकृष्ट किया जाता है ताकि भविष्य में ऐसी पुनरावृति न हो.

(घ) अनुदान ₹4.69 लाख की बैंक में प्राप्ति न दर्शाना :–

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि अनुदान रजिस्टर पृश्ठ संख्या 5 क्रम संख्या 27 पर शहरी विकास विभाग के पत्र संख्या UD-H(C)(10)-1/2020/SFC-Grant-6512-617 dated 13.04.2021 के द्वारा ₹468519.00 की अनुदान राशि प्राप्त की गई दर्शाई गई थी परन्तु इस राशि की किस बैंक खाते में जमा किया गया, से सम्बन्धित अभिलेख लेखा परीक्षा हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया । अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 33 दिनाक 23.05.23 जारी करके सम्बन्धित अभिलेख प्रस्तुत किए जाने का अनुरोध किया गया था परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक इस सम्बन्ध में कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ | अत: इस बारे में आवश्यक स्पष्टीकरण आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत किया जाये तथा इस राशि को उक्त उप पैरा (ग) में वर्णित प्रसंग की तरह बिना वास्तविक प्राप्ति के ही लेखांकित कर दिए जाने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता |

(ड.) अनुदान ₹0.69 लाख का प्रतिपूर्ति अभिलेख प्रस्तुत न करने बारे :–

अनुदान रजिस्टर पृष्ठ संख्या 5 क्रम संख्या 33 अनुसार निदेशक शहरी विकास शिमला के पत्र संख्या UD-H(F)-(1)/2016(PWM)Rule-11-14126-146 दिनांक 21.6.21 द्वारा नगर परिषद नाहन में प्लास्टिक वेस्ट के क्रय हेतु ₹68,985/–की राशि प्राप्त हुई थी जिसकी प्रतिपूर्ति हेतु बनाया गया अभिलेख अंकेक्षण हेतु, ज्ञापन संख्या 32 दिनांक 20.05.23 के माध्यम से मांगे जाने पर भी नगर परिषद द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया जिस कारण प्राप्त अनुदान के सही उपयोग की पुष्टि अंकेक्षण के दौरान नहीं की जा सकी ।

(च) ₹2384.73 लाख के उपयोगिता प्रमाण पत्र अंकेक्षण को प्रस्तुत न करना:-

नगर परिषद द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान प्राप्त अनुदानों के सम्बन्ध में **परिशिष्ट-9 (I) से(IV)** द्वारा उपलब्ध करवाई गयी सूचना में दर्ज उपयोगिता प्रमाण पत्र के अतिरिक्त ₹23,84,73,457 के उपयोगिता प्रमाण पत्र कई बार मौखिक आग्रह के पश्चात भी अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत नहीं किए गए जिस संदर्भ में वस्तु स्थिति स्पष्ट करते हुए अब अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षण सत्यापना हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए ।

13 आय

13.1 गृहकर

(क) गृहकर की बकाया ₹166.33 लाख वसूली हेतु शेष:–

अंकेक्षण को **परिशिष्ट–10** द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना अनुसार दिनांक 31.03.23 को गृहकर की बकाया ₹1,66,32,772.00 वसूली हेतु शेष थी जो कि एक गम्भीर चिन्ता का विषय है। अंकेक्षण के दौरान अभिलेख की जाँच पर पाया गया कि गृहकर की मांग व प्राप्ति पंजिकाओं में अंकेक्षण अवधि से सम्बन्धित मांग व प्राप्ति की अधिकांश प्रविष्टियां सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित नहीं की गई थी जो कि अनियमित है । इस के अभाव में दिनांक 31.03.23 को दर्शाई गई शेष बकाया राशि की पूर्ण सत्यापना सम्भव न हो सकी । अतः वर्णित अनियमितता का औचित्य स्पष्ट करते हुए अपेक्षित सुधारात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाने के साथ–साथ गृहकर की बकाया राशि की वसूली हेतु भी प्राथमिकता के आधार पर विशेष पग उठाए जाने सुनिश्चित किए जाऐं तदानुसार अपेक्षित अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए ।

उपरोक्त अनियमितता गत अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 04/2017 से 03/2019 के पैरा संख्या 9.1(क) में भी ध्यान में लाई गई थी परन्तु किसी प्रकार की सुधारात्मक कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई है। इसके अतिरिक्त अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 04 दिनांक 06.03.2023 के प्रत्युत्तर में नगर परिषद नाहन द्वारा दिनांक 31.03.23 को वसूली योग्य राशि ₹1,51,00,170.00 बताई गई थी परन्तु राशि की सत्यापना हेतु जब अभिलेख की लेखा परीक्षा की गई तथा अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 36 दिनांक 05.06.23 जारी करके नगर परिषद की त्रुटियों/लापरवाही की ओर ध्यान केन्द्रित किया गया तो उक्त बकाया राशि ₹1,66,32,772.00 पाई गई जिससे प्रतीत होता है कि अंकेक्षण को पूर्व में भी नगर परिषद कार्यालय द्वारा गलत सूचनाऐं प्रस्तुत की गई हैं । अतः सुझाव दिया जाता है कि अभिलेख का रख–रखाव ध्यानपूर्वक तथा सही प्रकार किया जाना सुनिश्चित किया जाए ।

(ख) गत 22 वर्षों से गृहकर बकाया की वसूली न करना ₹91.28 लाख :–

गृहकर मांग व प्राप्ति से सम्बन्धित अभिलेख का चयनित आधार पर अवलोकन करने पर पाया गया कि परिषद द्वारा **परिशिष्ट–11** के पृष्ठ 1 से 6 में वर्णित प्रकरणों में लगभग 22 वर्षों से गृहकर की या तो कोई भी वसूली नहीं की गई थी अथवा केवल नाममात्र वसूली ही की गई थी परिणामस्वरूप प्रतिवर्ष बकाया राशि बढ़ती ही जा रही है, जो कि दिनांक 31.03.23 तक ₹91,28,013.00 हो चुकी है। अतः नगर परिषद की वित्तीय स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अतः वर्णित प्रकरणों तथा बकाया राशि के अन्य लम्बित प्रकरणों में भी बकाया गृहकर को ALRCases बनाकर समाहर्ता कार्यालय के माध्यम से अविलम्ब वसूली हेतु नियमानुसार ठोस कदम उठाए जाने सुनिश्चित किये जायें तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

परिशिष्ट का सन्दर्भ	**चूककर्ताओं की संख्या**	**बकाया राशि (₹)**	**टिप्पणी**
परिशिष्ट–11 के पृष्ठ 1 से 2	40	4077478	कोई भी वसूली नहीं की गई थी
परिशिष्ट–11 के पृष्ठ 3 से 6	130	5050535	केवल नाममात्र वसूली ही की गई थी
	कुल योग	**9128013**	

उपरोक्त अनियमितता गत अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 04/2017 से 03/2019 के पैरा संख्या 9.1(ख) में भी ध्यान में लाई गई थी परन्तु किसी प्रकार की सुधारात्मक कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई प्रतीत होती है । वर्तमान अंकेक्षण में ज्ञापन संख्या 32 दिनांक 20.05.2023 द्वारा इस सम्बन्ध में स्पष्टीकरण मांगे जाने पर परिषद द्वारा पत्र संख्या गृहकर शा०न०पा०प० नाहन / 2023-1258 दिनांक 03.07.2023 के माध्यम से चूककर्ताओं को समय-समय पर मांग पत्र जारी करने बारे तो सूचित किया गया परन्तु इतने लम्बे अन्तराल के उपरांत भी समाहर्ता के कार्यालय के माध्यम से वसूली न करने बारे कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दिया गया यद्यपि इस सम्बन्ध में मामला सदन की साधारण बैठक में रखने बारे तथा तदानुसार नियमों के अनुरूप कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया है, अतःआश्वासन अनुसार संस्था के हित में आवश्यक कार्यवाही कर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये

(ग) गृहकर में दी गई ₹0.41 लाख की अनियमित छूट के सम्बन्ध में:–

गृहकर के मांग व प्राप्ति रजिस्टर की लेखा परीक्षा के दौरान पाया गया कि नगर परिषद नाहन द्वारा गृहकरदाताओं को समय समय पर कुल राशि का 15 प्रतिशत, 30 प्रतिशत या 10 प्रतिशत की छूट का लाभ दिया गया था तथा इसी क्रम में नगर परिषद नाहन की साधारण बैठक दिनांक 04.10.22 के प्रस्ताव संख्या 2 पर दिनांक 31 मार्च 2023 तक के कुल गृहकर पर 10 प्रतिशत की रिबेट दी गई थी तथा इसी प्रस्ताव की अनुपालना मे कई गृहकरदाताओं के वर्ष 2001 से 2023 तक के बकाया खातों को भी समायोजित किया गया था । नगर पालिका अधिनियम 1994 के नियम 79 के प्रावधानानुसार नगर परिषद, गरीबी के आधार पर केवल एक वर्ष के कर में ही छूट प्रदान कर सकता था परन्तु निम्न तालिका में वर्णित उदाहरण स्वरूप कुछ प्रकरणों से स्पष्ट है कि नगर परिषद नाहन द्वारा छूट का प्रस्ताव पारित करते हुए न तो गरीबी और न ही एक वर्ष की अवधि को ध्यान में रखा जा रहा है जिस कारण अधिनियम के नियमों की अवहेलना के साथ साथ नगर परिषद को वित्तीय हानि भी हो रही है।

क्र0 सं0	नाम/ वार्ड न0/ मकान न0	दिनांक 31.3.19/ 31.3.23 को बकाया गृहकर की राशि(₹)	4/19 से 3/23 के दौरान प्राप्ति/ रसीद सं0 व दिनांक	प्रदान की गई छूट की राशि (₹)	प्रदान की गई छूट की दर
1	श्री दिनेश चन्द, होटल हिल व्यू/ 11/1/6	208133.00 /254297.00	₹228868.00/ 88/335, 5.2.23	25429.00	₹254297/– का 10 प्रतिशत
2	श्री मोहिन्द्र सिंह/ 7/4/332	64626.00 /79930.00	₹71937.00/ 18/345, 20.5.23	7993.00	₹79930/– का 10 प्रतिशत
3	श्री सतीष कुमार/ 4/2/194	19884.00/23390. 00	₹4078/– 59/47, 8.6.18, ₹5000/–, 61/197,17.12.20 ₹626/–, 93/159, 15.2.20 ₹1555/–49/329, 10.1.23, ₹10294/–,51/224, 12.4.21	1837.00	₹11094/– का 15 प्रतिशत (₹1664.00) तथा ₹1728/– का 10 प्रतिशत (₹173.00)

			कुल ₹21553.00		
4	श्री संदीप सिंह / 7 / 1 / 25	90643.00 / 115835.00	₹109662.00 / 42 / 239, 5.8.21	6173.00	2017 से 2020 तक की देय राशि ₹41152 / – का 15 प्रतिशत
			कुल योग	**41432**	

वर्तमान अंकेक्षण में ज्ञापन संख्या 37 दिनांक 05.06.2023 द्वारा इस सम्बन्ध में स्पष्टीकरण मांगे जाने पर संस्था से कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ | अतः उक्त अनियमितता बारे नियमों में प्रावधान के दृष्टिगत उचित स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया जाए तथा इन प्रसंगों के नियमानुसार न्यायोचित न पाए जाने की स्थिति में सभी प्रसंगों का अपने स्तर पर पुर्नवालोकन करने के उपरान्त आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाए तथा अंकेक्षण को अनुपालना से अवगत करवाया जाए ।

(घ) मांग व प्राप्ति रजिस्टर में सम्पत्ति का पूर्ण ब्यौरा दर्ज न पाए जाने बारेः–

गृहकर मांग व प्राप्ति रजिस्टर की जाँच के दौरान पाया गया कि अधिकतर पाए गए गृहकर खाते ऐसे है जिन पर केवल रजिस्टर क्रम संख्या / मकान संख्या / नाम तो अंकित किया है परन्तु उसके आगे किसी प्रकार की मांग / प्राप्ति का विवरण दर्ज नही किया गया है तथा न ही इन खातों को पूर्ण न करने बारे / निरस्त किए जाने बारे सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र अथवा हस्ताक्षर मौजूद है । उपरोक्त अनियमितता के दृष्टिगत ऐसा प्रतीत होता है कि या तो कार्यालय अपनी जिम्मेदारियों के प्रति लापरवाह है या फिर इन गृहस्वामियों को जानबूझकर लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है । उदाहरण स्वरूप वार्ड न0 1,6,10 व 13 के कुछ मामले निम्न तालिका अनुसार हैं जबकि यह अनियमितता सभी वार्डों के रजिस्टरों में पाई गई है । अंकेक्षण अधियाचना संख्या 36 दिनांक 05.06.23 जारी कर जब इस सम्बन्ध में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु कहा गया तो नगर परिषद द्वारा सूचित किया गया कि इन सम्पत्तियों की पैमाईश / छानबीन हेतु मामला कनिष्ठ अभियन्ता को भेजा गया है तथा पैमाईश / रिपोर्ट प्राप्त होने पर रजिस्टर अद्यतित कर दिया जाएगा ।

इतनी लम्बी अवधि तक इन सम्पत्तियों की पैमाईश का कार्य अपूर्ण पाया जाना एक गम्भीर चिन्ता का विषय है जिसके लिए वस्तुस्थिति स्पष्ट करने के साथ साथ उक्त अपूर्ण कार्य को शीघ्र / निर्धारित समयावधि में पूर्ण करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए ।

क्र0सं0	वार्ड सं0/ रजि0 संख्या/मकान संख्या	नाम	टिप्पणी
1	1/1/37/27	नगर पालिका स्टोर	पृष्ठ/ खाता आबंटित है परन्तु गृहकर सम्बन्धी विवरण दर्ज नहीं है
2	1/1/60/47	श्री रवि कुमार	.....यथोपरि....
3	1/1/92/74	श्री सलीम अहमद	.....यथोपरि....
4	1/1/96/74	श्री शौकत अली	.....यथोपरि....
5	6/1/8/8	श्री विनोद कुमार	.....यथोपरि....
6	6/1/11/11	श्री ओम प्रकाश	.....यथोपरि....
7	6/1/12/12	श्री कमल प्रकाश	.....यथोपरि....
8	6/1/26/20	नाम दर्ज नही	.....यथोपरि....
9	6/1/55/57	सिरमौर कोपरेटिव सोसाइटी	.....यथोपरि....
10	6/1/58/60	श्री अशोक कुमार	.....यथोपरि....
11	6/1/67/69	श्रीमती सुरेन्द्रा कुमारी	.....यथोपरि....
12	6/1/84/86	नाम दर्ज नहीं	.....यथोपरि....
13	6/1/95/98	श्री दुर्गा राम	.....यथोपरि....
14	6/1/99/102	नाम दर्ज नहीं	.....यथोपरि....
15	6/2/106/109	श्री सत्य प्रकाश	.....यथोपरि....
16	6/2/109/112	नाम दर्ज नहीं	.....यथोपरि....
17	6/2/117/120	गीता सरीन	.....यथोपरि....
18	6/2/128/131	कोपरेटिव सोसाइटी	.....यथोपरि....
19	6/2/145/163	श्री हीरा सिंह	.....यथोपरि....
20	6/2/153/171	नाम दर्ज नहीं	.....यथोपरि....
21	6/2/168/192	नाम दर्ज नहीं	.....यथोपरि....
22	6/2/174/198	नाम दर्ज नहीं	.....यथोपरि....
23	6/2/235/53	वाई.एस.परमार राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नाहन	.....यथोपरि....
24	10/1/3/6	श्री राजेन्द्र शर्मा	.....यथोपरि....
25	10/1/16/21	श्री सुनील, सन्जीव, राजेश	.....यथोपरि....

		पुत्र श्री जसवीर	
26	10/2/134/260	श्री अशोक कुमार	.....यथोपरि....
27	10/2/186/49	श्री अख्तर, 2019–20 तक लिख कर काट दिया गया है	.....यथोपरि....
28	10/3/318/1	अनु ठाकुर / लिख कर काट दिया गया है परन्तु कटिंग सत्यापित नही है	.....यथोपरि....
29	10/3/495/1	सुरेश कुमार / लिख कर काट दिया गया है परन्तु कटिंग सत्यापित नही है	.....यथोपरि....
30	10/3/496/6	मुकेश कुमार / लिख कर काट दिया गया है परन्तु कटिंग सत्यापित नही है	.....यथोपरि....
31	10/3/आबंटित नही	प्रिसिंपल डिग्री कालेज नाहन	.....यथोपरि....
32	13/1/4/4	श्री सूरेन्द्र कुमार गुप्ता	.....यथोपरि....
33	13/1/34/75	श्री गोपाल सिंह	.....यथोपरि....
34	13/1/38/89	श्री रमेश सिंह	.....यथोपरि....
35	13/1/41/98	श्री परमजीत सिंह	.....यथोपरि....
36	13/1/44/104	श्री कुलवीर सिंह	.....यथोपरि....
37	13/1/55/145	श्री हरभजन सिंह	.....यथोपरि....
38	13/1/64/164	श्री प्रेम चन्द	.....यथोपरि....
39	13/1/67/168	श्री प्रेम चन्द	.....यथोपरि....
40	13/1/76/186	सराय बाल्मीकि सभा	.....यथोपरि....
41	13/1/83/201	श्रीमती कमला देवी	.....यथोपरि....
42	13/1/84/202	श्री अनिल कुमार	.....यथोपरि....
43	13/1/85/203	श्री राजेश कुमार	.....यथोपरि....
44	13/2/101/34	नाम दर्ज नहीं	.....यथोपरि....
45	13/2/105/247	श्री प्रेम चन्द	.....यथोपरि....
46	13/2/111/263	श्री श्रवण कुमार	.....यथोपरि....

(ङ.) बिल/मांग पत्र जारी करने में पाई गई अनियमितताऐं:–

गृहकर से सम्बन्धित अभिलेख की जाँच के दौरान पाया गया कि नगर परिषद कार्यालय द्वारा गृहकर की वसूली के लिए प्रत्येक वार्ड हेतु प्रतिवर्ष बिल जारी नहीं किए जा रहे थे तथा जो बिल जारी किए गए थे वह भी नियमानुसार सही नहीं थे। जैसे कि बिल में एरियर की राशि व वर्तमान राशि को अलग–अलग नहीं दर्शाया गया था, बिल जारी करने की तिथि व बिना अधिभार के भुगतान की अन्तिम तिथि नहीं दर्शाई गई थी तथा देय तिथि तक भुगतान न किए जाने की स्थिति में 10 प्रतिशत अधिभार की राशि को वसूली योग्य राशि में सम्मिलित नहीं किया गया था। उपरोक्त गम्भीर अनियमितताओं सहित बिल की प्रति शहर के नागरिकों में आंबटित करने से जहाँ एक ओर नगर परिषद जैसे प्रतिष्ठित कार्यालय की छवि खराब होती है वहीं नागरिकों को राशि के जमा न करवाने हेतु प्रेरणा भी मिलती है क्योंकि एक ओर तो नगर परिषद अधिभार की राशि को अनदेखा कर रही है तथा दूसरी ओर नियमों के विपरीत मूल देय राशि में छूट भी प्रदान कर देता है। इस अनियमितता को प्रदर्शित करते कुछ उदाहरण निम्नानुसार हैं ।

(i) बुक संख्या 86 में बिल संख्या 7 से 10, 14 से 29, 31, से 40, 45, 46 से 53, 55 से 100 तक के बिलों पर न तो जारी करने की तिथि है तथा न ही बिना अधिभार के देय तिथि अंकित की गई है । अतः बिल जारी करने का क्या औचित्य है स्पष्ट किया जाए? इसी प्रकार की गम्भीर अनियमितता/लापरवाही बुक संख्या 2, 5, 6, 8, 9 में भी पाई गई है ।

(ii) कई बिलों की मूल प्रति भी बिल बुक में ही छोड दी गई है जबकि उनको न जारी करने का कारण अंकित नहीं किया गया है । इस प्रकार एक ओर जहाँ कार्यालय की स्टेशनरी का दुरूपयोग हो रहा है वहीं दूसरी ओर शहर वासियों को कैसे ज्ञात होगा कि उनका देय गृहकर कितना है । उदाहरण निम्न तालिका अनुसार हैं –

क्र0सं0	बिल सं0	बिल की तिथि/ देय तिथि	निश्चित तिथि तक/ बाद में देय राशि	नाम/वार्ड सं./ मकान संख्या	टिप्पणी
1	9/86	अंकित नहीं	39072/39072	मैडीकल कालेज नाहन/ अंकित नहीं	10 प्रतिशत अधिभार की गणना नहीं की गई है
2	11/86	अंकित नहीं	63960/ 70365	श्री विनोज शर्मा/ 2/400	मूल बिल की प्रति भी बिना कारण अभिलेखित किए बिल बुक में लगी

					हुई है
3	15/86	अंकित नहीं	26539/ 29193	कंवर विजेन्द्र सिंह /3/386	...यथोपरि...
4	19/86	अंकित नहीं	68366/ 75203	श्री संजीव व श्री राजीव/5/280	...यथोपरि...
5	20/86	अंकित नहीं	56823/62505	श्री संजीव शर्मा / 5/363	...यथोपरि...
6	29/86	अंकित नहीं	43154/ 47469	श्री सुरेश पाल/ 6/150	...यथोपरि...
7	39/9	अंकित नहीं	63909/ 70300	श्री सुरेश पाल/ 6/150	...यथोपरि...
8	34/86	अंकित नहीं	83334/ 91667	श्री चमन लाल/ 7/328	...यथोपरि...
9	53/86	अंकित नहीं	173240/ 190564	सब्जी मण्डी मार्किट कमेटी	...यथोपरि...

(iii) विलम्ब से भुगतान के मामलों में 10 प्रतिशत अधिभार को गृहकर की गणना में शामिल न करना :–

बिल प्रपत्र के नोट संख्या 5 पर प्रावधान है कि यदि भुगतान निश्चित तिथि तक नहीं किया जाता है तो 10 प्रतिशत अधिभार के साथ बिल की राशि को वसूल किया जाएगा। इस प्रावधान के अन्तर्गत राशि की गणना भी बिल पर की जा रही है परन्तु जिन गृहकरदाताओं का कर निश्चित तिथि तक प्राप्त नहीं होता है माँग व प्राप्ति रजिस्टर में उनके खातों में अधिभार की राशि को सम्मिलित नहीं किया जा रहा है जो कि अनियमित प्रतीत होता है। इस अनियमितता को दर्शाते कुछ उदाहरण निम्नलिखित है :–

क्र0सं0	बिल सं0/ दिनांक / देय तिथि	निश्चित तिथि तक/ बाद में देय राशि	दी गई राशि	अगले वित्त वर्ष में लिया गया आरम्भिक शेष	कम गणना की गई राशि	नाम /वार्ड सं. / मकान संख्या
1	1/86/7.6.18/ 20.6.18	12906/ 14197	....	12906	1291	श्री गुलाम शबीर /1/63
2	3/86 /26.6.	47516/ 52268	.....	47516	4752	श्री प्रदीप

	18/ अंकित नहीं					शर्मा/ 1/130
3	4/86/7.6.18/ 20.6.18	57068/62775	....	57068	5707	श्री हनीफ /1/132
3	5/86 /7.6. 18/ 20.6.18	91599/100759	.....	91599	9160	श्री फकीर चन्द /1/219
4	6/86 /7.6. 18/ 20.6.18	91599/100759	...	91599	9160	श्री अतुल कुमार /1/219/1
5	7/86 /अंकित नहीं	40833/ 44916		40833	4083	श्रीमती उशा सैनी /1/228
6	8/86 /अंकित नहीं	132758/146034	....	132758	13276	श्री हरिचरण/ 1/361
7	12/86 /7.6. 18/ 20.6.18	88425/97267	....	88425	8842	श्री सुरेन्द्र सैनी/3/72/1
8	13/86 /7.6. 18/ 20.6.18	94406/ 103847	...	94406	9441	श्रीमती सन्तोश अग्रवाल/ 3/63

(च) आनलाईन प्राप्त आय को मांग व प्राप्ति रजिस्टर में सम्बन्धित के खाते में दर्ज न करने बारे:–

अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सूचना व अभिलेख की जाँच के दौरान पाया गया कि 4/20 से 3/23 के दौरान नगर परिषद नाहन में निम्न तालिका में दर्शाए विवरण अनुसार गृहकर की ऑनलाईन (On-Line) प्राप्तियों के रूप में ₹5,43,288.00 प्राप्त हुए थे परन्तु इन प्राप्तियों को मांग व प्राप्ति रजिस्टर में सम्बन्धित गृहकरदाताओं के खातों में दर्ज नहीं किया गया था तथा नगर परिषद की मुख्य रोकड़ बही में भी इन राशियों को ऑनलाईन प्राप्तियों के तौर पर ही दर्ज किया गया है जबकि प्राप्तियों की पूर्ण छानबीन करके मद विशेष के विरूद्ध दर्ज की जानी अपेक्षित थी । अतः वास्तविक माँग या प्राप्ति की गणना करना सम्भव नहीं हो पाया । अतः इस राशि को सम्बन्धित के खातों में समायोजित किया जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए तथा भविष्य में इस सम्बन्ध में विशेष ध्यान रखने हेतु सम्बन्धित कर्मचारियों को विशेष निर्देश जारी किये जायें ताकि संस्था का अभिलेख आय के इस मुख्य शीर्ष के सम्बन्ध में सही तथा पूर्ण स्थिति को परिलक्षित करें।

वित्तीय वर्ष	ऑनलाईन प्राप्त राशि (₹)
2020–21	54590.00
2021–22	383582.00

2022–23	105116.00
कुल	**543288.00**

13.2 दुकानों के किराए की आय वसूली हेतु शेष ₹81.08 लाख

अंकेक्षण को **परिशिष्ट–12** द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना तथा सम्बन्धित अभिलेख के अवलोकन पर पाया गया कि दिनांक 31.03.23 को दुकानों का किराया ₹81,08,136 वसूली हेतु शेष था। उक्त राशि में से परिशिष्ट के अन्तिम स्तम्भ में इंगित टिप्पणियों अनुसार ₹638899/– की राशि को अंकेक्षण की समाप्ति की तिथि तक वसूल कर लिया गया था। अतः शेष ₹74,69,237 की वसूली हेतु भी प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार विशेष कार्यवाही अमल में लाई जानी सुनिश्चित की जाए तथा तदानुसार अपेक्षित अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

13.3 सफाई कर (Sanitation Tax) वसूली हेतु शेष ₹66.20 लाखः–

अंकेक्षण को **परिशिष्ट–13** द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना तथा सम्बन्धित अभिलेख के अवलोकन पर पाया गया कि दिनांक 31.03.23 तक सफाई कर ₹66,19,594.00 वसूली हेतु शेष था। क्योंकि नगर परिषद स्तर पर सफाई हेतु कर एकत्रित करने की पे व्यवस्था के स्थान पर माह 07/2019 घर–घर द्वार से कूड़ा इकट्ठा करने की व्यवस्था को आरम्भ कर दिया गया था। अतः यह राशि मास जुलाई 2019 से पूर्व की अवधि से वसूली हेतु शेष है जो कि एक गम्भीर चिन्ता का विषय है । अतः वर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार विशेष कार्यवाही अमल में लाई जानी सुनिश्चित की जाए तथा अपेक्षित अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

13.4 पार्किंग शुल्क ₹4.28 लाख वसूली हेतु शेषः–

अंकेक्षण को **परिशिष्ट–14** द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना तथा सम्बन्धित अभिलेख के अवलोकन पर पाया गया कि दिनांक 31.03.23 को विभिन्न संविदाकारों से ठेके पर आबंटित पार्किंग स्थलों की एवज में ₹4,28,331 की बकाया वसूली हेतु शेष थी । अतः इस राशि की अविलम्ब वसूली करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए ।

13.5 पथ विक्रेता (Street Vendors) शुल्क ₹1.71 लाख वसूली हेतु शेषः–

अंकेक्षण को **परिशिष्ट–15** द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना तथा सम्बन्धित अभिलेख के अवलोकन पर पाया गया कि दिनांक 31.03.23 को पथ विक्रेताओं से ₹171050/– की राशि वसूली हेतु शेष थी जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि नगर परिषद द्वारा वर्णित शुल्क की नियमित वसूली हेतु ठोस प्रयास नहीं किए जा रहे हैं जो कि गम्भीर चिन्ता का विषय है । इसके

अतिरिक्त सम्बन्धित अभिलेख के अवलोकन पर यह भी पाया गया है कि पिछले 6 वर्षों में पंजीकृत पथ विक्रेताओं की संख्या में कोई वृद्धि नहीं हुई है क्योंकि प्रस्तुत अभिलेख अनुसार अप्रैल, 2017 में पंजीकृत पथ विक्रेताओं की संख्या 25 थी तथा मार्च 2023 में भी यथावत ही दर्शाई गई है जो कि व्यावहारिक व तर्कसंगत प्रतीत नहीं होती। अतः नगर परिषद परिक्षेत्र में पथ विक्रेताओं का शत प्रतिशत पंजीकरण व उनसे प्राप्ति योग्य आय की समय पर वसूली सुनिश्चित की जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाना भी सुनिश्चित किया जाए ।

13.6 मोबाईल टॉवर नवीनीकरण शुल्क ₹18.38 लाख वसूली हेतु शेषः–

अंकेक्षण को **परिशिष्ट–16** द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना के अवलोकन पर पाया गया कि दिनांक 31.03.23 को विभिन्न मोबाईल कम्पनियों से अतिरिक्त एण्टीनाओं/टावर सहित वार्षिक नवीनीकरण शुल्क ₹18,38,125 (1613125 + 225000) वसूली हेतु शेष था । अंकेक्षण द्वारा ज्ञापन संख्या 24 दिनांक 9.5.23 के माध्यम से नगर परिषद नाहन को, इस सूचना को, हि0 प्र0 सरकार की अधिसूचना संख्या IT(F)-1-1/2020 दिनांक 09.02.21 के प्रावधानों अनुसार पुर्नावलोकन कर संशोधित सूचना उपलब्ध करवाने का अनुरोध किया गया था। परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक किसी प्रकार का उत्तर प्राप्त न होने के कारण उक्त परिशिष्ट की सूचना के सही होने बारे पुष्टि नहीं की जा सकी। अतः उक्त अधिसूचना के प्रावधानों के अन्तर्गत मोबाईल टावरों से सम्बन्धित मांग का पुनः निर्धारण करके अभिलेख सहित आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए ।

13.7 लाईसेंस नवीनीकरण शुल्क ₹4.27 लाख वसूली हेतु शेषः–

अंकेक्षण को **परिशिष्ट–17** द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना के अवलोकन पर पाया गया कि दिनांक 31.03.23 को लाईसेंस नवीनीकरण शुल्क ₹4,26,929 वसूली हेतु शेष था जिसका सम्बन्धित अभिलेख के साथ अंकेक्षण करने पर पाया गया कि नगर परिषद द्वारा लाईसेंन्स नवीनीकरण पंजिकाओं को अंकेक्षण अवधि हेतु अद्यतित नहीं किया गया था, परिणामस्वरूप वसूली योग्य राशि की सत्यापना करना अंकेक्षण के स्तर पर सम्भव नहीं हो सका। इसके अतिरिक्त अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 15 दिनांक 05.04.23 द्वारा नगर परिषद नाहन से लाईसेंस नवीनीकरण हेतु बकायादारों (Defaulters) की सूचि मांगी थी ताकि वसूली हेतु बकाया राशि का सत्यापन किया जा सके परन्तु लाईसेंस नवीनीकरण पंजिकाओं के अद्यतन न होने व बकायादारों की सूचि उपलब्ध न करवाए जाने के दृष्टिगत बकाया राशि का सत्यापन अंकेक्षण के दौरान नहीं किया जा सका । अतः राशि की वसूली हेतु ठोस कार्यवाही किए जाने के साथ–साथ अभिलेख को शीघ्र अद्यतन किया जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

13.8 Lease Rent ₹154.84 लाख वसूली हेतु शेष एवं अन्य अनियमिततायें :–

(क) अंकेक्षण को **परिशिष्ट–18** द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना के अवलोकन पर पाया गया कि दिनांक 31.03.23 को नगर परिषद नाहन के अन्तर्गत भूमि का Lease Rent ₹1,54,83,674 वसूली हेतु शेष था। क्योंकि संस्था द्वारा लीज पर दी गई सम्पत्ति से सम्बन्धित अभिलेख उचित प्रकार से संधारित नहीं किया जा रहा था। अतः अंकेक्षण के स्तर पर राशि की पूर्ण सत्यापना सम्भव नहीं हो सकी । अतः अपेक्षित अभिलेख का उचित संधारण कर राशि की अविलम्ब वसूली की जानी सुनिश्चित की जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए।

(ख) ₹0.12 लाख की प्राप्त राशि के सन्दर्भ में सम्बन्धित अभिलेख प्रस्तुत न करना

आय की विस्तृत जाँच हेतु चयनित माह 03/23 में रोकड़ बही में दर्ज आय पक्ष की प्रविष्टियों की लेखा परीक्षा के दौरान पाया गया कि निम्न विवरणानुसार राशि लीज़धारकों से प्राप्त दर्शाए गई थी, परन्तु इस राशि से सम्बन्धित अभिलेख जैसे कि मांग व प्राप्ति रजिस्टर, निर्धारित दरों की प्रति, आदि अंकेक्षण को प्रस्तुत नहीं किए गए। जिस कारण प्राप्त राशि की पूर्ण सत्यापना सम्भव नहीं हो सकी । अतः सम्बन्धित अभिलेख प्रस्तुत न किए जाने के कारणों को स्पष्ट करते हुए अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए ।

क्र0सं0	प्राप्ति रसीद सं0	दिनांक	दैनिक संग्रह रजिस्टर पृ0सं0	प्राप्त राशि (₹)
1	89/336	13/03/23	अंकित नहीं	6000
2	58/343	31/03/23	अंकित नहीं	6000
	कुल			**12000**

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 43 दिनांक 16.06.23 तथा 66 दिनांक 3.8.23 द्वारा उपरोक्त आपत्तियों को नगर परिषद कार्यालय के ध्यान में लाया गया था परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक किसी प्रकार का उत्तर प्राप्त न होने के कारण आपत्तियों का निपटारा अंकेक्षण के दौरान नही किया जा सका। अतः सम्बन्धित अपेक्षित अभिलेख/सम्बन्धित नियमानुसार समुचित संधारण के उपरान्त आगामी अंकेक्षण के दौरान लेखा परीक्षा हेतु प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

13.9 घर–घर द्वार से कूड़ा एकत्रीकरण (Door to Door Garbage Collection)

(क) ₹300.56 लाख वसूली हेतु शेष

अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सूचना **परिशिष्ट–19 (1)** अनुसार दिनांक 31.03.23 को घर–घर द्वार से कूड़ा एकत्रीकरण की बकाया राशि ₹3,00,55,820 (2,99,84,359 + 71461 (बैंक खाते में प्राप्त ब्याज राशि को जोड़कर जिसे प्रॉपर्टी में शामिल कर लिया गया है) वसूली हेतु शेष

थी जो कि एक गम्भीर चिन्ता का विषय है । जुलाई 2019 में प्रारम्भ की गई इस योजना के अन्तर्गत करोड़ों की राशि का वसूली हेतु बकाया पाया जाना योजना के क्रियान्वयन में नगर परिषद की लापरवाही को प्रदर्शित करता है । जबकि नगर परिषद द्वारा इस कार्य हेतु सी0 एल0 सी0 के माध्यम से 08 महिलाओं की भी नियुक्त किया गया था जिसका विवरण इसी प्रतिवेदन के पैरा संख्या 18 (ख) में दिया गया है। अतः इतनी बड़ी राशि के बकाया पाए जाने के कारणों व योजना के क्रियान्वयन में हो रही चूक बारे आवश्यक जाँच की जानी सुनिश्चित की जाए तथा राशि को प्राथमिकता के आधार पर इकट्ठा करके निधि में जमा करवाकर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

(ख) मांग व प्राप्ति रजिस्टर का संधारण न करने बारे

घर घर द्वार से कूड़ा एकत्र करने से सम्बन्धित माँग व प्राप्ति रजिस्टर, अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 8 दिनांक 7.3.23, 24 दिनांक 9.5.23, 34 दिनांक 23.5.23, 38 दिनांक 13.6.23, 43 दिनांक 16.6.23, 45 दिनांक 20.6.23 व 59 दिनांक 18.7.23 जारी करके तथा मौखिक तौर पर कई बार अनुरोध करने के बावजूद भी प्रस्तुत नहीं किया गया जिसका तात्पर्य यह है कि नगर परिषद स्तर पर रजिस्टर का संधारण ही नहीं किया जा रहा है । इस अभिलेख के अभाव में अंकेक्षण को सूचित बकाया राशि मात्र एक गणना/आंकड़ा प्रतीत होती है क्योंकि संस्था के स्तर पर यह राशि किस से प्राप्त करनी है का कोई अभिलेख सृजित ही नहीं पाया गया । इसके अतिरिक्त उपरोक्त पैरा (क) तथा **परिशिष्ट–19** में प्रस्तुत की गई दिनांक 31.03.23 को प्राप्ति योग्य बकाया राशि ₹2,99,84,359.00 तथा वर्षवार प्राप्तियों की सत्यता की पुष्टि अंकेक्षण के दौरान नहीं की जा सकी। नगर परिषद नाहन द्वारा की गई इस गम्भीर लापरवाही का मामला उच्चाधिकारियों को ध्यानार्थ लाया जाता है तथा अनुरोध किया जाता है कि सम्बन्धित सहायकों को कार्यालय के प्रति उनके दायित्वों का तन्मयता के साथ पालन करने हेतु निर्देशित किया जाए तथा साथ ही कार्यालय के आन्तरिक नियन्त्रण प्रणाली को सुदृढ़ करने हेतु भी समुचित प्रयास किये जायें। इसके अतिरिक्त योजना के आरम्भ होने की तिथि जुलाई 2019 से अब तक का मांग व प्राप्त अभिलेख का संधारण करके सत्यापना हेतु अंकेक्षण को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

(ग) राशि एकत्र किए जाने हेतु प्रयोग की गई रसीद बुक/बहियाँ/मशीनों का अभिलेख तथा उनके प्रिन्टआउट (Printouts) प्रस्तुत न करने बारे

आय की विस्तृत जाँच हेतु चयनित माह 10/19 तथा 03/21 के अभिलेख तथा रोकड़ बही की लेखा परीक्षा के दौरान पाया गया कि प्रस्तुत अभिलेख अनुसार माह 10/19 व 03/21 में क्रमशः ₹122940.00 तथा ₹295487.00 प्राप्त किए दर्शाए थे परन्तु प्राप्त राशि की सत्यता हेतु सम्बन्धित रसीद बहियां या प्रयोग में लाई गई मशीनों का अभिलेख तथा उनके प्रिन्टआउट (Printouts) प्रस्तुत नहीं किए गए । परिणामस्वरूप प्राप्त राशि के सही होने तथा पूर्ण राशि के

निधि में जमा किए जाने की पुष्टि नही की जा सकी। ऐसी स्थिति में आय के कम एकत्रीकरण दुर्विनियोजन की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता। अतः इस सन्दर्भ में समस्त अभिलेख अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए ।

(घ) कूड़ा सृजित करने वाली इकाईयों के सर्वे का अभिलेख प्रस्तुत न करने बारे:–

उपरोक्त अंकेक्षण ज्ञापन व मौखिक रूप से बार बार अनुरोध करने पर भी नगर परिषद नाहन की ओर से कूड़ा सृजित करने वाली घरेलू, व्यापारिक, सरकारी व अन्य इकाईयों के सर्वे से सम्बन्धित अभिलेख प्रस्तुत नही किया गया। अतः यह ज्ञात नहीं हो सका कि नाहन शहर में कितनी इकाईयों से कितनी राशि प्राप्त की जानी थी तथा किस किस से राशि प्राप्त कर ली गई थी। ऐसी स्थिति में आय के कम एकत्रीकरण की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता। अतः समस्त इकाईयों का विवरण अंकेक्षण में प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए।

(ङ) एक ही क्रम संख्या वाली रसीद बहियाँ छपवाकर की गई अनियमितता–अंकेक्षण के दौरान डोर टू डोर भण्डार रजिस्टर की लेखा परीक्षा में पाया गया कि डोर टू डोर यूजर चार्जिज एकत्र करने के लिए अधिकतर रसीद बहियां एक ही क्रम संख्या की छपवा रखी थी । क्रम संख्या के एक जैसा होने पर राशि एकत्र करके कार्यालय में जमा करवाने वाले कर्मचारियों पर नियंत्रण कमजोर होने की सम्भावना अधिक रहती है वहीं दूसरी ओर दुर्विनियोजन की सम्भावना से इन्कार भी नहीं किया जा सकता । अतः इस ओर विशेष ध्यान आकृष्ट करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई अमल में लाया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा भविष्य में इस प्रकार रसीदों के त्रुटिपूर्ण प्रकाशन की पुनरावृति न की जाए ।

Door to Door Stock Register Page No.	Date of entry in Stock Register	Name of firm & its Bill No. With date	No. of Receipt Books printed	Series of Receipt Book got printed
001	26.10.21	M/s Saini Printing Press, Nahan, 4495 dt. 26.10.21	50 No. Of 100 leaves each	1 to 5000
002	24.12.21	M/s Saurabh Batra, Nahan, 131 dt. 24.12.21	50 No. Of 100 leaves each	1 to 5000
004	08.03.22	M/s Saurabh Batra, Nahan, 188 dt. 31.05.22	100 No. Of 100 leaves each	1 to 10000
007	25.03.23	M/s Saurabh Batra, Nahan, Not mentioned	100 No. Of 100 leaves each	1 to 10000

(च) जी–8 पर रसीदों का विवरण अंकित न करके की गई अनियमितता

निम्न तालिका में वर्णित जी–8 रसीदों पर डोर टू डोर की रसीद बहियों का विवरण दर्ज नहीं पाया गया । अतः जमा की गई राशि की शत प्रतिशत पुष्टी सम्भव नहीं हो सकी । सी. एल. सी. के माध्यम से नियुक्त कर्मचारियों द्वारा कार्यालय में राशि जमा करवाए जाने पर जी–8 जारी करते हुए, रसीद बहियों की आवश्यक जांच उपरान्त, जी–8 पर पूर्ण विवरण अंकित किया जाना अपेक्षित था ताकि सम्पूर्ण राशि की जमा को प्रमाणित किया जा सके । अतः अपेक्षित अभिलेख आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए ।

Sr. No.	G-8 No. with date	Amount collected as per G-8
1.	76/261 dt. 01.12.21	1500
2.	22/245 dy. 13.12.21	3400
3.	23/245 dy. 13.12.21	2500
4.	62/245 dt. 27.12.21	5400
5.	64/245 dt. 27.12.21	5200

(छ) रसीद बहियाँ/बुक प्रस्तुत न करने बारे:–

आय की विस्तृत जाँच हेतु चयनित मास से सम्बन्धित निम्न तालिका में दर्शाए प्रकरणों में जी–8 पर अंकित रसीद बहियों को लेखा परीक्षा हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया। अतः परिणामस्वरूप जमा की गई राशि के सही होने की पुष्टि नहीं की जा सकी । अतः उक्त अभिलेख प्रस्तुत न किए जाने के कारणों को स्पष्ट करते हुए समस्त रसीद बहियाँ आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत की जाऐं तथा निम्न तालिका में दर्ज अंकेक्षण टिप्पणियों के सम्बद्ध में भी वस्तुस्थिति स्पष्ट की जाए ।

Sr. No.	G-8 No. with date	Amount deposited as per G-8 (₹)	Receipt Book reference	Remarks
1.	77/261 dt. 01.12.21	4200	168 to 189	
2.	79/261 dt. 01.12.21	1500	1234 to 1238	
3.	83/261 dt. 02.12.21	5300	2476 to 2500	
4.	85/261 dt. 03.12.21	3800	1239 to 1251	
5.	88/261 dt. 04.12.21	4750 (Total deposit Rs. 8750)	2556 to 2670	Only Rs. 4050 received vide R.No. 2678 to 2693 ticked
6.	91/261 dt. 04.12.21	3200	190 to 3102	**Less deposit is also suspected in view of large number of receipts involved**
7.	17/245 dt. 13.12.21	4450	3119 to 3136	

8.	18/245 dt. 13.12.21	2700	3137 to 3197	
9.	26/245 dy. 15.12.21	3500	3143 to 3154	
10.	27/245 dy. 15.12.21	4500	3801 to 3817	
11.	42/245 dt. 17.12.21	6650	3582 to 3600 4001 to 4013	
12.	44/245 dt. 18.12.21	4500	4014 to 4020 4501 to 4509	
13.	48/245 dt. 21.12.21	5500	3155 to 3171	
14.	51/245 dt. 22.12.21	4100 (Total deposit Rs. 7300)	4601 to 4616	**Only Rs. 3200 collected vide R.No. 1891 to 1900 ticked**
15.	52/ 245 dt. 22.12.21	5300	3819 to 3845	
16.	59/ 245 dt. 24.12.21	1300	4021 to 4025	
17.	65/245 dt. 27.12.21	9600	101 to 200	
18.	67/245 dt. 27.12.21	4250	4026 to 4044	
19.	72/245 dt. 30.12.21	600	2977 to 2978	
20.	75/245 dt. 31.12.21	6000	3847 to 3878	
21.	76/245 dt. 31.12.21	2000	3188 to 3192	
22.	05/245 dt. 09.12.21	7460 (Combined collection Rs. 8860)	1039 to 1057	**Only Rs. 1400 collected through R. No. 1846 to 1852 ticked**
23.	07/245 dt. 09.12.21	6600	3103 to 3118	
24.	08/245 dt. 09.12.21	3500	1262 to 1273	
25.	18/337 dt. 01.03.23	17950	9420 to 9494	
26.	91/337 dt. 10.03.23	24990	9701 to 9800	
27.	93/337 dt. 15.03.23	18500	9801 to 9874	
28.	38/344 dt. 17.03.23	7850	9875 to 9900	
29.	54/342 dt. 22.03.23	12600	9901 to 9950	
30.	57/342 dt. 23.03.23	14300	9951 to 10000	
31.	90/ 340 dt. 31.03.23	16320	1 to 56	

(ज) प्राप्ति व जमा में पाया गया अन्तरः–

निम्न तालिका में दिए गए विवरण के अवलोकन से स्वतः स्पष्ट है कि जी–8 द्वारा नगर परिषद निधि में जमा करवाई गई राशि तथा रसीद बहियों/बुक द्वारा एकत्र की गई राशि में

अन्तर पाया जा रहा है । अतः अभिलेख की विश्वसनीयता सन्देहास्पद प्रतीत होती है तथा इस सम्बन्ध में कार्यालय स्तर पर आवश्यक जाँच उपरान्त वस्तुस्थिति से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

Sr. No.	G-8 No. with date	Amount deposited as per G-8 (₹)	Reference of Receipt Books involved	Amount collected (₹)	Difference (₹)	Remarks
1.	81/261 dt.02.12.21	6950	2828-2835	3550	3400 excess	
2.	98/ 261 dt. 07.12.21	6200	1834 to 1845 1015 to 1036	3900 1850	450 excess	Carbon copy of R.No. 1031 has been found to be blank
				5750		
3.	01/245 dt. 08.12.21	7300	1183 to 1197 2051 to 2062	3900 1900	1500 excess	
				5800		
4.	13/245 dt. 13.12.21	5700	3380-3400 3701-3725	3000 2900	**200 less**	
				5900		
5.	54/245 dt. 23.12.21	3900	2798 to 2800 4401 to 4421	400 3600	**100 less**	
				4000		
6.	66/245 dt. 27.12.21	12400	1739 to 1800 4901 to 4916	**5050** **2700**	4650 excess	
				7750		
7.	69/245 dt. 29.12.21	6250	4481 to 4500 4459 to 4480	**3100** **3450**	**300 less**	
				6550		
8.	70/245 dt 30.12.21	12140	601 to 700 801 to 825	**9650** **4350**	**1860 less**	
				14000		
9.	71/245 dt. 30.12.21	6450	4460 to 5000	**4350**	**Actual figure of less depposit**	**Only Rs. 6450 collected vide R.No. 4460 to**

					may ascertained at your end	**4500 has been ticked. Rest of the receipt books not provided to audit**
10.	73/ 245 dt. 30.12.21	7450	4885 to 4900 501 to 528	**2200** **8250**	**3000 less**	
				10450		
11.	74/ 245 dt. 30.12.21	2200	701 to 716	**2950**	**750 less**	
12.	01/245 dt. 08.12.21	7300	1183 to 1197 2051 to 2062	**3900** **1900**	1500 excess	
				5800		
13.	03/245 dt. 08.12.21	2900	2252 to 2261	**1400**	**1500 less**	

(झ) ₹0.08 लाख कम जमा

दिनांक 10.12.21 को दैनिक प्राप्ति रजिस्टर अनुसार रसीद संख्या 3379 द्वारा ₹7500.00 सैंट्रल जेल नाहन से प्राप्त किए गए दर्शाए गए थे परन्तु इस राशि की बैंक में जमा की प्रविष्टी अंकेक्षण को प्रस्तुत नहीं की गई । अतः यदि राशि जमा की गई है तो प्रमाणिक अभिलेख अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत किया जाए अन्यथा कम जमा की गई राशि की वसूली उचित से करके निधि में जमा करवाकर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

(ञ) रसीद बहियाँ/बुक जारी करते हुए प्राप्तिकर्ता तथा उपयोग उपरान्त वापसी से सम्बन्धित अभिलेख का संधारण न करके की गई अनियमितताः–

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि डोर टू डोर यूजर चार्जिज एकत्र करने हेतु विभिन्न कर्मचारियों को रसीद बहियां जारी की गई थी तथा राशि एकत्र करके उन रसीद बहियों को कार्यालय में वापस जमा भी करवाया गया होगा या नहीं ये रसीद बहियां किसको जारी की गई तथा पूर्णतया उपयोग उपरान्त कितनी रसीद बहियाँ कब–कब उन कर्मचारियों द्वारा नगर परिषद कार्यालय में वापस जमा करवाई गई, का विवरण भण्डार रजिस्टर में दर्ज नहीं पाया गया था । अतः अंकेक्षण के स्तर पर यह सत्यापित नहीं किया जा सका कि जारी की गई समस्त रसीद बहियों का सही उपयोग हुआ भी है अथवा नहीं। अतः कार्यालय स्तर पर यूजर चार्जिज के एकत्रीकरण एवं उचित जमा बारे अपनाई गई नियंत्रण प्रक्रिया के सम्बन्ध में आवश्यक स्पष्टीकरण

देते हुए भविष्य में इस सम्बन्ध में आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही कर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 59 दिनांक 18.07.2023 द्वारा उपरोक्त आपत्तियों को नगर परिषद कार्यालय के ध्यान में लाया गया था परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक किसी प्रकार का उत्तर प्राप्त न होने के कारण आपत्तियों का निपटारा अंकेक्षण के दौरान नहीं किया जा सका। अतः वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए सम्बन्धित अपेक्षित अभिलेख/सम्बन्धित अपेक्षित अभिलेख नियमानुसार समुचित संधारण के उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

(ट) ₹3.79 लाख की प्राप्त राशि से सम्बन्धित अभिलेख प्रस्तुत न करना

नगर परिषद के अंकेक्षण के दौरान आय से सम्बन्धित अभिलेखों की पड़ताल के दौरान पाया गया कि निम्न विवरणानुसार राशि **डोर टू डोर योजना** के अंर्तगत प्राप्त दर्शाई गई थी, परन्तु इस राशि से सम्बन्धित अभिलेख जैसे कि प्राप्ति की रसीदे, मांग व प्राप्ति रजिस्टर, निर्धारित दरों की प्रति, आदि अंकेक्षण को प्रस्तुत नहीं किए गए जबकि अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 43 दिनांक 16.6.23 में आपत्ति दर्ज करके मामला नगर परिषद नाहन के ध्यान में लाया गया था । अतः अपेक्षित अभिलेख लेखा परीक्षा हेतु अंकेक्षण में प्रस्तुत किया जाऐं ।

क्र0सं0	प्राप्ति रसीद सं0	दिनांक	दैनिक संग्रह रजिस्टर पृ0सं0	प्राप्त राशि (₹)
1.	34/141	01/10/19	358	3420
2.	38/141	03/10/19	359	4500
3.	41/141	04/10/19	361	4500
4.	43/141	05/10/19	362	4950
5.	46/141	07/10/19	363	6550
6.	47/141	09/10/19	364	8300
7.	55/141	10/10/19	365	5580
8.	57/141	11/10/19	367	5100
9.	65/141	14/10/19	368	6050
10.	73/141	15/10/19	370	3700
11.	80/141	18/10/19	374	5700
12.	82/141	19/10/19	375	6250
13.	88/141	21/10/19	376	6850
14.	91/141	22/10/19	378	6200
15.	94/141	23/10/19	379	6130
16.	97/141	23/10/19	380	7130
17.	98/141	25/10/19	383	8530
18.	99/141	26/10/19	384	4500

19.	100/141	28/10/19	385	4550
20.	31/147	30/10/19	386	6500
21.	83/212	01/03/21	7	13000
22.	91/212	01/03/21	7	14060
23.	100/212	03/03/21	7	9980
24.	45/220	30/03/21	अंकित नहीं	8030
25.	59/220	59/03/21	अंकित नहीं	6110
26.	6/217	04/03/21	12	13100
27.	10/217	05/03/21	13	13400
28.	15/217	06/03/21	14	11000
29.	22/217	08/03/21	15	11750
30.	28/217	09/03/21	17	12760
31.	34/217	10/03/21	18	10700
32.	39/217	12/03/21	19	12300
33.	44/217	15/03/21	अंकित नहीं	12200
34.	49/217	16/03/21	अंकित नहीं	7800
35.	56/217	17/03/21	अंकित नहीं	12000
36.	62/217	18/03/21	अंकित नहीं	10550
37.	66/217	19/03/21	अंकित नहीं	11550
38.	71/217	20/03/21	अंकित नहीं	10700
39.	76/217	22/03/21	अंकित नहीं	9450
40.	79/217	23/03/21	अंकित नहीं	9900
41.	80/217	24/03/21	अंकित नहीं	11850
42.	87/217	25/03/21	अंकित नहीं	13400
43.	89/217	26/03/21	अंकित नहीं	10260
44.	95/217	27/03/21	अंकित नहीं	8120
	कुल			**378960**

13.10 बिजली उपकर

शहरी विकास विभाग की अधिसूचना संख्या एलएसएचडी (1)–9/94–खण्ड–11 दिनांक 13.12.2000 के अनुसार दिनांक 1.1.2001 से नगर परिषद परिक्षेत्र के भीतर बिजली की कुल खपत का एक पैसा प्रति यूनिट की दर से शुल्क विद्युत बोर्ड द्वारा सम्बन्धित नगर परिषद को दिया जाना अपेक्षित है । नगर परिषद द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना **परिशिष्ट–20** के अनुसार 01.09.18 से 01.09.21 तक विद्युत बोर्ड से बिजली उपकर के ₹8,46,352.00 प्राप्त हुए थे। उपकर की मांग व प्राप्ति से सम्बन्धित अभिलेख का संधारण नगर परिषद द्वारा नहीं किया गया था। अतः

प्राप्त राशि की सत्यता की पुष्टि अंकेक्षण के दौरान नहीं की जा सकी । इसके अतिरिक्त 01.04.17 से 31.08.18 तक के बिजली उपकर की प्राप्ति बारे कोई सूचना अकेक्षण को प्रस्तुत नहीं की गई है जो कि पूर्व अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 04/17 से 03/19 के पैरा 9.8(क) द्वारा भी मांगी गई थी जबकि अवधि 01.09.21 से 31.03.23 से सम्बन्धित प्राप्ति योग्य राशि बारे भी अंकेक्षण को कोई सूचना उपलब्ध नहीं करवाई गई। बिजली उपकर का मांग व प्राप्ति रजिस्टर न बनाया जाना तथा सम्पूर्ण राशि की प्राप्ति हेतु नगर परिषद की ओर से प्रयास न किया जाना एक गम्भीर अनियमितता है । अतः इस प्रसंग में पूर्ण औचित्य स्पष्ट करते हुए पूर्ण अवधि की पूर्ण राशि प्राप्त करने हेतु ठोस कदम उठाए जाने सुनिश्चित किए जाऐं तथा की गई अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए ।

13.11 शराब उपकर

नगर परिषद द्वारा **परिशिष्ट–20** द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार अंकेक्षण अवधि में आबकारी एवं कराधान विभाग हिमाचल प्रदेश से परिषद क्षेत्र में बेची गई शराब की बोतलों पर एक रूपये प्रति बोतल की दर से ₹22,40,793.00 की प्राप्ति हुई थी । उक्त उपकर से सम्बन्धित मांग व प्राप्ति रजिस्टर नगर परिषद कार्यालय में संधारित नहीं किया गया था जिस कारण प्राप्त राशि की सत्यता की पुष्टि अंकेक्षण के दौरान नहीं की जा सकी । इसके अतिरिक्त पूर्व अंकेक्षण अवधि 04/2017 से 03/2019 से सम्बन्धित शराब उपकर की प्राप्ति बारे भी कोई सूचना भी अंकेक्षण को उपलब्ध नहीं करवाई गई। अतः शराब उपकर का माँग व प्राप्ति रजिस्टर न बनाया जाना तथा सम्पूर्ण राशि की प्राप्ति हेतु नगर परिषद की ओर से प्रयास न किया जाना एक गम्भीर अनियमितता है । अतः इस प्रसंग में पूर्ण औचित्य स्पष्ट करते हुए पूर्व अवधि की पूर्ण राशि प्राप्त करने हेतु ठोस कदम उठाए जाने सुनिश्चित किए जाऐं तथा की गई अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए ।

13.12 452 पेड़ों की लकड़ी की रॉयल्टी वन विभाग से प्राप्ति हेतु 5–7 वर्षों से बकाया:–

नगर परिषद नाहन के पत्र संख्या FC/MC/Nahan-2023-935 dated 06.05.2023 द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना तथा रोकड़ बही की लेखा परीक्षा के उपरान्त पाया गया कि नगर परिषद नाहन ने हि0प्र0 वन निगम नाहन को (**परिशिष्ट–21**) निम्न तालिका अनुसार कुल 1060 पेड़ों की बिक्री की थी, जिसकी एवज में निम्न तालिका के क्रम संख्या 1 व 2 में वर्णित केवल 608 पेड़ों के विरूद्ध प्राप्त ₹879013.00 की राशि ही वन निगम से माह 01/22 (लगभग 10 वर्षों बाद) में प्राप्त हुई थी परन्तु इस प्राप्ति की प्रविष्टि रोकड़ बही में दर्ज नहीं पाई गई, जबकि निम्न तालिका के क्रम संख्या 3 व 4 में वर्णित शेष 452 पेड़ों की राशि अंकेक्षण समाप्ति तक प्राप्त ही नहीं हुई थी ।

Sr. No.	Year	Number of Trees	Total quantity of wood in m^3	Amount received (₹)	Remarks
1	2011-12	376	464.2617	551871	Received vide cheque No. 043618 dated 21.01.2022 Credited in HPSCB A/c No. -7583 on 27.01.2022
2	2013-14	232	216.1793	327142	Received vide cheque No. 043618 dated 21.01.2022 Credited in HPSCB A/c No. -7583 on 27.01.2022
3	2016-17	280	332.9198	Not yet received	
4	2018-19	172	221.0842	Not yet received	
	Total	**1060**	**1234.445**		

इस राशि की प्राप्ति हेतु नगर परिषद नाहन की ओर से कोई पत्राचार भी नहीं किया गया था परन्तु अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 35 दिनांक 3.6.23 की अनुपालना में नगर परिषद नाहन ने अंकेक्षण की आपत्ति पर तथ्यों की पुष्टि करते हुए सूचित किया कि इस प्रसंग में प्रभारी प्रबन्धक, वन निगम, नाहन से पत्र कनि0अभि0न0प0ना0–2023–1205 दिनांक 22.06.2023 द्वारा राशि जमा करवाने बारे अनुरोध किया गया है परन्तु अंकेक्षण के समाप्त होने की तिथि तक स्थिति यथावत थी । अतः अनुपालना से आगामी अंकेक्षण के दौरान अवगत करवाया जाए।

13.13 Road Digging Charges के रूप में प्राप्त ₹20 लाख की आय के सम्बन्ध में दर, गणना बारे सम्पूर्ण अभिलेख प्रस्तुत न करना एवं अन्य अनियमितताएं :–

(i) अंकेक्षण के दौरान रोकड़ बही की जाँच के दौरान पाया गया कि नगर परिषद, नाहन को अधिशासी अभियंता, जल शक्ति विभाग, नाहन से शहर की विभिन्न सड़कों एवं रास्तों को खोद कर GI/ GMS pipe बिछाने हेतु की गयी खुदाई के लिए नगर परिषद्, नाहन के पत्र संख्या No.JE/MCN/2019/3291 dated 19.06.2019 के सन्दर्भ में RTGS No. 19106015 on 01.10.2019 के माध्यम से ₹20 लाख बतौर Road Digging Charges प्राप्त हुये थे जो कि रोकड़ बही में पृष्ठ संख्या 019 में दर्ज़ किये गये तथा परिषद के SBI Nahan Account No. 65047070129 में दिनांक 04.10.2019 को क्रेडिट किये गये। इस प्रकरण की संपूर्ण जाँच हेतु अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 21 दिनांक

01.05.2023 द्वारा निर्धारित दर एवं उक्त पत्र की प्रति मांगी गयी थी ताकि यह ज्ञात हो सके कि उक्त विभाग से देय राशि की गणना सही प्रकार से की गयी थी अथवा नहीं | परन्तु अंकेक्षण समाप्त होने की तिथि तक वांछित सूचना/ अभिलेख उपलब्ध न करवाए जाने के कारण पूर्ण अंकेक्षण सम्भव न हो सका | अत: वांछित सूचना/ अभिलेख आगामी अंकेक्षण के दौरान प्रस्तुत किये जाने सुनिश्चित किया जाये |

(ii) रोकड़ बही अनुसार उक्त ₹20 लाख की राशि को तत्पश्चात परिषद के RTGS authority letter No. CO/ MC Nahan/ 2019-5964 dated 16.11.2019 द्वारा HPSCB Account No. 57210101638 में हस्तांतरित कर दिया गया परन्तु रोकड़ बही में पृष्ठ संख्या 57 पर ₹20 लाख के स्थान पर केवल ₹2 लाख ही दर्ज़ किया गया था | अत: इस सम्बन्ध में अब सुधारात्मक प्रविष्टि कर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये |

13.14 पालतु कुत्ता शुल्क एवं Hoardings से प्राप्त आय बारे :–

अंकेक्षण द्वारा कई बार मौखिक एवं अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 34 दिनांक 23.05.2023 द्वारा लिखित आग्रह के पश्चात भी अंकेक्षण अवधि के दौरान पालतु कुत्ता शुल्क एवं Hoardings से प्राप्त आय के सन्दर्भ में कोई भी सूचना उपलब्ध नहीं करवाई गई जिससे प्रतीत होता है कि नगर परिषद आय के इन स्त्रोतों से आय अर्जित करने के प्रति उदासीन है जो कि अनियमित है । गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों में भी इस सन्दर्भ में आपत्ति उठाई गई थी परन्तु वर्तमान अंकेक्षण तक कोई भी ठोस कार्रवाई अमल में न लाना नगर परिषद की लचर कार्यप्रणाली को दर्शाता है । अत: इस सन्दर्भ में वस्तु स्थिति स्पष्ट करते हुए अपेक्षित सूचना सम्बन्धित अभिलेख सहित आगामी अंकेक्षण के दौरान सत्यापन हेतू प्रस्तुत की जानी सुनिश्चित किया जाए ।

14 स्थापना

14.1 सामान्य भविष्य निधि

(क) परिषद के विभिन्न कर्मचारियों द्वारा भविष्य निधि खाते से आहरित राशि ₹20.85 लाख को उनके भविष्य निधि खातें में Debit किये बिना किया गया अनियमित भुगतान :–

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि नगर परिषद नाहन के विभिन्न कर्मचारियों द्वारा उनके भविष्य निधि खाते से आहरित राशि ₹20.85 लाख की अदायगी उनके भविष्य निधि खातों में कोई भी Debit प्रविष्टि दर्ज किये बिना कर दी गई जोकि संस्था के कार्यकारी अधिकारी तथा सम्बन्धित कर्मचारी की अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही का सूचक है। इस सम्बन्ध में विस्तृत विवरण निम्न तालिका अनुसार है:–

Sr. No.	Name & Designation of Subscriber	Month	Cash Book Page No.	GPF Ledger Page No.	Voucher No. a/w Cheque No.	Amount withdrawn not entered in GPF ledger (₹)	Closing Balance as indicated in ledger i.e. without deduction of amount withdrawn not posted in ledger at the close of the relevant year (₹)
			2019-20				
1.	Sh. Bhupinder Singh, Beldar	01/2020	59	34	45/456237	30,000	489737+34317(Int)=524054
2.	Sh. Yog Raj, Beldar	12/2019	58	62	42/456234	75,000	244335+18948(Int)=263283
3.	Sh. Ram Kumar-No. 2, Beldar	07/2019	53	58	23/456197	1,50,000	270776+20204(Int)=290980
4.	Sh. Hari Chand, Mali	06/2019	51	9	13/456206	1,00,000	99142+11645(Int)=110787
					Total	**3,55,000**	
			2020-21				
1	Sh. Anil Kumar s/o Sh. Sadhu Ram, Beldar	1/2021	71	38	38/460486	2,50,000 **But debited only Rs. 25000 i.e. lesser by Rs. 2,25,000**	912673+ 63439 (Int)= 976112
2.	Sh. Ashok Kumar	11/2020	69	23	28/460409	50,000	Retired
					Total	**275000**	
	Remark :The official has retired from service on 30.10.2021 and has been paid final payment of Rs. 203109 & 14199 Interest as per GPF ledger. Thus, Rs. 50000+ interest stands overpaid.						
			2021-22				
1.	Sh. Desh Raj, Sweeper	07/2021	77	20	9 /460427	60,000	128183 +7627 (Int)=135810
		11/2021	81	20	5/460447	30,000	
2.	Smt. Rukmani Devi, Sweepress	01/2022	83	26	1/034823	15,000	63692+2432 (Int)=66124
3.	Sh. Bhupinder Singh, Beldar	08/2021	78	34	2/460429	5,00,000	847321+55384(Int)=902705
4.	Sh. Charanjeev, Beldar	08/2021	78	35	3/460430	70,000	135419+14524(Int)=149943
		12/2021	82	35	--/034822	40,000	
5.	Sh. Nazim Ali, Beldar	08/2021	78	48	--/460431	70,000	612593+39088(Int)=651681
6.	Sh. Gurvinder Singh s/o Sh. Pyare Singh, Beldar	09/2021	79	50	-/460435	50,000	150780+7889(Int)=158669
7.	Sh. Raju Singh, Beldar	07/2021	77	55	8/460426	50,000	241907+20835(Int)=26

							2742
8.	Sh. Hari Chand, Mali	07/2021	77	9	9/460428	50,000	176152+9921 (Int)=186073
						9,35,000	
				2022-23			
1.	Sh. Bhupinder Singh, Beldar	05/2022	87	34	1 / 034862	3,00,000	10,22,705 (without interest)
2.	Sh. Kamal Kumar, Clerk	05/2022	87	47	4/ 034866	50,000	----------
Remark :The official has expired and final payment of Rs. 86007 vide Vr. No. 1 Cheque No. 460130 –CBP-97. Thus, Rs. 50000 + interest stands overpaid.							
3.	Sh. Gurvinder Singh s/o Sh. Pyare Singh, Beldar	08/2022	90	50	2/ 034877	1,00,000	2,12,669 (without interest)
4.	Sh. Raju Singh, Beldar	12/2022	94	55	6/ 034894	70,000	3,46,742 (without interest)
					Total	**5,20,0000**	
					Grand Total	**20,85,000**	

(ख) वेतन से की गई मासिक कटौतियों को सम्बन्धित कर्मचारी के भविष्य निधि खाते में सही से Credit न करना:–

व्यय की विस्तृत जाँच हेतु चयनित माह के वेतन बिल वाउचर्स का अंकेक्षण करने पर पाया गया कि निम्न तालिका में दर्शाए प्रकरणों में विभिन्न कर्मचारियों के वेतन से भविष्य निधि हेतु की गई मासिक कटौती को उनके भविष्य निधि खातों में सही से Credit नहीं किया गया था जो कि पुनः कार्यालय के आन्तरिक नियंत्रण के अभाव को दर्शाता है।

Month	**Name of the employee, Pay code**	**GPF subscription deducted as per Pay Bill / Employee Code (₹)**	**Subscription as per GPF ledger & Page Ref (₹)**	**Difference (₹)**
Pay for March, 2019 paid in April, 2019	Sh. Amar Prakash, Sanitary Supervisor	5770 E-23	4800 P-12	970 lesser
Pay for March, 2019 paid in April, 2019	Sh. Tapender Dutt, Beldar	13500 E-96	10000 P-39	3500 lesser
Pay for March, 2019 paid in April, 2019	Sh. Banu Ram, Beldar	12000 E-100	10000 P-43	2000 lesser
Pay for March, 2019 paid in April, 2019	Sh. Nazim Ali, Beldar	12700 E-105	9000 P-48	3700 lesser

Pay for October, 2020 paid in November, 2020	Sh. Nazim Ali, Beldar	11960 E-105	9000 P-48	2960 lesser
Pay for October, 2020 paid in November, 2020	Sh. Satish Chand, Forest Guard	7000 E-13	5000 P-7	2000 lesser
Pay for July, 2021 paid in August, 2021	Sh. Nathu Ram, Beldar	8000 E-94	2873 P-37	5127 lesser

उक्त आपत्तियां अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 16 दिनांक 11.04.2023 तथा ज्ञापन 57 संख्या दिनाँक 15.07.23 द्वारा संस्था के ध्यानार्थ लाये जाने के उपरान्त परिषद् द्वारा पत्र संख्या शून्य दिनांक शुन्य व क्रमांक लेख. शा. न.प.ना.-2023-1602 तथा 1603 दोनों दिनांक 17.08.2023 (जो कि सुधार उपरांत दिनांक 02.09.2023 को उपरोक्त पत्र संख्या के अधीन ही अंकेक्षण समाप्त करने की तिथि अर्थात दिनांक 02.09.2023 को अंकेक्षण को प्रदान किए गए) तथा **परिशिष्ट 22 व् 23 (1) व् (2)** पर सलंग्न है द्वारा सूचित किया गया कि अंकेक्षण अवधि के दौरान भविष्य निधि खातों का संपूर्ण पुनरावलोकन कर उपरोक्त तथा पुनरावलोकन के दौरान पायी गयी अन्य त्रुटियों का आवश्यक सुधार पर दर्शाए गये विवरण अनुसार कर लिया गया है | परन्तु समय के अभाव के कारण अंकेक्षण के दौरान इस सम्बन्ध में संपूर्ण गणना की जाँच एवं सत्यापन सम्भव न हो सका | अतः इस सम्बन्ध में अनुपालना से आगामी अंकेक्षण के दौरान अवगत करवाया जाये यद्यपि मामले की गम्भीर ता को देखते यह प्रकरण यथोचित कारवाई हेतु विभाग के उच्च अधिकारियों के विशेष ध्यानार्थ भी लाया जाता हैं जबकि यहाँ यह भी कहना उचित होगा की Himachal Pradesh Municipality Employees (Pension, Gratuity and General Provident Fund) Rules, 2000 के नियम 11 में वर्णित प्रावधानानुसार इस निधि को निदेशक स्तर पर ही रखने तथा संचालित करने की व्यवस्था को अक्षरश: लागू करने की भी नितांत आवश्यकता है |

(ग) GPF Liability Statement प्रस्तुत न करने बारे–

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 14 दिनांक 03.04.23 जारी करके तथा मौखिक तौर पर कई बार अनुरोध करने के पश्चात भी नगर परिषद नाहन द्वारा भविष्य निधि की सम्पत्ति व दायित्यों की विवरणी अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत नहीं की गई। अतः निधि से किए गए निवेश, कर्मचारियों को दी जा रही ब्याज की दर तथा नगर परिषद की कुल देनदारियों की तुलनात्मक लेखा परीक्षा सम्भव नहीं हो सकी ।

14.2 वेतन एवं भत्तों के सम्बन्ध में अनियमितताएं

(i) अनुबंध आधार पर कार्यरत श्री संजय कुमार, कार्यकारी अधिकारी को दिनांक 01.01.2016 से लागू संशोधित वेतनमान के अंतर्गत गलत वेतन निर्धारण तथा अनियमित रूप से दिए गए वार्षिक वेतन वृद्धि के लाभ के कारण अंकेक्षण अवधि के दौरान ₹0.56 लाख का अधिक भुगतान :-

अंकेक्षण के दौरान संशोधित वेतनमान के अंतर्गत वेतन निर्धारण के प्रसंगों की जाँच पर गया कि श्री संजय कुमार, कार्यकारी अधिकारी जो कि दिनांक 22.02.2021 से अनुबंध आधार पर वेतनमान ₹10300-34800-4800 ग्रेड पे कार्यकारी अधिकारी के पद पर कार्यरत थे | जबकि अंकेक्षण के दौरान उपलब्ध करवाई गयी शहरी विकास विभाग. हि.प्र. की अधिसूचना संख्या UD-B(7)-2/2009 dated 19.12.2014 अनुसार इस पद हेतु दिनांक 01.01.2006 से लागू वेतनमान के अंतर्गत ₹10300-34800-4400 का वेतनमान स्वीकृत था जो कि वित्त (वेतन पुनर्निर्धारण) विभाग, हि. प्र. की पूर्व स्वीकृति उपरांत दिनांक 01.12.2014 से ₹10300-34800-4800 ग्रेड पे कर दिया गया था | यद्यपि इस अधिसूचना में उक्त संशोधन HP Civil Services(Re-revised) Pay Rules, 2012 के अंतर्गत किये जाने बारे कोई संदर्भ इंगित नहीं था, परन्तु क्योंकि सब विभागों में उस समय इस प्रकार के उच्च वेतनमान प्रदान करने के संशोधन उक्त नियमों के प्रावधान अनुसार ही किये जा रहे थे तथा यह संशोधन भी समकक्ष ही प्रतीत होता है | अत: उनका दिनांक 22.02.2021 से संशोधित वेतनमान के अंतर्गत वेतन निर्धारण जो कि लेवल-15 के अंतर्गत देय न्यूनतम वेतन स्तर अर्थात ₹48200 के 60% पर ₹28920 निर्धारित किया गया था, उचित प्रतीत नहीं होता, वहीं दूसरी ओर उन्हें अंकेक्षण अवधि के दौरान दिनांक 01.02.2022 व् 01.02.2023 से ₹1446 की दर से वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ भी प्रदान किया गया था जो कि देय नहीं था| उनका वेतन दिनांक 22.02.2021 से लेवल-13 के अंतर्गत देय न्यूनतम वेतन स्तर अर्थात ₹46000 के 60% पर ₹27600 निर्धारित किया जाना अपेक्षित था तथा वित्त (वेतन विनियमन) विभाग, हि.प्र. के कार्यालय ज्ञापन संख्या फिन(सी)बी(7)2-2021 दिनांक 12.01.2022 जारी दिशा निर्देशों अनुसार उन्हें अनुबंध काल के दौरान वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ भी देय नहीं था | इस प्रकार निम्न तालिका में दर्शाए गये विवरण अनुसार उन्हें अंकेक्षण अवधि के दौरान **₹56,466** का अधिक अनियमित भुगतान किया गया था:-

Date – to—	Period	Pay Drawn @(₹)	Pay Due @(₹)	Difference (Rs.)	Amount overpaid @(₹)
22.02.21 to 31.01.22	11M & 7 D	28920	27600	1320	14850
01.02.22 to	12	30366	27600	2766	33192

31.01.23	Months				
01.02.23 to 31.03.23	2 Month	31812	27600	4212	8424
				Total	**56466**

इस सम्बन्ध में ज्ञापन संख्या 25 दिनांक 09.05.2023 तथा ज्ञापन संख्या 27 दिनांक 10.05.2023 द्वारा आपत्ति उठाये जाने के उपरांत परिषद् द्वारा पत्र संख्या Estt./MCN/2023-1210 dated 26.06.2023 द्वारा वार्षिक वेतन वृद्धि के अनुचित लाभ बारे आपत्ति को स्वीकारते हुए सूचित किया गया कि कार्यकारी अधिकारी के वेतन से मासिक आधार पर वसूली प्रारंभ कर दी गयी है परन्तु उक्त आपत्ति अनुसार वेतन-पुननिर्धारण बारे कोई भी सूचना अंकेक्षण को उपलब्ध नहीं करवायी गयी | अत: कार्यकारी अधिकारी के उक्त अधिक वेतन निर्धारण को या तो वित्त (वेतन पुनर्निर्धारण) विभाग, हि. प्र. से समुचित स्पष्टीकरण प्राप्त कर नियमानुसार न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा उक्त तालिका अनुसार वेतन-पुननिर्धारण करने के उपरान्त अद्यत्तन वसूली योग्य राशि की परिषद् स्तर पर गणना के उपरान्त तथा तदानुसार वसूली कर अनुपालना से आगामी अंकेक्षण के दौरान अवगत करवाया जाये |

(ii) चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को गत तिथि से नियमितीकरण का लाभ प्रदान करने पर दिनांक 01.10.2012 से देय उच्च ग्रेड पे न देकर दिनांक 01.10.2012 के उपरांत 9 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण करने पर दिए गये ACPS के अनुचित लाभ के कारण अनियमित भुगतान- ₹1.89 लाख

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि निम्न तालिका में दर्शाए गये कर्मचारियों के प्रसंग में गत तिथि से नियमितीकरण का लाभ प्रदान करने पर किये गये वेतन निर्धारण में उन्हें दिनांक 01.10.2012 से देय उच्च ग्रेड पे ₹1650 न देकर निम्न तालिका में दर्शाए गयी तिथियों से 9 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण करने पर ACPS का अनुचित लाभ अर्थात उच्च ग्रेड पे तथा एक वेतन वृद्धि प्रदान की गयी थी जोकि देय नहीं थी, अत: अनियमित है | परिणामस्वरूप उन्हें अंकेक्षण अवधि के दौरान अधिक वेतन भुगतान के साथ-साथ उनका दिनांक 01.01.2016 से लागू वेतनमान के अंतर्गत वेतन निर्धारण भी अनियमित रूप से उच्च स्तर पर किया गया था जबकि निम्न तालिका के क्रम संख्या 1 से 3 के प्रसंग में **परिशिष्ट -24** तथा **क्रम संख्या** 4 से 5 के प्रसंग में **परिशिष्ट-25** अनुसार वेतन निर्धारण अपेक्षित था |

Sr. No.	Name & Designation	Date of joining	Date of grant of 9th year ACPS benefit	Pay needs to be revised as per Annexure	Amount overpaid w.e.f. 01.01.2022 to 30.04.2023 @ Rs. 1800+ 31% DA x 16 months
1.	Sh. Babu Ram, S/o Late Shri Ram Swaroop, Beldar	01.01.2004	01.01.2013	**Annexure-24**	**37728**
2.	Sh. Bhagat Ram s/o Sh. Ram Nand, Beldar	01.01.2004	01.01.2013		**37728**
3.	Sh. Satish Kumar s/o Sh. Shyam Lal, Beldar	01.01.2004	01.01.2013		**37728**
4.	Sh. Rajesh Kumar, s/o Sh. Inder Singh, Beldar	01.01.2005	01.01.2014	**Annexure- 25**	**37728**
5.	Sh. Gurvinder Singh No. 2 S/o Sh. Amarjeet Singh, Beldar	01.01.2005	01.01.2014		**37728**
				Total	**188640**

इस सम्बन्ध में ज्ञापन संख्या 25 दिनांक 09.05.2023 द्वारा आपत्ति उठाये जाने के उपरांत परिषद् द्वारा पत्र संख्या Estt./MCN/2023-1158 dated 13.06.2023 द्वारा अनुचित लाभ बारे आपत्ति को स्वीकारते हुए इन कर्मचारियों का वेतन-पुननिर्धारण बारे सूचित किया गया जिसके अनुसार उनके मासिक वेतन को मास मई, 2023 के वेतन से कम कर दिया गया तथा वहीं उनकी दिनांक 01.01.2022 से 30.04.2023 की वसूली योग्य राशि को ₹37728 प्रति व्यक्ति

निर्धारित कर मई, 2023 मास के जून, 2023 में देय वेतन से वसूली प्रारम्भ करने बारे भी सूचित किया गया | अत: संपूर्ण वसूली कर अनुपालना से आगामी अंकेक्षण के दौरान अवगत करवाया जाये |

(ii) श्री इंद्र पाल सिंह, सफाई कर्मचारी को अन्य भत्तों शीर्ष के अंतर्गत राशि ₹0.22 लाख का अनियमित भुगतान:

अंकेक्षण के दौरान वेतन बिलों की नमूना जाँच पर पाया गया कि श्री इंद्र पाल सिंह, सफाई कर्मचारी को अन्य भत्तों शीर्ष के अंतर्गत ₹842 से ₹936 की दर से अंकेक्षण अवधि के दौरान निम्न तालिका में दर्शाए गये विवरण अनुसार ₹22063 का अनियमित भुगतान किया गया था :-

Period	PBR	Amount suspected to have been overpaid (₹)
08/20 to 02/21	P-73	6245
03/21 to 02/22	P-71	11138
03/22 to 02/23	P-65	4680
	Total	22063

इस सम्बन्ध में ज्ञापन संख्या 57 दिनांक 15.07.2023 द्वारा आपत्ति उठाये जाने के उपरांत संस्था द्वारा उक्त आपति की स्वीकारते हुए पत्र संख्या लेखा.शा.न.पा.ना.2023-1395 दिनांक 25.07.2023 द्वारा सूचित किया गया कि कर्मचारी से रसीद संख्या 92/ 359 दिनांक 19.07.2023 द्वारा ₹20000 वसूल कर लिए गये हैं {जिसकी अंकेक्षण के दौरान पुष्टि कर ली गयी} तथा शेष ₹2063 की राशि उनसे ₹1000 प्रति मास की दर से उनके वेतन से वसूली जाएगी | अत: उनसे पूर्ण वसूली करने के उपरांत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये |

(iv) श्री नन्द लाल, वन रक्षक को देय वेतन की अपेक्षा राशि ₹0.06 लाख अधिक दर से अनियमित भुगतान: -

अंकेक्षण के दौरान वेतन बिलों की नमूना जाँच पर पाया गया कि श्री नन्द लाल, वन रक्षक को अवधि 01.08.2021 से 02.02.2022 के दौरान उनकी सेवा पंजी में वर्णित देय वेतन की अपेक्षा अधिक दर से ₹5672 का अनियमित भुगतान किया गया था जिसका विवरण निम्न तालिका अनुसार है |

Sr. No.	Name & Designation	PBR Page No.	Pay as per Service Book	Pay drawn in the month of 08/02021	Amount overpaid (Rs.)
उक्त अनियमित भुगतान बारे ज्ञापन संख्या 55 दिनांक 13.07.2023 तथा ज्ञापन संख्या 67 दिनांक 08.08.2023 द्वारा संस्था को सूचित कर दिया गया था परन्तु इस बारे अंकेक्षण की समाप्ति तक कोई स्पष्टीकरण / उत्तर प्राप्त नहीं हुआ | यह एक अति गम्भीर अनियमितता है तथा मामला विभाग के उच्च अधिकारियों के विशेष ध्यानार्थ इस आशय के साथ लाया जाता है कि नगर परिषद् निधि से किये गये इस अनियमित भुगतान के संदर्भ में सम्बन्धित के विरुद्ध समुचित कार्यवाही करते हुए तथा उनसे निधि को हुई हानि की प्रतिपूर्ति कर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये क्योंकि यह प्रकरण दर्शाता है कि संस्था के स्तर पर भुगतान आँख मुंद कर ही पारित किये जा रहे थे तथा नियंत्रण व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी थी |

16.10 नगर परिषद् वाहनों हेतु क्रय किये गये डीजल तथा मुरम्मत एवं रख-रखाव के भुगतान के संदर्भ में पाई गयी गम्भीर अनियमितताएं- वाहन वार विस्तार से :-

(प्रत्येक वाहन के सन्दर्भ में पाई गयी गम्भीर अनियमितता का सारांश प्रत्येक वाहन संख्या के नीचे प्रारम्भिक तालिका में दर्शाया गया है जबकि तालिका के नीचे इस बारे आपत्तियों का विवरण दर्ज किया गया है)

(i) वाहन संख्या एच0पी0–18–4935: ट्रैक्टर के संचालन हेतु सम्भावित (294979 + ₹210866 + 36000)=₹541845/– का अनियमित भुगतान :–

Vehicle No. HP-18-4935 (Tractor)					
1.	**Vehicle Registered on**	27-03-1995	2.	**Average fixed per litre of Diesel**	Not intimated
3.	**Fitness valid upto**	03-12-2016	4.	**Odometer Readings in Log Book**	Not indicated
5.	**Vehicle plied upto as per Log Book**	21-09-2022	6.	**KMs NOT indicated in Log Book (Page ref)**	Not indicated anywhere
7.	**Insurance upto**	05-03-2016	8.	**Hourly use though without supporting readings**	Indicated
9.	**Log Book not provided for the period**	01.04.2019 to 14.09.2022			
DRIVER AS PER LOG BOOK		**Sh. Narender Kumar**			
VERIFICATION OF ENTRIES IN LOG BOOK		**Not done**			

A. Diesel filled but Log Book not presented					
Particulars	**Ltrs**	**Amount (₹)**	**Extra Items**	**Amount (₹)**	**Total Amount (₹)**
(i) Diesel purchased / paid for which supporting Indents were signed from office side.	60	3794	Nil	Nil	3794
(ii) Diesel purchased/ paid but without supporting Indents	Nil	Nil	Nil	Nil	Nil
(iii) Diesel purchased/ paid but on the basis of Indents not signed from Office Side	3711.29	284091	11	7094	291185
Total	**3771.29**	**287885**	**11**	**7094**	**294979**

1. एम.परिवहन ऐप के अनुसार यह वाहन 03.12.2016 तक ही पास किया गया था तथा इसका बीमा भी 05.03.2016 को समाप्त हो चुका था और तब से वाहन चलाना गैरकानूनी है, जबकि डीजल और मुरम्मत और रख–रखाव की मद में पासिंग की समाप्ति के बाद भी नियमित आधार पर खर्च किया गया। बिना पास कराए वाहन चलाना भी ठोस कारणों से उचित ठहराया जाए। अंकेक्षण ज्ञापन सं0 65 दिनांक 31.07.2023 के माध्यम से आरएलए, नाहन के कार्यालय से एम–परिवहन डेटा की पुष्टि का अनुरोध किया गया था, परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक भी कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।

2. अंकेक्षण को केवल अवधि 15.09.2022 से 21.09.2022 की लॉग बुक ही उपलब्ध करवाई गई थी और शेष अंकेक्षण अवधि यानी 01.04.2019 से 14.09.2022 के लिए लॉग बुक विशेष रूप से अंकेक्षण ज्ञापन सं0 56 दिनांक 13.07.2023 के बाद अनुस्मारक अंकेक्षण ज्ञापन सं0 67 दिनांक 08.08.2023 के माध्यम से मांगे जाने के बावजूद अंकेक्षण हेतु उपलब्ध नहीं कराई गई थी।

3. इस ट्रैक्टर की प्रति घंटा रीडिंग/किमी रीडिंग लॉग बुक में दर्ज नहीं पाई गई है। अंकेक्षण ने विशेष रूप से अंकेक्षण ज्ञापन सं0 68 दिनांक 09.08.2023 के माध्यम से ओडोमीटर की मुरम्मत न करने के बारे में पूछा था, जिसमें इसके साथ छेड़छाड़ करने वाले ड्राइवरों के खिलाफ की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी भी मांगी गई थी, लेकिन अंकेक्षण समाप्ति तक इस सन्दर्भ में कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।

4. मास के अन्त में डीजल की औसत खपत नहीं निकाली गई थी, जबकि अंकेक्षण ज्ञापन सं0 58 दिनांक 18.07.2023 के माध्यम से विशेष रूप से पुछा गया था।

5. 20 लीटर डीजल और अन्य सामग्री की खरीद जो मै0 सहोत्रा एचपी सेंटर, नाहन के माध्यम से बिल नंबर 6747 दिनांक 15.09.2022 ₹2349 के माध्यम से इंडेंट नंबर 7900 दिनांक 15.09.2022 के विरूद्ध की गई थी, की केवल एक प्रविष्टि लॉग बुक में दर्ज पाया गयी जिसका भुगतान वाचर सं0 75 डी द्वारा पारित किया गया था। जबकि अंकेक्षण अवधि के दौरान संलग्न **परिशिष्ट–36** में विवरण के अनुसार डीजल और अन्य सामग्री के लिए ₹2,94,979 का भुगतान भी किया गया था, (वो भी दिनांक 27.06.2021 तक यानी 20 लीटर की उपरोक्त खरीद से लगभग 15 महीने पहले) जिसे अंकेक्षण के दौरान सत्यापित नहीं किया जा सका क्योंकि सम्बन्धित लॉग बुक लेखा परीक्षा हेतू उपलब्ध नहीं करवाई गई थी। इस भुगतान में से अधिकांश डीजल की खरीद केवल ड्राइवरों द्वारा हस्ताक्षरित इंडेंट के आधार पर की गई थी और इंडेंट कार्यालय की ओर से हस्ताक्षर नहीं किए गए थे, जैसा कि उपरोक्त तालिका–ए क्रमांक (iii) में दिए गए सारांश से स्पष्ट है तथा लॉग बुक पेज के संदर्भ भी अधिकांश बिलों से गायब थे जैसा कि **परिशिष्ट–36**

में दिए गए विवरण से स्पष्ट है। कार्यालय की ओर से हस्ताक्षर न किए गए इंडेंट के आधार पर इतनी बड़ी मात्रा में बिलों को पारित करना जबकि लॉग बुक संदर्भ भी अधिकांश मामलों में गायब थे, को ठोस कारणों के साथ न्यायोचित ठहराया जाए। ऐसी परिस्थितियों में इनमें से अधिकांश फर्जी होने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता क्योंकि सम्बन्धित लॉग बुक भी लेखा परीक्षा हेतु उपलब्ध नहीं करवाई गई।

6. अंकेक्षण को प्रस्तुत जानकारी के अनुसार इस अवधि के दौरान ट्रैक्टर में लोडर जोड़ने और इस वाहन की अन्य मरम्मत पर निम्न विवरणानुसार ₹2,10,866 का भुगतान किया गया था, जिसे संबंधित लॉग बुक के अभाव में सत्यापित नहीं किया जा सका जबकि इस क्रय के प्रसंग में निम्न तालिका के अनुसार अनियमितताएं भी पाई गई थी।

Date & CBP	Vr. No. With date	Name of the firm	Bill No. with date	RTGS ref.	Remarks
03.07.20 P-76	Not mentioned dt. 03.07.20	Vishawkarma Trailor, Lottan Chungi Nahan Road, Naraingarh	15 dt. 24.06.20 for Rs. 2,10,866	MCN/Account/2020-1927 dt. 04.07.2020 (Axis Bank 919010071405726)	NIQ & Work order not produced. Date of bill appears to have been written in different ink & hand compared to rest of the bill

7. अंकेक्षण को प्रस्तुत गई जानकारी के अनुसार इस टैक्टर हेतु दो टायरों निम्नलिखित तालिका में दिए गए विवरण के अनुसार मई, 2020 में ₹36000 के खरीदे गए थे, परन्तु इसकी संबंधित प्रविष्टि इस वाहन के मुरम्मत और रख–रखाव रजिस्टर में दर्ज नहीं पाई गई है परन्तु बिल जोकि मूल की छायाप्रति थी कार्यालय द्वारा पारित कर दिया गया है। इस प्रकार, मुरम्मत और रख–रखाव रजिस्टर का उपयोग चेक रजिस्टर के रूप में नहीं किया जा रहा था और इस महत्वपूर्ण नियंत्रण तंत्र के साथ समझौता किया गया है। ऐसी परिस्थिति में सम्बन्धित रिपेयर व रख–रखाव रजिस्टर में प्रविष्टियों को जान बूझकर दर्ज न कर मुरम्मत और रख–रखाव पर खर्च को कम दर्शाने की सम्भावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता। इस छायाप्रति बिलों के आधार पर किए गए भुगतान के सन्दर्भ में डीडीओ की ओर से वांछित मूल बिल के गुम होने बारे, पूर्व में अदायगी न किए जाने बारे तथा भविष्य में मूल बिल मिलने पर भुगतान न करने से सम्बन्धित प्रमाण पत्र भी दर्ज नहीं थे। यहाँ यह भी उल्लेख करना उचित होगा कि रोकड़ बही का नियमित रूप से बैंक के साथ मिलान नहीं किया गया था और उसमें कोई शेष नहीं था, जैसा कि उक्त

पैरा सं0 4.1 (क) में आपत्ति दर्ज है ऐसे में बिलों की छाया प्रतियों को पारित करना भी उचित प्रतीत नहीं होता तथा बिलों के इस प्रकार भुगतान को ठोस कारणों सहित न्यायोचित ठहराया जाए जबकि सम्बन्धित लॉग बुक के अभाव में इस क्रय /टायर की फिटिंग बारे भी पुष्टि सम्भव न हो सकी

Date & CBP	Vr. No. With date	Name of Firm	Bill No. With date	Amount (₹)	RTGS Ref	Remarks
30.05.2020 / 41	Not mentioned dated 28.05.20	Haryana Tyre, Naraigarh	1075 dated 25.05.2020	36000	No.Account/ MCN/2020-1482 dated 28.05.2020	1.Supply order missing. 2.Quotations and bills xeroxed copies only. 3.Tyre Number not indicated on Bill. 4.Not entered in Stock Register. 5.Log Book for this period also not provided and as a result mileage covered by old tyres, their removal and fitting of new tyres could not be verified.

(ii) वाहन संख्या एच0पी0–18–0381: महीन्द्रा जीप के संचालन हेतु सम्भावित (₹213050 + ₹47219 + ₹28200+₹800)= ₹291269/–का अनियमित भुगतान

HP-18-0381 (Mahindra Jeep)					
1.	Vehicle Registered on	21-04-1999	2.	Average fixed per litre of Diesel	Not intimated
3.	Fitness valid upto as per M. Parivahan App	20-05-2019	4.	Odometer Readings in Log Book	Not indicated
5.	Vehicle plied upto as per Log Book and as per information supplied to audit	13-11-2019	6.	Insurance upto as per M. Parivahan App	N/A

DRIVER AS PER LOG BOOK	Sh. Rocky
VERIFICATION OF ENTRIES IN LOG BOOK	Not Done

Particulars	**A. Diesel etc. purchased/ paid for but not entered in Log Book dated 18.06.2019**		**B. Diesel etc.purchased/paid for when vehicle was not in use i.e. <u>after 13-11-2019</u>**				
	Ltrs	**Amount (₹)**	**Ltrs**	**Amount (₹)**	**Extra Items**	**Amount (₹)**	**Total Amount (₹)**
(i) Diesel purchased / paid for which supporting Indents were signed from office side.	45	2775	286.62	19395	1	300	19695
(ii) Diesel purchased/ paid but without supporting Indents	Nil	Nil	57	4315	Nil	Nil	4315
(iii) Diesel purchased/ paid but on the basis of Indents not signed from Office Side	Nil	Nil	2473.61	187490	5	1550	189040
Total	**45**	**2775**	**2817.23**	**211200**	**6**	**1850**	**213050**

C. **Diesel purchased / paid for without supporting Indents { Other than those included in A (ii) & B (ii) above} pertaining to the period prior to 13.11.2019**

Ltrs	**Amount (₹)**	**Extra Items**	**Amount (₹)**	**Total Amount (₹)**
738	47068	1	151	47219

1. एम–परिवहन ऐप पर उपलब्ध सूचना अनुसार यह वाहन 21.04.1999 को पंजीकृत किया गया था और 20.05.2019 तक पारित है, जबकि इसके बीमा के बारे में कोई सूचना एम.परिवहन ऐप पर उपलब्ध नहीं है।

2. इस वाहन के ओडोमीटर की कोई रीडिंग लॉग बुक में दर्ज नहीं पाई गई थी, तथा केवल यात्रा के किलोमीटर अंकित थे। अंकेक्षण ज्ञापन सं0 68 दिनांक 09.08.2023 द्वारा ओडोमीटर की मुरम्मत न करने के कारणों बारे में पूछा गया था, जिसमें इसके साथ छेड़छाड़ करने वाले ड्राइवरों के खिलाफ कार्रवाई भी बारे भी पूछा गया था, परन्तु इस सम्बन्ध में अंकेक्षण को कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।

3. प्रत्येक माह के अंत में वाहन की औसत ईंधन खपत की गणना नहीं की गई थी और न ही वाहन के निर्धारित औसत के बारे में कोई जानकारी अंकेक्षण को प्रदान की गई थी। अंकेक्षण ज्ञापन सं0 58 दिनांक 18.07.2023 द्वारा इस बारे अंकेक्षण को अवगत करवाने हेतु आग्रह किया गया था, परन्तु इस सम्बन्ध में अंकेक्षण को कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।

4. लॉग बुक में चालकों द्वारा दर्ज यात्रा की सत्यापना अधिकृत अधिकारी/कर्मचारी द्वारा नगर परिषद् कार्यालय की ओर से नहीं की गई थी। अंकेक्षण ज्ञापन सं0 65 दिनांक 31.07.2023 द्वारा मांगे जाने के उपरान्त भी लॉग बुक की सत्यापना हेतु नियुक्त अधिकारी/कर्मचारी के बारे में जानकारी अंकेक्षण को प्रदान नहीं की गई।

5. मै0 सहोत्रा एचपी सेंटर नाहन से इंडेंट संख्या 10200 दिनांक 18.06.2019 के विरूद्ध बिल संख्या 3642 दिनांक 19.06.2109 के माध्यम से 45 लीटर डीजल ₹2775 में क्रय किया गया था। परन्तु **परिशिष्ट–37 भाग–ए** में दर्ज पूर्ण विवरण अनुसार इस खरीद को लॉग बुक में दर्ज ही नहीं पाया गया था और इसके दुर्विनियोजन की सम्भावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता। लॉग बुक में सम्बन्धित प्रविष्टि के बिना भुगतान वाउचर पारित करने को ठोस कारणों के साथ न्यायोचित ठहराया जाए।

6. लॉग बुक में दर्ज अंतिम प्रविष्टि सहपठित लेखापरीक्षा को दी गई जानकारी के अनुसार उपरोक्त वाहन 13/11/2019 के पश्चात से उपयोग में नहीं था, परन्तु तत्पश्चात **परिशिष्ट–37 भाग–बी** में दिए गए विवरण के अनुसार इस वाहन के लिए 19.11.2019 से 10.06.2021 (14.11.2019 से 18.11.2019 में डीजल की कोई खरीद दर्ज नहीं थी) खरीदे गए 2817.23 लीटर डीजल व अन्य सामग्री हेतु ₹2,13,050 का भुगतान किया गया था, जो प्रत्यक्ष रूप से फर्जी प्रतीत होता है, तथा इस कारण नगर परिषद् निधि को हुई हानि का प्रतीक है। **परिशिष्ट–37 भाग–बी** में निर्दिष्ट बिलों और इन्डेन्ट में से केवल क्रम संख्या 1, 2, 3,4, 7, 8 और 9 पर दर्ज इन्डेन्ट पर कार्यालय की ओर से हस्ताक्षर किए गए हैं – इनमें से दो यानी इन्डेन्ट क्रम संख्या 8 और 9 पर **हरे पेन** से हस्ताक्षर किए गए हैं। अंकेक्षण ज्ञापन सं0 70 दिनांक 23.08.2023 के द्वारा विशेष रूप

से जारीकर्ता अधिकारी/कर्मचारी की पहचान करने और वाहन के उपयोग में नहीं होने पर इन इंडेंट जारी करने को न्यायोचित ठहराने का अनुरोध किया था, लेकिन कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। उपरोक्त के अतरिक्त उपरोक्त परिशिष्ट– भाग–बी के क्रम संख्या 68 में उल्लिखित इंडेंट संख्या 18994 दिनांक 10.06.2021 के विरुद्ध भुगतान की स्थिति, अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 65 दिनांक 31.07.2023 के माध्यम से विशेष रूप से पूछे जाने के बावजूद भी इस सन्दर्भ में अंकेक्षण समाप्ति तक काई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।

7. अंकेक्षण को वाहनों की मुरम्मत और रख–रखाव के सम्बन्ध में प्रस्तुत सूचना अनुसार अनुसार जुलाई, 2020 में इस वाहन की मुरम्मत और रख–रखाव पर ₹28200 का खर्च भी किया गया। यह भुगतान भी फर्जी प्रतीत होता है क्योंकि वाहन दिनांक 13.11.2019 के बाद उपयोग में नहीं था। इस भुगतान से सम्बन्धित वाउचर की पड़ताल करने पर पाया गया कि बिल अनुसार इस भुगतान की प्रविष्टि मुरम्मत और रख–रखाव रजिस्टर के पृष्ठ 134–135 पर दर्ज की गई थी जबकि पूर्व में मास 09/19 में किए गए ₹1522 के मुरमत के खर्च की प्रविष्टि पृ0 सं0 136 पर दर्ज पाई गई थी । इस प्रकार अभिलेख से छेडछाड भी की गई प्रतीत होती है।

Date & Cash Book Page	Vr. No. With date	Name of Firm	Bill No. Date & Amount (Rs.)	RTGS Authority Reference	Repair & Maintenance Register Reference
25.07.20/96	Not mentioned dt. 27.07.20	Uttam Motors, Paonta Sahib	9702-03 both dated 20.07.20 for ₹28200	No. Account/MCN/2020-2487 dated 28.07.20 Axis - 5742	134 & 135

8. निम्नलिखित तालिका में दिए गए विवरण के अनुसार बिल की जांच के दौरान यह भी पाया गया कि निम्न बिल के अनुसार 10.10.2019 को इस वाहन के ब्रेक अडजेस्टमेंट के लिए मैसर्स उत्तम मोटर्स, पांवटा साहिब को ₹800 का भुगतान किया गया था लेकिन लॉग बुक में पांवटा साहिब की कोई यात्रा दर्ज नहीं थी, वहीं इस बिल की प्रविष्टि गाडी संख्या एच0पी–18–4981 के मुरम्मत एंव रख–रखाव पंजी में दर्ज की गई पाई गई ऐसे में इस बिल के भी फर्जी होने संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता:–

Date & Cash Book Page	Vr. No. With date	Name of Firm	Bill No. Date & Amount (₹)	RTGS Authority Reference	Repair & Maintenance Register Reference	Remarks
02.07.20/ 74	Not mentioned dt. 24.06.20	Uttam Motors, Paonta Sahib	3605 dated 10.10.19 Rs. 800	Included in No. Account/MCN/ 2020-1925 dated 04.07.20 Axis -5726	P-7 as per Voucher	Entry recorded at P-7 of R & M Register of Vehicle No. HP-18-4981 and no journey to Poanta on this date

9 लॉग बुक के अनुसार, वाहन के संचालन की प्रविष्टियाँ दिनांक 13.11.2019 तक दर्ज की गई थी जोकि 20.05.2019 को वाहन फिटनेस की समाप्ति के मद्देनजर गैरकानूनी है। दिनांक 13.11. 2019 से पहले की अवधि के दौरान भी कुछ प्रविष्टियों के फर्जी होने और परिणामस्वरूप डीजल खरीद की कुछ प्रविष्टियों के भी फर्जी होने की सम्भावना से इंकार नहीं किया जा सकता। विशेष कर निम्न अनुच्छेदों में चर्चित अभिलेख से छेड़छाड़ के प्रकरणों के दृष्टिगत जोकि लॉग बुक के परीक्षण के दौरान अंकेक्षण के ध्यान में आये:–

(i) वाहन संख्या एचपी–18–1736 सहित इस वाहन को श्री रॉकी, ड्राइवर द्वारा एक ही दिन में एक ही समय में दो अलग–अलग दिशाओं में चलाया गया है, जैसा कि निम्नलिखित तालिका से स्पष्ट है:

Date & Time	Vehicle No.	Log Book Page No.	Journey
21.10.2019 11 AM to 06.30PM	HP-18-0381	55	MC Office to Solan
21.10.2109 6.35 AM to 12.40PM & 2.05 PM to 6.40PM	HP-18-1736	89	Different locations in Nahan to Dumping Site
25.10.2019 6:00 AM to 05.30PM	HP-18-0381	55	MC Office to Shimla & back

25.10.2019 6:00 AM to 01.20PM 2:00 PM to 5:50PM	HP-18-1736	93	Different locations in Nahan to Dumping Site
30.10.2019 10 AM to 5.45PM	HP-18-0381	55	MC Office to Paonta Sahib
30.10.2019 5:45 AM to 01.30PM 2:30 PM to 5:15PM	HP-18-1736	98	Different locations in Nahan to Dumping Site

(ii) इस वाहन की लॉग बुक में दो अलग–अलग पृष्ठों पर एक ही तारीख की अलग–अलग प्रविष्टियाँ दर्ज की गई हैं, जोकि सम्भवतः किलोमीटर की संख्या बढ़ाने और डीजल की खरीद को न्यायोचित ठहराने हेतु किया गया प्रयास प्रतीत होता है जैसा कि निम्नलिखित तालिका से स्पष्ट है।

Date & Time	**Vehicle No.**	**No. Of kms.**	**Log Book Page No.**	**Journey**
07.06.2019 06:10 AM to 05:45 PM	HP-18-0381	276	22	MC Office to Shimla & back
07.06.2019 3:30PM to 4:45PM	HP-18-0381	18	29	MC Office to Villa Round, Katcha Tank, Gobindgarh, CMO Office etc and back to office

(iii) उक्त प्रकरणों के अतिरिक्त डीजल और अन्य सामग्री जैसा कि **परिशिष्ट–37 भाग सी** में दर्ज पूर्ण विवरण के अनुसार इंडेंट के बिना दिनांक 13.11.2019 से पहले ₹47,219 का भुगतान किया गया था। इंडेंट के बिना बिल पास करने को ठोस कारणों सहित न्यायोचित ठहराया जाए अन्यथा इनमें से कुछ या सभी भुगतानों के फर्जी होने की संभावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता।

(iii) **वाहन संख्या एच0पी0–71–1736: डम्पर प्लेसर के संचालन हेतु सम्भावित ₹820875/– राशि का अनियमित भुगतान**

HP-71-1736 (Dumper Placer)					
1.	**Vehicle Registered on**	20-12-2012	**2.**	**Average fixed per litre of Diesel**	Not intimated
3.	**Fitness valid**	22-03-2019	**4.**	**Odometer Readings**	No

	upto			**in Log Book**	
5.	**Vehicle plied upto as per Log Book**	03-06-2021	**6.**	**KMs NOT indicated in Log Book (Page ref)**	02-01-2019 to before 16-10-2019 (Page No. 47 to 83 in r/o payments made during audit period)
7.	**Insurance upto**	22-08-2021	**8.**	**Premium paid after expiry of Fitness**	Yes
DRIVER AS PER LOG BOOK			1. Driver not Mentioned: 02-01-2019 to 25-08-2019 2. Sh. Rocky: 16-10-2019 to 20.05.2020 (No journey from 26.08.19 to 15.10.19) 1. Driver not Mentioned: 23-05-2020 to 03-06-2021		
VERIFICATION OF ENTRIES IN LOG BOOK			**No**		
Passing repair done after expiry of fitness during audit period			**₹53,722**		

Particulars	**A. Diesel filled when vehicle was not in use (After 03-06-2021)**		**B. Diesel etc. purchased/ paid for but not entered in Log Book**				
	Ltrs	**Amount (₹)**	**Ltrs**	**Amount (₹)**	**Extra Items**	**Amount (₹)**	**Total Amount (₹)**
(i) Diesel purchased / paid for which supporting Indents were signed from office side.	Nil	Nil	235	14521	1	291	14812
(ii) Diesel purchased/ paid but without supporting Indents	Nil	Nil	Nil	Nil	Nil	Nil	Nil
(iii) Diesel purchased/ paid but on the basis of Indents not signed from Office Side	155.62	13365	310.42	22433	Nil	Nil	22433
Total	**155.62**	**13365**	**545.42**	**36954**	**1**	**291**	**37245**

Particulars	C. Diesel entered in Log Book but no Journey Recorded					D. Diesel Entered in Log Book with Lead Pencil				
	Ltrs	Amount (₹)	Extra Items	Amount (₹)	Total Amount (₹)	Ltrs	Amount (₹)	Extra Items	Amount (₹)	Total Amount (₹)
(i) Diesel purchased / paid for which supporting Indents were signed from office side.	170	10860	1	291	11151	108.26	6721	Nil	Nil	6721
(ii) Diesel purchased/ paid but without supporting Indents	Nil	Nil	Nil	Nil	Nil	Nil	Nil	2	580	580
(iii) Diesel purchased/ paid but on the basis of Indents not signed from Office Side	Nil	Nil	Nil	Nil	Nil	1705	123381	15	10626	134007
Total	**170**	**10860**	**1**	**291**	**11151**	**1813.26**	**130102**	**17**	**11206**	**141308**

E. Diesel paid/Purchased for without supporting Indents {Other than those included in above A(ii), B(ii), C(ii) & D(ii)}					F. Diesel paid/Purchased for on the basis of Indents not signed from Office Side {Other than those included in above A(iii), B(iii), C(iii) & D(iii)}				
Ltrs	Amount (₹)	Extra Items	Amount (₹)	Total Amount (₹)	Ltrs	Amount (₹)	Extra Items	Amount (₹)	Total Amount (₹)
2043	130622	21	13854	144476	5757.29	433821	3	870	434691

1. एम–परिवहन ऐप पर उपलब्ध सूचना अनुसार यह वाहन 22.03.2019 तक ही पास किया गया था, परन्तु इसका बीमा 22.08.2021 तक पाया गया था, दूसरी ओर लॉग बुक के अनुसार यह वाहन 03.06.2021 के बाद नहीं चलाया गया था। इस प्रकार, वाहन दो वर्षों से अधिक समय से अर्थात् 22.03.2019 के पश्चात से अवैध रूप से चलाया गया जबकि निम्न विवरण के अनुसार ₹53,722 का भुगतान वाहन की पासिंग मुरम्मत हेतु वर्ष 2019–20 में फिनेस की समाप्ति के उपरान्त किया गया था। इस बिल की जाँच के दौरान यह पाया गया कि भुगतान बिल छायाप्रति अनुसार किया गया था, कार्य आदेश साथ संलग्न नही था और इसके अतिरिक्त पृष्ठ–61 पर लॉग बुक में दर्ज यात्रा के अनुसार वाहन की मुरम्मत 27.05.2019 को एक ही दिन में कर दी गई है, जबकि इसमें पेंट का कार्य भी शमिल था, ऐसी परिस्थितियों में इस भुगतान के अनियमित होने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

Cash Book Page / Date	Voucher No. with date	Amount (₹)	Bill No. & Date /Name of Firm	Maintenance Register Page Ref.	Log Book Page no./ Period of Repair as per log Book	Remarks
23/ 10-10-2019	Voucher No. not Mentioned/ 11-10-19	53722 out of 114111	161,162,163 & 164 Dated 28-05-2019/Mahima motors, Paonta Sahib	92 & 93	61/ 27-05-2019	1. HP-71-1736 passed upto 22/03/2019 2. Work order Missing and Photocopy Bills

2. ओडोमीटर अनुसार इस वाहन की किलोमीटर रीडिंग भी लॉग बुक में दर्ज नहीं पाई गई. परन्तु दिनांक 02.01.2019 से 16.10.2019 (पेज नंबर 47 से 83) की अवधि के दौरान लॉग बुक में किलोमीटर भी दर्शाया/दर्ज नहीं किया गया था। इसलिए, ऐसे परिदृश्य में वाहन की आवाजाही और ड्राइवरों की गतिविधियों पर नियंत्रण कैसे किया गया होगा। इस बारे अंकेक्षण के दौरान स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई।

3. डीजल की मासिक औसत खपत की गणना नहीं की गई थी, जबकि अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 58 दिनांक 18.07.2023 द्वारा विशेष रूप से पूछे जाने के उपरान्त डीजल की प्रति लीटर औसत खपत से अंकेक्षण को सूचित नहीं किया गया।

4. लॉग बुक को सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा सत्यापित नहीं किया गया था।

5. **परिशिष्ट 38 भाग ए** में दिए गए विवरण के अनुसार 155.62 लीटर डीजल, राशि ₹13365 दिनांक 03.06.2021 के बाद क्रय किया गया था, जब वाहन उपयोग में भी नहीं था। अंकेक्षण

ज्ञापन सं0 65 दिनांक 31.07.2023 द्वारा इस सम्बन्ध में मूल बिल लेखापरीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया और न ही मांगे जाने उपरान्त भुगतान की स्थिति के बारे अंकेक्षण को सूचित किया गया।

6. **परिशिष्ट 38 भाग बी** में दिए गए विवरण के अनुसार ₹37245 545.42 लीटर डीजल और अन्य सामग्री की खरीद के सन्दर्भ में प्रविष्टी को लॉग बुक में दर्ज नहीं पाया गया इसमें से 310. 42 लीटर डीजल और अन्य मदों के लिए कुल मिलाकर ₹22433 की खरीद से कार्यालय की ओर से बिना हस्ताक्षर किए गए इन्डेन्ट के विरूद्ध की गई थी। संबंधित बिलों को कार्यालय की ओर से बिना हस्ताक्षर के इंडेंट के और लॉग बुक में संबंधित प्रविष्टियां के बिना पारित करना कार्यालय की ओर से नियंत्रण की अनुपस्थिति को दर्शाता हैं तथा ऐसी परिस्थितियों में नगर परिषद निधि के दुर्विनियोजन की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है।

7. इसके अलावा, **परिशिष्ट–38 भाग–सी** में दिए गए विवरण के अनुसार 170 लीटर डीजल और अन्य सामग्री ₹11151 में खरीदा गया तथा लॉग बुक में दर्ज पाया गया, परन्तु इस अवधि के दौरान कोई यात्रा लॉग बुक में दर्ज नहीं पाई गई। ऐसे में डीजल खरीद की लॉग बुक प्रविष्टियाँ केवल औपचारिकता मात्र हेतु की गई प्रतीत होती है तथा वास्तव में डीजल की खरीद की गई थी अथवा नहीं संदिग्ध प्रतीत होता है क्योकि यात्रा के अभाव में डीजल की आवश्यकता/खरीद न्यायसंगत प्रतीत नहीं होती।

8. **परिशिष्ट(38 भाग(डी** में दिए गए विवरण के अनुसार 1813.26 लीटर डीजल और अन्य वस्तुएं ₹1,41,308 में खरीदी गईं, परन्तु इस बिलों पर लॉग बुक पृ0 सं0 अंकेत नहीं थी, जो यह दर्शाता है कि कार्यालय की ओर से नियंत्रण पूर्णतः अनुपस्थिति थी। लॉग बुक में प्रविष्टियां लेड पेंसिल से दर्ज पाई गई, जिसे कि पैरा सं0 16.10(ii)9 में वर्णित श्री रॉकी, चालक द्वारा इस वाहन और वाहन संख्या– एचपी–18–0381 को दो अलग–अलग दिशाओं में चलाने के उदाहरण के साथ देखने पर प्रतीत होता है कि लॉग बुक दैनिक उपयोग के आधार पर लिखने के स्थान पर बहुत बाद में डीजल की खरीद के वाउचर के समायोजित करने के उद्देश्य से भरी गई थी। उपरोक्त परिशिष्ट पार्ट डी के क्रम संख्या– 2 और 3 में शामिल दो उदाहरणों में ड्राइवर द्वारा इंडेंट हस्ताक्षरित न करने के प्रकरण शामिल थे जिसे पैरा सं0 16.4.6 में दर्ज की गई टिप्पणियों में भी शामिल किया गया है।

9. लॉग बुक में दर्ज दिनांक की 03/06/2021 की अन्तिम प्रविष्टि अनुसार यह वाहन श्री रॉकी, चालक द्वारा मुरम्मत हेतु पांवटा साहिब ले जाया गया था। इस यात्रा की पुष्टि करने हेतु अंकेक्षण ज्ञापन सं0 71 दिनांक 29/08/2023 जून 2021 में उत दिनांक को अथवा उसके आस–पास वाहन की मुरम्मत से सम्बन्धित कार्य आदेश, निविदाएं, आदि सम्बन्धित अभिलेख अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत करने का आग्रह किया था, परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक इस संदर्भ में कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। ऐसी स्थिति में लॉग बुक में दर्ज विवरण की अपेक्षा इस वाहन के दिनांक

03/06/2021 से पूर्व से पांवटा में खडा होने की सम्भावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता क्योंकि लॉग बुक अनुसार वाहन मुरम्मत उपरान्त वाहन वापिस लौटा ही नहीं तथा ऐसी स्थिति में यात्रा की प्रविष्टियाँ केवल डीजल की अनियमित खरीद के वाउचर को समायोजित करने के उद्देश्य से ही दर्ज की गई प्रतीत होती है।

10. उक्त प्रकरणों के अतिरिक्त **परिशिष्ट–38 भाग ई और एफ** में दिए गए विवरण के अनुसार ₹144476 में खरीदे गए 2043 लीटर डीजल और अन्य सामग्री से सम्बन्धित इंडेंट सम्बन्धित बिल के साथ संलग्न नहीं थे। जबकि ₹434691 में 5757.29 लीटर डीजल और अन्य सामग्री की खरीद के लिए प्रयुक्त इंडेंट पर कार्यालय के सक्षम अधिकारी/कर्मचारी के हस्ताक्षर नहीं थे।

11 निम्न बिल का भुगतान मुरम्मत एवं रख–रखाव रजिस्टर में दर्ज नहीं पाया गया है और इसलिए, रजिस्टर में प्रविष्टि सुनिश्चित किए बिना बिल पारित करना उचित प्रतीत नहीं होता जिसे ठोस कारणों से न्यायोचित ठहराया जाए–

Date/ Page as per Cash Book	Vr. No. with date	Name Of firm	Amount (₹)	Bill No. & Date	Maintenance Register Pg No. as per Voucher	Remarks
11.02.20/ 47	Not mentioned	Technic Fabrications, Mohali, Kurali	55837 out of ₹109433	350 dated 04.02.20	Not entered	It also appears that scanned copy of the bill has been passed and original bill has not been found on record.

(iv) वाहन संख्या एच0पी0–18बी–3192: टाटा विंगर– शव वाहन के संचालन हेतु सम्भावित राशि ₹45372 + ₹8544 + ₹9169 + ₹97036 + ₹2571)= ₹162692/–का अनियमित भुगतान

Vehicle No. : HP-18B-3192 (TATA Winger- Shav Vahan)					
1.	Vehicle Registered on	13-05-2011	2.	Average fixed per litre of Diesel	Not intimated
3.	Fitness valid upto	16-04-2018	4.	Odometer Readings in Log Book	No
5.	Vehicle plied upto as per Log Book	Still in use	6.	Insurance upto	28-10-2018
DRIVER(s) AS PER LOG BOOK			(i) Sh. Goldy: 10-05-21 to 03-01-22 (ii) Sh. Sanjeev: 03-01-22 to 17-11-22 (iii) No entry of drivers: 17-11-22 onwards		
VERIFICATION OF ENTRIES IN LOG BOOK			Not Done		

Particulars	A. Diesel filled but Log Book not presented				
	Ltrs	Amount (₹)	Extra Items	Amount (₹)	Total Amount (₹)
(i) Diesel purchased / paid for which supporting Indents were signed from office side.	330	21474	5	1426	22900
(ii) Diesel purchased/ paid but without supporting Indents	53	3408	Nil	Nil	3408
(iii) Diesel purchased/ paid but on the basis of Indents not signed from Office Side	249.97	18590	3	474	19064
Total	**632.97**	**43472**	**8**	**1900**	**45372**

Particulars	B. Diesel etc. purchased/ paid for but not entered in Log Book		C. Diesel etc entered in Log Book but no Journey Recorded	
	Ltrs	Total Amount (₹)	Ltrs	Total Amount (₹)
(i) Diesel purchased / paid for which supporting Indents were signed from office side.	45	3996	95 plus one extra item	8544
(ii) Diesel purchased/ paid but without supporting Indents	Nil	Nil	Nil	Nil
(iii) Diesel purchased/ paid but on the basis of Indents not signed from Office Side	239.79	20150	Nil	Nil
Total	**284.79**	**24146**	**95**	**8544**

D. Diesel paid/Purchased for without supporting Indents {Other than those included in above A(ii), B(ii) & C(ii)}		E. Diesel paid/Purchased for on the basis of Indents not signed from Office Side {Other than those included in above A(iii), B(iii) & C(iii)}	
Ltrs	**Total Amount (₹)**	**Ltrs**	**Total Amount (₹)**
40	**2571**	**121.06**	**9169**

1 अंकेक्षण को प्रदान की गयी सूचना अनुसार यह वाहन नगर परिषद् को दान में प्राप्त हुआ था परन्तु प्राप्ति की तिथि बारे कोई सूचना अंकेक्षण को नहीं दी गयी।

2 एम–परिवहन ऐप अनुसार यह 16.04.2018 तक ही पास हुआ है जबकि इसका बीमा भी 28.10.2018 को समाप्त हो गया है। लेकिन लेखा परीक्षा को प्रस्तुत की गई लॉग बुक के अनुसार वाहन को नियमित आधार पर एमसी द्वारा शव वाहन के रूप में चलाया जा रहा था, जो गैरकानूनी है जिस कारण परिषद को कभी भी भारी जुर्माना भरना पड़ सकता है। अतः ऐसी स्थिति में वाहन के नियमित उपयोग को न्यायोचित ठहराया जाये।

3 अंकेक्षण को केवल दिनांक 10.05.2021 से 14.04.2023 से सम्बन्धित लॉग बुक प्रस्तुत की गई थी तथा शेष अंकेक्षण अवधि दिनांक 01.04.2019 से 09.05.2021 के सम्बन्धित लॉग बुक मौखिक रूप तथा अंकेक्षण ज्ञापन सं0 56 दिनांक 13.07.2023, 65 दिनांक 31.07.2023 तथा 67 दिनांक 08.08.2023 के माध्यम से बार–बार मांगे जाने उपरान्त भी अंकेक्षण को उपलब्ध नहीं करवाई गयी हालाँकि, अंकेक्षण को प्रस्तुत लॉग बुक को लॉग बुक नंबर 1 के रूप में चिह्नित किया गया था तथा ऐसी स्थिति में अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत लॉग बुक का पुनः निर्मित संस्करण होने की सम्भावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता। परिणामस्वरूप लॉग बुक के अभाव में **परिशिष्ट–39 भाग ए में** दिए गए विवरण के अनुसार 632.97 लीटर डीजल और अतिरिक्त सामग्री ₹45,372 में खरीदी की सत्यापना अंकेक्षण के दौरान नहीं हो सकी तथा ऐसी परिस्थितियों में किसी भी गम्भीर अनियमितता की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता।

4 इस वाहन की ओडोमीटर के अनुसार किलोमीटर रीडिंग भी लॉग बुक में दर्ज नहीं पाई गई थी।

5 प्रत्येक माह के अन्त में वाहन की औसत ईंधन खपत की गणना नही की गई थी और न ही वाहन के निर्धारित औसत के बारे में कोई जानकारी अंकेक्षण को को प्रदान की गई थी। अंकेक्षण

ज्ञापन सं0 58 दिनांक 18.07.2023 द्वारा इस बारे अंकेक्षण को अवगत करवाने हेतु आग्रह किया गया था, परन्तु इस संबंध में अंकेक्षण को कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।

6. लॉग बुक को सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा सत्यापित नहीं किया गया था।

7. निम्न तालिका में वर्णित 240.40 लीटर डीजल व 3 अन्य सामग्री की खरीद भी इस वाहन की लॉग बुक में दर्ज पाई गई, परन्तु अंकेक्षण को प्रस्तुत वाउचर में इसका भुगतान नहीं किया गया है, जिस बारे अभिलेख सहित वस्तुस्थिति स्पष्ट की जानी वांछित है। निम्न तालिका के क्रम संख्या 2 पर उल्लेखित बिलों के अनुसार डीजल दिनांक 31.07.2022 को खरीदा गया था, परन्तु लॉग बुक के अनुसार दिनांक 15.07.2022 के बाद तथा दिनांक 20.09.2022 से पूर्व वाहन द्वारा कोई यात्रा नहीं की गई थी। ऐसी परिस्थितियों में किसी भी अनियमितता की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता क्योंकि वास्तव में डीजल की खरीद की गई थी अथवा नहीं संदिग्ध प्रतीत होता है तथा यात्रा के अभाव में डीजल की आवश्यकता/खरीद न्यायसंगत प्रतीत नहीं होती।

Sr. No.	Name of supplier	Bill No. With Date	Indent No. With date	Qty of HSD in litres	Other items	Log Book Page No.
1.	Sahotra HP Centre	4415 dt. 15.07.22	Not found recorded in the Log Book	35	1	24
2.	**Sahotra HP Centre**	**4993 dt. 31.07.22**		**30**	**--**	**25**
3.	Sahotra HP Centre	7724 dt.10.10.22		35.4	--	28
4.	Sahotra HP Centre	8783 dt. 2.11.22		40	1	28
5.	Sahotra HP Centre	10374 dt. 05.12.22		30	--	29
6.	Sahotra HP Centre	12582 dt. 08.02.23		35	1	30 & 25
7.	Sahotra HP Centre	13835 dt. 17.03.23		35	---	31
			Total	**240.40**	**3**	

8 लेखा अनुभाग के माध्यम से रोकड़ बही अनुसार अंकेक्षण को प्रस्तुत जानकारी अनुसार तथा निम्न तालिका में दर्ज विवरण के अनुसार इस वाहन की मुरम्मत और रख–रखाव पर ₹97036 खर्च किए गए थे, लेकिन इसे मुरम्मत और रख–रखाव रजिस्टर में दर्ज नहीं किया गया था और न ही सक्षम अधिकारी/कर्मचारी द्वारा सत्यापित किया गया था परन्तु फिर भी भुगतान पारित कर दिया गया था। इस मुरम्मत अवधि से सम्बन्धित लॉग बुक भी अंकेक्षण को उपलब्ध नहीं करवाई गयी थी। इस प्रकार, मुरम्मत और रख–रखाव रजिस्टर का उपयोग चेक रजिस्टर के रूप में नहीं किया जा रहा था तथा इस महत्वपूर्ण नियन्त्रण तन्त्र के साथ भी समझौता किया गया था और इस सम्भावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता कि इस रजिस्टर में प्रविष्टियों को मुरम्मत और रख–रखाव पर खर्च की मद को कम

दर्शाने के उद्देश्य से जानबूझकर दर्ज नहीं किया गया हो तथा ऐसी परिस्थितियों में कोई भी अनियमित भुगतान की सम्भावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता।

Sr. No.	Date & CBP	Vr. No. with date	Name of Firm	Bill No. with date	Amount (₹)	Remarks
(i)	69/ 05/03.020	Voucher No. not Mentioned/ 05.03.2020	M/s Guru Nanak Auto Traders, Manimajra	3272 dt. 16.02.2020	80411	1.Vehicle Number Not mentioned on bill though found mentioned on quotations. 2.Bill not entered in R & M/ Stock Register 3.Log Book of this period has also not been provided 4. Battery Make, Number, Warranty not recorded **Repair is also suspected to be of passing nature.**
(ii)	16.03.22 / 32	35 dt. 15.03.22 (i/c in Rs. 60091)	Uttam Motors, Paonta	9786-87 dated 22.09.21	16625	As per entry recorded on the Bill the entry has been recorded on Page-4 of Stock/ R & M Register but no such entry has been found on the stated page.
				Total	**97036**	

9 लॉग बुक की जाँच के दौरान यह भी पाया गया कि दिनांक 21.06.2022 को पेज नंबर 23 पर नगर परिषद् ऑफिस से डेड हाउस तक की यात्रा 100 किमी दर्ज की गई थी, जबकि यात्रा का पूर्ण ब्यौरा, अगर कोई हो दर्ज नहीं पाया गया। ऐसी परिस्थितियों में डीजल की अतिरिक्त खरीद को छिपाने के उद्देश्य से यात्रा को बढ़ा–चढ़ाकर लॉग बुक में दर्ज करने की सम्भावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता।

10. **परिशिष्ट 39 भाग बी** में दिए गए विवरण के अनुसार 284.79 लीटर डीजल राशि ₹24,146 की प्रविष्टि लॉग बुक में दर्ज नहीं पाए गए। इसमें से 239.79 लीटर डीजल ₹20150/– कार्यालय की ओर से बिना हस्ताक्षरित इन्डेट आधार पर खरीदा गया था। लॉग बुक में सम्बन्धित प्रविष्टियों

के बिना सम्बन्धित बिलों को पारित करना कार्यालय की ओर से नियन्त्रण की अनुपस्थिति को दर्शाता है और ऐसी परिस्थितियों में दुर्विनियोजन की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता।

11. लॉग बुक में पृष्ठ 1 से 9 तथा 24 से 26 रक्त पाए गये। **परिशिष्ट–39 भाग–सी** में दिए गए विवरण के अनुसार दिनांक 20.03.2022 के बाद परन्तु दिनांक 28.04.2022 से पूर्व (लॉग बुक पृष्ठ संख्या 22) दिनांक 28.04.2022 के बाद परन्तु दिनांक 03.06.2022 से पूर्व (लॉग बुक पृष्ठ संख्या 22 व 23) तथा दिनांक 15.07.2022 के बाद परन्तु दिनांक 20.09.2022 से पूर्व की अवधि के दौरान (लॉग बुक पृष्ठ संख्या 24 से 27) लॉग बुक में वाहन की कोई भी यात्रा दर्ज नहीं पाई गई, परन्तु 95 लीटर डीजल और अतिरिक्त सामग्री जो कुल मिलाकर ₹8,544 की खरीदारी इन गैर–यात्रा अवधि के दौरान की गई है, जिसे ठोस कारणों सहित न्यायोचित ठहराया जाये क्योंकि यात्रा के अभाव में डीजल की खरीद न्यायसंगत प्रतीत नहीं होती तथा ऐसी परिस्थितियों में दुर्विनियोजन की सम्भावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता।

12. उपरोक्त के अतिरिक्त **परिशिष्ट–39 भाग–डी और ई** में दिए गए विवरण के अनुसार रुपये में ₹2571 खरीदे गए अन्य 40 लीटर डीजल भुगतान से सम्बन्धित इन्डेन्ड वाउचर के साथ संलग्न नहीं थे तथा ₹9169 में 121.06 लीटर डीजल की खरीद के इंडेन्ट कार्यालय की ओर से हस्ताक्षरित नहीं थे। यह प्रकरण कार्यालय की ओर से नियंत्रण की पूर्ण अनुपस्थिति को दर्शाते है।

(v) वाहन संख्या एच0पी0–18–4981: टिप्पर के संचालन हेतु सम्भावित राशि (₹270950 + ₹430882 + ₹59104 + ₹93014 + ₹37980)= ₹891930/–का अनियमित भुगतान

HP-18-4981 (Tipper)					
1.	**Vehicle Registered on**	07-09-1996	2.	**Average fixed per litre of Diesel**	Not intimated
3.	**Fitness valid upto**	12-12-2017	4.	**Odometer Readings in Log Book**	No
5.	**Vehicle plied upto as per Log Book**	26-01-2022	6.	**KMs NOT indicated in Log Book (Page ref)**	(i) 24-02-2020 to before 01.10.20 (Page No. 37 to 80) (ii) 01-03-21 to 24-05-2021 (Page No. 93 to 103)
7.	**Insurance upto**	30-08-2023	8.	**Premium paid after expiry of Fitness**	Yes
9.	**Log Book not provided for the period**		01-04-2019 to 24-08-2019		
DRIVER AS PER LOG BOOK			(i) No Entry of drivers: 25-08-2019 till 01-10-2020 (ii) Sh. Sanjeev Kumar: 01-10-2020 to 28-02-2021		

	(iii) No entry of drivers: 01-03-2021 to 31-05-2021 (iv) Sh. Sanjeev Kumar: 01-06-2021 to 26-01-2022
VERIFICATION OF ENTRIES IN LOG BOOK	Not Done
Passing repair done after expiry of fitness during audit period	**₹2,70,950**

Particulars	A. Diesel filled but Log Book not presented					B. Diesel etc. purchased/ paid for but not entered in Log Book				
	Ltrs	Amount (₹)	Extra Items	Amount (₹)	Total Amount (₹)	Ltrs	Amount (₹)	Extra Items	Amount (₹)	Total Amount (₹)
(i) Diesel purchased / paid for which supporting Indents were signed from office side.	1180	74007	7	4705	78712	1405	89867	12	4945	94812
(ii) Diesel purchased/ paid but without supporting Indents	47	2999	1	263	3262	95	6056	Nil	Nil	6056
(iii) Diesel purchased/ paid but on the basis of Indents not signed from Office Side	Nil	Nil	Nil	Nil	Nil	4113.75	329434	2	580	330014
Total	1227	77006	8	4968	81974	5613.75	425357	14	5525	430882

Particulars	C. Diesel entered in Log Book but Vehicle was under Repair					D. Diesel entered in Log Book but no Journey Recorded				
	Ltrs	Amount (₹)	Extra Items	Amount (₹)	Total Amount (₹)	Ltrs	Amount (₹)	Extra Items	Amount (₹)	Total Amount (₹)
(i) Diesel purchased / paid for which supporting Indents were signed from	Nil	Nil	Nil	Nil	Nil	195.51	16586	1	300	16886

office side.										
(ii) Diesel purchased/ paid but without supporting Indents	Nil	Nil	Nil	Nil	Nil	0	0	0	0	0
(iii) Diesel purchased/ paid but on the basis of Indents not signed from Office Side	1261	91586	6	2624	94210	582.37	41928	1	290	42218
Total	**1261**	**91586**	**6**	**2624**	**94210**	**777.88**	**58514**	**2**	**590**	**59104**

E. Diesel paid/Purchased for without supporting Indents {Other than those included in above A(ii), B(ii) & C(ii)}					**F. Diesel paid/Purchased for on the basis of Indents not signed from Office Side {Other than those included in above A(iii), B(iii) & C(iii)}**				
Ltrs	**Amount (₹)**	**Extra Items**	**Amount (₹)**	**Total Amount (₹)**	**Ltrs**	**Amount (₹)**	**Extra Items**	**Amount (₹)**	**Total Amount (₹)**
575	36653	6	2425	39078	1313.3	92724	1	290	93014

1. एम–परिवहन ऐप के अनुसार यह वाहन 12.12.2017 तक पास था, जबकि इसका बीमा 30.08.2023 तक वैध है, परन्तु लॉग बुक के अनुसार यह वाहन 26.01.2022 के बाद नहीं चलाया गया था। इस प्रकार, वाहन को चार साल से अधिक समय से यानी 31.12.2017 से दिनांक 26.01.2022 तक गैरकानूनी ढंग से चलाया गया। दिनांक 26.01.2022 के बाद से वाहन पर बीमा के लिए किया गया भुगतान निम्न तालिका अनुसार है जबकि प्रीमियम का भुगतान भी वर्ष 2022–23 में ₹9510 से बढ़कर ₹18507 हो गया।

Year	**Insurance Premium paid (₹)**	**Name of firm**	**Voucher No. With date**	**CBP & date**	**Remarks**
2020-21	9510	Reliance General Insurance	Not mentioned dt. 19.08.20	17 dt. 19.08.20	
2021-22	9510		50 dt.	24 dt.	

			26.08.21	26.08.21	
2022-23	18507		45 dt. 29.08.22	76 dt. 29.08.22	As per Vr. Premium paid for HP-71-1736 while position is otherwise as per M.Parivahan and hence, included here as cover note not found in Voucher. May however, clarify the factual position.

2. वहीं दूसरी ओर पासिंग की मुरम्मत के लिए निम्न तालिका में दिए गए विवरण के अनुसार ₹2,70,950 का भुगतान अंकेक्षण अवधि के दौरान किया गया था, परन्तु निम्न तालिका के क्रम संख्या 1 में वर्णित प्रसंग में इस मुरम्मत के लिए सम्बन्धित यात्रा को भी सत्यापित नहीं किया जा सका क्योंकि सम्बन्धित लॉग बुक अंकेक्षण को प्रस्तुत नहीं की गई थी जबकि क्रम संख्या 2 में वर्णित प्रसंग में बिल की तिथि से लगभग एक मास पूर्व तक की अवधि तक लोग बुक में मुरम्मत के लिए पौनटा साहिब हेतु यात्रा दर्ज़ नहीं पाई गयी तथा ऐसी परिस्थिति में अनियमित भुगतान की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता। अत: इस प्रसंग में वस्तुस्थिति स्पष्ट की जाये :-

Sr. No.	Cash Book Page / Date	Voucher No. with date	Amount (₹)	Bill No. & Date /Name of Firm	Work Order No./Supply Order & Date	Stock Register Pg. No. as per Voucher	Log Book Page no./ Period of Repair as per log Book	Remarks
(i)	72/ 16-08-2019	17/ 17-08-19	123671 passed for Rs. 122000	6922/ 13-03-19/ Guru Nanak auto traders, ManiMajra	नि0न0प0 नाहन/–2 019–508 07-02-2019	3 & 4 Entry confirmed	Not Produced for the related Period/ Not Clear	1. Vehicle Passed upto 13/12/2017 only 2. Log book related to repair and maintenance period not provided 3.Quotation were Photo copies

(ii)	19.09.20/ 46	Not mentioned dt. 19.09.20	148950 out of Rs. 162540	9714,9715,9716 & 9717 Dated 25-07-20 for Rs. 148950 of Uttam Motors, Paonta	Missing	8	No journey to Paonta as per Log Book during the period w.e.f. 11.06.20 to 25.07.20	1. Vehicle Passed upto 13/12/2017 only 2. Work order missing 3. Entry of Repair not Found in Page No. 8 of Stock Register as Stated on the Bill. Otherwise also not found recorded. 4. Quotations also found missing in Voucher 5. It has also been indicated that Vehicle did not ply w.e.f. 26.07.20 at Page -62 of Log Book
		Total	**270950**					

3. अंकेक्षण दिनांक 24.08.2019 से बाद की अवधि से सम्बन्धित लॉग बुक ही प्रस्तुत की गई थी। दिनांक 01.04.2019 से 24.08.2019 तक की अवधि के लिए लॉग बुक मौखिक रूप से तथा

अंकेक्षण ज्ञापन सं0 56 दिनांक 13.07.2023, 65 दिनांक 31.07.2023 तथा मेमो नंबर 67 दिनांक 08.08.2023 के माध्यम से बार–बार मांगे जाने के बावजूद अंकेक्षण को उपलब्ध नहीं कराई गई थी। परिणामस्वरूप **परिशिष्ट–40 भाग ए** में दिए गए विवरण के अनुसार 1227 लीटर डीजल और अतिरिक्त सामग्री की ₹81974 की खरीद से सम्बन्धित भुगतान की सत्यता की जाँच अंकेक्षण के दौरान नहीं हो सकी। ऐसी परिस्थितियों में किसी भी अनियमितता की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। इस परिशिष्ट के क्रम संख्या 26 पर इंडेंट जो ड्राइवर द्वारा हस्ताक्षरित नहीं पाया गया था, उसे पैरा संख्या 16.4.6 में वर्णित प्रकरणों में भी शामिल किया गया है।

4. ओडोमीटर के अनुसार इस वाहन की किलोमीटर रीडिंग भी लॉग बुक में दर्ज नहीं पाई गई थी, जबकि दिनांक 24.02.2020 के बाद परन्तु दिनांक 01.10.2020 से पूर्व (पेज संख्या 37 से 80) जिसमें बीच–बीच में कोई भी यात्रा न करने के प्रकरण भी शामिल है तथा तत्पश्चात दिनांक 01.03.2021 से 24.05.2021 (पेज 93 से 103) में की गई यात्रा के किलोमीटर को भी लॉग बुक में दर्ज नहीं किया गया है। इसलिए, अंकेक्षण के दौरान यह सत्यापित नहीं हो सका कि वाहनों की यात्रा/ आवाजाही और ड्राइवरों की गतिविधियों पर कार्यालय द्वारा नियन्त्रण कैसे किया गया था।

5. प्रत्येक माह के अंत में वाहन की औसत ईंधन खपत की गणना नहीं की गई थी और न ही वाहन के निर्धारित औसत के बारे में कोई जानकारी अंकेक्षण को को प्रदान की गई थी। अंकेक्षण ज्ञापन सं0 58 दिनांक 18.07.2023 द्वारा इस बारे अंकेक्षण को अवगत करवाने हेतु आग्रह किया गया था, परन्तु इस सम्बन्ध में अंकेक्षण को कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।

6. लॉग बुक को संबंधित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा सत्यापित भी नहीं किया गया है।

7. लॉग बुक में आपूर्तिकर्ता की ओर से दिनांक 25.08.2019 से 31.12.2019 (पेज–1 से 26), 26.04.2020 से 22.07.2021 (पेज–50 से 111), 09.12.2021 से 26.01.2022 (पेज–130 से 132) स्टाम्प भी अंकित नहीं थे लॉग बुक पृष्ठ– 121 एवं 125 पर खाली स्टाम्प भी दर्ज पाए गए, इस प्रकार आपूर्तिकर्ता के स्तर पर बरती गई कोताही कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही के अभाव में जारी रही तथा ऐसी स्थिति में किसी भी अनियमितता की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता।

8. लॉग बुक में दिनांक 27.08.20 के उपरान्त पृष्ठ 64 (आधो के बाद) से पृष्ठ–77 भी खाली पाए गए।

9. **परिशिष्ट 40 भाग बी** में दिए गए विवरण के अनुसार 5613.75 लीटर डीजल और अन्य सामग्री जो ₹4,30,882 में खरीदी गई थी, लॉग बुक में दर्ज नहीं पाए गई इसमें से 95 लीटर डीजल ₹6056 के लिए इंडेंट रिकॉर्ड में गायब पाए गए थें, जबकि ₹3,30,014 का 4113.75 लीटर डीजल और अन्य सामग्री की खरीद कार्यालय की ओर से बिना हस्ताक्षर किए गए इंडेंट के आधार पर की गई थी। कार्यालय की ओर से समर्थित इन्डेन्ट पर हस्ताक्षर किए बिना और लॉग बुक में

सम्बन्धित प्रविष्टियों के बिना सम्बन्धित बिलों को पारित करना इस सम्बन्ध में कार्यालय की ओर से नियन्त्रण की अनुपस्थिति को दर्शाता है तथा ऐसी परिस्थितियों में बड़े स्तर पर नगर परिषद् निधि के दुर्विनियोजन की सम्भावना से इंकार नहीं किया जा सकता ।

10. लॉग बुक में पृष्ठ संख्या 85 पर दर्ज प्रविष्टि के अनुसार यह वाहन दिनांक 04.11.2020 से 07.01.2021 से खडा/मुरम्मत के अधीन था। वाहन 07.01.2021 को मुरम्मत के लिए पांवटा चला गया, लेकिन पांवटा से वापसी की यात्रा की कोई अलग प्रविष्टि लॉग बुक में दर्ज नहीं पाई गई और दर्ज की गई अगली प्रविष्टि दिनांक 09.01.2021 की थी जब वाहन ने चंडीगढ़ की यात्रा की थी। **परिशिष्ट–40 भाग सी** में दिए गए विवरण के अनुसार 1261 लीटर डीजल और अन्य सामग्री की ₹94,210 में भुगतान उपरोक्त अवधि अर्थात 04.11.2020 से 07.01.2021 के दौरान किया गया था जिनके वाहन के खडा/मुरम्मत के अधीन होने के दृष्टिगत फर्जी होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इसके अतिरिक्त अंकेक्षण को मुरम्मत के सम्बन्ध में प्रस्तुत जानकारी के अनुसार, इस वाहन की मुरम्मत निम्नलिखित तालिका में दिए गए विवरण के अनुसार 07.12.2020 को की गई थी और इस प्रकार, सम्बन्धित रिकॉर्ड (अर्थात लॉग बुक में मुरम्मत हेतु दर्शायी गई यात्रा की तिथि तथा मुरम्मत के बिलों की तिथि) भी मेल नहीं खाता है और वास्तविक स्थिति का सत्यापन अंकेक्षण के दौरान नहीं हो सका। अतः इस सम्बन्ध में वस्तुस्थिति स्पष्ट किया जाना वांछित है।

Cash Book Page / Date	Voucher No. with date	Amount (₹)	Bill No. & Date /Name of Firm	Work Order No./Supply Order & Date	Stock/ Maintenance Register Pg No. as per Voucher	Log Book Page no./ Period of Repair as per log Book	Audit Observation
7/ 09-04-21	23, 23A & 23B Dated 09-04-2021	9450 out of 47300 I/c in RTGS	9733/07-12-20/ Uttam Motors, Paonta	Missing	HP-18-4981 Pg No. 8	85/ 04-11-2020 to 07-01-2021	No Work order & Vehicle was under repair from 04-11-2020 to 07-01-2021 but no log book entries from 29-10-20 to 04-11-20 & on 08-01-2021 besides the above period of repair

11. **परिशिष्ट–40 भाग–डी** में दिए गए विवरण के अनुसार 777.88 लीटर डीजल और अन्य सामग्री ₹59104 में खरीदी गई तथा लॉग बुक में दर्ज पायी गयी परन्तु लॉग बुक में इस सम्बन्ध में कोई यात्रा दर्ज नहीं मिली। इसमें से 582.37 लीटर डीजल और अन्य सामग्री के लिए ₹42,219 की खरीद से सम्बन्धित इन्डेन्ट कार्यालय की ओर से हस्ताक्षरित भी नहीं थें। इससे यह प्रतीत होता है कि लॉग बुक में प्रविष्टियाँ केवल औपचारिकता के लिए दर्ज की गई थीं तथा ऐसे में अनियमितता की सम्भावना से इंकार नहीं किया जा सकता क्योकि वास्तव में डीजल की खरीद की गई थी अथवा नहीं संदिग्ध प्रतीत होता है तथा यात्रा के अभाव में डीजल की आवश्यकता/खरीद न्याय संगत प्रतीत नहीं होती।

12. **परिशिष्ट–40 भाग–ई और एफ** में दिए गए विवरण के अनुसार 575 लीटर डीजल और अन्य सामग्री ₹39078 में खरीदी गई परन्तु इस से सम्बन्धित इंडेंट वाउचर के साथ संलग्न नहीं थे। 1313.3 लीटर डीजल और अन्य सामग्री की खरीद के लिए ₹93014 भुगतान किया गया परन्तु इंडेंट कार्यालय की ओर से हस्ताक्षरित नहीं थे। यह कार्यालय की ओर से नियंत्रण की पूर्ण अनुपस्थिति को दर्शाता है।

13. निम्न तालिका अनुसार इस वाहन की मुरम्मत और रख–रखाव से सम्बन्धित बिलों ₹37,980 के व्यय की जाँच पर पाया गया कि मुरम्मत पांवटा में की गई थी परन्तु लॉग बुक की जाँच करने पर लॉग बुक में पांवटा की कोई यात्रा दर्ज नहीं की गई थी तथा इस कारण निम्न मुरम्मत कार्य की सत्यापना अंकेक्षण के दौरान नहीं हो पाई तथा ऐसी परिस्थिति किसी भी अनियमितता की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता । अतः संस्था की ओर से वस्तुस्थिति स्पष्ट करना वांछित है।

Sr. No.	Date/ Page as per CashBook	Vr. No. with date	Name Of firm	Amount (₹)	Bill No. & Date	Maintenance Register Pg No. as per Voucher	Audit Observation
(i)	24.06.20 / 65	Not mentioned dt. 24.06.20	Mahima Motors, Paonta Sahib	3505 out of Rs. 9712	583/10-10-19	P- 6	1. Work order missing 2. As per Log Book no Journey to Paonta Sahib during the period w.e.f. 01.10.2019 to 10.10.19 (Log Book Page-10 & 11) 3. Journey to Shimla is recorded for 10.10.2019
(ii)	08.06.21/ 58	22 dt. 08.06.21	Uttam Motors, Paonta	17525	9752-9753 dt.04.04.21	P-8 & 9	1. Work order missing 2. As per Log Book no Journey to Paonta Sahib during the period w.e.f.

							12.03.21 to 04.04.21 Log Book Page 95 to 98
(iii)	16.03.22/ 32	35 dt. 15.03.22	Uttam Motors, Paonta	16950 Out of Rs. 60091	9767 dt. 07.06.21	P10	1. Work order missing 2. As per Log Book no Journey to Paonta Sahib during the period w.e.f. 12.05.21 to 07.06.21 Log Book Page 103-106
			Total	**37980**			

(v) वाहन संख्या एच0पी0–18–4781: डम्पर प्लेसर के संचालन हेतु राशि (₹257439 + ₹442577 + ₹360454 + ₹73297) =₹1133767/– का सम्भावित अनियमित भुगतानः–

HP-18-4781 (Dumper Placer)					
.1	**Vehicle Registered on**	26-11-1998	**2.**	**Average fixed per litre of Diesel**	Not intimated
3.	**Fitness valid upto**	09-04-2019	**4.**	**Odometer Readings in Log Book**	No
5.	**Vehicle plied upto as per Log Book**	21-01-2022	**6.**	**KMs NOT indicated in Log Book (Page ref)**	01-04-2019 to 29-02-2020 (Page No. 60 to 114)
7.	**Insurance upto**	30-08-2023	**8.**	**Premium paid after expiry of Fitness**	Yes
DRIVER AS PER LOG BOOK			(i) No Entry of drivers: 01-04-2019 to 30-06-2019 (ii) Sh. Narender Kumar: 01-07-2019 to 05-03-2020 (iii) No Entry of Drivers: 06-03-2020 to 30-10-2020 (iv) Sh. Narender Kumar: 01-11-2020 to 31-07-2021 (v) Sh. Rocky & Sh. Narender Kumar: 01-08-2021 to 11-09-2021 (vi) No Entry of Drivers: 12-09-2021 to 30-09-2021 (vii) Sh. Narender Kumar: 01-10-2021 to 17-10-2021 (viii) No entry of Drivers: 19-10-2021 to 10-11-2021 (ix) Sh. Narender Kumar: 11-11-2021 to 21-01-2022		
VERIFICATION OF ENTRIES IN LOG BOOK			Only w.e.f. 01.08.2021 to 21.01.2022 intermittently by Sh. Ahsan Ahmed, Helper		
Passing repair done after expiry of fitness during audit period			**₹2,57,439**		

Particulars	A. Diesel etc. purchased/ paid for but not entered in Log Book				
	Ltrs	Amount (₹)	Extra Items	Amount (₹)	Total Amount (₹)
(i) Diesel purchased / paid for which supporting Indents were signed from office side.	100	6424	Nil	Nil	6424
(ii) Diesel purchased/ paid but without supporting Indents	57	4016	Nil	Nil	4016
(iii) Diesel purchased/ paid but on the basis of Indents not signed from Office Side	5424.74	418922	20	13215	432137
Total	**5581.74**	**429362**	**20**	**13215**	**442577**

B. Diesel paid/Purchased for without supporting Indents {Other than those included in above A(ii),					C. Diesel paid/Purchased for on the basis of Indents not signed from Office Side {Other than those included in above A(iii)}				
Ltrs	Amount (₹)	Extra Items	Amount (₹)	Total Amount (₹)	Ltrs	Amount (₹)	Extra Items	Amount (₹)	Total Amount (₹)
355	24726	6	6820	31546	4789.28	358894	6	1560	360454

1. एम–परिवहन ऐप अनुसार यह वाहन 09.04.2019 तक पास था, जबकि इसका बीमा 30.08.2023 तक वैध है, परन्तु लॉग बुक के अनुसार यह वाहन 22.01.2022 के बाद नहीं चलाया गया था। इस प्रकार, वाहन को दो साल से अधिक समय से यानी 09.04.2019 के पश्चात से गैर कानूनी ढंग से चलाया जा रहा था। दिनांक 22.01.2022 के बाद से वाहन पर बीमा के लिए किया गया भुगतान निम्न तालिका अनुसार है जबकि प्रीमियम का भुगतान वर्ष 2022–23 में ₹9510 से बढ़कर ₹18507 हो गया।

Year	Insurance Premium paid (₹)	Name of firm	Voucher No. With date	CBP & date
2019-20	9510	Reliance General Insurance	40 dt.23.08.19	79 dt. 23.08.19
2020-21	9510		Not	17 dt. 19.08.20

			mentioned dt. 19.08.20	
2021-22	9510		50 dt. 26.08.21	24 dt. 26.08.21
2022-23	18507		45 dt. 29.08.22	76 dt. 29.08.22

2. अंकेक्षण को प्रस्तुत जानकारी के अनुसार अंकेक्षण अवधि के दौरान इस वाहन की पासिंग मुरम्मत के लिए निम्न तालिका में दर्शाए गये विवरण अनुसार ₹257439/– की राशि व्यय की गई थी, जोकि न्यायोचित प्रतीत नहीं होती क्योंकि वाहन दिनांक 09.04.2019 के बाद सक्षम प्राधिकारी द्वारा पास नहीं करवाया गया था। तालिका के क्रम संख्या 1 पर बिल के मामले में बिलों की फोटोकॉपी पारित की गई थी जिसमें आहरण व वितरण अधिकारी द्वारा नियमानुसार वाँछित प्रमाण पत्र भी अंकित नहीं थे। अतः इस व्यय को पूर्ण अभिलेख सहित न्यायोचित ठहराया जाए अन्यथा इस प्रसंग में किसी भी अनियमितता की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता।

Sr. No.	Cash Book Page / Date	Voucher No. with date	Amount (₹)	Bill No. & Date /Name of Firm	Work Order No./Supply Order & Date	Maintenance Register Pg No. as per Voucher	Log Book Page no./ Period of Repair as per log Book	Remarks
(i)	23/ 10-10-2019	Voucher no. not Mentioned/ 11-10-19	60389 out of 114111	208, 209,210,211, 212 & 213 Dated-10-06-2019/ M/s Mahima motors, Paonta Sahib	Missing	25,26,27 & 28	72/ 01-06-2019 to 12-06-2019	1. HP-18-4781 passed upto 09/04/2019 2. Work order Missing and **Photocopy Bills**
(ii)	76/ 03-07-20	Not Mentioned/ 03-07-20	107050	9694-9697/15-06-2020/M/s Uttam motors Paonta	Missing	30,31&32	127 to 129/ 12/05/2020 to 15/06/2020	1. HP-18-4781 passed upto 09/04/2019 2. Page No. 128 in Log Book left Blank
(iii)	91/ 29-10-21	Not Mentioned	90000	9777,9778,9779,9780/ 06-09-21/ M/s Uttam Motors, Paonta (Bill Amount Rs. 98750 passed for Rs. 90000)	कनि0 अभि0न0पा0प0 ना0– 1650 23.08.2021	37	5 to 7/ 21-08-21 to 04-09-21	HP-18-4781 passed upto 09/04/2019
		Total	**2,57,439**					

3. वाहन के ओडोमीटर के अनुसार किलोमीटर रीडिंग भी लॉग बुक में दर्ज नहीं पाई गई थी तथा दिनांक 01.04.2019 से 29.02.2020 (पेज नं. 60–114)। की अवधि के दौरान लॉग बुक में यात्रा के किलोमीटर भी दर्ज नहीं किए गए थे। अतः अंकेक्षण को स्पष्ट किए जाए कि ऐसे परिदृश्य में वाहन की आवाजाही और ड्राइवरों की गतिविधियों पर नियन्त्रण कैसे किया गया था।

4 अंकेक्षण ज्ञापन सं0 58 दिनांक 18.07.2023 के माध्यम से विशेष रूप से पूछे जाने उपरान्त भी डीजल का निर्धारित औसत भी से अंकेक्षण को सूचित नहीं किया गया। यद्यपि वाहन में डीजल में डीजल की औसत खपत बीच–बीच में विभिन्न अन्तराल पर दर्ज पाई गई परन्तु इस औसत में टैंक में डीजल के अन्तशेष को सम्मिलित नहीं किया गया था जिस कारण औसत निकलने का कोई औचित्य प्रतीत नहीं होता। वहीं दूसरी ओर लॉग बुक की जांच के दौरान यह भी देखा गया कि इस अवधि के दौरान यात्राओं की संख्या और यात्रा की गई दूरी के साथ छेड़छाड़/ओवरराइटिंग की गई थी। **परिशिष्ट–41** में दिए गए विवरण के अनुसार– दिनांक 01.10.2021 से 31.01.2022 तक लॉग बुक में कटिंग औसत को कम करने और डीजल की अधिक खरीद को समायोजित करने के इरादे से की गई प्रतीत होती है जिसे न्यायोचित ठहराया जाए अन्यथा निम्न विवरणानुसार यह ₹46760 का दुर्विनियोजन किया गया प्रतीत होता है :–

Month	**Number of Kilometers raised by overwriting the original entry**	**Average mileage as per Log Book**	**Average Rate of Diesel during this period**	**Suspected Pilferage (₹)**
October, 21	130	3.44(appx) k.m. per litre	₹83 (appx)	**₹46760**
November, 21	458			
December, 21	1040		**"C"**	**"A" / "B" x "C"**
January, 22	310	**"B"**		
Total	**1938 'A'**			

5. नगर परिषद् कार्यालय की ओर श्री अहसान अहमद, सहायक द्वारा लॉग बुक का सत्यापन दिनांक 01/08/2021 से 21/01/2022 तक किया गया था, जबकि लॉग बुक पूर्ण रूप से सक्षम अधिकारी/कर्मचारी द्वारा सत्यापित नहीं की गई थी।

6. **परिशिष्ट–42 भाग ए में** दिए गए विवरण के अनुसार ₹4,42,577 के 5581.74 लीटर डीजल और अन्य सामग्री लॉग बुक में दर्ज नहीं पाए गए थे। इसमें से ₹4016 के 57 लीटर डीजल के लिए इन्डेन्ट रिकॉर्ड में संलग्न नहीं पाए गए थे, जबकि ₹4,32,137 के 5424.74 लीटर डीजल और अन्य सामग्री की खरीद कार्यालय की ओर से हस्ताक्षरित न किए गए इन्डेन्ट के आधार पर की गई थी। समर्थित इन्डेन्ट के बिना तथा कार्यालय की ओर से बिना समर्थित हस्ताक्षर किए

इन्डेन्ट के आधार तथा लॉग बुक में सम्बन्धित प्रविष्टियों के बिना सम्बन्धित बिलों को पारित करना इस सम्बन्ध में कार्यालय की ओर से नियन्त्रण की अनुपस्थिति को दर्शाता है और ऐसी परिस्थितियों में बड़े पैमाने पर नगर परिषद् निधि से दुर्विनियोजन की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता।

7. उपरोक्त के अतिरिक्त **परिशिष्ट–42 भाग–बी और सी** में दिए गए विवरण के अनुसार ₹31546/–में खरीदे गए 355 लीटर डीजल और अन्य सामग्री से सम्बन्धित इन्डेन्ट वाउचर के साथ संलग्न नहीं थे। ₹360454 मे खरीदे गए 4789.28 लीटर डीजल और अन्य सामग्री की खरीद के लिए इन्डेन्ट कार्यालय की ओर से हस्ताक्षरित नहीं पाए गए थे। यह प्रकरण कार्यालय की ओर से नियन्त्रण की पूर्ण अनुपस्थिति को दर्शाता है।

8. इस वाहन की मुरम्मत और रख–रखाव से सम्बन्धित अभिलेखों की जाँच में पाया गया कि निम्नलिखित ₹73297 के बिलों अनुसार वाहन की मुरम्मत पांवटा में की गई थी, परन्तु लॉग बुक की जाँच करने पर इस उद्देश्य के लिए लॉग बुक में लगभग एक मास पूर्व तक कोई सम्बन्धित यात्रा दर्ज नहीं की गई थी। अतः ऐसे में यह भुगतान वास्तविक प्रतीत नहीं होते तथा इन्हें ठोस कारणों से न्यायोचित ठहराया जाए अन्यथा इस प्रसंग में किसी भी अनियमितता की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता :–

Sr. No.	Date/ Page as per CashBook	Vr. No. with date	Name Of firm	Amount (₹)	Bill No. & Date	Maintenance Register Pg No. as per Voucher	Audit Observation
(i)	24.06.20 / 65	Not mentioned dt. 24.06.20	Mahima Motors, Paonta Sahib	6207 Out of ₹ 9712	650 dt. 08.11.19	P-28	1. Work order missing 2. As per Log Book no Journey to Paonta Sahib during the period w.e.f. - 19.10.19 to 08.11.19 (Log book Page -94 to 97)
(ii)	19.09.20/ 46	Not mentioned dt. 19.09.20	Uttam Motors, Paonta	13590 out of ₹162540	9719 dt. 28.08.20	P-33	1. Work order missing 2. As per Log Book no Journey to Paonta Sahib during the period w.e.f. - -01.08.20 to 28.08.20(Log book Page -138 to 141)

(iii)	09.04.21/ 7	23 & 23 A dated 08.04.21	Uttam Motors, Paonta	37850 (17000+20850)	9737 dt.11.12.20 & 9734 dt.11.12.20	P-34	1. Work order missing 2. As per Log Book no Journey to Paonta Sahib during the period w.e.f. 19.11.20 to 11.12.20 (Log book Page -154 to 158)
(iv)	08.06.21/ 58	23 dt. 08.06.21	Uttam Motors, Paonta	15650	9759 dt.15.04.21	P-35	1. Work order missing 2. As per Log Book no Journey to Paonta Sahib during the period w.e.f. 25.03.21 to 15.04.21(Log book Page -175 to 178)
			Total	**73297**			

9. निम्नलिखित बिल का भुगतान मुरम्मत और रख–रखाव रजिस्टर में दर्ज नहीं पाया गया है। अतः रजिस्टर में प्रविष्टि सुनिश्चित किए बिना बिल पारित करने को उचित ठहराया जाए:

Date/ Page as per Cash Book	**Vr. No. with date**	**Name Of firm**	**Amount (₹)**	**Bill No. & Date**	**Maintenance Register Pg No. as per Voucher**	**Remarks**
11.02.20/ 47	Not mentioned	Technic Fabrications, Mohali, Kurali	53596 out of Rs. 109433	349 dated 04.02.20	Not entered	It also appears that scanned copy of the bill has been passed and original bill has not been found on record.

(vii) **वाहन संख्या एच0पी0–71ए–2423 के संचालन हेतु राशि (₹703 +₹5294 + ₹7515 + ₹3310)= ₹16822 का सम्भावित अनियमित भुगतानः–**

HP-71A-2423 (T-7331) Auto-Light Goods Vehicle (LGV)					
1.	**Vehicle Fitness upto**	28-01-24	2.	**Insurance upto**	27-06-23
3.	**Average fixed per litre of Diesel**	Not intimated	4.	**Odometer Readings indicated in Log Book**	Yes

Name of Driver & Log Book Verification	Sh. Sachin & No Log Book Verification found recorded

Diesel filled when vehicle was under repair "X"

Period	Bill No. /Date/Supplier and Voucher No. With date	Indent No. /Date	Diesel in Ltrs	Amount (₹)	Other items, if any	Amount (₹)	Total (₹)
18-09-21 to 25-09-21	7700/24-09-21/Sahotra HPCentre, Nahan Log Book **Page No.- 24-25 / included at Sr. No. 26 in Vr. No. 48 of 11/21 dated 18.11.21 passed for Rs. 92891**	1378/ 24-09-21	8	**703**	-	-	**703**

A. Diesel etc. purchased/ paid for but not entered in Log Book						**B. Diesel entered in Log Book but no Journey Recorded**		
Particulars	**Ltrs**	**Amount (₹)**	**Extra Items**	**Amount (₹)**	**Total Amount (₹)**	**Period**	**Ltrs**	**Amount (₹)**
(i) Diesel purchased / paid for which supporting Indents were signed from office side.	6	529	-	-	529	27.06.22 to 30.09.22	56	4632
(ii) Diesel purchased/ paid but without supporting Indents	Nil	Nil	Nil	Nil	Nil		8	662
(iii) Diesel purchased/ paid but on the basis of Indents not signed from Office Side	39.34	3372	1	1424	4796		Nil	Nil
Total	**45.34**	**3901**	**1**	**1424**	**5325**		**64**	**5294**

C. Diesel purchased / paid for without supporting Indents {Other than those included in A (ii) & B (ii) above, if any}		D. Diesel purchased / paid for on the basis of Indents not signed from Office Side {Other than those included in A(iii) & B(iii) above, if any}	
Ltrs	Amount (₹)	Ltrs	Amount (₹)
14	1194	92.9	7515

1. लॉग बुक में दर्ज यात्रा को सक्षम अधिकारी/कर्मचारी द्वारा सत्यापित नहीं किया गया था। इस सम्बन्ध में अधिकृत अधिकारी/कर्मचारी बारे अंकेक्षण ज्ञापन सं0 65 दिनांक 31.07.2023 द्वारा विशेष रूप से पूछे जाने उपरान्त भी अंकेक्षण को जानकारी प्रदान नहीं की गई।

2. प्रत्येक माह के अंत में डीजल की औसत खपत की गणना नहीं की गई थी। अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 58 दिनांक 18.07.2023 के माध्यम से पूछे जाने के उपरान्त इस वाहन के सम्बन्ध में निर्धारित औसत की जानकारी अंकेक्षण को प्रस्तुत नहीं की गई। अतः अंकेक्षण के दौरान वाहन की यात्राओं और उसके परिणामस्वरूप डीजल की खपत पर नियन्त्रण कैसे किया जा रहा था उसकी सत्यापना अंकेक्षण के दौरान नहीं हो पाई।

3. लॉग बुक से पृष्ठ सं0 17, 18 एवं 33 गायब पाये गये।

4. उपरोक्त तालिका "X" में दिए गए विवरण के अनुसार डीजल का ₹703 का बिल अनियमित प्रतीत होता है क्योंकि वाहन की लॉग बुक के पृष्ठ संख्या 24–25 पर दर्ज प्रविष्टियों के अनुसार तथा बिल संख्या RBR221000768 दिनांक 25.09.2021 ₹5244 स्नोव्यू ऑटोमोबाइल्स, पांवटा जिसका भुगतान वाउचर नंबर 11 दिनांक 02.11.21 (रोकड़ बही पृ0सं0–97 दिनांक 02.11.2021) के माध्यम से किया गया था, के अनुसार दिनांक 18.09.2021 से 25.09.2021 तक वाहन की पांवटा में मुरम्मत चल रही थी। जबकि डीजल 24.09.2021 को नाहन में भरा बताया गया है। अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 70 दिनांक 23.08.2023 द्वारा अंकेक्षण ने ठोस कारणों के साथ इसे उचित ठहराने का आग्रह किया था, परन्तु कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ था।

5. **परिशिष्ट–43 भाग–ए** में दिए गए विवरण के अनुसार डीजल तथा अन्य सामग्री ₹5325 द्वारा जून, 2021 में मैसर्स जैन हाई टेक फिलिंग स्टेशन, नाहन से खरीदी गई परन्तु इसे लॉग बुक में दर्ज नहीं किया गया था। डीलर की ओर से स्टाम्प भी लॉग बुक में अंकित नहीं थी, जिससे संदेह होता है कि क्या ये वास्तव में खरीदे गए थे अथवा नहीं। इस खरीद में से ₹4,796 के डीजल आदि की खरीद के वह इन्डेन्ट भी शामिल है जिन्हें कार्यालय की ओर से हस्ताक्षरित नहीं किया गया था तथा केवल ड्राइवर द्वारा हस्ताक्षरित हैं जो कार्यालय की ओर से नियन्त्रण की कमी का एक और उदाहरण है। अंकेक्षण ज्ञापन सं0 65 दिनांक 31.07.2023 द्वारा अंकेक्षण ने

ठोस कारणों के साथ इसे उचित ठहराने का आग्रह किया था, परन्तु कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ था।

6. परिशिष्ट (43 भाग बी में दिए गए विवरण के अनुसार 27.06.2022 से 30.09.2022 के बीच खरीदी गई ₹5294 की राशि के 64 लीटर डीजल खरीद की प्रविष्टि लॉग बुक में तो दर्ज पाई गई है, परन्तु इस अवधि में कोई यात्रा लॉग बुक में दर्ज नहीं पाई गई। **परिशिष्ट –43 भाग–बी** के क्रम संख्या 5 में उल्लेखित विवरण अनुसार मैसर्स सहोत्रा एचपी सेंटर, नाहन का एक बिल नंबर 7026 दिनांक 22.09.22 शामिल है, जो इन्डेन्ट नंबर 2854 दिनांक 21.09.2022 के विरूद्ध डीजल के क्रय हेतु जारी किया गया था विशेष रूप से अनियमित प्रतीत होता है क्योंकि लॉग बुक के पृष्ठ–59 पर दर्ज प्रविष्टियों के अनुसार दिनांक 22.08.2022 और 24.09.2022 के दौरान वाहन की मुरम्मत पांवटा में चल रही थी जबकि डीजल 22.09.22 को नाहन में भरवाया गया। यह मुरम्मत का कार्य बिल संख्या RBR231001025 दिनांक 22.09.2022 ₹2071 मैसर्स स्नोव्यू ऑटोमोबाइल्स, पांवटा से करवाया गया था, जिसका भुगतान वाउचर नंबर 50 दिनांक 19.01.2023 (रोकड़ बही पृ0सं0–18 दिनांक 19.01.2023.) के माध्यम से किया गया था तथा लॉग बुक अनुसार नाहन को वापसी की यात्रा दिनांक 24.09.2022 को दर्शाई गई थी उपरोक्त ₹5294/– की राशि में 662 में 8 लीटर डीजल की बिना इन्डेन्ट के की गई खरीद भी शामिल है। जबकि उपरोक्त बिल संख्या 7026 सहित कुछ बिलों के मामलों में सेल्समैन के हस्ताक्षर भी गायब पाए गए, जैसा कि **परिशिष्ट–43 भाग–बी** के टिप्पणी कॉलम से स्पष्ट है। ऐसे में किसी भी अनियमितता की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता। अंकेक्षण ज्ञापन सं0 70 दिनांक 23.08.2023 द्वारा मुरम्मत के दौरान डीजल भरने को ठोस कारणों द्वारा अंकेक्षण ने इसे उचित ठहराने का आग्रह किया था, परन्तु कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ था। वहीं बिना यात्रा के डीजल का क्रय भी न्यायोचित प्रतीत नहीं होता तथा इस सन्दर्भ में भी स्पष्टीकरण वाँछित है।

7. लॉग बुक में यात्राओं को दर्ज न करने की अवधि 25.04.2023 तक पाई गई । यानी लॉग बुक के पृ–57 से पृ–67 तक 10 महीने से भी अधिक अवधि तक तथा निम्न तालिका में दिए गए विवरण के अनुसार ₹3310 का डीजल भी लॉग बुक में दर्ज पाया गया है, हालांकि इनसे सम्बन्धित कोई भुगतान वाउचर अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया था, परिणामस्वरूप इनकी सत्यापना अंकेक्षण के दौरान सम्भव न हो सकी।

Sr. No.	Bill No. with date	Quantity of Diesel (in Ltrs)	Log Book Page No.	Amount (₹)
1.	8808 dt. 03.11.22	8	66	662
2.	8994 dt. 06.11.22	8	66	662

3.	9234 dt. 10.11.22	8	66	662
4.	9421 dt. 13.11.22	8	66	662
5.	9572 dt. 16.11.22	8	66	662
	Total	**40**		**3310**

8. उपरोक्त के अतिरिक्त **परिशिष्ट–43 भाग–सी एवं डी** में दिए गए विवरण के अनुसार ₹1194 में खरीदे 14 लीटर डीजल से सम्बन्धित इन्डेन्ट भुगतान वाउचरर्स के साथ संलग्न नहीं थे तथा 92.9 लीटर डीजल की खरीद के लिए इन्डेन्ट ₹7515 कार्यालय की ओर से हस्ताक्षरित नहीं थे। यह स्थिति कार्यालय की ओर से नियन्त्रण की पूर्ण अनुपस्थिति को दर्शाती है।

(viii) **वाहन संख्या एच0पी0–71ए–2419 के संचालन हेतु राशि (₹640 + ₹3864 + 3091 + 2046)= ₹9641का सम्भावित अनियमित भुगतानः–**

Vehicle No.- HP-71A-2419(T-7332)- Auto-Light Goods Vehicle (LGV)					
1	**Vehicle Fitness upto**	28-01-24	2.	**Insurance upto**	27-06-23
3.	**Average fixed per litre of Diesel**	Not intimated	4.	**Odometer Readings indicated in Log Book**	Yes
Name of Driver & Log Book Verification		Neither signed by Driver nor Log Book Verification found recorded			

Diesel filled when vehicle was stranded / under repair "X"

Period	**Bill No. /Date/ supplier / Vr. No. with dated 7 value**	**Indent No. /Date**	**Diesel in Ltrs**	**Amount (₹)**	**Other items, if any**	**Amount (₹)**	**Total (₹)**
17.12.21 to 04.01.22	11685/ 22-12-21/Sahotra HP Centre, Nahan (Log Book P-45 to 47)/ **Included at Sr. No. 6 of Vr. No. 50 'A' dt. 30.05.22 passed for Rs. 25190**	6910 / 21.12.21	**8**	**640**	**-----**	**----**	**640**

A. Diesel etc. purchased/ paid for but not entered in Log Book

Particulars	**Ltrs**	**Amount (₹)**
(i) Diesel purchased / paid for which supporting Indents were signed from office side.	6	533
(ii) Diesel purchased/ paid but without supporting Indents	---	-----
(iii) Diesel purchased/ paid but on the basis of Indents not signed from Office Side	39.57	3331
Total	**45.57**	**3864**

B. **Diesel purchased / paid for without supporting Indents {Other than those included in A (ii) above, if any}**		C. **Diesel purchased / paid for on the basis of Indents not signed from Office Side {Other than those included in A(iii) above, if any}**	
Ltrs	**Amount (₹)**	**Ltrs**	**Amount (₹)**
23.7	**2046**	**37.84**	**3091**

1. अंकेक्षण को प्रस्तुत लॉग बुक पर न तो ड्राइवर द्वारा हस्ताक्षर किए गए हैं और न ही लॉग बुक में दर्ज यात्रा को सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा सत्यापित किया गया था। इस सम्बन्ध में अधिकृत अधिकारी/कर्मचारी के सम्बन्ध में अंकेक्षण ज्ञापन सं0 65 दिनांक 31.07.2023 द्वारा विशेष रूप से मांगे जाने के उपरान्त भी यह जानकारी को जानकारी प्रदान नहीं की गई।

2. प्रत्येक माह के अन्त में वाहन की औसत ईंधन खपत की गणना नही की गई थी और न ही वाहन के निर्धारित औसत के बारे में कोई जानकारी अंकेक्षण को को प्रदान की गई थी। अंकेक्षण ज्ञापन सं0 58 दिनांक 18.07.2023 द्वारा इस बारे अंकेक्षण को अवगत करवाने हेतु आग्रह किया गया था, परन्तु इस सम्बन्ध में अंकेक्षण को कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।

3. डीजल आपूर्तिकर्ता से स्टाम्पिंग दिनांक 17.04.2021 से 23.07.2021 तक लॉग बुक के पृष्ठ 3 से 21 पर दर्ज नहीं पाई गई।

4. तालिका "X" में दिए गए विवरण के अनुसार डीजल का ₹640 का बिल अनियमित प्रतीत होता है क्योंकि लॉग बुक के पेज–45 से 47 पर दर्ज प्रविष्टियों के अनुसार 17.12.2021 से 04.01.2022 तक वाहन एमसी कार्यालय, नाहन में खराब खडा हुआ था/पांवटा में मुरम्मत के अधीन था। डीजल 22.12.2021 को नाहन में भरा जाना बताया गया था पर जबकि वाहन 04.01.2022 को पांवटा से वापस आया परन्तु वहीं लॉग बुक के पृष्ठ–45 पर बिल संख्या 11685 पर आपूर्तिकर्ता की स्टॉम्प दिनांक 22.01.2022 की थी। सम्बन्धित मुरम्मत बिल संख्या RBR221001301 दिनांक 05.01.2022 ₹2071 मैसर्स स्नोव्यू ऑटोमोबाइल्स, पांवटा का था जिसका भुगतान वाउचर नंबर 51 दिनांक 28.01.2022 (रोकड़ बही पृ0 सं0–80 दिनांक 28.01.2022) के माध्यम से किया गया था। अतः विभिन्न अभिलेख/प्रविष्टियाँ आपस में मेल नहीं खाती तथा भुगतान अनियमित प्रतीत होता है ।

5. परिशिष्ट–44 भाग–ए में दिए गए विवरण के अनुसार डीजल तथा अन्य सामग्री ₹3864 में मैसर्स जैन हाई टेक फिलिंग स्टेशन, नाहन से खरीदी गई थी परन्तु लॉग बुक में दर्ज नहीं पाई गई। डीलर की ओर से स्टाम्प न होना तथा लॉग बुक में इसे दर्ज न करने से संदेह पैदा होता है कि क्या ये वास्तव मे यह खरीदे गए थे या नहीं। इस खरीद में से ₹3331 की खरीद के वह इन्डेन्ट भी शामिल हैं जिन्हें कार्यालय की ओर से हस्ताक्षरित नहीं किया गया था तथा इन्डेन्ट

केवल ड्राइवर द्वारा हस्ताक्षरित थे जो कार्यालय की ओर से नियन्त्रण की कमी का एक और उदाहरण है। इसके अतिरिक्त जून, 2021 में खरीदे गए ₹2166 के डीजल भुगतान स्थिति अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 65 दिनांक 31.07.2023 द्वारा विशेष रूप से पूछे जाने उपरान्त भी अंकेक्षण को कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।

6. उपरोक्त के अतिरिक्त **परिशिष्ट–44 भाग–बी और भाग–सी** में दिए गए विवरण के अनुसार ₹2046 में खरीदे गए 23.7 लीटर डीजल से सम्बन्धित इन्डेन्ट वाउचर के साथ संलग्न नहीं थे तथा ₹3091 में खरीदे गए 37.84 लीटर डीजल की खरीद के लिए इन्डेन्ट कार्यालय की ओर से हस्ताक्षरित नहीं थे।

(ix) वाहन संख्या एच0पी0–71ए–2420 के संचालन हेतु राशि (₹7282 + ₹13336 + ₹20618 + ₹1986) ₹22604/– का सम्भावित अनियमित भुगतान

Vehicle No.- HP-71A-2420(T-7396) - Auto-Light Goods Vehicle (LGV)					
1	**Vehicle Fitness upto**	28-01-24	2.	**Insurance upto**	27-06-23
3.	**Average fixed per litre of Diesel**	Not intimated	4.	**Odometer Readings indicated in Log Book**	Yes
Name of Driver & Log Book Verification		Neither signed by Driver nor Log Book Verification found recorded			

A. Diesel entered in Log Book but no Journey Recorded			
Particulars	**Period**	**Ltrs**	**Amount (₹)**
(i) Diesel purchased / paid for which supporting Indents were signed from office side.	30.08.22 to 30.09.22	80	6620
(ii) Diesel purchased/ paid but without supporting Indents		8	662
(iii) Diesel purchased/ paid but on the basis of Indents not signed from Office Side		--	--
Total		**88**	**7282**

B. Diesel purchased / paid for on the basis of Indents not signed from Office Side {Other than those included in A(iii) above}	
Ltrs	**Amount (₹)**
160.73	**13336**

1. अंकेक्षण को प्रस्तुत लॉग बुक पर न तो ड्राइवर द्वारा हस्ताक्षर किए गए हैं और न ही लॉग बुक में दर्ज यात्रा को सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा सत्यापित किया गया था। इस सम्बन्ध में अधिकृत अधिकारी/कर्मचारी के सम्बन्ध में अंकेक्षण ज्ञापन सं0 65 दिनांक 31.07.2023 द्वारा विशेष रूप से मांगे जाने के उपरान्त भी यह जानकारी को जानकारी प्रदान नहीं की गई।

2. प्रत्येक माह के अन्त में वाहन की औसत ईंधन खपत की गणना नही की गई थी और न ही वाहन के निर्धारित औसत के बारे में कोई जानकारी अंकेक्षण को को प्रदान की गई थी। अंकेक्षण ज्ञापन सं0 58 दिनांक 18.07.2023 द्वारा इस बारे अंकेक्षण को अवगत करवाने हेतु आग्रह किया गया था, परन्तु इस सम्बन्ध में अंकेक्षण को कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।

3. **परिशिष्ट–45 भाग** ए में दिए गए विवरण के अनुसार ₹7282 का डीजल 30.08.2022 से 30.09.2022 के बीच खरीदा गया था, जो लॉग बुक में दर्ज था, परन्तु कोई सम्बन्धित यात्रा लॉग बुक में दर्ज नहीं पाई गई थी। इस कारण डीजल के दुर्विनियोजन की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता क्योंकि यात्रा के अभाव में डीजल का क्रय न्यायसंगत प्रतीत नहीं होता। उक्त में से ₹662 में 8 लीटर डीजल की खरीद से सम्बन्धित इंडेन्ट भी वाउचर के साथ संलग्न नहीं थे, जिससे यह खरीद और भी संदेहजनक प्रतीत होती है तथा कुछ बिलों के मामले में सेल्समैन के हस्ताक्षर भी बिल पर अंकित नहीं थे जैसा कि उक्त परिशिष्ट के टिप्पणी स्तम्भ किया गया है।

4. उपरोक्त के अतिरिक्त **परिशिष्ट–45 भाग बी** में दिए गए विवरण के अनुसार 160.73 लीटर डीजल की खरीद के लिए ₹13336 में किए भुगतान भी इंडेंन्ट कार्यालय की ओर से हस्ताक्षरित नहीं किए गए थे जो कार्यालय की ओर से नियन्त्रण की पूर्ण अनुपस्थिति की ओर भी इंगित करता है।

5. लॉग बुक में दर्ज प्रविष्टियों अनुसार निम्नलिखित तालिका में दर्शाई गई तिथियों को डीजल भरा गया था, लेकिन इन बिलों की भुगतान स्थिति स्पष्ट नहीं थी क्योंकि इससे संबंधित वाउचर अंकेक्षण प्रस्तुत नहीं किए गए थे इसमें क्रम संख्या 3 में दिनांक 20.08.2022 को नाहन में ₹662 का डीजल भी भरवाया गया था जबकि वाहन पांवटा में दिनांक 10.08.22 से 29.08.22 तक मुरम्मत के अधीन था । अतः इस सम्बन्ध में स्पष्टीकरण वाँछित है।

Sr. No.	Name of supplier	Bill No. with date	Quantity of Diesel (in Ltrs)	Log Book Page No.	Amount (₹)	Remarks
1.	Sahotra HP Centre	4017 dt. 04.07.22	8	83	662	
2.	Sahotra HP Centre	4841 dt.27.07.22	8	84	662	

3.	Sahotra HP Centre	6115 dt. 20.08.22	8	84	662	Vehicle was under repair
		Total	**24**		**1986**	

(X) वाहन संख्या HP-18B-0408 के संचालन हेतु राशि (₹3647+ ₹58700) =₹62347/– का अनियमित भुगतान

स्क० अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि **परिशिष्ट–46** अनुसार अंकेक्षण अवधि के दौरान गाड़ी संख्या HP-18 B-0408 हेतु डीजल क्रय कर ₹3647 का भुगतान किया गया था जबकि अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गयी सूचना अनुसार यह गाड़ी अंकेक्षण अवधि के दौरान प्रयोग में ही नहीं थी. इस प्रकार यह भुगतान भी अनियमित प्रतीत होता है तथा मामला यथोचित कार्रवाई हेतु विभाग के उच्च अधिकारियों के विशेष ध्यानार्थ लाया जाता है.

(ख) वही दूसरी ओर इस गाड़ी की मुरम्मत हेतु Uttam Motors, Paonta को Bill no. 9728-9729-9730 सभी दिनांक 28.10.2020 के विरुद्ध Voucher No. 39 dated Nil CBP-97 दिनांक 22.02.2021 द्वारा ₹58700 का भुगतान किया गया था जोकि अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गयी सूचना अनुसार गाड़ी के प्रयोग में न होने के दृष्टिगत उचित प्रतीत नहीं होता तथा मामला यथोचित कार्रवाई हेतु विभाग के उच्च अधिकारियों के विशेष ध्यानार्थ लाया जाता है।

(xi) ऑटो के पंजीकरण में देरी के कारण ₹0.09 लाख का जुर्माना

वाउचर संख्या 14 दिनांक 07.04.2022 (सीबीपी–53 दिनांक 07.04.2022) के अवलोकन से यह पाया गया कि तीन ऑटो के रजिस्ट्रेशन के एवज में ₹15450 में का भुगतान किया गया है, जिसमें पंजीकरण में अत्यधिक देरी के कारण ₹9000 का जुर्माना लगाया गया था। इन वाहनों के विलम्बित पंजीकरण के ठोस कारणों से न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा राशि की वसूली उचित स्त्रोत से कर अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए–

Vehicle No.	Receipt No. With date	Total amount (₹)	Penalty included therein (₹)
HP-71A-2419	HP-71D22010000141 dated 27.01.22	5150	3000
HP-71A-2423	HP-71D22010000139 dated 27.01.22	5150	3000
HP-71A-2420	HP-71D22010000140 dated 27.01.22	5150	3000
	Total	**15450**	**9000**

(xii) निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं में दर्ज टिप्पणीयां:

अंकेक्षण के दौरान वाहनों की मुरम्मत से सम्बन्धित भुगतान वाउचर्स की पड़ताल करने पर पाया गया कि अधिकांश प्रकरणों में निविदाएं बिना लिफाफे के पाई गए थी, निविदाओं पर

दिनांक अंकित नहीं थी, वाउचर में (निविदा सूचना) एनआईक्यू भी संलग्न नहीं थे, तुलनात्मक विवरणी पर तीन से कम कर्मियों द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे । अध्यक्ष, नगर परिषद, नाहन द्वारा अनुमोदित नहीं किया गया था। ऐसी परिस्थितियों में नगर परिषद् के वित्तीय हितों की उपेक्षा की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि प्रतिस्पर्धी दरें केवल औपचारिकता के लिए प्राप्त की गई प्रतीत होती हैं।

(xiii) राशि ₹1.88 लाख के **मुरम्मत और रख–रखाव के बिल जो सम्बन्धित रजिस्टर/स्टॉक रजिस्टर में दर्ज पाए गए परन्तु रोकड़ बही अनुसार भुगतान नहीं किया गया:–**

लेखा परीक्षा के दौरान अंकेक्षण को प्रस्तुत जानकारी के अनुसार निम्न तालिका में वर्णित ₹187845 की राशि के नगर परिषद् वाहनों की मुरम्मत के कार्य से सम्बन्धित बिल वाहनों के मुरम्मत और रख–रखाव रजिस्टर में दर्ज तो पाए गए हैं, परन्तु उनसे सम्बन्धित भुगतान रोकड़ बही में दर्ज नहीं पाए गए। इन बिलों की भुगतान स्थिति के बारे सत्यापना अंकेक्षण के दौरान नहीं हो सकी । जबकि इन बिलों को भुगतान के उपरांत भी रोकड़ बही में दर्ज न करने की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है क्योंकि नगर परिषद् की रोकड़ बही में पिछले कई वर्षों से अंतर चल रहा है जैसा कि अंकेक्षण पहले स्पष्ट कर चुका है | अतः इस प्रसंग में वस्तुस्थिति स्पष्ट की जानी वांछित है |

REPAIR AND MAINTENANACE AS PER STOCK REGISTER FOR THE PERIOD 04/19 TO 03/23 M.C NAHAN H.P NOT FOUND ENTERED IN CASH BOOK AS PER INFORMATION SUPPLIED TO AUDIT

Sr. No.	Vehicle No.	Date as per Register	Stock register Page No. Ref.	Name of service centre a/w Bill reference with date	Amount (₹)	Remarks
1.	HP 18 0381	19-09-2019	136	M/s Mahima Motors, Paonta Bill No. 515 dt. 19-09-2019	1522	Nearest Journey to Paonta Sahib at Log Book Page No. 49 Dated 15-09-2019
2.	HP 18 4981	18-07-2019	4	PAINT WORK FROM M/s GURU NANAK AUTO, MANIMAJRA BILL NO. 1011 DT. 18-07-2019	15340	Log Book for the related Period not provided.
3.	HP 18 4981	21-09-2019	5	M/s HP AGRO INDUSTRIES PARWANOO BILL 081194 DT. 21-09-2019 , 12 NO. TYRE	114688	

				PURCHASE		
4.	HP 18 4981	18-11-2019	6	PURCHASE OF SPARE PARTS FROM M/s SANJAY MOTORS NAHAN BILL NO. 64/18-11-2019	4190	
5.	HP 18 4981	08-05-2021	11	M/s NEW KHALSA ENTERPRISES ,KALA AMB BILL 143 DT. 08-05-21 for Retreading of Two No. Tyres JK 750x16 (No. K31675419) & MRF 750x16 (No. 56191345007)	5400	
6.	HP 18 4981	12-07-2021	13	CHASSIS CHANGE M/s HARBANS INDUSTRY, NARAINGHAR BILL 543 DT. 12-07-21	14750	No Journey to Naraingarh from 01-06-21 (P. No. 106) to 12-07-21 (P. No. 111) as per Log Book
7.	HP 71 1736	02-05-2020	94	Repair of Music System M/s Shyam Auto , Naraingarh Road Kala Amb Bill No. 514 dt. 02-05-20	4905	No Journey Recorded from 17-04-2020 (P. No. 198) to 10-05-2020 (P. No. 02) as per Log Book
8.	HP 18 4781	05-08-2021	38	2 NO. TYRE from M/s NEW KHALSA ENT. , KALAAMB BILL. NO. 142 DT. 21-07-21 Retreading of Two No. Tyres JK 750x16 (No. K3054984219 & 3142284119)	5400	
9.	HP 18B 3192	22-05-2021	3,4 of Register-I	ROUTINE REPAIR & MAINTENANCE AT M/s UTTAM MOTORs, Paonta vide BILL NO. 9761-62 DT. 22-05-21	21650	Journey to Paonta Recorded at Page No. 12 on 21-05-2021
	Total				**187845**	

(xiv) वाहनों की मुरम्मत और रख–रखाव बिलों से सम्बन्धित अन्य अनियमितताएँ:

1- वाउचर सं0 30 दिनांक 15.11.2022 (रोकड बही पृ0 सं0 52 दिनांक 15.11.2022) जाँच के दौरान पाया गया कि वाहन संख्या HP–18–4781 के टायर संख्या K3054984219 K-3142284119 HP-18-4981 के टायर संख्या k–31675419 और 5619345007 की रीट्रेडिंग के लिए मैसर्स न्यू खालसा एंटरप्राइजेज, त्रिलोकपुर रोड, काला अंब, जिला सिरमौर को ₹12,744 (6372+6372) का भुगतान उनके बिल संख्या 159 व 160 दोनों दिनांक 08.05.2021 के विरूद्ध किया गया था। परन्तु सम्बन्धित मुरम्मत और रख–रखाव स्टॉक रजिस्टर की जांच करने पर, यह पाया गया कि उक्त टायरों की रीट्रेडिंग के लिए दिनांक 08.05.2021 के अलग बिल जोकि कम राशि यानी रूपये के साथ. ₹10800 (₹5400+5400) के थे पहले ही पृष्ठ 38 (एचपी–18–4781– बिल संख्या 142 दिनांक 08.05.21) और पृष्ठ 11 (एचपी–18–4981– बिल संख्या 143 दिनांक 08.05.21) पर दर्ज किए जा चुके थे तथा मुरम्मत एवं रख–रखाव/स्टॉक रजिस्टर और उक्त मास 11/2022 में भुगतान किए गए ₹12,744 के बिलों को अलग से दर्ज नहीं किया गया था। इस सम्बन्ध में संस्था से किसी स्पष्टीकरण के अभाव में वास्तविक स्थिति की पुष्टि अंकेक्षण के दौरान सम्भव नहीं हो सकी तथा ऐसे में दोहरे भुगतान/अधिक भुगतान की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता क्योंकि रोकड़ बही में बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की जाती है तथा इसमें अन्तर बना हुआ है। अत: इस सम्बन्ध में अभिलेख सहित वस्तुस्थिति स्पष्ट किया जाना वांछित है जबकि इस प्रसंग में निम्न तालिका के टिप्पणी स्तम्भ में वर्णित अन्य अनियमितताएं भी पाई गयीं हैं :-

Date & Page as per Cash Book	Voucher No. with date	Vehicle No.	Name Of firm	Total Voucher Amount (₹)	Bill No. & Date	Stock Register Page ref. As per Voucher	Remarks
15.11.22 / 52	30 dt. 15.11. 22 for Rs. 12744	HP-18-4781 & HP-18-4981	M/s New Khalsa Enterprises, Trilokpur Road, Kala Amb, District Sirmaur	12744	160 dated 08.05.2021 & 159 dated 08.05.2021 both of Rs. 6372 each	P-11 & Not mentioned	1. Quotations approved by JE & EO only. 2. Approval accorded by previous EO, payment passed by current EO 3. Tyre No. as recorded on bills could not be verified from record.

							4. Date of bill in different hand 5. Entry in R& M/Stock Register not found mentioned in case of Bill No. 159 dated 08.05.2021 on Voucher 6. Cuttings in Diary No. Of the related requests /intimation from Drivers

2. वाउचर सं0 59 दिनांक 25.03.2022 (रोकड़ बही पृ0 सं0 –42 दिनांक 28.03.2022) द्वारा मैसर्स संजय ऑटो स्टोर्स, नाहन को वाहन संख्या एचपी–18–4981 की मुरम्मत और रख–रखाव के लिए ₹11,560 का भुगतान किया गया था, जिसमें बैटरी खरीदने के लिए ₹5700 भी शामिल थे। इस प्रकरण में वास्तविक खरीद की तारीख सुनिश्चित नहीं की जा सकी क्योंकि डायरी प्रविष्टियों के अनुसार कोटेशन दिनांक 11.03.022 को प्राप्त हुए थे, जबकि बिल दिनांक 16.08. 2021 को प्राप्त हुआ था तथा भुगतान 03/2022 में पारित किया किया गया था। इसके अतिरिक्त, वाहन स्टॉक रजिस्टर के पेज 7 पर दर्ज प्रविष्टि के अनुसार इस वाहन के लिए बैटरी भी पहले 26.11.2019 को खरीदी गई थी तथा इतने कम अंतराल पर बैटरी की खरीद भी न्यायोचित प्रतीत नहीं होती। अत: इस प्रसंग में बिल की तिथि से छेड़छाड़ की गयी प्रतीत होती है जबकि बिल की तिथि में इसी तरह की छेड़छाड़ मैसर्स गुप्ता मोटर्स, नाहन के श्रम प्रभार के बिल संख्या 1585 दिनांक 16.08.21 (मूल तिथि से परिवर्तित) में भी पाई गई थी जो कि परिषद् की कार्यप्रणाली पर ही संदेह पैदा करती है। अत: इस सम्बन्ध में ठोस कारणों सहित उक्त क्रय को न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा किसी भी अनियमितता की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता।

Sr. No.	Date & Page as per Cash Book	Voucher No. with date	Vehicle No.	Name Of firm	Total Voucher Amount (₹)	Bill No. & Date	Page ref. Of Stock Register as per Voucher	Remarks
(i)	28.03.22 / 42	59 dt. 25.03.22	HP-18-4981	M/s Sanjay Auto Stores, Nahan,	11560	2687 dt. 16.08.2021	12	1. Quotations signed by EO alone 2. Comparative signed by DA & EO only 3. No envelopes found 4. Quotations are undated though found diarised on 11.03.2022 5. Date of bill tampered with-changed to 16.08.21

								perhaps. 6. Date entered in R & M Register as 16.08.22 7. Battery Number and warranty not found recorded 8. Previous purchase of battery on 26.11.19 as per Stock Register - Page-7
(Ii)	28.03.22 / 42	58 dt. 25.03.22	HP-18-4981	M/s Gupta Motors, Nahan,	1416	1585 dated 16.08.21	12	Date tampered with

3 वाउचर सं0 अंकित नही दिनांक 27.10.2020 को निम्न विवरण के अनुसार M/s Sanjay Auto Stores, Nahan, से बैटरी सहित विभिन्न एमसी वाहनों हेतु टायर दिनांक 26.11.2019 को ₹126350 में खरीदे गए थे। इस वाउचर की जाँच के दौरान पाया गया कि किसी भी बिल पर टायर नंबर/टायर मेक का कोई उल्लेख नहीं था तथा न ही लॉग बुक में वाहन में नए टायर की फिटिंग बारे तथा पहले से लगे टायर को हटाने के बारे में कोई उल्लेख था। ऐसे में बदलने से पहले टायरों द्वारा तय की गई दूरी का पता नहीं लगाया जा सका। इसके अतिरिक्त अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि मैसर्स एचपी एग्रो इंडस्ट्रीज, परवाणू से 12 के टायरों की खरीद का बिल नंबर 081194 दिनांक 21.09.2019 ₹1,14,688 वाहन संख्या एच0पी–18–4981 के स्टॉक रजिस्टर में पृष्ठ 5 पर दर्ज था, जो कि लगभग इसी समय की खरीद थी परन्तु रोकड बही से मैसर्स एचपी एग्रो इंडस्ट्रीज, परवाणू के इस बिल के भुगतान स्थिति की पुष्टि अंकेक्षण के दौरान नही हो सकी। अतः इस सम्बन्ध में वास्तविक स्थिति की पुष्टि मै0 एचपी एग्रो इंडस्ट्रीज, परवाणू के साथ पत्राचार उपरान्त अंकेक्षण को स्पष्ट की जाए। वहीं दो महीने के इतने कम अंतराल पर टायरों की इतनी संख्या में खरीद के कारणों से भी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए क्योंकि ऐसी स्थिति में अधिक क्रय के कारण अपव्यय/अनियमित भुगतान की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता जबकि उक्त बिल को भुगतान के उपरांत भी जानबूझ कर रोकड बही दर्ज न करने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता | अतः इस प्रसंग में अभिलेख सहित वस्तुस्थिति स्पष्ट किया जाना वांछित है :-

Date & Page as per Cash Book	Voucher No. with date	Vehicle No.	Name Of firm	Total Voucher Amount (₹)	Bill No. & Date	Stock Register Page ref. as per Voucher	Remarks
27.10.20/ 82	Not mentioned dated 27.10.2020 for Rs. 126350	HP-71-1736 (Rs. 20100 for @ 2 No. tyres) HP-18-4781 (Rs. 50300 for 6 No. Tyres) & HP-18-4981 (Rs. 50300 for 6 No. Tyres plus Rs. 5650 for battery)	M/s Sanjay Auto Stores, Nahan,	126350	1491 dt.26.11.19 (Tyres) 1479 dt.26.11.19 (Tyres) 1484 dt.26.11.19 (Tyres) 1522 dt. 26.11.19 (Battery)	94 29 4 7	Tyre Make & Numbers not found recorded on any of the bills No mention in Log Book of fitting and removing of previously fitted tyres. No mention of fitting of newly purchased tyres to verify the distance covered Battery Number also not found recorded on bill and no reference of warranty period

(xv) अंकेक्षण को वाहनों के प्रसंग में वांछित अभिलेख उपलब्ध न करवाने बारे :-

1 अंकेक्षण ने विशेष रूप से अंकेक्षण ज्ञापन सं0 65 दिनांक 31.07.2023 के माध्यम से आर0एल0ए, नाहन से एम् परिवहन एप अनुसार नगर परिषद् के वाहनों की पासिंग बारे सूचना की पुष्टि करने हेतु आग्रह किया था, परन्तु इस सम्बन्ध में अंकेक्षण को केवल एक वाहन संख्या एच.पी 71-1736 की सूचना ही उपलब्ध करवाई गयी जो कि एम् परिवहन एप अनुसार ही पाई गयी जबकि शेष वाहनों के प्रसंग में कोई सूचना अंकेक्षण समाप्त होने की तिथि तक उपलब्ध नहीं करवाई गयी।

2 डीजल की खरीद के सन्दर्भ में पाई गयी अनियमितताओं के सम्बन्ध में पहले से दर्ज एफआईआर की प्रति अंकेक्षण ज्ञापन सं0 65 दिनांक 31.07.2023 द्वारा मांगे जाने के उपरान्त अंकेक्षण को उपलब्ध नहीं कराई गई है। अंकेक्षण को केवल यह सूचित किया गया कि इस प्रकरण में एफआईआर नंबर 13/23 दर्ज की गई थी। इस एफ0आई0आर से सम्बन्धित वाउचरों की सूची भी लेखापरीक्षा को उपलब्ध नहीं कराई गई।

3 संयुक्त निदेशक, शहरी विकास विभाग, हिमाचल प्रदेश द्वारा इस प्रकरण में पूर्व में की गई जांच रिपोर्ट की प्रति अंकेक्षण ज्ञापन सं0 69 दिनांक 16.08.2023 एवं 71 दिनांक 29.08.2023 द्वारा मांगे जाने के उपरान्त भी अंकेक्षण को उपलब्ध नहीं कराई गई।

4 अंकेक्षण ज्ञापन सं0 71 दिनांक 29.08.2023 द्वारा वाहनों को कंडम घोषित करने सम्बन्धित रिकॉर्ड तथा प्रस्ताव की प्रति जिसके तहत वाहनों को न चलाने का निर्णय लेने सम्बन्धित अभिलेख अंकेक्षण प्रस्तुत नहीं किए गए। इस अंकेक्षण ज्ञापन के माध्यम से नगर परिषद् ड्राइवरों

अर्थात् श्री संजीव कुमार एवं श्री. नरेंद्र कुमार की सेवाओं जो पिछले एक वर्ष से अधिक समय से अधिकतर गैर–ड्राइविंग ड्यूटी कर रहे हैं, को सरप्लस घोषित करने बारे पारित या विचाराधीन किसी प्रस्ताव के बारे में भी जानकारी मांगी थी, लेकिन इस सम्बन्ध में कोई अभिलेख अंकेक्षण को प्रस्तुत नहीं किया गया। अतः यह प्रसंग समुचित कार्रवाई हेतु विभाग के उच्च अधिकारियों के विशेष ध्यानार्थ लाया जाता है।

5 अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 67 दिनांक 08.08.2023 द्वारा मांगे जाने के उपरान्त भी ई–रिक्शा से सम्बन्धित रिकॉर्ड लेखा परीक्षा हेतु उपलब्ध नहीं कराया गया । ऐसे में इसकी समीक्षा नहीं की जा सकी कि इनका अधिकतम उपयोग किया जा रहा था या नहीं या नगर परिषद् के पुराने वाहनों की तरह यह भी बेकार पड़े हैं। अतः यह प्रसंग समुचित कार्रवाई हेतु विभाग के उच्च अधिकारियों के विशेष ध्यानार्थ लाया जाता है।

6 वाउचर सं0 अंकित नहीं दिनांक 08/10/2020 रोकड बही पृ0 सं0 66 दिनांक 08.10.2020 में दर्ज प्रविष्टि के अनुसार मैसर्स शर्मा ऑटो स्टोर, नाहन को आरटीजीएस संख्या MCN/Account/2020 दिनांक 09.10.2020 के माध्यम से वाहन संख्या एचपी–71–1736 की मुरम्मत के लिए दिनांक 08.10.2020 द्वारा 2832 का भुगतान किया गया था परन्तु वाउचर फाईल में केवल आरटीजीएस सं0 MCN/Account/2020 दिनांक 09.10.2020 (खाता सं0 55710107583 एचपीएससीबी, कच्चा टैंक, नाहन) की प्रतिलिपि ही पाई गई तथा रिकॉर्ड में कोई बिल नहीं पाया गया और इस कारण यह बिल अंकेक्षण के दौरान सत्यापित नहीं किया जा सका।

7 अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 68 दिनांक 09.08.2023 द्वारा मांगे जाने के उपरान्त भी ड्राइवरों की छुट्टी का रिकॉर्ड भी लेखापरीक्षा को उपलब्ध नहीं कराया गया, जिसके परिणामस्वरूप छुट्टी की अवधि के दौरान यात्राएं दर्ज होने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता क्योंकि उपरोक्त अनुच्छेदों में दर्ज आपत्तियों से ऐसा प्रतीत होता है कि लॉग बुक दैनिक आधार के बजाय एक ही बार में भरी गई थी।

8 अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 65 दिनांक 31.07.2023 द्वारा मांगे जाने के उपरान्त भी इंडेंट सं0 5951 से 6000 (29.01.2022 से 28.04.2022), 6901 से 6950 (13.12.2021 से 26.01.2022 और अंतिम 27.07.2022 को) और 7851 से 7900 (28.04.2022 से 15.09.2022) जोकि सब मैसर्स सहोत्रा एचपी सेंटर, नाहन से सम्बन्धित हैं, के अतिरिक्त अंकेक्षण अवधि के दौरान उपयोग किए गए इंडेंट के काउंटरफॉइल भी अंकेक्षण को उपलब्ध नहीं करवाए गए। इस कार्य हेतू नियुक्त अधिकारी/कर्मचारी के बारे में जानकारी अंकेक्षण संख्या 65 दिनांक 31.07.2023 के माध्यम से मांगे जाने के उपरान्त भी यह सूचना अंकेक्षण को प्रस्तुत नहीं की गई। अतः यह प्रसंग समुचित कार्रवाई हेतु विभाग के उच्च अधिकारियों के विशेष ध्यानार्थ लाया जाता है क्योंकि संस्था के स्तर पर नियंत्रण व्यवस्था पूर्णतः चोपट पाई गयी।

9 निम्नविवरण के अनुसार जून, 2021 और जुलाई, 2021 के महीने में डीजल की आपूर्ति के लिए जैन हाई टेक, नाहन द्वारा प्रस्तुत बिलों की भुगतान स्थिति अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 65 दिनांक 31.07.2023 के माध्यम से मांगे जाने उपरान्त भी अंकेक्षण को प्रस्तुत नहीं की गई। इन बिलों के विरुद्ध खरीदे गए डीजल की प्रविष्टियाँ केवल वाहन संख्या HP–71ए–2420 की लॉग बुक में दर्ज पाई गई हैं, परन्तु किसी अन्य वाहन की लॉग बुक में इस खरीद से सम्बन्धित कोई प्रविष्टि दर्ज नहीं पाई गई जिस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट की जाये क्योंकि बिल के भुगतान का लॉग बुक में प्रविष्टि से कोई सम्बन्ध नहीं तथा यह प्रकरण अंकेक्षण के इस संशय की पुष्टि करता है कि लोग बुक में डीजल की प्रविष्टि वास्तविक क्रय के स्थान पर डीजल खरीद के वाउचर के समायोजन के उद्देश्य से की जा रही थी तथा कार्यालय से नियंत्रण के अभाव में बड़ी संख्या में वाउचर के फर्जी होने की संभावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता।

Month of payment as per Cash Book	Period of supply	Name of supplier a/w invoice reference	Amount (₹)	Remarks
Not known	01.06.2021 to 30.06.2021	Jain Hi-tech, Nahan	213211	Photocopy of HSD supplied detail found on file alongwith copies of indents. Original Payment Voucher, bill, and indents not provided. Invoice detail not found.
Not known	01.07.2021 to 22.07.2021	Jain Hi-Tech, Nahan JHT/20-21/47 dated 22.07.2021	115000	Not paid written on top of the noting sheet. Factual position not intimated.
		Total	**410067**	

10 अंकेक्षण ज्ञापन सं0 65 दिनांक 31.07.2023 के माध्यम से दो आपूर्तिकर्ताओं अर्थात् मैसर्स सहोत्रा एचपी सेंटर, नाहन और मैसर्स जैन हाई टेक, नाहन को बैंकों से किए गए भुगतान की पुष्टि भी मांगे जाने के उपरान्त भी अंकेक्षण को प्रस्तुत नहीं की गई । इसके अतिरिक्त प्रतिलिपि बिलों के मामले में मुरम्मत के लिए विभिन्न फर्मों को किए गए भुगतान की पुष्टि भी बैंकों से की जाए तथा पिछले मूल बिलों के विरूद्ध भुगतानों के बारे स्थिति स्पष्ट की जाए ताकि इन प्रसंगों में सम्भावित दोहरे भुगतानों बारे भी वस्तुस्थिति स्पष्ट हो सके।

11 अंकेक्षण ज्ञापन सं0 65 दिनांक 31/07/2023 द्वारा पूछे जाने उपरान्त भी अंकेक्षण को यह जानकारी प्रस्तुत नहीं की गयी यदि कोई ऐसा भुगतान था जो बैंक द्वारा तो किया गया परन्तु

रोकड़ बही में दर्ज नहीं किया गया। इस जानकारी हेतु नगर परिषद् कार्यालय द्वारा नियुक्त चार्टर्ड अकांउटेट की सहायता भी ली जा सकती है।

12 अंकेक्षण ज्ञापन सं0 65 दिनांक 31/07/2023 द्वारा पूछे जाने उपरान्त भी लॉग बुक की खरीद और चालकों को जारी करने हेतु संचालित स्टॉक रजिस्टर लेखा परीक्षा को प्रदान नहीं किया गया।

13 अंकेक्षण ज्ञापन सं0 65 दिनांक 31/07/2023 द्वारा मांगे जाने उपरान्त भी ड्राइवरों के वाहन बार कार्य आबंटन आदेशों की प्रति, पर्यवेक्षी अधिकारी/कर्मचारी के आदेशों की प्रति, जिन्हें यात्रा सहित विभिन्न लॉग बुक प्रविष्टियों को सत्यापित करना था, विशेष रूप से मांगे जाने के उपरान्त भी अंकेक्षण को प्रदान नहीं किए गए ।

14 अंकेक्षण ज्ञापन सं0 65 दिनांक 31/07/2023 द्वारा पूछे जाने उपरान्त भी लेखापरीक्षा को यह भी नहीं बताया गया है कि मेसर्स जैन हाई–टेक और मेसर्स सहोत्रा एचपी सेंटर नामक दो आपूर्तिकर्ता कैसे कार्यालय की ओर से बिना हस्ताक्षरित इन्डेन्ट को स्वीकार कर रहे थे तथा ऐसे अनाधिकृत इन्डेन्ट के विरूद्ध लगातार डीजल की आपूर्ति प्रदान कर रहे थे तथा ऐसे प्रकरणों में उनके द्वारा प्रस्तुत बिलों को बिना जाँच पड़ताल के पास/पारित किया गया था। ऐसी स्थिति में पूर्ण मिलीभगत की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता।

15 अंकेक्षण ज्ञापन सं0 65 दिनांक 31/07/2023 द्वारा पूछे जाने उपरान्त भी लेखा परीक्षा को यह भी स्पष्ट नहीं किया गया है कि जब ओडोमीटर काम नहीं कर रहे हैं, तो कार्यालय द्वारा वाहन के उपयोग/डीजल की खपत पर नियंत्रण कैसे किया जा रहा था, जबकि लॉग बुक में किलोमीटर भी अंकित नहीं किए गए थें तथा डीजल की औसत खपत की गणना भी नहीं की जा रही थी।

16 अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 68 दिनांक 09.08.2023 के माध्यम से विशेष रूप से मांगे जाने उपरान्त भी हाइड्रोलिक जैक लगे वाहनों के लिए हाइड्रोलिक ऑयल की खरीद के संबंध में मानदण्ड भी अंकेक्षण को प्रदान नहीं किए गएं, जबकि हाइड्रोलिक ऑयल और अन्य सामग्री की खरीद बहुत कम अन्तराल पर नियमित रूप से की जा रही थी। वाहन संख्या एचपी–18–4781 के संदर्भ में, विशेष रूप से निम्न अंकित महीनों में मैसर्स सहोत्राएचपी सेंटर, नाहन से खरीदारी के दौरान, अन्य वस्तुओं की कुल राशि, जिसमें से अधिकांश हाइड्रोलिक ऑयल की थी आवश्यकता से अधिक खरीद की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है । अतः इस प्रसंग में वस्तुस्थिति तय मापदण्ड सहित स्पष्ट किया जाना वांछित है।

Month	Amount of Other items purchased (₹)	Month	Amount of Other items purchased (₹)
04/2019	9700	11/20	4916
05/2019	9937	12/20	6589
09/2019	10047	10/21	7328
10/2019	8660	11/21	9115
11/2019	8713	12/21	5016
12/2019	6563	01/22	5142
01/2020	8704		

17 अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 67 दिनांक 09.08.2023 के माध्यम से विशेष रूप से मांगे जाने उपरान्त भी निजी वाहन एचपी–18–0432 के स्वामित्व सम्बन्धित अभिलेख अंकेक्षण को प्रस्तुत नहीं किए गए जिसमें नगर परिषद् कार्यालय द्वारा डीजल भरा गया था।

18 अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 65 दिनांक 01.10.2023 के माध्यम से विशेष रूप से मांगे जाने उपरान्त भी सीएलसी के तहत मैसर्स टारगेट ग्रीन प्लैनेट, बद्दी का अनुबंध संबंधित रिकॉर्ड भी अंकेक्षण को उपलब्ध नहीं करवाया गया।

उक्त सभी अनियमितताएं अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 55 दिनांक 13.07.2023, 67 दिनांक 08.08.2023, 70 दिनांक 23.08.2023 व् 73 दिनांक 01.09.2023 द्वारा तथा कार्यकारी अधिकारी से अंकेक्षण की समाप्ति से पूर्व की गयी चर्चा के दौरान संस्था के ध्यान में लाई गयी थी।

नोट: 1. क्योंकि मास जून, 2021 में प्रयुक्त इंडेंट के विरुद्ध प्राप्त बिल के भुगतान के प्रसंग में वस्तुस्थिति अंकेक्षण को स्पष्ट नहीं की गयी इसलिए डीजल से सम्बन्धी परिशिष्टों में जून, माह 2021 में किये गये भुगतान को यद्यपि ये पूर्व अवधि से सम्बन्धित थे को **Jun, 21** तथा मास जून, 2021 में प्रयुक्त इंडेंट को **June, 21** दर्शाया गया है।

नोट: 2. क्योंकि डीजल से सम्बन्धी परिशिष्टों में दर्ज़ डाटा में अंकेक्षण द्वारा MS Excel की Rounding Command का उपयोग किया गया है, अत: कुछ प्रसंगों में कुल राशि में ₹1 का अंतर आ सकता है।

17 शिव मन्दिर रानीताल, नाहन

अंकेक्षण अवधि 04/19 से 03/23 की रोकड़ बही व दैनिक प्राप्ति रजिस्टर की लेखा परीक्षा के दौरान पाया गया कि नगर परिषद नाहन परिक्षेत्र में स्थित शिव मन्दिर रानीताल नाहन के दान पात्र को खोले जाने पर मूल्यवान वस्तुओं के साथ साथ आय भी प्राप्त हो रही थी तथा मन्दिर की पूजा सामग्री के क्रय हेतु श्री काकु राम शर्मा, पुजारी को मासिक आधार पर राशि का भुगतान भी किया जा रहा था । परन्तु इस राशि को रोकड़ बही के प्राप्ति पक्ष में दर्ज नही किया

जा रहा था तथा न ही मूल्यवान वस्तुओं को नियमानुसार उनके भार या गुणवत्ता के आधार पर कार्यालय के स्टाक रजिस्टर में दर्ज किया जा रहा था ।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 34 दिनांक 23.05.23 व 39 दिनांक 13.06.23 के सन्दर्भ में नगर परिषद नाहन द्वारा प्रस्तुत सूचना व अभिलेख के आधार पर शिव मन्दिर रानीताल नाहन से सम्बन्धित आय व्यय बारे निम्न गम्भीर अंकेक्षण आपत्तियां पाई गई हैं:–

(क) सोना, चांदी व अन्य मूल्यवान धातुओं की वित्तीय स्थिति:–

नगर परिषद नाहन द्वारा **परिशिष्ट–47** पर प्रस्तुत सूचना अनुसार व अभिलेख की लेखा परीक्षा उपरान्त शिव मन्दिर रानीताल नाहन में अवधि 01.04.19 से 31.03.23 तक दान से प्राप्त मूल्यवान वस्तुओं/ धातुओं की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से है:–

वित्तीय वर्ष	धातू	2019–20	2020–21	2021–22	2022–23
आरम्भिक शेष (ग्राम में)	सोना/चांदी	शून्य/शून्य	शून्य/शून्य	शून्य/46.480	शून्य/96.50
	तांबा/अन्य	शून्य/शून्य	शून्य/शून्य	6.58/शून्य	6.58/शून्य
प्राप्तियां (ग्राम में)	सोना/चांदी	शून्य/शून्य	शुन्य/46.480	शून्य/50.020	शून्य/52.93
	तांबा/अन्य	शून्य/शून्य	6.58/शून्य	शून्य/शून्य	11.730/शून्य
योग (ग्राम में)	सोना/चांदी	शून्य/शून्य	शून्य/46.480	शून्य/96.50	शून्य/149.43
	तांबा/अन्य	शून्य/शून्य	6.58/शून्य	6.58/शून्य	18.31/शून्य

(ख) दिनांक 01.04.19 को सोना, चांदी व अन्य मूल्यवान धातुओं का आरम्भिक शेष शून्य तथा वर्ष 2019–20 के दौरान प्राप्तियां शून्य पाए जाने बारे अंकेक्षण के दौरान पुष्टि नही की जा सकी क्योंकि इन धातुओं का स्टाक अभिलेख अंकेक्षण के आपत्ति उठाए जाने के बाद ही संधारित किया गया था इससे पूर्व के अभिलेख का रख–रखाव नगर परिषद द्वारा नही किया जा रहा था। उक्त अभिलेख का रखरखाव नही किया जाना गम्भीर चिन्ता का विषय है जिस के बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए तथा यथोचित जांच उपरान्त पूर्ण अभिलेख तैयार किया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा अनुपालना से अकेक्षण को अवगत करवाया जाए क्योंकि संस्था के स्तर पर ऐसी नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण के अभाव की स्थिति में मूल्यवान वस्तुओं के दुर्विनियोजन की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता।

(ग) ₹6.63 लाख की आय रोकड़ बही में दर्ज न करने बारे:–

अंकेक्षण के दौरान नगर परिषद द्वारा प्रस्तुत एकमात्र Loose file की जाँच उपरान्त पाया गया कि अंकेक्षण अवधि में शिव मन्दिर रानीताल नाहन के दान पात्र को खोले जाने पर निम्न तालिका में दर्शाए गए विवरणानुसार ₹662700.00 की राशि प्राप्त हुई थी परन्तु इस राशि में से केवल ₹660520.00 की राशि निम्न तालिका में दर्शाए गए विवरणानुसार भिन्न भिन्न बैंकों में जमा

करवाई गई थी। इस प्रकार ₹2180.00 की राशि कम जमा की गई थी जोकि अंकेक्षण के दौरान ज्ञापन संख्या 39 दिनांक 13.06.2023 द्वारा आपत्ति उठाए जाने के उपरान्त दिनांक 15.06.23 को एच.डी.एफ.सी. खाता संख्या 50100586769339 में जमा करवाई गई। यद्यपि कुल ₹662700.00 की राशि को रोकड़ बही में दर्ज नही किया गया था जो कि एक गम्भीर अनियमितता है । अतः इस सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट करते हुए राशि की रोकड़ बही में उचित प्रविष्टी उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए ।

क्र0सं0	मन्दिर का गल्ला खोलने की तिथि	प्राप्त राशि (नोट व सिक्के)	बैंक खाता संख्या जिसमें राशि जमा की गई	राशि जमा बैंक(₹) /दिनांक	कम जमा राशि (₹)
1	कोई अभिलेख प्रस्तुत नही	117253.00	आई.डी.बी. आई. 1933104000033770	117253.00 /26.7.19	0.00
2	5.11.2020	101180.00	एक्सिस बैंक 5726 तथा आई.डी.बी. आई. 1933104000033770	91205.00 /7.11.20 7965.00/7.11.20	2010.00
3	26.2.2022	224173.00	55710107583HPSCB	224003.00 /28.2.22	170.00
4	4.4.2022	59105.00	55710107583HPSCB	59105.00 /5.4.22	0.00
5	16.2.23	114376.00	50100586769339 एच.डी. एफ.सी.	114376.00 /27.2.23	0.00
6	16.3.23	46613.00	50100586769339 एच.डी. एफ.सी.	46613.00 /16.3.23	0.00
कुल		**662700.00**		**660520.00**	**2180.00**

(घ) गत 7 वर्षों का आय–व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत न करने बारे:–

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 39 दिनांक 13.06.23 की अनुपालना में नगर परिषद नाहन द्वारा प्रस्तुत सूचना/ पत्र संख्या लेखा0शा0न0पा0प0ना0 2023–1501 दिनांक 08.08.23 व अभिलेख का अवलोकन करने पर पाया गया कि नगर परिषद द्वारा शिव मन्दिर रानीताल नाहन की दिनांक 31.01.12 तक रोकड़ बही बनाई गई थी जिसके पृष्ठ संख्या 41 पर दिनांक 31.01.12 को अन्तिम शेष ₹51403.48 अंकित किया गया था । इसके उपरान्त मन्दिर के दान पात्र से कितनी आय

प्राप्त हुई व कितनी राशि का व्यय मन्दिर के रख–रखाव हेतु किया गया, के सम्बन्ध में अभिलेख नगर परिषद नाहन स्तर पर सृजित नही किया गया । शिव भक्तों/ साधारण जनता के द्वारा दान में चढ़ाए गए धन के प्रति नगर परिषद नाहन की इस प्रकार की लापरवाही लोगों की धार्मिक भावना को आहत तो करती ही है जबकि राशि के दुरूपयोग की सम्भावना से भी इन्कार नही किया जा सकता। अतः इस गम्भीर अनियमितता के प्रसंग में उचित छानबीन उपरान्त यथोचित कार्रवाई हेतु मामला विभाग के उच्च अधिकारियों के ध्यानार्थ विशेष रूप से लाया जाता है।

(ङ.) दान पात्र खोलने हेतु गठित कमेटी का अभिलेख प्रस्तुत न करने बारे :–

अंकेक्षण के बार–बार अनुरोध करने पर भी नगर परिषद द्वारा मन्दिर के दान पात्र खोलने हेतु गठित कमेटी तथा इसकी कार्यवाही के सम्बन्ध में अभिलेख अंकेक्षण को प्रस्तुत नही किया गया । परिणामस्वरूप यह ज्ञात नहीं हो सका कि मन्दिर का दानपात्र किस कमेटी की उपस्थिति में कब–कब खोला गया, कितनी धनराशि/मूल्यवान वस्तुऐं प्राप्त हुई तथा समस्त दान राशि का उचित लेखांकन किया गया अथवा नहीं। नगर परिषद द्वारा पत्र संख्या लेखा0शा0न0पा0प0ना0 2023–1501 दिनांक 08.08.23 के माध्यम से अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि रानीताल शिव मन्दिर का दान पात्र या गल्ला खोलने की तिथि व गठित कमेटी तथा मूल्यवान वस्तुओं के विवरण से सम्बन्धित कोई अभिलेख नगर परिषद के पास मौजूद नहीं है । जो कि कार्यालय स्तर पर अपेक्षित अभिलेख के सृजन एवं रख–रखाव के प्रति उदासीनता को प्रदर्शित करता है। अतः इस बारे वस्तु स्थिति स्पष्ट करते हुए मन्दिर से प्राप्त राशि व अन्य मूल्यवान वस्तुओ के रख–रखाव में नियमों की शतप्रतिशत अनुपालना सुनिश्चित की जाए ।

(च) पुराना खाता बन्द करने व नया खाता खोलने पर शेष राशि का मिलान न करने बारे:–

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि रानीताल शिव मन्दिर का एक खाता संख्या 11128708462 भारतीय स्टेट बैंक, नाहन में पहले से ही खोला गया था जिसे दिनांक 11.04.22 को बन्द करवा दिया गया था तथा इस खाते की दिनांक 11.04.22 को शेष राशि ₹21000.00 को भारतीय स्टेट बैंक, नाहन में अन्य खाता संख्या 65047070129 में स्थानान्तरित करवाया गया था। तदोपरान्त दिनांक 17.12.22 को एच.डी.एफ.सी. बैंक नाहन में शून्य शेष राशि के साथ नया खाता संख्या 50100586769339 खोला गया था तथा दिनांक 4.1.23 को खाता संख्या **65047070129** से ₹20000.00 की राशि स्थानान्तरित की गई थी । पुराने खाते को बन्द करने पर शेष राशि तथा नया खाता आरम्भ करने पर स्थानान्तरित की गई राशि में मिलान नहीं किया जा सका क्योंकि रानीताल शिव मन्दिर की आय–व्यय का कोई अभिलेख नगर परिषद द्वारा नहीं रखा जा रहा था। इसके अतिरिक्त उपरोक्त पैरा संख्या 10(ग) के अन्तर्गत दर्शाई गई तालिका (क्रम संख्या 5 व 6 को छोड़कर) में वर्णित अन्य खातों में जमा की गई मन्दिर की ₹499531/– की आय को मन्दिर

के एच.डी.एफ.सी. बैंक, नाहन में खाता संख्या 50100586769339 में स्थानान्तरण करने बारे कोई अभिलेख लेखा परीक्षा हेतु प्रस्तुत नही किया गया । अतः मन्दिर के आय व्यय का उचित व पूर्ण अभिलेख तैयार करके तथा सक्षम अधिकारी की सत्यापना उपरान्त अंकेक्षण को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए ।

18. शहरी आजीविका केन्द्र नाहन

(क) शहरी आजीविका केन्द्र के संचालन हेतु निर्धारित उद्देश्यों अनुसार योजना का लक्ष्य शहरी बेरोजगार नागरिकों को उनकी योग्यता अनुसार उचित रोजगार उपलब्ध करवाना है । केन्द्र द्वारा इस हेतु विभिन्न कम्पनियों व बाहरी संस्थाओं से सम्पर्क स्थापित किया जाता है तथा उनसे मांग प्राप्त होने पर सी. एल. सी. रोजगार उपलब्ध करवाया जाता है तथा उनके मासिक मानदेय से अपना हिस्सा वसूल किया जाता है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि सी.एल.सी. नाहन बडी संख्या में नगर परिषद नाहन को श्रम उपलब्ध करवा रहा था जिसके मासिक मानदेय से अपना स्थापना शुल्क भी वसूल कर रहा था । अंकेक्षण अधियाचना संख्या 47 दिनांक 27.06.23 द्वारा सी. एल. सी. को नगर परिषद द्वारा रोजगार उपलब्ध करवाने हेतु प्रस्तुत की गई मांग लेखा परीक्षा हेतु मांगी गई थी परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक भी अपेक्षित अभिलेख प्रस्तुत नही किया गया ।

(ख) पहले से रोजगार प्राप्त नागरिको को रोजगार देकर की गई अनियमितता :–

शहरी आजीविका केन्द्र नाहन की रोकड़ बही व चयनित माह 04/19, 11/20, 08/21 व 10/22 के व्यय वाउचर्स की जांच करने पर पाया गया कि सी. एल. सी. नाहन उन लोगों को भी रोजगार दे रहा था जो कि नगर परिषद नाहन में किसी न किसी रूप में पहले से ही कार्य कर रहे थे । इससे ऐसा प्रतीत होता है कि सी.एल.सी नाहन द्वारा अपने निर्धारित लक्ष्यों से हटकर अनियमित रूप से निजी स्वार्थ की पूर्ति हेतु कार्य किया जा रहा था ।

सी. एल. सी. निधि के वाउचर संख्या अंकित नही माह 11/2020 ₹48000.00 की जांच करने पर पाया गया कि यह राशि डोर टू डोर गारबेज कलैक्शन के यूजर चार्जिज इकट्ठा करने हेतु 8 महिलाओं को ₹6000/– प्रति माह प्रति महिला के हिसाब से प्रदान की गई थी । इन महिलाओं में सुश्री अन्जना भण्डारी व खुशनुमा नामक महिलाओं का नाम भी शामिल था जिन्हें दूसरी ओर एन. यू. एल.एम. की रोकड़ बही पृष्ठ संख्या 06 दिनांक 10.11.20 तथा वाउचर माह 11/20 अनुसार सी. एल. सी. के माध्यम से बतौर सी.आर.पी. (CRP) भी नियुक्त किया गया था तथा उन्हें माह 11/20 में क्रमशः ₹20,000/– तथा ₹10,000/– का भुगतान किया गया था । अतः सी.आर.पी. के मानदेय के साथ साथ डोर टू डोर गारबेज कलैक्शन के यूजर चार्जिज एकत्रित करने हेतु मासिक ₹6000/– की राशि अदा किये जाने से इस तथ्य की पुष्टि स्वतः ही

हो जाती है कि सी.एल.सी. द्वारा पहले से रोजगार प्राप्त लोगों को रोजगार देकर अनियमितता की जा रही थी ।

उक्त अनियमितता बारे स्थिति स्पष्ट करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या 47 दिनांक 27.06.23 जारी करके नगर परिषद से अपना पक्ष रखने हेतु कहा गया था परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक कोई सन्तोषजनक जवाब प्राप्त न होने पर आपत्ति का निपटारा स्थल पर नहीं किया जा सका । अतः वस्तुस्थिति से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए तथा उचित जांच उपरान्त की गई कार्रवाई से अंकेक्षण को भी सूचित करवाया जाए ।

(ग) कर्मचारियों के वेतन प्रकरणों में पाई गई अनियमितताओं बारे:–

चयनित माहों के वाउचर्स की लेखा परीक्षा के दौरान पाया गया कि शहरी आजीविका केन्द्र नाहन में एक लेखाकार व एक **रिसैप्शनिस्ट एवं कम्प्यूटर** आपरेटर को जैड सिक्योरिटी कम्पनी, देहरादून के माध्यम से आउटसोर्स आधार पर नियुक्त किया गया है तथा इनका वेतन नियमित रूप से आहरित करके उक्त कम्पनी को भुगतान किया जा रहा है । वाउचर्स के साथ संलग्न अभिलेख अनुसार इन कर्मचारियों के वेतन पर चयनित मासों में निम्न अनुसार व्यय किया गया है :–

रोकड़ बही पृष्ठ संख्या/ वाउचर संख्या/ माह	नाम व पद	मासिक दर	राशि	विवरण	टिप्पणी
48/अंकित नही / 4/19	आंचल शर्मा	14099+3% स्थापना शुल्क +18 % आई.जी. एस.टी.	30902.00	जैड सिक्योरिटी देहरादून बिल संख्या जैडईडी /सीएलसी/39 दिनांक 31.3.19 माह मार्च हेतु	
	मोनिका शर्मा	11326+3% स्थापना शुल्क +18 % आई.जी. एस.टी.			
82/अंकित नही / 11/20	आंचल शर्मा	25434+3% स्थापना शुल्क +18 % आई.जी.	49762.00	जैड सिक्योरिटी देहरादून बिल संख्या जैडईडी /20–21/360	

		एस.टी.		दिनांक 02.11.20	
	मोनिका शर्मा	15509+3% स्थापना शुल्क +18 % आई.जी. एस.टी.		माह अक्टूबर हेतु	
02/अंकित नही / 08/21	आंचल शर्मा	25434+3% स्थापना शुल्क +18 % आई.जी. एस.टी.	49762.00	बिल संलग्न नही	संलग्न हाजिरी अनुसार आंचल शर्मा दिनांक 5.7.21 तथा 22 से 31.7.21 तक कुल 11 दिन अवकाश पर थी ।
	मोनिका शर्मा	15509+3% स्थापना शुल्क +18 % आई.जी. एस.टी.			
03/अंकित नही / 8/21	आंचल शर्मा	25434+3% स्थापना शुल्क +18 % आई.जी. एस.टी.	49762.00	जैड सिक्योरिटी देहरादून बिल संख्या जैडईडी /21–22/318 दिनांक 31.08.21 माह अगस्त हेतु	
	मोनिका शर्मा	15509+3% स्थापना शुल्क +18 % आई.जी. एस.टी.			संलग्न हाजिरी अनुसार कर्मचारी 13 व 21.8.21 दो दिन अवकाश पर थी।
28/अंकित नहीं / 10/22	आंचल शर्मा	27977+3% स्थापना शुल्क +18 % आई.जी.	54736.00	जैड सिक्योरिटी देहरादून बिल संख्या जैडईडी /21–22/405	

		एस.टी.		दिनांक 27.10.21	
	मोनिका शर्मा	17058+3% स्थापना शुल्क +18 % आई.जी. एस.टी.		माह सितम्बर हेतु	संलग्न हाजिरी अनुसार कर्मचारी 26 व 27.9.22 दो दिन अवकाश पर थी।
29/अंकित नहीं / 10/22	आंचल शर्मा	27977+3% स्थापना शुल्क +18 % आई.जी. एस.टी.	54736.00	बिल संलग्न नही	
	मोनिका शर्मा	17058+3% स्थापना शुल्क +18 % आई.जी. एस.टी.			

उपरोक्त वेतन भुगतान के सम्बन्ध में निम्न अंकेक्षण आपत्तियां पाई गईः–

(i) जुलाई देय अगस्त 21 तथा सितम्बर देय अक्टूबर 22 के वेतन भुगतान वाउचर्स के साथ कम्पनी का बिल संलग्न नही किया गया था अंकेक्षण अधियाचना सेख्या 47 दिनांक 27.06.23 के जवाब में ये बिल प्रस्तुत तो किए गए लेकिन उक्त बिलों की ईमेल की प्रिन्ट प्रति प्रस्तुत की गई है जबकि कम्पनी का मूल बिल जिस पर अपेक्षित सत्यापना उपरान्त आहरण व वितरण अधिकारी ने पारित आदेश अंकित किए हों, प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया था ।

(ii) अक्टूबर 20, अगस्त 21 व सितम्बर 22 के वेतन वाउचर के साथ कम्पनी का बिल की मूल प्रति नही थी तथा पारित आदेश अंकित नही थे जो कि अधियाचना जारी किए जाने के उपरान्त भी प्रस्तुत नहीं किए गए ।

(iii) कर्मचारियों द्वारा लिए गए अवकाश हेतु प्रस्तुत प्रार्थना पत्र व स्वीकृति आदेश लेखा परीक्षा हेतु प्रस्तुत नही किए गए थे। अंकेक्षण अधियाचना संख्या 47 दिनांक 27.06.23 के जवाब में ये प्रार्थना पत्र प्रस्तुत तो किए गए परन्तु वह मूल प्रार्थना पत्र के स्थान पर पुनः सृजित किए गए प्रार्थना पत्र प्रतीत होते हैं क्योंकि इन पर न तो दिनांक अंकित है तथा न ही पदासीन अधिकारी के स्वीकृति आदेश मौजूद थे । अपितु वर्तमान कार्यकारी अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित प्रतीत होते हैं

जबकि वर्तमान अधिकारी माह जुलाई 2021 में नगर परिषद नाहन में कार्यरत नही थे । अतः अनियमितता बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा यदि कर्मचारी द्वारा अनियमित अवकाश लिया गया हो तो वेतन स्वरूप भुगतान की गई राशि की वसूली करके निधि में जमा करवा कर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए। इसके अतिरिक्त यहाँ यह भी स्पष्ट किया जाता है कि उक्त कर्मचारियों को देय अवकाश वित्त (विनियमन) विभाग, हि0प्र0 द्वारा पत्र संख्या Fin(C)B(15)-8/2013 दिनांक 01.07.2017 द्वारा आउटसोर्स कर्मचारियों की सेवाओं को नियमित करने के सम्बन्ध में जारी किये गये दिशा–निर्देश के अनुरूप ही नियमित करना सुनिश्चित किया जाये जिसके अन्तर्गत आउटसोर्स कर्मचारियों को आकस्मिक अवकाश की सुविधा उपलब्ध नहीं है।

(iv) उपरोक्त तालिका के विवरण से स्वतः स्पष्ट है कि माह 4/19 से 10/22 तक कर्मचारियों का वेतन लगभग दोगुना बढा दिया गया है । वेतन में उक्त असामान्य बढ़ौतरी को न्यायोचित ठहराते हुए इस बारे कम्पनी के साथ किए गए इकरारनामा की प्रति अंकेक्षण अधियाचना संख्या 47 दिनांक 27.06.23 द्वारा मांगे जाने के उपरान्त भी उपलब्ध नही करवाई गई है। अतः उक्त असामान्य बढ़ौतरी को न्यायोचित ठहराते हुए वस्तुस्थिति से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये।

(घ) एक ही कर्मचारी को एक ही समय / कार्यकाल के दौरान दो /तीन भिन्न-भिन्न पदों पर नियुक्त कर अदा किये गये वेतन के अनियमित भुगतान बारे:-

(i) श्रीमती आंचल शर्मा:–

चयनित माहों के व्यय वाउचर्स की लेखा परीक्षा के दौरान पाया गया कि शहरी आजीविका केन्द्र नाहन में श्रीमती आंचल शर्मा को लेखाकार के पद पर जैड सिक्योरिटी कम्पनी देहरादून के माध्यम से आउटसोर्स आधार पर नियुक्त किया गया है तथा कर्मचारी का वेतन नियमित रूप से आहरित करके उक्त कम्पनी को भुगतान किया जा रहा था। परन्तु कर्मचारी को इस पद के वेतन के अतिरिक्त एन.यू.एल.एम. के अन्तर्गत रात्रि महिला आवास के प्रबन्धक का मासिक ₹8000.00 वेतन भी दिया जा रहा था । अतिरिक्त वेतन दिए जाने हेतु सी.एल. सी. नाहन की गवर्निंग बौडी की बैठक दिनांक 21.08.20 के प्रस्ताव संख्या 06 द्वारा प्रस्ताव पारित किया गया था परन्तु एक आउटसोर्स कर्मचारी को इकरारनामे की शर्तों के प्रतिकूल प्रस्ताव पारित करके अतिरिक्त वेतन दिए जाने का प्रावधान नगर परिषद द्वारा प्रस्तुत नही किया जबकि अंकेक्षण द्वारा अधियाचना संख्या 47 दिनांक 27.06.23 जारी करके इस सन्दर्भ में अभिलेख प्रस्तुत करने का अनुरोध किया था ।

अतः उक्त के सन्दर्भ में या तो उचित स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया जाए अन्यथा कर्मचारी को दिए गए अनियमित अतिरिक्त वेतन की गणना नगर परिषद के स्तर पर करने के उपरांत अनियमित रूप

से अधिक अदा की गयी राशि वसूल करके निधि में जमा करवाकर अनुपालना से आगामी अंकेक्षण के दौरान अवगत करवाया जाये।

(ii) श्रीमती परबीन, सफाई कर्मचारी :–

चयनित माह 4/19 के व्यय वाउचर की जाँच उपरान्त पाया गया कि श्रीमती परबीन कुमारी, सफाई कर्मचारी का वेतन 3 शीर्षों से आहरित किया गया था ।

(क) माह 4/19 के नाहन के सी.एल.सी. पंजीकृत सफाई कर्मचारियों के बिल ₹300636 के क्रम संख्या 51 पर ₹6975.00 का भुगतान ।

(ख) माह 4/19 के वाउचर संख्या अंकित नहीं राशि ₹12150/– के क्रम संख्या 2 पर ₹4500/– का भुगतान ।

(ग) एन.यू.एल.एम./एस.यू.एच. की रोकड़ बही पृष्ठ संख्या 162 ₹15094.00 महिला रात्रि आवास में केयर टेकर व चौकीदार हेतु भुगतान ।

उक्त कर्मचारी को एक ही समय पर तीन भिन्न भिन्न पदों पर नियुक्ति दे कर उपरोक्त तीन शीर्षों से वेतन आहरित करने बारे स्थिति स्पष्ट करने हेतु अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 47 दिनांक 27.06.23 जारी कर पूछा गया था परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक भी किसी प्रकार का जवाब प्राप्त न होने के कारण आपत्ति का निपटारा अंकेक्षण के दौरान नही किया जा सका । तीन शीर्षों से वेतन आहरित करना तथा अंकेक्षण को उसका अभिलेख प्रस्तुत न करना एक गम्भीर अयिमितता है जिसके लिए वस्तुस्थिति स्पष्ट की जाए ।

इन कर्मचारियों को विशेष लाभ दिए जाने का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए एक से अधिक शीर्षों से वेतन आहरित करने को न्यायोचित ठहराते हुए अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये अन्यथा अनियमित अधिक भुगतान की राशि को सम्बन्धित से वसूल कर निधि में जमा करवा कर अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये। इस प्रकार एक से अधिक शीर्षों से वेतन आहरित करने के अन्य मामले, यदि कोई हों तो उनमें भी समकक्ष कार्रवाई अमल में लायी जानी सुनिश्चित की जाये।इस मामले की गम्भीरता के दृष्टिगत यह प्रसंग विभाग के उच्चाधिकारियों के विशेष ध्यानार्थ भी लाया जाता है।

(ङ.) वाउचर संख्या 55 दिनांक 9.11.20 ₹1083145.00 नगर परिषद मुख्य निधि तथा वाउचर संख्या अंकित नहीं राशि ₹968825.00 माह 11/20 सी.एल.सी. निधि द्वारा ₹31365/– का अनियमित भुगतान :–

(i) वाउचर संख्या 55 दिनांक 9.11.20 द्वारा नगर परिषद मुख्य निधि खाता संख्या 71405742 से सी.एल.सी. खाता संख्या 193310400002536 4 में ₹1083145.00 की राशि स्थानान्तरित की गई थी जो कि सी.एल.सी. के अन्तर्गत (MMSAGY) 255 श्रमिकों को माह अक्टूबर में उनकी हाजरी के अनुसार कार्य करने के बदले मांग करने पर नगर परिषद नाहन के मुख्य निधि से स्थातान्तरित

की गई थी । उसके पश्चात सी. एल. सी के वाउचर (संख्या अंकित नहीं) दिनांक 9.11.20 द्वारा इन्ही 255 श्रमिकों को राशि का भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में करने हेतु ₹968825.00 की बैंक आथोरिटी पत्र संख्या सी.ओ./एम.सी.एन./सी.एल.सी./एन.यू.एल.एम./2020–76 दिनांक 10.11.20 तैयार करके जारी की गई थी ।

वाउचर के साथ संलग्न की गई श्रमिकों की सारणी में कई क्रम संख्याओं के आगे नाम, पिता/पति का नाम, खाता संख्या, कार्य अवधि आदि का विवरण अंकित नही किया गया था, जबकि राशि अंकित करके कुल भुगतान योग्य राशि में सम्मिलित किया गया है । विवरण निम्न है:–

(a) **मुख्य निधि से स्थानान्तरित की गई राशि के मांग पत्र अनुसार**

क्र0सं0	सारणी की क्र0सं0	जॉब कार्ड संख्या	नाम	पिता/पति का नाम	पद	कार्य दिवस	राशि
1	27	137	अंकित नही	अंकित नहीं	लेबर	36	9900
2	28	275	अंकित नही	अंकित नहीं	लेबर	40	11000
3	80	178	अंकित नही	अंकित नहीं	लेबर	1	275
4	97	355	अंकुश	अंकित नहीं	लेबर	7	1925
5	98	356	मंजू	अंकित नहीं	लेबर	18	4950
						कुल	**28050**
स्थानान्तरित की गई राशि – 28050+2805(10% CLC charges) +510(2805 का 18% GST) =₹31365.00							

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि नगर परिषद की मुख्य निधि से मांग पत्र की जांच किए बिना ही राशि का स्थानान्तरण किया गया था तथा ऐसा करने से ₹31365.00 की राशि अनियमित रूप से स्थानान्तरित की गई है।

(b) सी.एल.सी. की बैंक आथोरिटी के साथ संलग्न सारणी अनुसार

क्र0 सं0	सारणी की क्र0 सं0	नाम	पिता/पति का नाम	बैंक का नाम	आई.एफ. एस. सी.	खाता संख्या	राशि
1	27	अंकित नहीं	अंकित नहीं	अंकित नहीं	अंकित नहीं	अंकित नहीं	9900
2	28	अंकित नहीं	अंकित नहीं	अंकित नहीं	अंकित नहीं	अंकित नहीं	11000
3	80	अंकित	अंकित	अंकित	अंकित नहीं	अंकित नहीं	275

		नहीं	नहीं	नहीं			
4	92	कमला देवी	नराता राम	अंकित नहीं	अंकित नहीं	अंकित नहीं	4675
5	97	अंकुश	अंकित नहीं	PNB	PUNB0035600	035600150 0029924	1925
6	98	मंजू	अंकित नहीं	CBI	CBIN0281452	3839734324	4950
7	187	रमेश	रूप सिंह	अंकित नहीं	अंकित नहीं	अंकित नहीं	4950
8	188	रूपेन्दर	कृष्ण बहादुर	अंकित नहीं	अंकित नहीं	अंकित नहीं	4950
9	189	बबली	जोगिन्दर	अंकित नहीं	अंकित नहीं	अंकित नहीं	3850
10	190	काका राम	लच्छी राम	अंकित नहीं	अंकित नहीं	अंकित नहीं	4950
11	191	विकरान्त सैनी	राज कुमार	अंकित नहीं	अंकित नहीं	अंकित नहीं	1650
12	193	राधे श्याम	मदन लाल	अंकित नहीं	अंकित नहीं	अंकित नहीं	1100
13	195	नदीम खान	कुरबान खान	अंकित नहीं	अंकित नहीं	अंकित नहीं	4675
14	196	आशा देवी	अंकित नहीं	अंकित नहीं	अंकित नहीं	अंकित नहीं	3300
15	197	संजय सैनी	अंकित नहीं	अंकित नहीं	अंकित नहीं	अंकित नहीं	3300
16	255	रजनी	अमृत सिंह	अंकित नहीं	अंकित नहीं	अंकित नहीं	4950

उपरोक्त के सम्बन्ध में अंकेक्षण के दौरान स्पष्ट नहीं हो सका कि बैंक आथोरिटी में बैंक विवरण दिए बिना राशि का लेन देन किस प्रकार हुआ है और यदि यह राशि बैंक से वापिस प्राप्त हुई है तो उसके बाद राशि किस खाते में भुगतान की गई है ।

इस सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या 47 दिनांक 27.06.23 जारी करके पूछा गया था परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक भी किसी प्रकार का जवाब प्राप्त न होने के कारण आपत्ति का निपटारा अंकेक्षण के दौरान नही किया जा सका । अतः अब या तो इस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए अन्यथा अनियमित रूप से स्थानान्तरित की गई राशि को वापस मुख्य निधि में जमा करवाया जाए तथा उपरोक्त जॉब कार्ड संख्या 137, 275 व 178 में अंकित श्रमिकों के कार्य किए बिना 77 कार्य दिवसों का बिल जारी करने के सम्बन्ध में नियमानुसार उचित कार्रवाई उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवाना सुनिश्चित किया जाए ।

(च) बैंक आथोरिटी गलत बनाकर किया गया ₹99 का अनियमित भुगतान :–

माह 11/20 के वाउचर्स की लेखा परीक्षा के दौरान पाया गया कि रौकी कुमार पुत्र श्री मदन लाल चालक के वेतन की कुर्की उपरान्त 1/3 भाग जुडिशियल मैजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिरमौर के कार्यालय को भेजा जाता था । माह 11/20 में यह हिस्सा ₹3051/– बनता था परन्तु बैंक आथोरिटी ₹3150/– की बनाकर ₹99/– की राशि अधिक भुगतान की गई । अंकेक्षण अधियाचना संख्या 47 दिनांक 27.06.23 जारी करके इस सम्बन्ध में पूछा गया था परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक भी किसी प्रकार का जवाब प्राप्त न होने के कारण आपत्ति का निपटारा अंकेक्षण के दौरान नही किया जा सका । अतः अब या तो इस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए अन्यथा अनियमित रूप से भुगतान की गई राशि को उचित स्त्रोत से वसूल करके वापस मुख्य निधि में जमा करवाया जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

(छ) राशि ₹1696252/– के अभिलेख प्रस्तुत न करने बारे :–

व्यय की जांच हेतु चयनित माह 4/19, 11/20, 8/21 व 10/22 के निम्न वाउचर अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 47 दिनांक 27.06.23 जारी करके मांगे जाने के बावजूद भी अंकेक्षण समाप्ति तक प्रस्तुत नहीं किए गए। जिस कारण ₹16,96,252.00 के भुगतान की पुष्टि अंकेक्षण के दौरान नहीं की जा सकी । अतः उक्त वाउचर्स आगामी अंकेक्षण में लेखा परीक्षा हेतु प्रस्तुत किए जाने सुनिश्चित किए जाऐं ।

माह/ रोकड़ बही पृष्ठ संख्या	रोकड़ बही अनुसार व्यय का विवरण	राशि (₹)
4/19/48	श्रीमती रेखा वेतन माह मार्च देय अप्रैल 19	6138.00
4/19/48	श्रीमती सीमा देवी वेतन माह मार्च देय अप्रैल 19	5742.00
4/19/49	श्रीमती बाला वेतन माह मार्च देय अप्रैल 19	5346.00
11/20/ 83	हैप्पी आर्टस को भुगतान	47790.00
11/20/ 83	विजय लक्ष्मी को भुगतान	24750.00

11/20/ 83	एम.एम.एस.जी.आर. वाई. को भुगतान	1004075.00
8/21/03	गारबेज कलैक्शन हेतु आसमां व शाबिर को भुगतान	592981.00
8/21/03	रौकी चालक का कोर्ट को भुगतान (JMIC)	3730.00
10/22/29	साहिल बडलान का ईपीएफ.	5700.00
	कुल	**1696252.00**

(ज) वित्तीय स्वीकृति/ पारित आदेश के बिना ₹8260/– का भुगतान

माह 8/21 के वाउचर ₹8260 के द्वारा ₹5250 का भुगतान अमर उजाला को विज्ञापन छपवाने हेतु किया गया था जिसके DAVP Rates की प्रति अंकेक्षण को उपलब्ध नही करवाई गई तथा ₹3010 का भुगतान एम बी एम एडवरटाइजिंग व पी आर. एजैन्सी को किया गया था जिस पर सक्षम अधिकारी के पारित आदेश/ वित्तीय स्वीकृति मौजूद नहीं थी ।

बिना अनुमोदित दर व बिना आदेश के भुगतान किए जाने बारे वस्तुस्थिति से अवगत करवाने हेतु अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 47 दिनांक 27.06.23 जारी की थी परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक किसी प्रकार का जवाब प्राप्त न होने के कारण आपत्ति का निपटारा नही किया जा सका । अतः अब वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए अपेक्षित कार्रवाई करके अंकेक्षण को अवगत करवाना सुनिश्चित किया जाए ।

19 प्रधानमन्त्री आवास योजना :–

व्यय की विस्तृत जांच हेतु चयनित माह 04/2019 के वाउचर्स व प्रधानमन्त्री आवास योजना की रोकड़ बही की जांच उपरान्त निम्न अंकेक्षण आपत्तियां पाई गई थी ।

(i) वाउचर संख्या –अंकित नहीं दिनांक 2.4.19 ₹1969350.00

रोकड बही पृष्ठ संख्या 14 पर ₹1969350.00 की राशि एच.एफ.ए. खाता संख्या 1933104000009799 से खाता संख्या 55710107583 में स्थानान्तरित की गई है थी अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 41 दिनांक 13.06.23 द्वारा सम्बन्धित बिल/वाउचर मांगे जाने के बावजूद भी अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया जिस कारण स्थानान्तरित की गई राशि के सही होने की पुष्टि नहीं की जा सकी । अतः उक्त वाउचर अंकेक्षण में प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए ।

(ii) वाउचर संख्या –अंकित नहीं दिनांक 4.4.19 ₹580750.00 आंशिक अदायगी ₹450000.00

रोकड़ बही पृष्ठ संख्या 15 पर कुल राशि ₹580750.00 की आंशिक अदायगी ₹450000.00 वैब डैकोरिना कम्पनी को नगर परिषद नाहन के वार्ड न0 3,4,5 व 6 के जीआईएस सर्वे हेतु निम्नानुसार भुगतान की गई थी यह भुगतान योजना पर उचित प्रभार प्रतीत नही होता । अतः

योजना पर अनुचित प्रभार पर किए गए अनियमित भुगतान बारे स्थिति स्पष्ट की जाए अन्यथा राशि की भरपाई उचित स्त्रोत से करके योजना निधि में जमा करवाना सुनिश्चित की जाए । इसके अतिरिक्त कार्य पूर्ण होने की तिथि तथा शेष राशि के भुगतान बारे भी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

रोकड बही पृष्ठ संख्या /दिनांक	विवरण	कम्पनी के इनवायस (Invoice) की राशि (₹)	भुगतान की गई राशि (₹)
32/ 2.4.19	मै0 वैब डैकोरिना को वार्ड न0 3 व 4 की सभी सम्पत्तियों का जी आई एस सर्वे हेतु	290375.00	450000.00
34/2.4.19	मै0 वैब डैकोरिना को वार्ड न0 5 व 6 की सभी सम्पत्तियों का जी आई एस सर्वे हेतु	290375.00	
		580750.00	**450000.00**

(iii) वाउचर संख्या– अंकित नहीं दिनांक 30.4.19 राशि ₹4,57,520.00

(क) अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि रोकड़ बही पृष्ठ संख्या 16 दिनांक 30.4.19 द्वारा मै0 कोनार्क प्रोडक्ट्स मोगीनन्द तहसील नाहन जिला सिरमौर को ₹457520.00 का भुगतान निम्नानुसार विभिन्न प्रकार की एलईडी लाईट्स क्रय करने हेतु किया गया था । यह भुगतान योजना पर उचित प्रभार प्रतीत नहीं होता । अतः या तो प्रधानमन्त्री आवास योजना के अन्तर्गत इस व्यय हेतु प्रावधान से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए अन्यथा राशि की उचित स्त्रोत से भरपाई करके निधि में जमा करवाकर अनुपालना से अंकेक्षण को सूचित किया जाए ।

Sr. No.	Invoice No./Date	Purchase Detail	Amount (₹)	Total Amount (₹)
1	19INKP00096 3/ 19-2-19	20 No. LED HW street light HLSLD -10-65-CWL-1	38080.00	96208.00
		9 no. FIESTA 70W LED street light 5000K	18144.00	
		21 no. LED street light 60W HLSLD 10-60-CWL	39984.00	
2	19INKP00096 2/ 19-2-19	35 no. Street light 60W (SLEUL60W IP66PLX)	66640.00	94864.00
		14 no. FIESTA 70w LED street light 5000K	28224.00	
3	19INKP00096	35 no. Street light 60W	66640.00	84784.00

	1/ 19-2-19	(SLEUL60W IP66PLX)		
		9 no. LED street light 72W HLSLD 10-72-CWL-1	18144.00	
4	19INKP00096 0/ 19-2-19	50 no. Street light 45w	84000-00	90048.00
		3 no. LED HW street light HLSLD 10-72-CWL	6048.00	
5	19INKP00095 9/ 19-2-19	4 no. Street light 65w	7616.00	91616
		50 no. Street light 45w	84000.00	
		Total		**457520.00**

(ख) इसके अतिरिक्त वाउचर के साथ संलग्न अभिलेख में केवल निविदा आमंत्रण सूचना ही मौजूद है जिसमें निविदाऐं प्राप्त करने हेतु अन्तिम तिथि का विवरण नही है, शेष कोई अभिलेख सलंग्न नहीं है । इससे प्रतीत होता है कि क्रय से पूर्व, हि0 प्र0 वित्त नियम 2009 के नियम 100 व 103 के प्रावधानों की अनुपालना नहीं की गई है । अतः इस अनियमितता बारे स्थिति स्पष्ट करने की कृपा करें तथा उक्त क्रय को GeM पोर्टल के माध्यम से न किए जाने बारे भी औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा अनियमित किए गए व्यय हेतु सक्षम अधिकारी से एकल निविदा पर क्रय किए जाने की कार्योत्तर स्वीकृति प्राप्त करके नियमित करवा कर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

(iv) वाउचर संख्या –अंकित नहीं दिनांक 9.5.19 राशि ₹46333.00

रोकड़ बही पृष्ठ संख्या 17 दिनांक 9.5.19 द्वारा मै0 सुरेन्द्रा इलैक्ट्रिक जनरल स्टोर नाहन को ₹46333.00 का भुगतान किया गया है । यह भुगतान बिल संख्या 9979, 9980 व 9987 दिनांक 26.4.19 द्वारा एक सैमसंग एयर कंडिशनर– ₹43900 अन्य सहायक उपकरण ₹2213.00) तथा ए. सी. के इन्सटालेशन हेतु ₹220.00 पर व्यय किया गया था। अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि यह व्यय योजना पर उचित प्रभार नहीं है । इसके अतिरिक्त हि0 प्र0 वित्त नियमावली के नियम 98 की अनुपालना भी सही प्रकार से नहीं की गई है । इस नियम के अनुसार क्रय हेतु कम से कम तीन लोगों की परचेज कमेटी का गठन करके तथा कमेटी/समिति द्वारा ही समस्त निविदा प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए था परन्तु उक्त क्रय में सिर्फ 2 लोगों द्वारा ही निविदाऐं खोली गई हैं तथा तुलनात्मक विवरणी पर नगर परिषद प्रधान द्वारा दरों का अनुमोदन करवाए बिना ही अपने स्तर पर दरों का अनुमोदन कर दिया गया है । अतः नियमों की अवहेलना बारे स्थिति स्पष्ट की जाए ।

(v) उपरोक्त क्रम संख्या (iii)(क) व (iv) पर दर्शाए एल. ई. डी. लाइट्स व एयर कण्डीशनर की भण्डार प्रविष्टियां अंकेक्षण के बार बार अनुरोध करने पर भी सम्बन्धित सहायक द्वारा नहीं दिखाई गई है । अतः इस सम्बद्ध में अनुपालना आगामी अंकेक्षण के दौरान सुनिश्चित की जाए ।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 41 दिनांक 13.06.23 जारी करके संस्था से उक्त आपत्तियों बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने बारे अनुरोध किया गया था परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक किसी प्रकार का उत्तर प्राप्त न होने के कारण से उक्त आपत्ति का निपटारा नहीं किया जा सका।

20 निर्माण कार्य

(क)

1. Name of Work	**C/O Office Complex Building at Municipal Council, Nahan**
Name of contractor	Sh. Arvind Kumar Bansal
Award letter No. / MB No	MC/N-725 dated 18.03.2021 MB No. 9393& MB-9394
Awarded Amount	Rs. 3,78,94, 361.89
Time Allowed	**270 days as per Tender Notice No. MCN/725 dated 18.03.2021**– As per award letter Clause -4 – **One Month** DOS – Not mentioned DOC – yet to be completed
Running Bills involved	1st, 2nd& 3rd

इस निर्माण कार्य के सम्बन्ध में निम्न अनियमितताएं पाई गई।

(i) इस कार्य के सम्बन्ध में प्रशासनिक स्वीकृति तथा विस्तृत आंकलन (Detailed Estimate) अंकेक्षण को प्रस्तुत नहीं किये गए न ही संविदाकार के साथ हस्ताक्षरित अनुबंध अंकेक्षण को प्रस्तुत नहीं किया गया।

(ii) इस निर्माण कार्य से सम्बन्धित अभिलेख की जाँच केवल तुलनात्मक विवरणी जो कि e-procurement system से निकाली गयी शीट्स थी तथा केवल कार्यकारी अधिकारी तथा सहायक अभियंता द्वारा हस्ताक्षरित थी के आधार पर की गयी जबकि तुलनात्मक विवरणी नगर परिषद् की प्रधान से भी हस्ताक्षरित करवाई जानी वांछित थी। बार-बार अनुरोध करने पर भी इस प्रकरण में भाग लेने वाले संविदाकारों के टेंडर अंकेक्षण को उपलब्ध नहीं करवाए गये। अतः इस संदर्भ में पूर्ण सत्यापन सम्भव न हो सका।

(iii) इस निर्माण कार्य में निम्न तालिका में दिये गये विवरणानुसार गणना की त्रुटि के कारण संविदाकार को ₹53622.60 का अनियमित अधिक भुगतान किया गया था।

Sr. No.	Running Bill No.	Item No. & nomenclature	Steel in mm	Quantity taken	Actual quantity	Excess quantity & Rate	Amount overpaid (₹)	MB No. 9393 Page Ref.
1.	2nd	Providing form work with steel plates 3.15mm thick welded with iron in frame.		3.20 sq.m.	0.90 sq.m.	2.3 sq.m. @ Rs. 75	172.50	24
2.	2nd	Providing Tor Steel/ TMT Steel reinforced for RCC work	12 mm	301.60 RMT	282.40 RMT	17.09 kgs (19.2 x 0.89) @ Rs. 66/ kg	1127.94	29
			16 mm	560.76 RMT	428.16 RMT	209.5 kgs (132.60 x 1.58) @ Rs. 66/ kg	13827.00	30
			10 mm	2707.85 RMT	1978.50 RMT	452.19 kgs (729.35 x 0.62) @ Rs. 66/ kg	29844.54	36
3.	3rd		12mm	1547.05 RMT	1530.85 RMT	14.42 kgs. (16.2 x 0.89) @ Rs. 66/ kg	951.72	41
			20mm	311.86 RMT	306.83 RMT	12.43 kgs (5.03 x 2.47) @ Rs. 66/ kg	820.38	50
			25mm	148.74 RMT	139.74 RMT	34.74 kgs (9x 3.86)@ Rs. 66/ kg	2292.84	50
			25mm	297.72 RMT	279.72 RMT	69.48 kgs (18x 3.86)@ Rs. 66/ kg	4585.68	51
						Total	**53622.60**	

(iv) माप पुस्तिका में संविदाकार द्वारा इस कार्य हेतु बिजली एवं जल का प्रबन्ध अपने स्तर पर किया गया था, के बारे कोई भी प्रमाणन नहीं किया गया था तथा कार्य आबंटन पत्र की शर्त संख्या 5 अनुसार इस सन्दर्भ में निविदाकार को देय राशि से 1.5 % की दर से आवश्यक कटौती भी नहीं की गई थी। इस प्रकार संविदाकार को तीसरे चलत बिल तक ₹316065 {Rs. 2,10,70,976-(value of the quantities executed upto 3rd R. Bill) x 1.5%)} का अधिक अनियमित भुगतान किया गया प्रतीत होता है।

(v) निर्माण कार्य स्थल पर उपयोग की गई निर्माण सामग्री रेत, बजरी, पत्थर इत्यादि पर HP Minor Minerals (Concession) and Mineral (Prevention of Illegal Mining, Transportation, & Storage) Rules, 2015 के प्रावधान अनुसार royalty की कटौती की जानी अपेक्षित है। परन्तु अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि संविदाकार को भुगतान से पूर्व न तो उनके निर्माण बिलों से देय ₹80 प्रति टन की दर से royalty की न ही कटौती की गई थी तथा न ही इस सन्दर्भ में संविदाकार से निर्धारित एम्-फार्म/क्यू फार्म ही प्राप्त किये गये जो कि अनियमित है। इस प्रकार संविदाकार को निम्न तालिका में दर्शाए गये विवरण अनुसार ₹3,38,968.80 का अनियमित भुगतान किया गया था:

Item No.	MB No. 9394 Page & Entry No. reference	Nomenclature of item	Qty	Unit	Sand		Aggregate	
					Factor	Qty	Factor	Qty
5	15/2	P/L CC 1:4:8 with 40mm aggregate	258.52	m3	0.47	121.51	0.89	230.08
6.02, 6.03, 6.05, 6.04 & 6.01	17/8 17/9 17/10 20/18 20/19	P/L CC having strength 20 mm aggregate	1042.93	m3	0.425	443.25	0.85	886.49
12	18/12 (I)	Brickwork 1:6	0.83	m3	0.26	0.22		0.00
13	18/12 (II)	Half Brick Masonry 1:4	12.73	m2	0.03	0.39		0.00
36	18/13	20mm Cement Plaster 1:6	79.69	m3	0.024	1.92		

44	19/16	P/L CC 1:2:4 with 20mm aggregate in suspended floors	702.76	m3	0.445	312.73	0.89	625.46
2	19/14	Sand filling in plinth	100.98	m3	1	100.98		
		Total				981.00		1742.03
Factors for conversion of above quantities into weight in metric tonnes						1.62		1.52
Quantity in metric tonnes						1589.2 2 (A)		2647.89(B)
				(A)				
		Total Quantity in metric tonnes		(B) + (B)		4237.11 (C)		
		Royalty due @ Rs. 80 per MT		(C) x Rs.80				338968.80

Royalty due worked out on the basis of quantities paid upto 3rd Running Bill

(vi) संविदाकार द्वारा कार्य स्थल पर लाई गई निर्माण सामग्री से सम्बन्धित आपूर्तिकर्ता के बिल भी अभिलेख में नहीं पाए गए तथा न ही कार्य में प्रयुक्त निर्माण सामग्री के सम्बन्ध में **Theoretical Material Consumption Statements** ही तैयार की गयी थी जिसके अभाव में कार्य की गुणवत्ता के आकलन बारे कोई भी अभिलेख सृजित नहीं पाया गया तथा ऐसी स्थिति में कार्य की गुणवत्ता से समझोता किया जाने की संभावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता।

उक्त अनियमितताओं बारे अंकेक्षण ज्ञापन संख्याः 52 दिनाँक 10.07.2023 द्वारा वस्तु स्थिति स्पष्ट करने हेतु अनुरोध किया गया था परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक इस सन्दर्भ में कोई भी उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः उक्त अनियमितताओं के सम्बन्ध में या तो नियमानुसार पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाये अथवा आवश्यक जाँच उपरान्त इस सम्बन्ध में निमयानुसार कार्रवाई करते हुये वाँछित अभिलेख/वर्णित की राशि वसूली सुनिश्चित कर कृत कार्रवाई से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

(ख) ₹78.53 लाख के निर्माण कार्य से सम्बन्धित भुगतान का अभिलेख अंकेक्षण को प्रस्तुत न करने बारे :–

अंकेक्षण के दौरान व्यय हेतु चयनित मासों से सम्बन्धित निम्न वाउचरों द्वारा निर्माण कार्यों हेतू किए गए भुगतान से सम्बन्धित केवल माप पुस्तिकाएं अंकेक्षण को प्रस्तुत की गई थी। इस भुगतान से सम्बन्धित अन्य अभिलेख जैसे के डी0एन0आई0टी/निविदाएं, तुलानात्मक विवरणी, तकनीकी व प्रशासनिक स्वीकृती, आदि, अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 49 दिनांक 28.06.2023

तथा 54 दिनांक 13.07.2023 द्वारा प्रस्तुत किए जाने का अनुरोध किए जाने के पश्चात भी लेखा परीक्षा हेतु प्रस्तुत नहीं किए गए जिसके अभाव में निर्माण कार्य बिलों का पूर्ण अंकेक्षण कर पाना सम्भव नहीं हो सका। अतः इस सम्बन्ध में वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए निम्न वाउचरों से सम्बन्धित पूर्ण अभिलेख अंकेक्षण को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए–

क्र0 सं0	वाउचर सं0/दिनांक/ रोकड बही पृ0 सं0	कार्य का नाम	ठेकेदार का नाम	भुगतान राशि (₹)
1	38/18–04–19/68	Supply of JCB for cutting & exvavaction of work at Dumping Site	श्री हरप्रीत सिंह	118674
2	39/18–04–19/68	Supply of JCB for cutting, C/o road for Helipad	श्री हरप्रीत सिंह	93364
3	59/26–04–19/75	R/M of MC Rest House with Extension of Skaband 80mm Thick interlocking Paver Blocks.	श्री मनोज कुमार	63762
4	11/06–11–20/95	C/o Underground water Tank at Dumping Site Nahan	श्री जय सिंह	83421
5	12/06–11–20/95	C/o Tin Shed at Dumping Site Nahan	श्री जय सिंह	360319
6	13/06–11–20/95	C/o Underground water Tank at Dumping Site Nahan	श्री जय सिंह	244600
7	14/06–11–20/95	Beautification of Mall Road Steel Railing & tiles	श्री संजीव शर्मा	181174
8	15(1)/06–11–20/95	P/F Red Stone at Mall Road Nahan	श्री संजीव शर्मा	284499
9	15(2)/06–11–20/95	P/D Granite Stone at Mall Road Nahan	श्री संजीव शर्मा	28273
10	16/06–11–20/95	P/F Interlocking Paver Blocks in Main Bazar	श्री महीपत सोलंकी	213302

		Nahan		
11	17/06–11–20/95	P/L ISI Mark Tiles from AVN School upto H/o Durga Ram	श्री विजेंदर सिंह	494893
12	18/06–11–20/95	C/o Path/Drain near H/o Sh. Joginder Singh Shastri	श्री टीटू कुमार	98749
13	19/06–11–20/95	Repair/Maintenance of MC Meeting Hall	श्री महेश ठाकुर	116165
14	20/06–11–20/95	P/F of cast iron Railing for Park at Mall Road Nahan	श्री संजीव कुमार	234396
15	21/06–11–20/95	P/L of 60mm ISI Mark Tiles from Chakrera Main road PWD Rest House	श्री महीपत सोलंकी	138019
16	23/07–11–20/97	C/o Slaughter House Moh. Dhabon, Nahan	श्री राकेश चौधरी	508032
17	24/07–11–20/97	C/o P.Wall at Dumping Site Nahan	श्री जय सिंह	74410
18	26/07–11–20/97	Beautification of Park by Fixing Railing & 30mm tiles	श्री संजीव शर्मा	108937
18	47/09–11–20/01	P/F RCC NP-2 Pipes of 900 mm in H.B Colony Nahan	श्री संजीव शर्मा	28000
19	48/09–11–20/01	P/F of 60 mm Tiles interlocking at H.B Colony Park	श्री महीपत सोलंकी	218600
20	49/09–11–20/01			255100
21	59/10–11–20/04	C/o Shelter for Urban Homeless (Women) Building near RTO Office Nahan	श्री राकेश चौधरी	44708
22	60/10–11–20/04	C/o Toilets at Mall Road Nahan	श्री राकेश चौधरी	305647

23	61/10–11–20/04	C/o Shelter for Urban Homeless (Women) Building near RTO Office Nahan- Electrical Installations	श्री राकेश चौधरी	360919
24	62/10–11–20/04	C/o Parking near MES Temple Nahan	श्री राकेश पुंडीर	79520
25	63/10–11–20/05	P/F Granite Stone for Toilets at Mall Road Nahan	श्री अनिल कुमार	416971
26	64/10–11–20/05	C/o R.Wall at Park Pucc Tank (Lakddata Peer)	श्री अनिल कुमार	205103
27	65/10–11–20/05	C/o R.Wall at Park Moh. Gobindgarh	श्री अनिल कुमार	107549
28	66/10–11–20/05	C/o R.Wall near C.M.O Office W No. 2	श्री अनिल कुमार	205274
29	67/10–11–20/06	C/o Interlocking Tiles in Community Rest House	श्री अनिल कुमार	53124
30	68/10–11–20/06	C/o B.Wall for Park housing of Board Colony Nahan	श्री अशोक कुमार	182078
31	69/10–11–20/06			163685
32	70/10–11–20/07	P/L of 80 mm ISI Mark tiles from Shop of Hukum upto H/o Jagmohan	श्री महीपत सोलंकी	790369
33	72/10–11–20/07	Development of Path near MC Office	मै0 तनुश्री डेवल्पमेंट	103964
34	74/10–11–20/08	R/o Path & MC Building Nahan	मै0 तनुश्री डेवल्पमेंट	114176
35	75/10–11–20/ रोकड बही में दर्ज नहीं	C/o Drain near Police Colony Nahan	मै0 तनुश्री डेवल्पमेंट	62685
36	82/26–11–20/21	C/o Community Hall at Balmiki BAsti W No. 12	श्री सुखविन्द्र सिंह	119624

37	83/26–11–20/21	R/o Toilet of Community Hall near MC Rest House	श्री महेश ठाकुर	78246
38	57/28–10–22/36	C/o Path interlocking tiles near Police Colony, Ward No. 6	श्री राकेश चौधरी	397514
39	74/28–10–22/39	Repair of Drains in Mohalla Lower Cantt Koli Mandi	श्री कृष्ण चंद	115224
			कुल	7853069

लेखा परीक्षा हेतु इतनी बड़ी संख्या / मात्रा में अभिलेख प्रस्तुत न करना सम्बन्धित शाखा में कार्यरत कर्मचारियों की अपने कर्तव्यों के प्रति उदासीनता तथा कार्यकारी अधिकारी का उन पर नियंत्रण के अभाव का सूचक है तथा वहीं दूसरी ओर कार्यालय अभिलेख के रख–रखाव पर भी एक बहुत बड़ा प्रशन चिन्ह है | ऐसी स्थिति में निर्माण कार्यों में भी वर्तमान अंकेक्षण के दौरान अन्य प्रसंगों में पाई गयी गम्भीर अनियमितताओं की तरह की अनियमितताओं की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता तथा मामला यथोचित कार्रवाई हेतु विभाग के उच्च अधिकारीयों के विशेष ध्यानार्थ भी लाया जाता है जबकि वांछित अभिलेख अंकेक्षण को प्रस्तुत करना भी सुनिश्चित किया जाये|

21 **आपूर्तिकर्ता/सप्लायर बिल से रॉयल्टी की कटौती न करने के कारण अधिक अनियमित भुगतान ₹1.15 लाख (₹27 लाख + ₹0.88 लाख)**

हि0प्र0 सरकार उद्योग विभाग (जियोलॉजिकल विंग) के पत्र संख्याः 5–49/79.Ind-(Glg)Rules, 2015-Vole-IV 1175 दिनाँकः 12.05.2015 उद्योग (जियोलॉजिस्ट) रूल्स–2015–खण्ड–IV–1175 के अनुसार उक्त खनन सामग्री के उपयोग पर दिनांक 10/02/2022 तक रॉयल्टी की दर ₹60 प्रति मिट्रिक टन तथा ₹5000 प्रति एक लाख ईंट निर्धारित की गई थी जिसे पत्र संख्याः Ind-II-(F)6-14/2014-Vol-I दिनांक 10/02/ द्वारा ₹80 प्रति मिट्रिक टन कर दिया गया जबकि ईटों पर रॉयल्टी की दर को यथावत ही रखा गया है। उक्त नियम के प्रावधान अनुसार विकासात्मक/निर्माण कार्य पर उपयोग की जाने वाली सामग्री (रेत, बजरी, पत्थर ईत्यादि) के लिए सप्लायर/आपूर्ति कर्ता माईनिंग अधिकारी से अनिवार्य रूप से **फार्म–एम** अथवा **फार्म–एक्स** प्राप्त कर उसे नगर परिषद को मूल रूप में प्रस्तुत करने का प्रावधान है जिसके अभाव में परिषद बिल की अदायगी करते समय उक्त दरों अनुसार रॉयल्टी की कटौती कर राशि को राजकीय कोष में लेखा शीर्ष 0853–102–01–05 के अन्तर्गत जमा किया जाना अपेक्षित है।

परन्तु अंकेक्षण के दौरान विभिन्न बिलों की जांच में पाया गया कि कार्य स्थलों पर निम्न विवरणानुसार अनुसार रेत, बजरी, पत्थर ईत्यादि की आपूर्ति की गई थी तथा आपूर्तिकर्ता सप्लायर के बिल से न तो रॉयल्टी की कटौती की गई थी और न ही उससे फार्म–एम अथवा फार्म–एक्स प्राप्त किया गया था जिस कारण आपूर्तिकर्ता फर्म/व्यक्ति/संविदाकर को अधिक भुगतान किया गया प्रतीत होता है–

(क) क्रय की गई सामग्री जिसके सम्बन्ध में स्टॉक प्रविष्टि तो की गई थी परन्तु रॉयल्टी राशि ₹0.27 लाख की कटौती नहीं की गई

निम्न तालिका में दर्शाए गये प्रसंगों में संस्था द्वारा **क्रय की गई सामग्री** पर **₹27347** की रॉयल्टी की राशि की कटौती नहीं की गयी थी :

क्र0 सं0	विवरण	रोकड बही पृ0सं0	वाउचर सं0/	बिल सं0/ दिनांक/ राशि (₹)	स्टॉक पंजी पृ0सं0	आपूर्तिकर्ता	सामग्री	मात्रा	रॉयल्टी दर प्रति टन	देय रॉयल्टी (₹)
1	Regd, Payment of Stone, Gatka Tractor for Building Material	33	20/ 06-05-21	101/ 15-01-21/ ₹99400	12	Sh. Naresh Saini	पत्थर 30 ट्रैक्टर (एक ट्रैक्टर लगभग 120 क्यु0फी0)	225.80 टन (30x120 0x0.02 8x2.24)	60	13548
							रेत 5 ट्रैक्टर (एक ट्रैक्टर लगभग 120 क्यु0फी0)	27.22 टन (5x120 x0.028 x 1.60)	60	1633
							बजरी 9 ट्रैक्टर (एक ट्रैक्टर लगभग 120 क्यु0फी0)	4.60 टन (9x120 x0.028 x 1.52)	60	276
2	Payment. Regd. Supply of Perforated Bricks	75	43/ 12-10-21	16/ 28-05-21/ ₹32000	12	M/s Aggarwal Enterprise	ईंट	1200	0.05	60

3	Payment Regd. River Sand, Bricks Ist Class, etc	96	06/ 02-11-21	1132/ 10-09-21/ ₹24000	12	Mohd. Jalal	40 मी०मी गटका (600 क्यु०फी०)	37.632 टन (600x 0.028x 2.24)	60	2260
				1133/ 10-09-21/ ₹30400	12		20 मी०मी बजरी (800 क्यु०फी०)	34.048 टन (800x 0.028x 1.52)	60	2043
				1134/ 10-09-21/ ₹7500	46		ईंट ए क्लास	1000	0.05	50
				1135/ 10-09-21/ ₹40392	24		रेत (1080 क्यु०फी०)	48.384 टन (1080x 0.028x 1.60)	60	2903
4	Payment Regd. Supply of concrete of M20 grade	93	37/ 05-02-22	06/ 21-01-22/ ₹289100	Not Entered in Stock	Neelam Geo Tech. Pvt. Ltd.	एम 20 ग्रेड कंक्रीट (35 क्यु०मी)	67.90 टन (35x 1.94)	60	4074
5	Payment Regd. Supply of Fine Modular Bricks	93	38/ 05-02-22	Not Mentioned/ 31-01-22/ ₹84000	46	Mahaluxmi BMF IND Pvt. Ltd.	ईंट	10000	0.05	500
					कुल					27347

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 42 दिनांक 14.06.23 द्वारा उक्त के सम्बन्ध में संस्था से स्पष्टीकरण माँगा गया था परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक इस सम्बन्ध में कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।

(ख) क्रय की गयी सामग्री जिसके सम्बन्ध में निविदाएं तथा स्टॉक प्रविष्टि अंकेक्षण को प्रस्तुत नहीं की गयी तथा न ही ₹0.88 लाख की रॉयल्टी की कटौती की गयी :-

निम्न तालिका में दर्शाए गये प्रसंगों में संस्था के द्वारा **₹87733** की रॉयल्टी की राशि की कटौती नहीं की गयी जबकि सम्बन्धित बिलों द्वारा क्रय की गई सामग्री की निविदाएं भी अभिलेख में नहीं पाई गयी । इसके अतिरिक्त क्रम संख्या 1 व 2 के प्रसंग में सम्बन्धित **स्टॉक रजिस्टर में प्रविष्टि** भी

अंकेक्षण को प्रस्तुत नहीं की गई तथा ऐसी स्थिति में इस सामग्री का वास्तविक क्रय ही संदेहास्पद प्रतीत होता है।

क्र0 सं0	विवरण	रोकड बही पृ0सं0	वाउचर सं0 /	बिल सं0 / दिनांक	आपूर्तिकर्ता	सामग्री	मात्रा	रॉयल्टी दर प्रति टन	देय रॉयल्टी (₹)
1	Paid to Sh. Afjal Khan for Supply od Boulder 100mm to 300mm	98	35/ 09-11-20	003/ 22-09-20	Sh. Afjal Khan	पत्थर 98 क्यु0मी 35 ट्रैक्टर (एक ट्रैक्टर लगभग 2.8 क्यु0मी0)	219.52 टन (98 x2.24)	60	13171
				010/ 25-10-20		पत्थर 58.8 क्यु0मी 21 ट्रैक्टर (एक ट्रैक्टर लगभग 2.8 क्यु0मी0)	131.71 टन (58.8 x2.24)	60	7903
2	Paid to Sh. Mohd. Jalal for Supply of Material	98	36/ 09-11-20	1114/ 07-11-20	Sh. Mohd. Jalal	रेत (3960 क्यु0फी0)	177.40 टन (3960x 0.028x 1.60)	60	10644
				1116/ 07-11-20		रेत (2200 क्यु0फी0)	98.56 टन (2200x 0.028x 1.60)	60	5914
				1117/ 07-11-20		रेत (720 क्यु0फी0)	32.25 टन (720x 0.028x 1.60)	60	1935
				1118/ 07-11-20		बजरी (5640 क्यु0फी0)	240 टन (5640x 0.028x 1.52)	60	14400
				1119/ 07-11-20		बजरी (2040 क्यु0फी0)	86.82 टन (2040x	60	5209

							0.028x 1.52)		
				1120/ 07-11-20		ईंट	2500	0.05	125
				1121/ 07-11-20		गटका (280 क्यु0फी0)	17.56 टन (280x 0.028x 2.24)	60	1054
3	Paid to Mohd. Jalal for Supply of Material	25	51/ 18-08-21	1125/ 11-05-21	Sh. Mohd. Jalal	रेत (1560 क्यु0फी0)	69.89 टन (1560x 0.028x 1.60)	60	4193
				1126/ 11-05-21		रेत (1000 क्यु0फी0)	44.80 टन (1000x 0.028x 1.60)	60	2688
				1124/ 11-05-21		बजरी (1560 क्यु0फी0)	66.40 टन (1560x 0.028x 1.52)	60	3984
				1123/ 11-05-21		ईंट	6000	0.05	300
4	Paid to Sh. Mohd. jalal for Supply of material		68/ 27-10-22	1141/ 10-06-22	Sh. Mohd. Jalal	रेत (1180 क्यु0फी0)	52.86 टन (1180x 0.028x 1.60)	80	4229
				1144/ 06-10-22		बजरी (200 क्यु0फी0)	8.51 टन (200x 0.028x 1.52)	80	681
				1137/ 10-06-22		ईंट	7300	0.05	365
				1142/ 06-10-22		रेत (1000 क्यु0फी0)	44.80 Vu (1000x 0.028x	80	3584

							1.60)		
				1138/ 10-06-22		बजरी (2160 क्यु0फी0)	91.93 टन (2160x 0.028x 1.52)	80	7354
	कुल								87733

अंकेक्षण ज्ञापन सं0 62 दिनांक 20/07/2023 द्वारा उक्त अभिलेख मांगे जाने पर भी अंकेक्षण को उपलब्ध नहीं करवाया गया तथा ज्ञापन सं0 63 दिनांक 21.07.23 द्वारा संस्था से वस्तु स्थिति स्पष्ट करने बारे कहा गया था परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक इस सम्बन्ध में कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।

अत: उक्त पैरा (क) व् (ख) में वर्णित प्रसंगों में वांछित अभिलेख एम् / एक्स फार्म सहित या तो आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाये अन्यथा उचित स्त्रोत से रॉयल्टी की राशि की वसूली कर तथा सम्बन्धित सरकारी राजस्व शीर्ष में जमा करने के उपरांत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

22 क्रय की गई निर्माण सामग्री से नियमानुसार वाइड्स (Voids) की कटौती न करने के कारण संविदाकारों को ₹1.07 (0.17 + 0.90) लाख का अधिक अनियमित भुगतान:

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि निर्माण कार्यों हेतु क्रय की गई सामग्री पर निर्धारित दर से वाइड्स (Voids) की कटौती नहीं की गई थी जबकि सी0पी0डब्लू0डी नियमावली के पैरा 21. 2.13 के नियमानुसार रेत की आपूर्ति पर 5%, बजरी की आपूर्ति पर 10 एम.एम. से लेकर 20 एम. एम. तक 5%, तथा 20 एम.एम. से लेकर 40 एम0एम0 तक की बजरी पर 10% और पत्थर की आपूर्ति पर 12.5% की दर से वाइड्स (Voids) की कटौती जी जानी अपेक्षित थी।

(क) स्टॉक से सम्बन्धित अभिलेख की नमूना जॉच पर निम्न तालिका में दर्शाए गए विवरणानुसार आपूर्तिकर्ता व्यक्ति/फर्म/संविदाकार को उपरोक्त प्रावधान अनुसार वाइड्स (Voids) की कटौती न किये जाने के कारण ₹16805.00 का अधिक भुगतान किया गया प्रतीत होता है :-

क्र0 सं0	विवरण	रोकड बही . पृ0सं0	वाउचर सं0/	बिल सं0/ दिनांक	स्टॉक पंजी पृ0सं0	आपूर्ति कर्ता का नाम	सामग्री	मात्रा (क्यु0फी में)	नियमानुसार वाइड्स (Voids) की कटौती (में)	वाइड्स (Voids) (क्यु0फी में)	दर (₹ प्रति क्यु0फी)	कटौती की राशि (₹)
1	Regd, Payment of Stone,	33	20/ 06-05-21	101/ 15-01-21/	12	Naresh Saini	पत्थर 30 ट्रैक्टर (एक ट्रैक्टर लगभग 120	3600	12.5	450	17.5	7875

	Gatka Tractor for Building Material			₹99400			क्यु0फी0)					
							रेत 5 ट्रैक्टर (एक ट्रैक्टर लगभग 120 क्यु0फी0)	600	5	30	21.67	650
							बजरी 9 ट्रैक्टर (एक ट्रैक्टर लगभग 120 क्यु0फी0)	1080	10	108	21.67	2340
2	Payment Regd. River Sand, Bricks Ist Class, etc	96	06/ 02-11-21	1132/ 10-09-21/ ₹24000	12	Mohd. Jalal	40 मी0मी गटका	600	10	60	40	2400
				1133/ 10-09-21/ ₹30400	12		20 मी0मी बजरी	800	5	40	38	1520
				1135/ 10-09-21/ ₹40392	24		रेत	1080	5	54	37.40	2020
						कुल						16805

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 42 दिनांक 14.06.23 द्वारा अधिक भुगतान की गई इस राशि बारे स्थिति स्पष्ट करने हेतु संस्था के ध्यानार्थ लाया गया था परन्तु किसी प्रकार का उत्तर अंकेक्षण के समय प्रस्तुत न किया जाना संस्था की उदासीनता को प्रदर्शित करता है ।

(ख) उपरोक्त के अतिरिक्त व्यय की विस्तृत जांच हेतु चयनित मासों के दौरान नगर परिषद द्वारा उपरोक्त प्रावधान अनुसार वाइड्स (Voids) की कटौती न किये जाने के कारण निम्न तालिका में दर्शाए गए विवरणानुसार आपूर्तिकर्ता व्यक्ति/फर्म/संविदाकार को **₹90729/**—अधिक भुगतान किया गया प्रतीत होता है—

क्र0 सं0	विवरण	रोकड़ बही पृ0सं0	वाउचर सं0/	बिल सं0/ दिनांक	आपूर्ति कर्ता का नाम	सामग्री	नियमानुसार वाइड्स (Voids) की कटौती (% में)	वाइड्स (Voids)	दर (₹)	कटौती की राशि (₹)
1	Paid to Sh. Afjal Khan for Supply	98	35/ 09-11-20	003/ 22-09-20	Sh. Afjal Khan	पत्थर 98 क्यु0मी 35 ट्रैक्टर (एक ट्रैक्टर	12.5	12.25 क्यु0मी	1200	14700

	od Boulder 100mm to 300mm			010/ 25-10-20		लगभग 2.8 क्यु0मी0) पत्थर 58.8 क्यु0मी 21 ट्रैक्टर (एक ट्रैक्टर लगभग 2.8 क्यु0मी0)	12.5	7^{m}35 क्यु0मी	1200	8820
2	Paid to Sh. Mohd. Jalal for Supply of Material	98	36/ 09-11-20	1114/ 07-11-20	Sh. Mohd. Jalal	रेत (3960 क्यु0फी0)	5	198 क्यु0फी0	37^{m}4	7405
				1116/ 07-11-20		रेत (2200 क्यु0फी0)	5	110 क्यु0फी0	37^{m}4	4114
				1117/ 07-11-20		रेत (720 क्यु0फी0)	5	36 क्यु0फी0	37^{m}4	1346
				1118/ 07-11-20		बजरी (5640 क्यु0फी0)	10	564 क्यु0फी0	38	21432
				1119/ 07-11-20		बजरी (2040 क्यु0फी0)	10	204 क्यु0फी0	38	7752
				1121/ 07-11-20		गटका (280 क्यु0फी0)	12.5	35 क्यु0फी0	40	1400
3	Paid to Mohd. Jalal for Supply of Material	25	51/ 18-08-21	1125/ 11-05-21	Sh. Mohd. Jalal	रेत (1560 क्यु0फी0)	5	78 क्यु0फी0	37^{m}4	2917
				1126/ 11-05-21		रेत (1000 क्यु0फी0)	5	50 क्यु0फी0	37^{m}4	1870
				1124/ 11-05-21		बजरी (1560 क्यु0फी0)	10	156 क्यु0फी0	38	5928
4	Paid to Sh. Mohd. jalal for Supply of	38	68/ 27-10-22	1141/ 10-06-22	Sh. Mohd. Jalal	रेत (1180 क्यु0फी0)	5	59	37^{m}4	2207
				1144/ 06-10-22		बजरी (200 क्यु0फी0)	10	20	38	760

	material			1142/ 06-10-22		रेत (1000 क्यु0फी0)	5	50	37ण्4	1870
				1138/ 10-06-22		बजरी (2160 क्यु0फी0)	10	216	38	8208
									कुल	90729

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 63 दिनांक 21.07.23 द्वारा अधिक भुगतान की गई इस राशि बारे स्थिति स्पष्ट करने हेतु संस्था के ध्यानार्थ लाया गया था परन्तु किसी प्रकार का उत्तर अंकेक्षण के समय प्रस्तुत न किया जाना संस्था की उदासीनता को प्रदर्शित करता है ।

अत: उक्त पैरा (क) व् (ख) में वर्णित प्रसंगों में उपरोक्त प्रावधान अनुसार वाइड्स (Voids) की कटौती नकरने को या तो नियमानुसार न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा उचित स्त्रोत से आवश्यक वसूली करनेके उपरांत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

23 निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण न करके की गई अनियमितताओं बारे :–

(क) अंकेक्षण के दौरान स्टॉक पंजिकाओं की नमूना जाँच के दौरान निम्न तालिका में वर्णित प्रसंगों में निविदा (Quotation) सम्बन्धी पूर्ण अभिलेख अंकेक्षण को प्रस्तुत नहीं किया गया जिसके अभाव में खरीदी गई सामग्री/सामान की Specifications, क्रय दर एवं अन्य शर्तों की सत्यापना नहीं की जा सकी जबकि निम्न तालिका के टिप्पणी स्तम्भ के अंतर्गत दर्ज़ आपत्तियां भी इस प्रसंग में पाई गयी। इस सम्बन्ध में ज्ञापन संख्या 42 दिनांक 14.6.23 जारी करके उक्त अभिलेख उपलब्ध करवाने बारे तथा वांछित स्पष्टीकरण बारे भी अनुरोध किया गया था परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक इस सम्बन्ध में कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।

क्र0 सं0	विवरण	रोकड बही पृ0सं0	वाउचर सं0/ दिनांक	बिल सं0/ दिनांक	स्टॉक पंजी पृ0सं0	आपूर्तिकर्ता	सामग्री	दर (₹)	बिल राशि (₹)	टिप्पणी
1	Regd. Payment for Purchase of Street Light	56	23/ 04-22	22INEH0031 22/ 01-02-22	27	M/s KONARK ENTREPR ISE (HP)	75 LED STREET LIGHT 36 W	940 + 12% GST	78960	हिमउर्जा से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र, यदि कोई प्राप्त किया हो तो उसे भी अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत करने की कृपा करें।
				22INKP0025 84/ 01-02-22	26	M/s KONARK ENTREPR ISE (HP)	50 LED STREET LIGHT 45 W	1040+ 12% GST	58240	
2	Payment Regd. the	70	23/ 14-01-	678/ 10-10-20	122	M/s Aggarwal	50 Bags Lime Powder Gajraj	142.86 + 5 %	7650	एक ही प्रकार

	Supply of Plumbing & Civil Works		23			Engineers & Traders	10 KG	GST + 150 Labour Charges		की वस्तुएँ अलग अलग बिलों द्वारा निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को दर किनार करके क्रय की गई थी, जो कि हि0प्र0 वित्त नियमावली 2009, के नियम 124 व 100 की अवहेलना है।
				738/ 16-10-20	122		T. Oil, Brush 3", Regmar, etc.	-	2757	
				739/ 16-10-20	122		Gaintey, Gaintey Handle, etc.	-	1380	
				752/ 17-10-20	122		Various Plumbing Items	-	3755	
				776/ 19-10-20	132		Paint Items	-	460	
				803/ 21-10-20	132		Various Farming Items	-	1227	
				809/ 22-10-20	132		Paint Brush & Paint Bucket 20 L	-	7830	
				857/ .27-10-20	132		Paint & T Oil	-	1280	
				927/ 02-11-20	132		Various Paint Items	-	162460	
				1040/ 10-11-20	133		Various Plumbing Items	-	600	
				1070/ 12-11-20	133		7.30 KG HD Pipe	75.56 + 18% GST	642	
				1153/ 22-11-20	133		Various Paint Items	-	530	
				1172/ 24-11-20	133		Various Paint Items	-	1110	
3	Purchase of PVC Pipes	59	10/ 05-08-22	2960/ 20-01-22	161	M/s Aggarwal Hardware Store	20 PVC Pipe 10" Dia	11500 + 18% GST	271400	
4	Purchase of Glass Tumbler	60	34/ 24-08-22	1041/ 20-05-22	46	Dee Paul Enterprises	4 Set Borosil Glasses 6 Pc Set	398.5 + 18% GST	1880	एक ही वस्तु दो अलग अलग बिलों द्वारा निविदा सम्बन्धी
				1043/	46		4 Set Borosil	398.5 +	1880	

				20-05-22			Glasses 6 Pc Set	18% GST		औपचारिकताओं को दर किनार करके क्रय की गई थी, जो कि हि0प्र0 वित्त नियमावली 2009, के नियम 124 व 100 की अवहेलना है।
5	Purchase of Wall & Floor Tiles	39	71/ 28-10-22	001/ 19-10-22	5 & 6	Mahesh Thakur	74.88 Sqm Tiles	475	35568	
							18.72 Sqm Tiles	439	8218	
6	Regd. Supply of Street Light Poles	80	31/ 16-12-22	34/ 06-10-22	52	Mohd. Shabbir	8 Poles	4450	35600	
7	Purchase of Sanitary and Plumbing Material	42	36/ 15-02-23	2838/ 09-11-21	158	M/s Aggarwal Hardware Store	Various Plumbing Items	-	147406	
				2982&2894/ 20-11-21 (Both Bills are in Continuation)	158 & 159		Variois Plumbing Items	-	119233	
				2896/ 01-12-21	160		Varios Paint Items	-	71709	
				2905/ 02-12-21	160		Various Plumbing Items	-	3127	
				2915/ 05-12-21	160		Vrrious Plumbing Otems	-	4281	
				2918/ 07-12-21	161		5 PVC Pipes 8"	6000 + 18% GST	35400	
8	Pyment Regd. Supply of MS Drain	20	63/ 27-11-21	254/ 16-11-21	Not Mentioned	Nishi & Bros	Drain Covers	-	155512	इस सामग्री की प्रविष्टि सम्बन्धित रजिस्टर में

	Covers									दर्ज नहीं पाई गई।
9	Purchase of Cement	73	32/ 18-01-22	5645/ 31-03-21	4	Vijay Trading Co.	502 Bags ACC Cement	309 + 28% GST	198551	हि0प्र0रा0ना0 आ0नि से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र, यदि कोई प्राप्त किया हो तो उसे भी अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत करने की कृपा करें।
10	Purchase of Electrical Items	32	34/ 16-03-22	660/ 22-11-21	13,14 & 15	M/s Bundu Khan Iqbal Ahmed	Various Electrical Items	-	2308	एक ही प्रकार की वस्तुऐं अलग अलग बिलों द्वारा निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को दर किनार करके क्रय की गई थी, जो कि हि0प्र0 वित्त नियमावली 2009, के नियम 124 व 100 की अवहेलना है।
				661/ 24-11-21	16,17 & 18		Various Electrical Items	-	2270	
				662/ 24-11-21	12		1 Roll SI Wire 12 mm	2070+ 18% GST	2442	
				663/ 24-11-21	19		1 Roll SI Wire 6 mm	1500+ 18% GST	1770	
				673/ 28-11-21	20		1 TPN 63 A Havells	1950 + 18% GST	2301	
				677/ 30-11-21	20		1 TPN 63 A Havells	1950 + 18% GST	2301	
11	Pyment Regd. Supply of MS Drain Covers	63	43/ 23-04-22	265/ 13-02-22	Not Mentioned	Nishi & Bros	Drain Covers	-	165978	इस सामग्री की प्रविष्टि सम्बन्धित रजिस्टर में दर्ज नहीं पाई गई।
12	Purchase of LED Bulbs	66	59/ 27-04-22	007/ 24-02022	005	Hans Raj	24 LED Bulbs 50 W	955	22920	इस क्रय से सम्बन्धित निविदाएं को छाया प्रतिलिपी Photocopy

										अंकेक्षण को प्रस्तुत की गई थी। अतः प्राप्त निविदाए मूल रूप में अंकेक्षण को प्रस्तुत करने की कृपा करें।
13	Purchase of Various Sanitary and Plumbing Items	2	08/ 06-06-22	2815/ 01-11-21	155	M/s Aggarwal Hardware Store	Various Plumbing Items	-	2915	एक ही प्रकार की वस्तएँ अलग अलग बिलों द्वारा निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को दर किनार करके क्रय की गई थी, जो कि हि0प्र0 वित्त नियमावली 2009, के नियम 124 व 100 की अवहेलना है।
				2817/ 03-04-21	155		Various Plumbing Items	-	2643	
				2821/ 03-11-21	155		200 B. Bolt	12 + 18% GST	2832	
				2822/ 03-11-21	156		Various Sanitay & Paint Items	-	38198	
				2824/ 06-22-21	156		Various Sanitay & Paint Items	-	3033	
				2826/ 07-11-21	157		Various Plumbing Items	-	3021	
				2828/ 08-11-21	157		Variois Plunbing Items	-	2926	
				2837/ 09-11-21	157		Various Plumbing Items	-	41020	
	कुल								1717524	

(ख) निविदा सम्बन्धी अभिलेख तथा भण्डार प्रविष्टी प्रस्तुत न करना–

व्यय की विस्तृत जांच हेतु चयनित माह के क्रय प्रकरणों की जाँच के दौरान निम्न तालिका 1 व् 2 में वर्णित खरीद के प्रसंगो में निविदा (Quotation) सम्बन्धी पूर्ण अभिलेख अंकेक्षण को जांच हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया जो कि अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 54 दिनांक 13.07.2023 एवं अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 62 दिनांक 20.07.23 जारी करके भी प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया था । अतः खरीदी गई सामग्री/सामान की Specifications, क्रय दर एवं अन्य शर्तों की सत्यापना अंकेक्षण के

दौरान नहीं की जा सकी जबकि निम्न तालिका -2 में वर्णित प्रसंगों में अंकेक्षण को स्टॉक प्रविष्टि भी प्रस्तुत नहीं की गयी :

तालिका -1

क्र0 सं0	विवरण	रोकड बही पृ0सं0	वाउचर सं0 / दिनांक	बिल सं0 / दिनांक	आपूर्तिकर्ता	सामग्री	बिल राशि (₹)	अन्य आपत्तियों के संबद्ध में टिप्पणी
1	Paid to M/s TanuShree Traders for Railing & Chicken Mesh	69	43/ 18-04-19	102/ 08-03-19	M/s TanuShree Traders, Near Ranital Nahan.	Amar Pur Railing & Chicken Mesh	95979	1 छाया प्रति निविदाएं प्रस्तुत की गई, मूल निविदाएं प्रस्तुत करने की कृपा करें। इसके अतिरिक्त तुलनात्मक विवरणी अपठनीय है। 2 इस क्रय की स्टॉक रजिस्टर / माप पुस्तिका में प्रविष्टि बारे भी कोई संदर्भ दर्ज नहीं पाया गया।
2	Paid to Sh. Nathu Ram on A/c of Flower Mala, Leaf Mala, etc for Innagurati on of Different Parks in Nahan & decoration on	98	38/ 09-11-20	65/ 07-11-20/ ₹19350, 66/ 07-11-20/ ₹15750, 67/ 07-11-20/ ₹1560068 0/ 7-11-20/ ₹13650& 69 /07-11-20/ ₹13650	Nathu Ram	Flower Mala, Leaf Mala, etc	78000	1 इस भुगतान के सम्बन्ध में आपूर्ति आदेश अंकेक्षण को प्रस्तुत करने की कृपा करें। 2 पार्कों के उदघाटन हेतु सजावट पर किए गए व्यय को सज्जित स्थल के क्षेत्रफल अनुसार क्रय की गई फूल व पत्ती माला की मात्रा का औचित्य अंकेक्षण को प्रस्तुत
3	Independe	99	40/	63/			12300	

	nce day & Repiblic Day		09-11-20	07-11-20/ ₹12300				करने की कृपा करें क्योंकि स्वतंत्र दिवस एंव राज्य दिवस के दिन सजावट हेतु किए गए व्यय की तुलना में इन आदयगियों में आवश्यकता से अधिक व्यय की संभावना से इंकार नही किया जा सकता।
4		17	39A/ 17-06-21	73/ 16-04-21/ ₹4525			22000	
5			39B/ 17-06-21	50/ 12-03-21/ ₹8450				
6			39C/ 17-06-21	57/ 12-03-21/ ₹5400				
7			39D/ 17-06-21	72/ 13-04-21/ ₹3625				
8	Paid to Digvijay Trading Co. for Purchase of 600 Cement Bags	98	29@ 09&11& 20	5000@ 31&10& 20	Digvijay Trading Co.	600 Bags Cement @ ₹308.60 + 28% GST (Paid on lesser Side)	236974	यह क्रय हि0प्र0रा0आ0नि0 से न किए जाने का औचित्य भी स्पष्ट किया जाए।
9	Paid to Mohd. Jalal for Supply of Material	25	51/ 18-08-21	1125/ 11-05-21	Mohd. Jalal	रेत (1560 क्यु0फी0)	58344	
10				1126/ 11-05-21		रेत (1000 क्यु0फी0)	37400	
11				1124/ 11-05-21		बजरी (1560 क्यु0फी0)	59280	
12				1123/ 11-05-21		6000 ईंट	45000	
13	Payment Regarding JCB for Clearing Drain for Road	17	37@ 18&08& 21	1340@ 03&07& 21	Sh. Jaspal Singh	12.5 Hours JCB Work	10625	सम्बन्धित माप पुस्तिका व लॉग बुक भी प्रस्तुत नहीं की गई।
14	Payment	23	47@	vafdr	Aggarwal	25 Chairs	24388	

	regarding Tent & Catering services in SFDA to Aggarwal Tent and Catering		25&08&21	ugh@ 27&06&21	Tent & Catering Sevices, Near RP Post Nahan	& 6 Tables		
15	Payment Regarding IT Academics	23	48@ 25&08&20	ITACAD /21-22/23 03-08-21	I.T Academics(P) Ltd.	AMC of Website	18880	1 मूल बिल अंकेक्षण हेतू प्रस्तुत नहीं किया गया, छाया प्रति बिल के आधार पर भुगतान किया गया है। 2सम्बन्धित रजिस्टर भी प्रस्तुत नहीं किया गया।
16	Payment Regarding Third Party Insurance Insurance of MC Vehicles HP 18-4781 & HP 18-4981	24	50/ 26-08-21	Cover Note No. R280820 11298 Dated 28-08-20 & R300821 03551 Dated 200-08-20	Reliance General Insurance	Insurance of MC Vehicles HP 18-4981 & HP 18-4781	19020	सरकारी बीमा कम्पनी से बीमा न करवाया जाने का औचित्य भी स्पष्ट करें।
17	Paid to Sh. Mohd. jalal for Supply of material	38	68/ 27-10-22	1141/ 10-06-22	Sh. Mohd. Jalal	रेत (1180 क्यु0फी0)	44132	
				1144/ 06-10-22		बजरी (200 क्यु0फी0)	7600	
				1137/ 10-06-22		7300 ईंट	54750	
				1142/ 06-10-22		रेत (1000क्यु0फी)	37400	

				1138/ 10-06-22		बजरी (2160क्यु0फी)	82080	
	कुल						944152	

तालिका -2

Sr. No.	Vr. No./CBPall paid in October, 22	Particular	Rate (₹)	Amount (₹)	Total Amount (₹)
1	19/23	Bill no. 001 dated 06.10.22, M/S Arshklam, Ram Kundi Nahan, PVC pipe 10' =30no.	7500.00	225000.00	259000.00
		PVC pipe 6' =10no.	3400.00	34000.00	
2	26/26	Bill no. 41 dated 4.10.22, M/S Asma Nahan JCB work for garbage disposal 102.5 hours	900.00 per hour	92250.00	92250.00
3	27/26	Bill no. 43 dated 6.10.22 M/S Asma Nahan, supply of truck & tractor for carriage excavated earth or material for different sites at nahan, 119trip	680.00 per trip	80920.00	80920.00
4	45/34	Bill no. 02 dated 11-10-22, M/S Arshklam nahan , fitting of 700mtr wire	----	8930.00	8930.00
5	48/34	Bill no. 110 dated 1-6-22, Devender Rana panchkula Haryana, JCB work in cremation ground nahan, 14 hours	850.00 per hour	11900.00	11900.00
6	49/34	Bill no. 125 dated 8-6-22, Devender Rana panchkula Haryana, JCB work in cremation ground nahan, 56 hours	850.00 per hour	47600.00	47600.00
7	65/37	Bill no. 32 dated 6-10-22 and bill no. 41 dated 20-10-22 M/S Mohd. Shabir Nahan, use of vehicle for	9000.00 per trip	36000.00	36000.00

		loading of cows, 4 trip			
8	66/37	Bill no. 33 dated 6-10-22 M/S Mohd. Shabir Nahan, use of vehicle for repair of lights, 25 days	1333/- per day	33325.00	33325.00
9	67/37	Bill no. 1002 dated 22.10.22, Mohd. Shabir Nahan. work of fogging in nahan town	-----	130000.00	130000.00

इसके अतिरिक्त जिन प्रकरणों में निविदाएं प्रस्तुत भी की गई थी उन में अधिकतर निविदाओं के साथ लिफाफे संलग्न नहीं पाए गए, निविदाओं पर दिनांक अंकित नही पाई गई, तुलनात्मक विवरणी पर नगर परिषद अध्यक्ष के हस्ताक्षर भी नहीं पाए गए, आदि अनियमितताएं भी दर्ज की गई। यहाँ यह भी उल्लेख किया जाता है कि निविदा सम्बन्धित आपत्तियां उक्त के अतिरिक्त अन्य प्रकरणों में भी पाई गयी है परन्तु उन प्रकरणों में अन्य आपत्तियों भी पाए जाने के दृष्टिगत उन्हें यहाँ शामिल नहीं किया जा रहा है।

(ग) राशि ₹373100/– की खरीद निविदा सम्बन्धी औपचारिकताएं पूर्ण किए बिना भुगतान करना

नगर परिषद् नाहन कार्यालय द्वारा प्रस्तुत स्टॉक/भण्डार पंजिकाओं की जांच करने पर पाया गया कि निम्न विवरणानुसार क्रय हेतु निविदाऐ तो आमंत्रित की गई थी, परन्तु निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं का पालन पूर्ण रूप से नहीं किया जा रहा था, जैसे के निविदा के साथ प्राप्त बंद लिफाफे, निविदाओं पर पर दिनांक अंकित न करना, आदि। इस कारण प्राप्त निविदाओं की सत्यता की जांच अंकेक्षण के दौरान सम्भव नहीं हो पाई । यह आपत्ति ज्ञापन संख्या 42 दिनांक 14.6.23 द्वारा संस्था के ध्यानार्थ लाई गई थी परन्तु कोई उत्तर प्राप्त न होने के कारण आपत्ति का निपटारा मौके पर नही किया जा सका । अतः अब या तो स्थिति स्पष्ट करते हुए उक्त भुगतान को न्यायोचित ठहराया जाए या सक्षम अधिकारी से स्वीकृति प्राप्त करके नियमित करवाया जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को सूचित किया जाना सुनिश्चित किया जाए ।

क्र सं	फर्म/आपूर्तिकर्ता	क्रय का विवरण	वाउचर संख्या /दिनाँक	बिल संख्या/ दिनाँक	राशि (₹)	अभ्युक्ति/टिप्पणी
1	Mahaluxmu BMF IND Pvt. Ltd.	ईंट	37/ 05-02-22	Not Mentioned/ 31-01-22	84000	1. निविदाओ को कार्यकारी अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित नहीं किया गया है।

						2. तुलनात्मक विवरणी पर क्रय समिति के हस्ताक्षर नहीं है।
2	Neelam Geo Tech. Pvt. Ltd.	M 20 Grade Concrete	20/ 03-02-22	06/2021-22/ 21-01-22	289100	निविदाओं के साथ लिफाफे संलग्न नहीं है।
3	अंकेक्षण के लिए प्रस्तुत अधिकतर निविदाओं में दिनांक अंकित नहीं था, तथा न ही यह अंकित किया गया था कि उक्त निविदाओं को किस दिनांक को किस समय पर खोला गया से सम्बन्धित प्रमाण पत्र अंकित नहीं है।					
4	अंकेक्षण के लिए प्रस्तुत अधिकतर निविदाओं पर नगर परिषद प्रधान के हस्ताक्षर भी नहीं पाए गए।					

उक्त पैरों में वर्णित अनियमितताओं से यह भी स्पष्ट है कि नगर परिषद स्तर पर प्रतियोगी दरों का लाभ लेने हेतु कोई विशेष प्रयास नहीं किया गया था तथा इस सम्बन्ध में नियमों के प्रावधानों को नाम मात्र अनुपालना भी केवल औपचारिकता पूर्ण करने के उद्देश्य से की गयी प्रतीत होती है तथा ऐसी स्थिति में परिषद् के वित्तिय हितों की पूर्ण उपेक्षा कर वित्तिय हानि की संभावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता | अत: मामले की गम्भीरता को देखते हुए यह प्रकरण भी विभाग के उच्च अधिकारियो के ध्यानार्थ यथोचित करवाई हेतु लाया जाता है |

24 फर्जी निविदांए के आधार पर किया गया ₹3.00 लाख का भुगतान:-

नगर परिषद् नाहन कार्यालय द्वारा प्रस्तुत स्टॉक पंजिकाओं की जांच करने पर पाया गया कि वाउचर सं0 98 दिनांक 30/09/21 अनुसार बिल सं0 237/2021–21 दिनांक 11/06/2021 द्वारा 4765 कि0ग्रा एम0एस एन्गल चैनल ₹53.38 + 18% जी0एस0टी की दर पर ₹2,99,952 में मै0 दिवाकर ट्रेडर्स से क्रय किया गया था। अंकेक्षण के दौरान इस क्रय से सम्बन्धित निविदाओं की जांच करने पर पाया गया कि दो आपूर्तिकर्ता दिवाकर ट्रेडर्स व टोनी ट्रेडींग कं0 द्वारा प्रस्तुत निविदाओं में एक ही अनुक्रम के पैन नं0 A10PG7525A व जी0एस0टी नं0 02AAALM1784H1Z8 दर्ज थे, जिससे यह निविदाएं एक ही आपूर्तिकर्ता द्वारा प्रस्तुत की गई प्रतीत होती है। अत: इस प्रकरण में नगर परिषद के वित्तीय हितों की उपेक्षा कर फर्म विशेष को लाभ पहुंचाने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

उक्त प्रकरण अंकेक्षण ज्ञापन सं0 42 दिनाँक: 14/06/23 द्वारा कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद् नाहन के ध्यानार्थ में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु लाया गया था परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक कोई भी उतर प्राप्त नहीं हुआ था।

उपरोक्त के दृष्टिगत नगर परिषद् स्तर पर प्रतियोगी दर पर क्रय के नियमों की प्रदर्शित अनुपालना संस्था के वित्तीय हितों को ध्यान में रखने के उद्देश्य से न कर केवल मात्र औपचारिकता पूर्ण करने के

उद्देश्य से की जा रही प्रतीत होती हैं, अतः यह प्रकरण विभाग के उच्चाधिकारियों के विशेष ध्यानार्थ समुचित कार्रवाई हेतु लाया जाता है।

25 राशि ₹0.24 लाख की निविदा प्रकिया में क्रय समिति को शामिल न कर कार्यकारी अधिकारी के स्तर पर ही प्रकिया पूर्ण कर किया गया अनियमित भुगतान :

माह 10/22 के वाउचर संख्या 46 दिनांक 20.10.22 रोकड बही पृष्ठ संख्या 34 पर मै0 मोहम्मद जलाल नाहन को HDPE Pipe क्रय करने हेतु ₹24000.00 का भुगतान किया गया था । यह भुगतान 500 मीटर पाईप के लिए ₹48.00 प्रति मीटर की दर से किया गया था। प्रस्तुत अभिलेख अनुसार निविदाऐं आमंत्रित तो की गई थी परन्तु समस्त प्रक्रिया कार्यकारी अधिकारी द्वारा अपने स्तर पर की गई थी जो कि हि0प्र0 वित्त नियमावली के नियम 98 अनुसार कम से कम तीन सदस्यीय क्रय समिति द्वारा की जानी थी । इस अनियमितता बारे स्थिति से अवगत करवाने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या 54 दिनांक 13.7.23 जारी करके अनुरोध करने के पश्चात भी कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई । अतः इस सम्बन्ध में या तो स्थिति स्पष्ट की जाए या फिर सक्षम अधिकारी की स्वीकृति से भुगतान को नियमित करवाकर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

26 प्रावधित औपचारिकताओं से बचने हेतु छोटी छोटी क्रय करके की गई अनियमितता

माह 10/22 के व्यय वाउचरों की लेखा परीक्षा के दौरान पाया गया कि निम्न सारणी में दिए प्रकरणों में हि0 प्र0 वित्त नियमावली 2009 में प्रावधित औपचारिकताओं को पूर्ण करने की अपेक्षा छोटी छोटी मात्रा मे सामग्री को क्रय किया गया था जो कि अनियमित है । यह अनियमितता अंकेक्षण अधियाचना संख्या 54 दिनांक 13.07.23 द्वारा संस्था के ध्यानार्थ लाई गई थी परन्तु किसी प्रकार का उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में आपत्ति का निपटारा अंकेक्षण के दौरान नही किया जा सका । अतः अब इस सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट की जाए या सक्षम अधिकारी की स्वीकृति से नियमित करवाया जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

वाउचर संख्या/ रोकड़ बही पृष्ठ संख्या	बिल संख्या/ दिनांक	सामग्री	राशि (₹)	कुल राशि (₹)
03/17	002/5.9.22	रिवाल्विंग चेयर के कवर	2400.00	3600.00
	003/5.9.22	रिवाल्विंग चेयर के कवर	1200.00	
16/21	005/19.9.22	टौयलेट क्लीनर	1280.00	6883.00

	003 / 19.9.22	हैण्ड वाश	1950.00	
	004 / 19.9.22	टौयलेट क्लीनर	2100.00	
	006 / 19.9.22	ओडोनिल व फिनाईल	1553.00	

27 किराये पर ली गई गाड़ी संख्या HP01N5786 बोलैरो हेतु राशि ₹297 / – का अधिक भुगतानः–

माह 10 / 22 के वाउचर संख्या 14 द्वारा नगर परिषद नाहन में बोलैरो उपलब्ध करवाने हेतु मलिक ट्रैवल्स को ₹40115.00 का भुगतान किया गया था । निर्धारित शर्तों अनुसार माह के दौरान 1500 कि0मी0 तक ₹32900.00 तथा अधिक तय की गई दूरी हेतु ₹13.50 प्रति कि0मी0 की दर से अतिरिक्त भुगतान किया जाना था । 17.08.22 से 16.09.22 तक कुल 1893 कि0मी0 के लिए भुगतान किया गया था जबकि गाडी की लॉग बुक अनुसार केवल 1871 कि0मी0 हेतु भुगतान किया जाना था । अतः 1893–1871 = 22कि0मी0 हेतु ₹13.50प्रति कि0मी0 की दर से ₹297.00 का अधिक भुगतान किया गया था । यह अनियमितता अंकेक्षण अधियाचना संख्या 54 दिनांक 13.7.23 द्वारा संस्था के ध्यानार्थ लाकर अधिक भुगतान की राषि की वसूली सम्बन्धित से करने का अनुरोध किया था परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक इस सम्बन्ध में कृत कार्रवाई से अंकेक्षण को सूचित नही किया गया था अतः आपत्ति का निपटारा स्थल पर नहीं किया जा सका । अब राशि की वसूली शीघ्र सम्बन्धित से की जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को सूचित किया जाए ।

28 छायाप्रति बिलों के आधार पर किये गये अनियमितभुगतान ₹2.84 लाख

अंकेक्षण के दौरान व्यय हेतु चयनित मासों की लेखा परीक्षा के दौरान पाया गया कि निम्न तालिका में वर्णित प्रकरणों में भुगतान छाया प्रति (Xerox Copies of Bill) बिलों के आधार पर किया गया था, तथ बिलों पर मूल बिल के उपलब्ध न होने के कारणों को अंकित भी नही किया गया था । अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 54 दिनांक 13.7.23 व 62 दिनांक 20.07.23 जारी करके वस्तुस्थिति से अंकेक्षण को अवगत करवाने का अनुरोध किया था जिसका संस्था द्वारा कोई उत्तर प्रस्तुत नही किया। अतः अब इस अनियमितता बारे स्थिति अभिलेख सहित ठोस कारणों के साथ आगामी अंकेक्षण में स्पष्ट की जाए अन्यथा दोहरे भुगतान की सम्भावना से इन्कार नही किया जा सकता।

क्र0 सं0	रोकड़ बही पृ0सं0	वाउचर सं0 / दिनांक	बिल सं0 / दिनांक	आपूर्तिकर्ता	सामग्री	भुगतान राशि (₹)
1	68	37/	166/	Sh. Shabbir	Hiring of Vehichles	200000

		18-04-19	01-09-19, 169/ 01-12-18 172/ 01-01-19 176/ 01-02-19	Mohd.	for Door to Door Garbage Collection	
2	70	47/ 22-04-19	105 & 149/ 18-01-19	Waliya Traders Naraingarh	Printed Carry Bag for SWM	54579
3	98	33/ 09-11-20	4038/ 30-07-20, 4041/ 31-07-20 & 4120/ 07-08-20	Surendra Medicals	Sanitizers & Hand Wash	5820
4	14	28/ 16-08-21	14/ 10-09-19, 90/ 05-02-20, 152/ 01-09-20 & 158/ 27-10-20	Anil Traders, Nahan	Stationary Items	2270
5	23	48@ 25&08& 20	ITACAD/21-22/23 03-08-21	I.T Academics(P) Ltd.	AMC of Website	18880
6	24	24/ 10/2022	619/ 16.08.2022	Kumar Bros. Nahan	Repair of Grass cutting Machine	2548
					Total	**284097**

नोट:-यहाँ यह भी स्पष्ट किया जाता है कि इस प्रकृति के छायाप्रति बिलों पर भुगतान अन्य प्रकरणों भी पाए गए हैं परन्तु इनके सम्बन्ध में अन्य अनियमितताएं भी पाई जाने के दृष्टिगत इन्हें यहाँ शामिल नहीं किया गया है।

29 बिजली बिलों में पाई गई अनियमितता:-

माह 10/22 के व्यय की विस्तृत जांच के दौरान पाया गया कि निम्न सारणी में दिए बिजली मीटर के बिलों में देय तिथि तक भुगतान की राशि में एरियर की राशि शामिल की गई थी। यह एरियर राशि वर्तमान अवधि के बिल की राशि से कही अधिक थी । अतः इस राशि में

जुर्माना राशि भी सम्मिलित की गई होगी । विद्युत विभाग से इस एरियर/बकाया राशि के बारे स्थिति स्पष्ट करके जुर्माना राशि यदि कोई थी, की वसूली सम्बन्धित दोषी/उचित स्त्रोत से करके नगर परिषद निधि में जमा करवाने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या 54 दिनांक 13.7.23 द्वारा प्रकरण संस्था के ध्यानार्थ लाया था परन्तु अकेक्षण समाप्ति तक उत्तर प्राप्त न होने के कारण आपत्ति का निपटारा नही किया जा सका । अतः अब अपेक्षित कार्रवाई करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

Sr. No.	V No. /CBP	Meter/ID/ Account number	Billing period	Current bill amount (₹)	Arrear amount (₹)	Total amount paid(₹)
1	35/30	100002263729	17.9.22 to 16.10.22	1445	3595	5040
		100006001776	1.9.22 to 1.10.22	20167	119538	139705
		100006001781	1.9.22 to 1.10.22	22830	108926	131756
		100006001783	1.9.22 to 1.10.22	23028	117069	140097
		100006001784	1.9.22 to 1.10.22	13460	59686	73146
		100001731435	16-9-22 to 17-10-22	1098	2455	3553
2	60/36	100006001777	1-9-22 to 1-10-22	34371	2339386	2373757
		100006001785	1-9-22 to 1-10-22	6880	19385	26265
				Total	**27,70,040**	

30 वाहन किराये पर लेकर गौ अभयारण्य में छोड़े गये आवारा पशुओं के सम्बन्ध में अभयारण्य संचालक की पशुओं की प्राप्ति रसीद प्रस्तुत न करने बारेः–

माह 10/22 के वाउचर संख्या 65 दिनांक 27.10.22 रोकड बही पृष्ठ संख्या 37 पर मै0 मोहम्मद शाबिर को ₹9000.00 व ₹27000.00 कुल ₹36000.00 का भुगतान आवारा पशु (गाय व बैल) नाहन दोसडका से क्रमशः बागथन व कोटला बडोग गाडी द्वारा छोडने हेतु किया गया था। गौ अभयारण्य द्वारा इन पशुओं की प्राप्ति रसीद वाउचर के साथ संलग्न नहीं पाई गई जिस से यह ज्ञात नही हो सका कि इन पशुओं को सुरक्षित अभयारण्य तक पहुचाया गया था या नही। इसके अतिरिक्त गाड़ी /यात्रा की निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं के अभाव में भुगतान की गई राशि का सत्यापन करना सम्भव नहीं हो सका। यह अनियमितता अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 54 दिनांक 13.07.2023 द्वारा कार्यकारी अधिकारी के ध्यानार्थ लाई गई थी परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक इस सम्बन्ध में कोई स्पष्ट उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। यद्यपि इस सम्बन्ध में मामला पत्र संख्या स0नि0न0पा0न0/2022/3699 दिनांक 14.10.2022 द्वारा वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी, कोटला

बरोग C/O MLIS Society, Ragarh से उठाने बारे सूचित किया गया था। अतः उक्त भुगतान बारे पूर्ण अभिलेख अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

31 ₹1333.00 का अधिक भुगतान :–

माह 10/22 के वाउचर संख्या 66 दिनांक 27.10.22 रोकड़ बही पृष्ठ संख्या 37 पर मै0 मोहम्मद शाबिर को ₹33325.00 का भुगतान किया गया था । नाहन के सभी 13 वार्डों में लाईटों की मुरम्मत हेतु एच.पी. 18बी 0458 प्रयोग करने के लिए ₹1333.00 प्रति दिन के हिसाब से 25 दिनों के लिए यह भुगतान किया गया था । कार्य विवरण का अवलोकन करने पर पाया गया कि इस कार्य हेतु गाड़ी का प्रयोग सिर्फ 24 दिन किया गया था अतः ₹1333.00 का अधिक भुगतान किया गया प्रतीत होता है । यह अनियमितता अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 54 दिनांक 13.07.2023 द्वारा कार्यकारी अधिकारी के ध्यानार्थ लाई गई थी परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक इस सम्बन्ध में कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः इस अधिक भुगतान बारे या तो स्थिति स्पष्ट की जाये अथवा अधिक भुगतान की गई राशि की वसूली करके नगर परिषद निधि में जमा करवा कर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

32 एल0ई0डी0 के स्थान पर पुरानी प्रौद्योगिकी के सी0एफ0एल0 क्रय करके किया गया ₹1.56 लाख का अपव्ययः–

नगर परिषद नाहन कार्यालय द्वारा प्रस्तुत स्टॉक पंजिकाओं की जाँच करने पर पाया गया कि वाउचर सं0 35 दिनांक 05/02/2022 अनुसार बिल सं0 077 दिनांक 11/06/2021 द्वारा 200 सी0एफ0एल (80 वॉट) **₹661 + 18%** जी0एस0टी की दर पर **₹156007/–** में मै0 शाही इलैक्ट्रीकल एंड इलैक्ट्रोनिक्स से क्रय किए गए थे। वर्तमान प्रौद्योगिकी को ध्यान में रखते हुए एल0ई0डी के स्थान पर सी0एफ0एल का क्रय उचित प्रतीत नहीं होता है। इस क्रय से यह प्रतीत होता है कि यह खरीद किसी व्यक्ति/फर्म विशेष के पुराने बचे स्टॉक को क्रय कर उसे लाभ पंहुचाने के उद्देश्य से की गई प्रतीत होती है, जो कि एक गम्भीर वित्तीय अनियमितता है।

उक्त प्रकरण अंकेक्षण ज्ञापन सं0 42 दिनाँकः 14/06/23 द्वारा कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद् नाहन के ध्यानार्थ में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु लाया गया था परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक कोई भी उत्तर प्राप्त नहीं हुआ था। अतः इस सम्बन्ध में वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए इस क्रय को न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा इस सम्बन्ध में सम्बन्धित के विरुद्ध यथोचित कार्यवाही कर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

33 संविदाकार को ₹2.80 (2.33 + 0.41 + 0.06) लाख का संदिग्ध अनियमित भुगतानः–

1 ₹2,32,665 का संदिग्ध अनियमित भुगतान

नगर परिषद् नाहन कार्यालय द्वारा प्रस्तुत स्टॉक पंजिकाओं की जांच करने पर पाया गया कि वाउचर सं0 69 दिनांक 17/02/22 अनुसार निम्न वर्णित क्रय किया गया था–

क्र0स0	बिल सं0/दिनांक	मद	मात्रा	राशि (₹)
1	102/ 27–06–20	Sprayer Battery	20	63500
		Sprayer Power Pipe Black	50	4480
		Sprayer Hand Clutch	50	4100
		Sprayer Battery	106	14310
		Sprayer Garden	01	20400
		Braided Hose	01	3850
		Sprayer Iron Gun	01	850
		Bleaching Powder	8 cSx	12800
		Sprayer Shower	50	5000
		PPE Kits	100	80000
		Maluthin	30 yhVj	13500
		Sun Glasses	45	8775
2	372/ 13–04–21	Angle BT	05	120
		Sprayer Handel	02	180
		Sprayer Battery Lance	05	800
			कुल	**232665**

उपरोक्त क्रय से सम्बन्धित अभिलेख की जाँच के दौरान निम्न अनियमितताएं पाई गई–

1.1 उपरोक्त भुगतान छाया प्रति (Xerox Copies of Bill) बिलों के आधार पर किया गया था, जबकि इन बिलों पर नियमानुसार तीन प्रमाण पत्र क्रमशः मूल बिल गुम होने बारे, पूर्व में इस बिल की अदायगी न करने बारे तथा भविष्य में मूल बिल मिलने के स्थिति में दोबारा अदायगी न करने बारे अंकित नही थे।

1.2 इस क्रय से सम्बन्धित निविदा औपचारिकताओं की जाँच करने पर यह पाया गया कि यह निविदाएं कार्यालय पत्र सं MCN/2020-1491 दिनांक 29/05/2020 द्वारा आमन्त्रित की गई थी

तथा यह निविदाएं दिनांक 19/06/2020 को सांय तीन बजे तक कार्यालय में जमा करवाई जानी वांछित थी। निविदा आमन्त्रण पत्र की जाँच करने पर पाया गया कि इन निविदाओं को कार्यकारी अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित नहीं किया गया था। इसके अतिरिक्त यह भी पाया गया कि तीन निविदाएं क्रमशः कुमार ब्रदर्स, ठाकुर ऐग्रीकल्चर टुल तथा पंवार पावर टुल्स से प्राप्त हुई थी। सभी निविदाएं पावती सं0 404, 405 तथा 406 दिनांक 14/02/2022 द्वारा कार्यालय में प्राप्त दर्शाई गई है, जोकि तर्कसंगत प्रतीत नहीं होता क्योंकि कार्यालय में यह निविदाएं दिनांक 19/06/2020 तक जमा करवाई जानी वाँछित थी। अतः उक्त क्रय बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट की जानी वाँछित है उक्त अनियमितताओं के दृष्टिगत ये क्रय संदिग्ध प्रतीत होते हैं।

2 **₹41020 का संदिग्ध अनियमित भुगतानः–**

नगर परिषद् नाहन कार्यालय द्वारा प्रस्तुत स्टॉक पंजिकाओं की जाँच करने पर पाया गया कि वाउचर सं0 36 दिनांक 15/02/23 अनुसार बिल सं0 2838 दिनांक 09/11/2021 द्वारा मै0 अग्रवाल हार्डवेयर स्टोर से विभिन्न नल–साजी सामग्री (Plumbing Items) **₹147406/–** में क्रय की गई थी। उक्त बिल की जाँच करने पर पाया गया कि इस बिल में **₹41020/–** की राशि सबसे उपर दर्ज थी, परन्तु यह राशि किस मद से सम्बन्धित थी उसका विवरण सम्बन्धित बिल में नहीं दिया गया था, परन्तु इस राशि को सम्बन्धित बिल के जोड में शामिल किया गया था। इस प्रकार उक्त भुगतान संविदाकार को संदिग्ध प्रतीत होता है तथा इस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट की जानी वाँछित है।

3 **₹6300/– का संदिग्ध अनियमित भुगतानः–**

नगर परिषद् नाहन कार्यालय द्वारा प्रस्तुत मुख्य रोकड़ बही की जांच करने पर पाया गया कि वाउचर सं0 14 दिनांक 20/06/22 तथा वाउचर सं0 16 दिनांक 22/06/22 अनुसार बॉबी लाईट हाउस को दिल्ली गेट की सजावट लाईटों से करने हेतु क्रमशः ₹6300 व ₹6300 के रूप में ₹12600/–का भुगतान किया गया था। यह भुगतान आपूर्तिकर्ता द्वारा लैटर पैड पर प्रस्तुत 2 भिन्न–भिन्न दावों को दिनांक 04/05/22 के विरूद्ध किया गया था, जोकि उचित प्रतीत नहीं होता है क्योंकि यह भुगतान मूल बिल प्रस्तुत करने उपरान्त ही किया जाना अपेक्षित था। वहीं वाउचर के साथ संलग्न आपूर्ति आदेश क्र0 सं0 एस0आई0 शाखा न. प/2022–860 दिनांक 06/04/2022 अनुसार आपूर्तिकता को दिनांक 14/04/2022 व 15/04/2022 को सजावट लाईटों हेतु ₹30 प्रति लडी की दर से भुगतान किया जाना अपेक्षित था। इस प्रकार 210 लडियों हेतु केवल ₹6300/– ही देय था परन्तु एक ही तिथि के दूसरे दावे को भी नगर परिषद स्तर पर पारित कर दोहरा भुगतान ₹6300 का अनियमित अतिरिक्त भुगतान किया गया प्रतीत होता है।

उक्त प्रकरण अंकेक्षण ज्ञापन सं0 42 दिनाँकः 14/06/23 द्वारा कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद् नाहन के ध्यानार्थ में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु लाये गये थे परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक कोई भी उतर प्राप्त नहीं हुआ था।

अतः उक्त भुगतानों क्रमशः 1, 2 व 3 के सन्दर्भ में अंकेक्षण को अभिलेख सहित वस्तुस्थिति से अवगत करवाया जाए, अन्यथा इन अनियमित अधिक भुगतान की राशि की वसूली उचित स्त्रोत से कर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

34 प्रतिभूति पंजिका के रख–रखाव सम्बन्धित अनियमितताएं:–

अंकेक्षण के दौरान व्यय हेतू चयनित मासों में प्रतिभूति राशि के भुगतान सम्बन्धी वाउचर्स की पड़ताल करने पर पाया गया कि प्रतिभूति रजिस्टर का रख–रखाव उचित प्रकार से नहीं किया गया था । रजिस्टर में प्रतिभूति राशि की प्रविष्टि बिल के भुगतान करते समय की गई कटौती की प्रविष्टि के विरूद्ध करने के स्थान पर प्रतिभूति राशि के भुगतान करने की वास्तविक तिथि को ही की जा रही थी। परिणामस्वरूप प्रतिभूति पंजिका कर संधारण एक नियन्त्रण पंजी के स्थान पर एक औपचारिकता मात्र ही पाया गया। इसके अतिरिक्त सम्बन्धित माप पुस्तिका में कार्य प्रारम्भ करने व कार्य समाप्त करने की दिनांक भी अंकित नहीं की जा रही थी, जिस कारण यह ज्ञात करना सम्भव नहीं हो पाया कि नियमानुसार प्रतिभूति राशि कार्य समाप्त करने के 6 माह उपरान्त ही जारी की गई थी न की उस से पूर्व में प्रतिभूति का भुगतान कर दिया गया था जबकि प्रतिभूति से सम्बन्धित कुछ भुगतान चलत बिलों के विरूद्ध/साथ ही कर दिए गये थे। इस सम्बन्ध में कुछ उदाहरण निम्न तालिका अनुसार है:–

क्र0 सं0	विवरण	रोकड बही पृ0सं0	वाउचर सं0/ माह	राशि (₹)	अंकेक्षण टिप्पणी
1	Paid to Sh. Shyam Bihari on A/c of Refund of security	97	27/ 07-11-20	22000	सम्बन्धित माप पुस्तिका अंकेक्षण को प्रस्तुत नहीं की गई।
2	Paid to Sh. Nathu Ram on A/c of refund of Security for C/o R.Wall at Community Hall at Gobind Garh	16	80/ 20-11-2O	12846	यह भुगतान माप पुस्तिका 9370 के पृष्ठ संख्या 78 में दर्ज विवरणानुसार चलित बिल (Running Bill) कि विरूद्ध किया गया प्रतीत होता है।
3	Refund of security to Sh. Anil Kumar	19	44/ 22.08.21	19772	यह भुगतान माप पुस्तिका 9384 के पृष्ठ संख्या 77 में

	on account of FIXING 60MM tiles in MC Rest house				दर्ज विवरणानुसार चलित बिल (Running Bill) कि विरूद्ध किया गया प्रतीत होता है।
4	Refund of security to Sh. Anil Kumar on account of C/o Retaining Wall for Park in Mohalla Gobindgarh, Ward No. 13	19	44/ 22.08.21	12661	यह भुगतान माप पुस्तिका 9384 के पृष्ठ संख्या 84 में दर्ज विवरणानुसार चलित बिल (Running Bill) कि विरूद्ध किया गया प्रतीत होता है।
5	Refund of security to Sh. Anil Kumar on account of Granite Stone for Toilet at Mall Road, Nahan	19	44/ 22.08.21	49090	यह भुगतान माप पुस्तिका 9384 के पृष्ठ संख्या 92 में दर्ज विवरणानुसार चलित बिल (Running Bill) कि विरूद्ध किया गया प्रतीत होता है।
6	Refund of security to Sh. Rajesh Sharma on account of c/o Shed for Machine at Dumping site at Nahan	19	44/ 22.08.21	17952	यह भुगतान माप पुस्तिका 9384 के पृष्ठ संख्या 93 में दर्ज विवरणानुसार चलित बिल (Running Bill) कि विरूद्ध किया गया प्रतीत होता है।
	कुल			**134321**	

उक्त प्रकरण अंकेक्षण ज्ञापन सं0 63 दिनाँक: 21.07.2023 द्वारा कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद नाहन के ध्यानार्थ में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु लाये गये थे परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक कोई भी उतर प्राप्त नहीं हुआ था। अतः इस प्रसंग में आवश्यक स्पष्टीकरण तथा सुधार कर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये क्योंकि ऐसी स्थिति में दोहरे भुगतान की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है।

35 वाउचर संख्या 35 दिनांक 18.08.2021 रोकड़ बही पृष्ठ संख्या 17 राशि ₹32200 इस्टीमेट तैयार/टाईप के कार्य के नगर परिषद के स्तर पर न करवाकर बाहरी एजेंसी से करवा कर किया जा रहा अपव्यय:–

उक्त वाउचर अनुसार निम्न भुगतान किया गया था–

क्र0सं0	बिल सं0/दिनांक व फार्म का नाम	मद	मात्रा	दर	राशि (₹)
1	136/ 09–12–20 ₹ श्रीमति सुषमा चोपडा	Complete Preparation/ Typing of Estimates Qty and Cost all Types of Civil works for MC Nahan	82	280	22960
2	184/ 20–.4–21₹ श्रीमति सुषमा चोपडा		33		9240
	कुल				**32200**

35.1 इस भुगतान से सम्बन्धित निविदा सम्बन्धित औपचारिकताएं अंकेक्षण को प्रस्तुत नहीं की गई है, जिस कारण, क्रय दर एवं अन्य शर्तों की सत्यापना पूर्ण नहीं हो पाई।

35.2 ₹4760/– का अधिक अनियमित भुगतान

बिल सं0 136 दिनांक 09/12/20 को 82 एस्टीमेंट तैयार/टाईप करने हेतू ₹280 प्रति एस्टीमेट की दर से भुगतान किया गया था, परन्तु सम्बन्धित बिल के साथ संलगित निविदा सूचना की प्रति पत्र सं0 J.E MCN/2020---3018 दिनांक 16/09/20 में 33 कार्य, J.E MCN/2020---3166 दिनांक 14/10/20 में 18 कार्य, J.E MCN/2020---3190 दिनांक 26/10/20 में 2 कार्य तथा J.E MCN/2020---3285 दिनांक 29/10/20 में 12 कार्य की सूची को एस्टीमेंट तैयार/टाईप करने हेतू भुगतान किया जाना वांछित था, जिनका कुल योग ₹65 बनता है। जिस कारण 17 कार्यों के एस्टीमेंट तैयार/टाईप करने हेतू **₹4760** (17 X ₹280) का अधिक भुगतान किया गया प्रतीत होता है। अतः या तो अधिक किए गए भुगतान का पूर्ण अभिलेख सहित औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा अधिक किए गए भुगतान की वसूली उचित स्त्रोत से कर अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

35.3 इसके अतिरिक्त यह भी पाया गया कि J.E MCN/2020---3018 दिनांक 16/09/20 में वर्णित 33 कार्य में से 23 कार्य (क्र0 सं0 1 से 13 व 20 से 29), J.E MCN/2020---3166 दिनांक

14/10/20 में वर्णित 18 कार्य में से 5 कार्य (क्र0 सं0 2 से 6), तथा J.E MCN/2020---3285 दिनांक 29/10/20 में वर्णित सभी 12 कार्य Providing & Fixing of Play Station/Street Light poles/M.S Bench/Ornamental & Herbal Plants/ Flower Pots, etc at Different Locations in Nahan, Supply of Statue and Repair of Statue जैसे सरल कार्य थे, जिनके लिए बाहरी एजैन्सी से एस्टीमेट तैयार करवाना तर्क संगत प्रतीत नहीं होता है। इस प्रकार के सरल कार्यों के एस्टीमेंट तैयार/टाईप करवाने हेतू किया गया ₹11200 (40 x 280) का भुगतान न्यायसंगत प्रतीत नहीं होता है। अतः इस इस बारे उचित स्पष्टीकरण अंकेक्षण को प्रस्तुत करने की कृपा करें तथा भविष्य में कनिष्ठ अभियन्ता के पर्यवेक्षण में अधिकांश कार्य, अब तक सृजित अभिलेख को बतौर नमूना (Sample) ध्यान में रखते हुए कार्यालय स्तर पर ही करवाए जाने का सुझाव भी दिया जाता है, क्योंकि नगर परिषद के अधिकतर कार्य छोटे तथा एक समान प्रकृति के ही होते हैं ताकि अपव्यय को रोका जा सके।

इस प्रसंग बारे अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 63 दिनांक 21.07.2023 द्वारा कार्यकारी अधिकारी को अवगत करवा दिया गया था परन्तु अंकेक्षण के समाप्त होने की तिथि तक इस सम्बन्ध में कोई भी प्रतिक्रिया अथवा आश्वासन प्राप्त नहीं हुआ।

36 टेन्डर अपलोडिंग के कार्य को नगर परिषद के स्तर पर न करवाकर बाहरी एजेंसी से करवाकर किया जा रहा अपव्यय
वाउचर सं0 54 दिनांक– 18/08/2021 रोकड़ बही पृ0 सं0–25 राशि–₹19200

उक्त वाउचर अनुसार निम्न भुगतान किया गया था–

विवरण	रोकड बही पृ0सं0	वाउचर सं0/ दिनांक	बिल सं0/ दिनांक	आपूर्तिकर्ता	सामग्री	बिल राशि (₹)
Payment Regarding Upoading/ Downloading oh Tenders Floated online or Ofline	25	54/ 18–08–21	153/ 17-05-21	Sh. Tajender Kumar, Azad Colony, Kalka	Up loading & Downloading of 24 tenders online @ 800/ Tender	19200 (₹23700 के भुगतान में शमिल)

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि उक्त वाउचर के माध्यम से उक्त तालिका में दिए गए विवरणानुसार टेन्डर अपलोडिंग/डाउनलोडिंग हेतु अदायगी की गई थी परन्तु नगर परिषद स्तर पर यह एक निरंतर प्रक्रिया है तथा इस कार्य हेतू परिषद के कर्मचारियों में से ही दो–तीन कर्मचारियों को स्थनीय N.I.C सेंटर से आवश्यक प्रशिक्षण उपरान्त यह कार्य कार्यालय स्तर पर

सम्पन्न करवाया जाने उपरान्त इस अपव्यय से बचा जा सकता है तथा इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई अपेक्षित है। इस प्रसंग बारे अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 63 दिनांक 21.07.2023 द्वारा कार्यकारी अधिकारी को अवगत करवा दिया गया था परन्तु अंकेक्षण के समाप्त होने की तिथि तक इस सम्बन्ध में कोई भी प्रतिक्रिया अथवा आश्वासन प्राप्त नहीं हुआ।

37 **वाउचर सं0 42 दिनांक– 09/11/2021 रोकड़ बही पृ0 सं0–99 राशि–₹101291 मद–श्री जगमोहन सिंह, ठेकेदार को जे0सी0बी कार्य हेतु किया गया राशि ₹0.02 लाख का अनियमित अधिक भुगतानः–**

अंकेक्षण के दौरान उक्त विवरणानुसार श्री जगमोहन सिंह को बिल सं0 110 दिनांक 05/10/20 द्वारा विभिन्न स्थानों पर जे0सी0बी कार्य हेतू भुगतान किया गया था। उक्त भुगतान से सम्बन्धित माप पुस्तिका सं0 9384 पृ0 सं0 42 से 46 पर दर्ज प्रविष्टि में गलत गणना कर निम्न विवरण अनुसार अधिक भुगतान किया गया प्रतीत होता है।

विवरण	माप पुस्तिका में दर्ज प्रविष्टियां	वास्तविक गणना अनुसार प्रविष्टियां
जे0सी0बी कार्य (घंटो में)	159	155.3
कुल राशि 750/घंटा (₹)(1)	119250	116475
– प्रतिभूति राशिः 10 : (₹)	11925	11648
– जी0एस0टीः 2 : (₹)	2385	2330
– आयकरः 2.06 : (₹)	2457	2399
– लेबर उपकरः 1 : (₹)	1192	1165
कुल वैधानिक कटौतियां (₹)(2)	17959	17542
कुल देय राशि(1–2) (₹)	101291	98933
कुल अधिक भुगतान राशि(101291–98933) (₹)		**2358**

उक्त अनियमितता अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 63 दिनांक 21.7.23 द्वारा संस्था के ध्यानार्थ लाई गई थी परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक इस सम्बन्ध में कोई उत्तर/स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं हुआ। अतः इस प्रसंग में या तो इस भुगतान बारे वस्तुस्थिति से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए अन्यथा इस अधिक भुगतान राशि की वसूली उचित स्त्रोत से करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

38 वाउचर संख्या 33 दिनांक 16.04.2019 रोकड़ बही पृष्ठ संख्या 66 राशि ₹500000 ESSL (Energy Efficeint Solutions Ltd) के बिल संख्या ESSL/RO/HP/SLNP/ULB/2018-19/1715 दिनांक 04.02.19 दावा ₹2789032 के सम्बन्ध में पूर्ण अभिलेख प्रस्तुत न करना:–

ESSL (Energy Efficeint Solutions Ltd) द्वारा नगर परिषद नाहन कार्यलय को प्रस्तुत उक्त बिल राशि ₹2789032 की जाँच करने पर पाया गया कि नगर परिषद कार्यालय द्वारा अवधि 08/17 से 12/18 तक ₹2670040 का स्ट्रीट लाईट बिल का भुगतान नहीं किया गया है, जिस कारण उक्त बिल की राशि में ₹118992 की बड़ी राशि प्रभारित जुर्माने के रूप में अधिरोपित की गई है। इस अवधि में बिलों का भुगतान न करने के कारण स्पष्ट किए जाए जिस कारण नगर परिषद की इतनी बडी देनदारी का बोझ पड़ गया है तथा उक्त दावे के उपरान्त भी केवल ₹500000 (पारित आदेश ₹600000 परंतु वास्तविक अदायगी ₹500000 की गई) की आंशिक अदायगी ही उक्त फर्म को की गई थी। उक्त प्रकरण बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु अंकेक्षण के दौरान ज्ञापन संख्या 62 दिनांक 20.07.2023 द्वारा पूर्ण अभिलेख सहित अंकेक्षण को अवगत करवाने का अनुरोध किया गया था परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक इस सम्बन्ध में कोई भी उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः अब इस बारे अंकेक्षण को अनुपालना सुनिश्चित की जाये।

39 वाउचर संख्या 38 व 39 दिनांक 18.04.2019 रोकड़ बही पृष्ठ संख्या 68 राशि ₹223338 (124999 + ₹98339) मद–श्री हरदीप सिंह, ठेकेदार को जे0सी0बी0 कार्य हेतु राशि ₹0.11 लाख का अनियमित अधिक भुगतान:–

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि उक्त विवरणानुसार श्री हरदीप सिंह को विभिन्न स्थानों पर जे0सी0बी कार्य हेतू भुगतान किया गया था। उक्त भुगतान से सम्बन्धित निविदाएं व सम्बन्धित माप पुस्तिका अंकेक्षण के प्रस्तुत नहीं की गई परन्तु वाउचर के साथ संलग्न अकाउंट बिल अनुसार कनिष्ठ अभियंता द्वारा की वैधानिक कटौतियों को लेखा शाखा द्वारा बिल राशि से काटा नहीं गया जिस कारण निम्न विवरणानुसार अधिक भुगतान किया गया है।

विवरण	वाउचर सं0 38 Supply of JCB for Cutting Excavation Work Nahan Town Dumping Site and Muck Dumping Site	वाउचर सं0 39 Supply of JCB for Cutting Excavation Work for C/o Road for Helipad of Nahan Town
जे0सी0बी कार्य (क्यु0मी0 में)	1351.35	1063.12
कुल राशि ₹92.5/ क्यु0मी0 (₹)(1)	124999	98339

वैधानिक कटौतियां		
– जी0एस0टी: 2 : (₹)	2500	1967
– आयकर: 2.06 : (₹)	2575	2025
– लेबर उपकर: 1 : (₹)	1259	983
कुल वैधानिक कटौतियां (₹)(2)	6325	4975
कुल देय राशि(1–2) (₹)	118674	93364
वाउचर सं0 38 व 39 अनुसार देय कुल राशि (118674+93364)		**212038**
RTGS Authority MCN/Account/2019-2577 दिनांक 20/4/2019 अनुसार भुगतान राशि		223338
अधिक भुगतान		**11300**

उक्त अनियमितता अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 63 दिनांक 21.7.23 द्वारा संस्था के ध्यानार्थ लाई गई थी परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक इस सम्बन्ध में कोई उत्तर/स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं हुआ। अतः इस प्रसंग में या तो इस भुगतान बारे वस्तुस्थिति से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए अन्यथा इस अधिक भुगतान राशि की वसूली उचित स्त्रोत से करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये। इसके अतिरिक्त यदि वैधानिक कटौतियाँ न करने के कारण यदि सम्बन्धित विभाग/संस्था कोई दण्ड/अधिभार आरोपित करता है तो इसके लिए आहरण एवं वितरण अधिकारी (DDO) निजि रूप से जिम्मेवार होगें।

40 विज्ञापन पर अनियमित व्यय:–

(i) अंकेक्षण के दौरान चयनित मास के व्यय वाउचरों की लेखा परीक्षा में पाया गया कि नगर परिषद के द्वारा निम्न तालिका में दर्शाए गए विवरणानुसार विज्ञापन हेतु व्यय किया गया था–

तालिका–1

क्र0 सं0	विवरण	रोकड बही पृ0सं0	वाउचर सं0/ दिनांक	बिल सं0/ दिनांक	आपूर्तिकर्ता/ विज्ञापन का क्षेत्रफल	भुगतान राशि (₹)
1	Advertisement Bills Paid to Prithvi Lok & Divya Himachal	76	57/ 25-04-19	1199/ 15-02-19 Bill Amount ₹17600 restricted to ₹6500	Prithvi Lok, साप्ताहिक, हमीरपुर	6500
					20X16 c.m	
2				18/D/025754/ 21-03-19 Bill Amount ₹5000	Divya Himachal	4762
					5.9x16 c.m	

				restricted to ₹4762		
3	Payment Regarding Tender Notice Payable to Prithvi lok News Paper	09	12/ 15-07-21	1455/ 05-06-21	Prithvi Lok साप्ताहिक, हमीरपुर	50220
					27x31 c.m	
4	Payment Regarding Advertisement for Tenders	10	22/ 17-06-21	21/D/001175/ 22-04-21	Divya Himachal	4440
					6.75x12 c.m	
	कुल (5% जी0एस0टी सहित)					**65922**

इस सम्बन्ध में निम्न अंकेक्षण आपत्तियां पाई गई जिनके सन्दर्भ में अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 63 दिनांक 21.07.2023 द्वारा स्पष्टीकरण मांगे जाने पर भी अंकेक्षण समाप्त होने की तिथि तक कोई स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं हुआ :–

i.i पृथ्वी लोक गैर सरकारी साप्ताहिक समाचार पत्र में निविदा सूचना विज्ञापित करने का तथा उसे लोक सम्पर्क विभाग, हि0प्र0 के माध्यम से न छपवाए जाने का औचित्य स्पष्ट नहीं किया गया।

i.ii इस सम्बन्ध में लोक सम्पर्क विभाग द्वारा निर्धारित डी0ऐ0वी0पी (DAVP) दरों की प्रति भी अंकेक्षण को उपलब्ध नहीं करवाई गई।

i.iii समाचार पत्र को दिए गए विज्ञापन छपवाने के सम्बन्ध में नगर परिषद द्वारा जारी Release Order की प्रति भी अंकेक्षण को उपलब्ध नहीं करवाई गई।

i.iv उक्त तालिका–1 के क्रम संख्या 3 में वर्णित पृथ्वी लोक, जो सम्भवतः हमीरपुर की स्थानीय साप्ताहिक पत्रिका है, में नगर परिषद के निम्न तालिका–2 में वर्णित सामान्य प्रकृति के निर्माण कार्यों की निविदा सूचनाओं को असमान्य आकार -27X31 से0मी0 क्षेत्रफल जोकि अखबार के आधे पृष्ठ के बराबर होता है, में छपवाए जाने का औचित्य भी अंकेक्षण को स्पष्ट नहीं किया गया।

तालिका–2

क्र0सं0	**कार्य का नाम**	**अनुमानित लागत (₹)**
1	C/o Shed for Dumping Site for preparation of Compost, MC Nahan	495000
2	P/F MS Wire Mesh and Flooring etc for Shed at Dumping Site MC Nahan	295000

3	C/o Shed for the Trammel Machine at Dumping Site MC Nahan	498000

i.v उक्त तालिका–1 में वर्णित प्रसंगो से स्वतः ही स्पष्ट है कि क्र0 सं0 1 के प्रकरण में यद्यपि परिषद द्वारा "पृथ्वीलोक साप्ताहिक" को उनके द्वारा प्रस्तुत दावे ₹17600 के विरूद्ध एक बडी राशि लगभग 63% की कटौती कर केवल ₹6500 की अदायगी की गई थी जबकि वहीं दूसरी ओर क्र0 सं0 3 के प्रकरण में एक असमान्य आकार का विज्ञापन प्रकाशित करवाकर तथा दावे ₹50220 की पूर्ण अदायगी कर नगर परिषद को वित्तीय हानि करवाई गई प्रतीत होती है।

उपरोक्त प्रसंग भी नगर परिषद में अंकेक्षण अवधि के दौरान पाई गयी अनियमितताओं की कड़ी में एक ओर उदाहरण है तथा मामला यथोचित कारवाई हेतु विभाग के उच्च अधिकारियों के विशेष ध्यानार्थ लाया जाता है क्योंकि चयनित मास के अतिरिक्त अन्य मासों में भी इस तरह के प्रकरणों की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता।

(ii) लोक सम्पर्क विभाग, हि0प्र0 के माध्यम की अपेक्षा सीधे तौर पर सम्बन्धित एजेंसी से विज्ञापन छपवाकर राजकीय कोष को सम्भावित 15% कमीशन/ राजस्व की ₹0.09 लाख हानिः–

सूचना एंव लोक सम्पर्क विभाग हि0प्र के पत्र सं0 2006/01–15 pub–92–14263 दिनांक 30/08/2006 व पत्र सं 1–PR-H(F)-4(APP)/2013 दिनांक 05/07/2011 द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार समस्त विभागों, बोर्ड, कार्पोरेशन द्वारा दिए जाने वाले सभी प्रकार के विज्ञापन सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, हि0प्र0 के माध्यम से छपवाए जाएगें तथा भुगतान की गई राशि में से 15% प्रतिशत कमीशन कटौती करके हि0प्र0 सरकार के आय शीर्षक 300–60–220 में भी जमा करवाया जाना भी अपेक्षित है। परन्तु उक्त पैरा के तालिका–1 में वर्णित प्रकरणों में न तो विज्ञापन लोक संपर्क विभाग के माध्यम से किए, न ही डी0ऐ0वी0पी दरों की प्रति (क्र0 सं0 1 से 3) अंकेक्षण को प्रस्तुत की गई तथा न ही यह कटौती की राशि जोकि ₹9417 ($65922X\frac{100}{100+5}X15\%=9417$) विज्ञापन के बिलों से की गई जिस बारे भी औचित्य स्पष्ट किया जाए।

उक्त अनियमितता अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 63 दिनांक 21.7.23 द्वारा संस्था के ध्यानार्थ लाई गई थी परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक इस सम्बन्ध में कोई उत्तर / स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं हुआ। अतः इस प्रसंग में आवश्यक कार्रवाई कर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

41 **वाउचर अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत न करने बारे:–**

(क) राशि ₹594136/– के वाउचर अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत न करना:–

रोकड़ बही अनुसार व्यय की विस्तृत जाँच हेतु चयनित मासों में किए गए निम्न भुगतान के सम्बन्ध में कार्यालय द्वारा प्रस्तुत वाउचर फाईल में ये वाउचर मौजूद नही पाए गए तथा न ही अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 54 दिनांक 13.07.2023 व 62 दिनांक 20.07.2023 द्वारा मांगे जाने पर अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत किये गये। अतः अब इन वाउचरों को जाँच हेतु आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए ।

S.N.	V. No. /CBP	Month	Detail of voucher	Amount Paid (₹)
1	52/35	10/22	Purchase of 25kg lime product from Deepak Gupta	18000
2	53/35	10/22	Purchase of stationary payable to Bansal Stationary Mart	72095
3	54/35	10/22	Print of house tax register payable to Saurabh Battra	111200
4	55/35	10/22	Purchase of pyrethrum for fogging machinepayable to Bansal Enterprises	92040
5	39/99	11/20	Paid to Tarsem Entreprises through RTGS	282016
6	T46/1	11/20	Paid to Sh. Tapender for refund of security for digging holes and plantation	18785
			Total	**594136**

(ख) राशि ₹773867/– के अधूरे वाउचर प्रस्तुत करने बारे:–

निम्न वाउचरों की लेखा परीक्षा के दौरान पाया गया कि वाउचर के साथ पूर्ण अभिलेख संलग्न नही किया गया था जिस कारण भुगतान की गई राशि की सत्यापना सम्भव नही हो सकी तथा न ही अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 62 दिनांक 20.07.2023 द्वारा मांगे जाने पर अंकेक्षण हेतु वाँछित अभिलेख प्रस्तुत किया गया। अतः वाँछित अभिलेख अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए ।

क्र0 सं0	वाउचर सं0/ दिनांक/ रोकड़ बही पृ0 सं0	विवरण	राशि (₹)	अंकेक्षण टिप्पणी
2	06/03–11–20/93	Paid to Shyam Bihari	115000	सम्बन्धित भुगतान बिल

		on A/c of White Washing of Ranital Garden, Park at Pucca Tank,etc.		/अभिलेख संलग्न नहीं है भुगतान केवल नोटिंग शीट पर अनुमोदन उपरान्त कर दिया गया तथा व्यय स्वीकृति भी ₹100000 की पाई गई।
3	41/19-08-21/18	Payment Regarding Transfer of Amt. from Axis Bank	658867	सी0एल0सी से प्राप्त मांग की प्रति सम्बन्धित वाउचर के साथ संलग्न नहीं है।
		कुल	**773867**	

42 अधिवक्ताओं को किए गए भुगतान बारे:-

व्यय की जाँच हेतु चयनित माह के वाउचर्स की लेखा परीक्षा के दौरान पाया गया कि नगर परिषद नाहन द्वारा विभिन्न न्यायिक मामलों के निपटारे हेतु निम्न सारणी अनुसार अधिवक्ताओं को भुगतान किए गए थे। हि0 प्र0 सरकार द्वारा अधिवक्ताओं को देय भुगतान हेतु अनुमोदित दर की प्रति, अंकेक्षण ज्ञापन सं0 34 दिनांक 23/05/2023 तथा 62 दिनांक 20.7.23 द्वारा मांगे जाने के बावजूद भी अंकेक्षण में उपलब्ध नही करवाई गई थी जिस कारण किए गए भुगतान की पुष्टि नही की जा सकी है ।

क्र0 सं0	वाउचर सं0/ दिनांक/ रोकड बही पृ0 सं0	बिल सं0/ दिनांक	विवरण	राशि (₹)
1	16/04-04-19 /57	Not Mentioned	Paid to Sh. Sandeep Aggarwal as Advocate Fees.	5000
2	40/18-04-19 /69	Not Mentioned	Legal Fees paid to Sh. Jagdish Thakur Advocate in HP High Court for Draft Reply & Show Cause Notice (₹10560+₹23100= ₹33660; Restricted to ₹33600)	33600
	कुल			**38600**

उपरोक्त के अतिरिक्त अंकेक्षण अवधि के दौरान अधिवक्ताओं को किये गये कुल भुगतान बारे भी सूचना अंकेक्षण को उपलब्ध नहीं करवाई गयी। इस संदर्भ में सरकार द्वारा निर्धारित दरो से कहीं अधिक दर पर अधिवक्ताओं को सक्षम अधिकारी से अनुमोदन प्राप्त किये बिना ही भुगतान किये जाने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता। अतः पूर्ण वस्तुस्थिति से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

43 6 वर्ष पूर्व खरीदी गई सामग्री को वर्तमान आवश्यकता दर्शाकर दी गई अनुचित वित्तीय स्वीकृति द्वारा किया गया ₹0.08 लाख का अनियमित भुगतान :–

व्यय की विस्तृत जाँच हेतु चयनित माह 08/21 के वाउचर की लेखा परीक्षा के दौरान पाया गया कि वाउचर संख्या 25 दिनांक 16.08.21 द्वारा निम्न सारणी अनुसार ₹8561 का भुगतान मै0 लक्की जनरल स्टोर नाहन को विभिन्न लेखन सामग्री के क्रय हेतु वर्ष 2015 व वर्ष 2016 की तिथियों के बिलों का भुगतान किया गया था । वाउचर के साथ संलग्न वित्तीय स्वीकृति अनुसार इस लेखन सामग्री की आवश्यकता वर्तमान में बताई गई थी, जिससे यह स्वतः ही स्पष्ट है कि लगभग 6 वर्ष पूर्व की गई खरीद को वर्तमान आवश्यकता बताकर अनुचित वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई थी तथा राशि का अनियमित भुगतान किया गया प्रतीत होता है। इस अनियमितता बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 62 दिनांक 20.7.23 जारी करके कार्यालय को सूचित किया गया था परन्तु किसी प्रकार का उत्तर प्रस्तुत न करना चिन्ता का विषय है । अतः अब वस्तुस्थिति से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए क्योंकि ऐसी स्थिति में सामग्री का वास्तविक क्रय ही संदेहास्पद प्रतीत होता है ।

क्र0 सं0	विवरण	रोकड बही पृ0सं0	वाउचर सं0/ माह	बिल सं0/ दिनांक	आपूर्तिकर्ता	सामग्री	बिल राशि (₹)
1	Regarding Payment Ball Pen, Calculator, Big Size Marker, Stepler	14	25/ 16-08-21	273/17-04-15	Lucky General Store	Various Stationary Items	786
2				572/13-05-15			524
3				659/23-05-15			149
4				1602/08-10-15			112
5				444/31-05-16			599
6				1514/24-11-16			947

7				2459/25-02-16			1234
8				2439/23-02-16			2881
9				1326/26-08-15			124
10				1359/01-09-15			577
11				1130/05-08-15			628
	कुल						**8561**

44 भण्डार प्रविष्टि के सम्बन्ध में पाई गई अनियमितताएं:–

(क) क्रय की गई सामग्री की भण्डार प्रविष्टी किये बिना ही किये गये ₹3.15 लाख का भुगतान:–

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि निम्न तालिका में दर्शाए गए विवरणानुसार कुल ₹315229/– की सामग्री क्रय की गई थी परन्तु इस सामग्री की स्टॉक प्रविष्टि किए बिना ही उक्त भुगतान कर दिए गए जोकि कार्यालय स्तर पर इस सम्बन्ध में नियन्त्रण करने की इच्छा के अभाव तथा नियमों की अनुपालना सुनिश्चित करने के प्रति सम्पूर्ण उदासीनता को परिलक्षित करता है। ऐसी स्थिति में क्रय की गई सामग्री के दुर्विनियोजन से भी इन्कार नहीं किया जा सकता है।

क्र0 सं0	विवरण	रोकड़ बही पृ0सं0	वा0सं0/माह	बिल सं0/दिनांक	आपूर्तिकर्ता	सामग्री	बिल राशि (₹)
1	Purchase of Sanitivers & Hand Wash from Surendra Medicals	98	33/09.11.20	4038/30.07.20 `2500, 4041/31.07.20 `2500 & 4120/07.08.20 `820	Surendra Medicals	Sanitizers & Hand Wash	5820
2	Paid to Nirmal Health Centre (Total Bills Amount `93960 Advance Adjusted `10000; Paid `83960)	99	43/09.11.20	1030/05.08.20 `42480,1409/15.09.20 `42480 & 1050/07.08.20 `9000	Nirmal Health Centre, Nahan	Sodium Hypochloride, Sprayer, Sprayer Pipe, Nozze & Handle	83960
3	Payment regarding Tools supplied	14	26/16.08.21	1127/22.06.21	Sh.Mohd Jala	Various Civil Work Tools Like Tasla, Khurpa, etc.	25425

	for Civil Works to MMSAGY Workers of MC Nahan						
4	Paid to Mohd. Jalal for Supply of Material	25	51/18.08.21	1125/11.05.21 1126/11.05.21 1124/11.05.21 1123/11.05.21	Sh.Mohd.Jlal	रेत (1650 क्यु0मी0) रेत (1650 क्यु0मी0) बजरी (1560 क्यु0मी0) 8000 ईट	58344 37400 59280 45000
							315229

उक्त अनियमितता अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 62 दिनांक 20.07.2023 द्वारा संस्था के ध्यानार्थ लाई गई थी परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक इस सम्बन्ध में कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः क्रय की गई सामग्री को स्टॉक रजिस्टर में दर्ज न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए उपरोक्त सामग्री के उपयोग/उपभोग/निर्गमन बारे अभिलेख सहित आवश्यक स्पष्टीकरण देते हुए अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

(ख) क्रय की गई लेखन सामग्री की मात्र औपचारिकता हेतु ₹0.57 लाख प्रविष्टि करने बारे:–

अंकेक्षण के दौरान व्यय हेतु चयनित मासों के भुगतान बिल/वाउचर्स की पड़ताल करने पर पाया गया कि निम्न विवरणानुसार भिन्न–भिन्न प्रकार की लेखन सामग्री का क्रय किया गया था परन्तु इनकी प्रविष्टियां सम्बन्धित स्टॉक रजिस्टर में दर्ज न करके सुगमता अनुसार किसी भी असम्बन्धित स्टॉक रजिस्टर में दर्ज कर दी गई हैं, जिस कारण सम्बन्धित लेखन सामग्री के आरम्भिक शेष/अन्तशेष को ज्ञात करना सम्भव नहीं हो पाया। इस सामग्री की खपत का विवरण भी रजिस्टर में दर्ज नहीं था, जिस कारण यह सामग्री किसे जारी की गई, ज्ञात नही हो सका। इसके अतिरिक्त यह भी पाया गया कि इस सामग्री को तिथिवार खरीद के अनुक्रम में रजिस्टर में दर्ज नहीं किया था, जो यह दर्शाता है कि यह प्रविष्टियां केवल औपचारिता मात्र के लिए की गई गई थीं। यह प्रकरण भी कार्यालय स्तर पर इस सम्बन्ध में नियंत्रण करने की इच्छा के अभाव तथा नियमों की अनुपालना सुनिश्चित करने के प्रति संपूर्ण उदासीनता को परिलक्षित करता है तथा ऐसी स्थिति में क्रय की गई तथा स्टॉक में शेष सामग्री के दुर्विनियोजन से भी इन्कार नहीं किया जा सकता है। इस सन्दर्भ में कुछ उदाहरण निम्न तालिका अनुसार है जबकि इस तरह की अनियमितता वाउचर सं0 25 दिनांक 16/08/21 रोकड बही पृ0 सं0 14 व वाउचर सं0 31 दिनांक 16/08/21 रोकड बही पृ0 सं0 15 के साथ संलगित बिलों के माध्यम से क्रय के संबद्ध में भी पाई गई।

क्र0 सं0	विवरण	रोकड बही पृ0सं0	वाउचर सं0 / माह	बिल सं0 / दिनांक	आपूर्ति कर्ता	सामग्री	बिल राशि (₹)	अंकेक्षण टिप्पणी
1	Payment regarding Mat, Barhroom Freshner, Liquid Soap, etc	15	30/ 16-08-21	144/30-12-20 ₹3134, 1471/15-09-20 ₹2379, 1470/15-09-20 ₹1817, 169/16-01-21 ₹1635, 326/02-06-21 ₹1917, 325/02-06-21 ₹2980, 324/02-06-21 ₹2407, 142/30-11-20 ₹2950, 143/30-12-20 ₹2856, 165/15-01-21 ₹2331, 034/30-09-20 ₹2655, 168/16-01-21 ₹1714, 323/02-06-21 ₹2985, 1465/15-09-20 ₹1262, 1464/15-09-20 ₹3106, 1462/15-09-20 ₹1911, 032/15-09-20 ₹2153, 1468/15-09-20 ₹2853, 327/02-06-21 ₹2997, 1466/15-09-20 ₹3125,	Rakesh Garg & Brothers	Various Stationary Items	57633	बिल सं0 1464/15-09-20 ₹3106 व 329/02-06-21 ₹3245 के माध्यम से क्रय की गई सामग्री की निविदाएं भी प्रस्तुत नहीं की गई तथा हि0 प्र0 वित्त नियमावली 2009 में प्रावधित औपचारिकताओं को पूर्ण करने की अपेक्षा छोटी छोटी मात्रा मे सामग्री को ₹3000 से कम राशि के बिलों द्वारा क्रय किया गया है।

				329/02-06-21 ₹3245, 037/15-09-20 ₹796, 036/15-09-20 ₹1770& 035/25-09-20 ₹2655.				

उक्त अनियमितता अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 62 दिनांक 20.07.2023 द्वारा संस्था के ध्यानार्थ लाई गई थी परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक इस सम्बन्ध में कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः क्रय की गई सामग्री को असम्बन्धित स्टॉक रजिस्टर में दर्ज करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए उपरोक्त सामग्री के उपयोग/ उपभोग/ निर्गमन बारे अभिलेख सहित आवश्यक स्पष्टीकरण देते हुए अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

45 स्टॉक प्रविष्टियों का सही इन्द्राज न करने के कारण राशि ₹239452/– का संदिग्ध भुगतानः–

(क) माह 10/22 के निम्न वाउचरों की जाँच के दौरान पाया गया कि नगर परिषद नाहन में विभिन्न वस्तुओं का क्रय करने के बाद उनकी भण्डार प्रविष्टियां गलत की गई थी। अतः यह ज्ञात करना कठिन था कि क्रय की गई मात्रा के अनुसार वस्तुओं का सही इन्द्राज/उपयोग हुआ भी है या नहीं । कुछ प्रकरणों में क्रय की गई मात्रा से अधिक मात्रा की प्रविष्टी करके प्रयोग हेतु जारी किया गया दर्शाया गया था जो कि असम्भव है तथा कुछ प्रकरणों में क्रय की गई मात्रा से कम की प्रविष्टियां की गई थी जिससे यह शंका होती है कि भुगतान की गई राशि के विरूद्ध आपूर्ति आदेश अनुसार सामग्री की प्राप्ति योग्य मात्र से कम मात्रा प्राप्त/उपयोग करके गम्भीर अनियमितता की गई है । उक्त अनियमितता को दर्शाते निम्न तालिका में दिए प्रकरणों बारे स्थिति स्पष्ट करने हेतु अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 54 दिनांक 13.07.23 जारी की गई थी परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक संस्था की ओर से उत्तर प्राप्त न होने के कारण आपत्ति का निपटारा अंकेक्षण के दौरान नही किया जा सका । अतः इस सम्बन्ध में अब स्थिति स्पष्ट की जाए तथा अनियमितता की स्थिति में वसूली योग्य राशि की अपने स्तर पर गणना उपरान्त उचित स्त्रोत से वसूली कर अंकेक्षण को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए ।

क्र0 सं0	वाउचर संख्या/ दिनांक/ रोकड बही पृष्ठ संख्या	क्रय की गई सामग्री का नाम/वाउचर अनुसार क्रय की गई मात्रा	भण्डार रजिस्टर / पृष्ठ संख्या /दर्ज या उपयोग की गई मात्रा	दर/ मात्रा / भुगतान की गई राशि	टिप्पणी
1	02/ 10/22	LED Light@	SR 2022-23	₹940/150/₹15792	150 न0 लाईटें क्रय

	/17	150	@38 @152	0 (12 प्रतिषत जी.एस. टी. सहित)	करके 152 प्रयोग में लाना असम्भव है ।
2	68 / 27.10.22 / 38	Sand/ 1180 CFT	SR12/25/1400CFT	37.40 / 1180 / ₹44132	1180 क्यूबिक फिट रेत क्रय करके 1400 क्यूबिक फिट प्रयोग में लाना असम्भव है
		Sand/ 1000 CFT	SR12/25/400CFT	37.40 / 1000 /₹37400	1000 क्यूबिक फिट रेत क्रय करके 400 क्यूबिक फिट ही प्राप्त किया गया दर्शाया गया है। अतः ₹22440.00 का अधिक भुगतान किया गया प्रतीत होता है ।

(ख) अंकेक्षण के दौरान जैसा कि ज्ञापन संख्या 54 दिनांक 13.07.23 द्वारा संस्था को सूचित किया गया था कि भण्डार रजिस्टर 2022–23 के पृष्ठ संख्या 36 व 39 पर LED Light 18 वाट व Drivers 18 वाट की प्रविष्टी की गई थी परन्तु उन्हें श्री प्रवीन विद्युत कर्मी को जारी करके शेष शून्य दर्शाया गया था । ये लाईटें किस स्थान पर लगाई गई, दर्ज नही किया गया था । अतः स्पष्ट नही हो सका कि खरीदी गई सामग्री का सही उपयोग हुआ है या नही । अतः समर्थित मूल अभिलेख सहित वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए सक्षम अधिकारी की सत्यापना उपरान्त इन लाईटों के प्रयोग बारे इन्द्राज कर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

भण्डार रजिस्टर पृष्ठ संख्या	सामग्री का नाम	क्रय की तिथि / संख्या	राशि (₹)	जिसको जारी किया गया
36	LED Light 18 वाट	5.9.22 / 30	7500.00	विद्युत कर्मी प्रवीन
39	Drivers 18 वाट	5.9.22 / 40 3.10.22 / 25	18500.00	विद्युत कर्मी प्रवीन
		कुल	**26000**	

46 सीमेंट स्टॉक रजिस्टर से सम्बन्धित अनियमितताएं:–

46.1 1843 सीमेंट बैग मूल्य राशि ₹7.28 लाख (लगभग) से सम्बन्धित इन्डेन्ट बुक/रजिस्टर अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत न करना:–

नगर परिषद के सीमेंट स्टॉक रजिस्टर का अवलोकन करने पर पाया गया कि निम्न विवरणानुसार कार्यों हेतु जारी किए गए सीमेंट के इन्डेन्ट की प्रविष्टि सीमेंट स्टॉक रजिस्टर में दर्ज पाए गए परन्तु इस से सम्बन्धित इन्डेन्ट बुक/रजिस्टर अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत नहीं किए गए जिस कारण सीमेंट स्टॉक की सत्यापना पूर्ण रूप से सम्भव नहीं हो सकी। परिणामस्वरूप सीमेंट के दुर्विनियोजन की सम्भावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता। अतः इस सम्बन्ध में वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए आवश्यक अभिलेख अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

क्र0 सं0	सीमेंट स्टॉक रजिस्टर पृ0 सं0	इन्डेन्ट न0 / दिनांक	कार्य का नाम	जारी किए गए सीमेंट बैग
1.	174	4117 / 12–05–20	C/o Boundary Wall from Mall Road Nahan	30
2.	174	4118 / 21–05–20	R/M MC Building Pots/ Drains in Nahan	25
3.	174	4119 / 26–06–20	MC Building Road Path/Drain in Nahan	25
4.	174	4120 / 30–06–20	C/o Path near Fishries Office W. No. 2	10
5.	174	4121 / 30–06–20	C/o R/Wall near Govindgarh W. No. 6 Nahan	10
6.	174	4122 / 09–07–20	C/o Path near Fishries Office in W. No. 2 Nahan	40
7.	175	4123 / 09–07–20	C/o Path at Ram Kundi W. No. 1 Nahan	50
8.	175	4124 / 09–07–20	C/o Path at Chiranwali W. No. 12 Nahan	40

9.	175	4125 / 10–07–20	C/o Pavemnt near H/o Sh. Nathu Ram in W. No. 3 Nahan	30
10.	175	4126 / 11–07–20	R/M of Path and Drain Build Work in Nahan	25
11.	175	4127 / 07–08–20	C/o Path in Chiranwali W. No. 12	15
12.	176	4128 / 20–08–20	C/o Path at Chiranwali W. No. 12 Nahan	100
13.	176	4129 / 20–08–20	C/o Path near Ram Kundi Dhabon in W. No. 1 Nahan	30
14.	176	4130 / 20–08–20	R/M of CC Path/Road at Hindu Ashram Road Nahan	20
15.	176	4131 / 20–08–20	R/M of Raod Gunnughat Nahan	30
16.	176	4132 / 20–08–20	C/o Pavement near H/o Nathu Ram W. No. 3 Nahan	10
17.	177	4133 / 20–08–20	R/M of Path & Drains etc in W No. 1 to 13	10
18.	178	4136 / 31–10–20	C/o Path near Milk Plant in W. No. 12 Nahan	190
19.	178	4137 / 31–10–20	C/o Path/ R. Wall at Chiranwali W No. 12 Nahan	65
20.	178	4138 / 03–11–20	C/o Path near H/o Sh. Omkar Sharma W no. 12	80
21.	178	4139 / 06–11–20	C/o Path near Chauhan ka Bagh in W. No. 1	55
22.	179	4140 /	C/o Fixing of Tiles in	15

		06–11–20	Back Side of Bus Stand W No. 10 Nahan	
23.	179	4141 / 11–11–20	C/o Path in Upper Cantt Area & Lower Cantt Area W No. 12 Nahan	55
24.	179	4142 / 11–11–20	C/o Path near Masanpur in W no. 12 Nahan	15
25.	179	4143 / 18–11–20	C/o Path near H/o Yogesh/Balbir in W No. 1 Nahan	30
26.	179	4144 / 29–11–20	Fixing of PVC Pipe/Drain near JBT School W. No. 10 Nahan	10
27.	179	4145 / 20–11–20	C/o Park near ITI W No. 2	25
28.	179	4146 / 20–11–20	C/o Path at Johanwali W No. 12 Nahan	60
29.	180	4147 / 24–11–21	C/o Road near Slaughter House	350
30.	180	4148 / 24–11–21	C/o Road near Fishries office Nahan	350
31.	180	4149 / 24–11–21	C/o Path in Dhabo Mohalla Nahan	43
	कुल			**1843**

46.2 बिना इन्डेन्ट के 431 बैग मूल्य राशि ₹1.70 लाख सीमेन्ट जारी करनाः–

नगर परिषद के सीमेंट स्टॉक रजिस्टर का अवलोकन करने पर पाया गया कि निम्न विवरणानुसार कार्यो हेतु सीमेंट तो जारी किया परन्तु यह सीमेंट किस इन्डेन्ट द्वारा जारी किया गया यह जानकारी सीमेंट स्टॉक रजिस्टर में दर्ज नहीं की गई है, जिसके अभाव में नगर परिषद कार्यालय से सीमेंट के दुर्विनियोजन की सम्भावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता। अतः इस बारे वस्तु स्थिति से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

क्र0 सं0	सीमेंट स्टॉक रजिस्टर पृ0 सं0	दिनांक	कार्य का नाम	जारी किए गए सीमेंट बैग
1.	177	12/09/20	C/o Path Nauni Bagh W No. 12	300
2.	177	18/09/20	C/o Path Mohalla Dhabon W No. 1	50
3.	177	18/09/20	C/o Path W. No. 3 Nahan	20
4.	177	18/09/20	C/o Toilet Mall Road Nahan	15
5.	177	18/09/20	C/o Path W no. 2	15
6.	178	31/09/20	W no. 12	31
	कुल			431

46.3 दो वर्षों के अन्तराल के उपरान्त भी मूल्य राशि ₹1.99 लाख का सीमेन्ट स्टॉक 502 बैग शेष :–

नगर परिषद के सीमेंट स्टॉक रजिस्टर का अवलोकन करने पर पाया गया कि दिनांक 31/03/2021 के बाद सीमेंट स्टॉक रजिस्टर का अद्यतन **(Update)** नहीं किया गया है। इस दिन सीमेन्ट स्टॉक रजिस्टर के पृ0 सं0 181 अनुसार **₹198541** मूल्य के 502 सीमेंट बैग शेष थे, तथा अंकेक्षण अवधि के अंत तथा तत्पश्चात भी दो वर्ष से अधिक की अवधि तक शेष बचे सीमेंट के उपयोग / उपभोग की कोई भी प्रविष्टि उक्त पंजी में दर्ज़ नहीं पाई गयी जबकि सीमेंट 6 मास की अवधि के उपरांत उपयोग योग्य भी नहीं रहता तथा ऐसी स्थिति में सीमेन्ट के दुर्विनियोजन की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता ।

उक्त पैरा संख्या 46.1, 46.2 व 46.3 में वर्णित अनियमितताएं अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 42 दिनांक 14.06.2023 द्वारा कार्यकारी अधिकारी के ध्यानार्थ लाई गई थी परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक इस सम्बन्ध में कोई स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं हुआ | अतः मामले की गम्भीरता को देखते हुए यथोचित कार्रवाई हेतु यह प्रसंग विभाग के उच्च अधिकारियों के विशेष ध्यानार्थ भी लाया जाता है|

47.1 अभिलेख प्रस्तुत न करना :–

स्टॉक पंजिकाओं की लेखा परीक्षा के दौरान पाया गया कि निम्न तालिका अनुसार सीमेंट व् स्टील तो अंकेक्षण अवधि के दौरान क्रय किया गया था परन्तु इस क्रय से सम्बन्धी सम्पूर्ण अभिलेख अर्थात आपूर्तिकर्ता के बिल, आपूर्ति आदेश अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 42 दिनांक 14.6.23 द्वारा मांगे जाने

पर भी अंकेक्षण को उपलब्ध नहीं करवाए गये, परिणामस्वरूप पूर्ण अंकेक्षण सम्भव नहीं हो सका | अत: अब इस सम्बन्ध में अभिलेख सहित अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये|

क्र0 सं0	बिल सं0 / दिनांक	स्टॉक रजिस्टर अनुसार दिनांक	स्टॉक पंजी पृ0सं0	आपूर्तिकर्ता	सामग्री
1	4100/ 12-05-20	12/05/20	173	R/F Digvijay Trading Co.	100 Bag Cement
2	4444/ 09-07-20	07/07/20	175	Not Mentioned	200 Bag Cement
3	4650/ 20-08-20	20/08/20	175	Not Mentioned	200 Bag Cement
4	4758/ 12-09-20	12/09/20	177	Not Mentioned	400 Bag Cement
5	Not Mentioned	30/09/20	179	Not Mentioned	31 Bag Cement
6	Not Mentioned	31/10/20	179	Digvijay Trading Co.	600 Bag Cement
7	5206/ 22-11-20	22/11/20	181	Digvijay Trading Co.	743 Bag Cement
				Total Number of Cement Bags	**2274 Bags Cement**
8	140/ 03-12-21	03/12/20	33	Not mentioned	200.80 Q. Steel
				Total Quantity of Steel	**200.80 Q. Steel**

47.2 नगर परिषद नाहन कार्यालय द्वारा अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत स्टॉक पंजिकाओं की जाँच करने पर पाया गया कि स्टॉक रजिस्टर में दर्ज अधिकतर प्रविष्टियों को कार्यकारी अधिकारी अथवा इस सम्बन्ध में अधिकृत अधिकारी द्वारा सत्यापित नहीं किया जा रहा था तथा इस सम्बन्ध में भी नियन्त्रण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सुधारात्मक कार्रवाई अपेक्षित है।

48 कोविड के दौरान क्रय की गई व मूल्य राशि ₹6.88 लाख (लगभग) निदेशक, शहरी विकास विभाग से प्राप्त सामग्री के उपभोग के सम्बन्ध में कोई अभिलेख प्रस्तुत न करना:–

